दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : मंगलवार, 6 अक्टूबर, 2026 ■ वर्ष -01 ■ अंक-227 ■ पृष्ठ-16 ■ मूल्य : 01 रु. ■ ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com

संक्षिप्त खबरें

पाटलिपुत्र-लोकमान्य तिलक एक्स. का गहमर स्टेशन पर मिला ठहराव

पटना। यात्रियों की सुविधा को देखते हुए रेलवे ने पाटलिपुत्र-लोकमान्य तिलक सुपरफास्ट एक्सप्रेस का गहमर स्टेशन पर ठहराव शुरू करने का निर्णय लिया है। दानापुर मंडल के गहमर स्टेशन पर ट्रेन का दो मिनट का प्रायोगिक ठहराव छह अक्टूबर से प्रभावी होगा। इससे गहमर और आसपास के यात्रियों को मुंबई और पटना के बीच सीधी रेल सेवा का लाभ मिलेगा।

महाराष्ट्र में पटाखा गोदाम में आग, 2 मरे

हिंगोली। महाराष्ट्र के हिंगोली जिले में सोमवार रात पटाखों के गोदाम में आग लग गई। हादसा रात 8 बजे मारवाड़ी गली में हुआ। आग तेजी से फैली और पटाखे फटने से रुक-रुककर धमाके हुए। इससे इलाके में दहशत फैल गई। आग से कुछ घर और गली में खड़े दोपहिया वाहन क्षतिग्रस्त हुए हैं। यह पटाखा गोदाम गोपाल बस्तवार का बताया गया है। 2 लोगों के शव मिले हैं। बुरी तरह जल जाने के कारण उनकी पहचान नहीं हो पाई है।

भोजपुर में रिश्वत लेते ओवरसियर गिरफ्तार

आरा। सीबीआई ने भोजपुर में बड़ी कार्रवाई की है। आरा प्रधान डाकघर से जुड़े ओवरसियर पुरुषोत्तम कुमार को 10 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है। सीबीआई की टीम ने रविवार रात उसे आरा प्रधान डाकघर स्थित उसके सरकारी आवास से पकड़ा। आरोप है कि उदवंतनगर प्रखंड के छोटकी सासाराम स्थित उप डाकघर में पदस्थ ग्रामीण डाक सेवक से सरकारी काम कराने और फाइल पर हस्ताक्षर करने के बदले रिश्वत मांगी गई थी।

असिस्टेंट कमांडेंट के घर भीषण चोरी

पटना। शास्त्रीनगर थाना क्षेत्र के इंद्रपुरी रोड नंबर 8-बी में कस्टम विभाग के असिस्टेंट कमांडेंट के घर भीषण चोरी हुई। घटना के समय परिवार घर पर मौजूद नहीं था। उनके जानने वाले ने थाने में चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने घटनास्थल को सुरक्षित कर एफएसएल और फिंगर प्रिंट टीम को जांच के लिए बुलाया। चोर घर से करीब 75 ग्राम, 50 ग्राम और 30 ग्राम के तीन गोल्ड ज्वेलरी सेट, दो गोल्ड पेंडेंट सेट, 20 ग्राम की सोने की चेन, करीब 30 ग्राम की चार-पांच सोने की अंगूठियां और 20 ग्राम की चार डायमंड गोल्ड रिंग ले गए।

सूबे के जंगल, पहाड़ व जलाशय बनेंगे नए पर्यटन केंद्र : मुख्यमंत्री

सीएम ने की पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की समीक्षा बैठक

पटना (एनएसबी)। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में लोक सेवक आवास स्थित संकल्प सभागार में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की समीक्षा बैठक हुयी। बैठक में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अपर मुख्य सचिव आनंद किशोर ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विभाग के कार्यों की अद्यतन जानकारी दी।

बैठक में बांका के ओढ़नी डैम, मुंगेर के खड़गपुर डैम, नवादा के ताराकोल डैम तथा मुंगेर के जालकुंड डैम के आसपास इको टूरिज्म एवं पर्यटकीय सुविधाओं के विकास के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही खड़गपुर डैम के पास इको टूरिज्म के लिए आवश्यक अवसंरचना विकसित करने तथा पर्यटकों के आकर्षण के लिए ग्लास रूम के निर्माण की संभावनाओं पर भी चर्चा की गई। बैठक में सीएम ने कहा कि जिन स्थानों पर ईको टूरिज्म के विकास के लिए पर्याप्त सरकारी भूमि उपलब्ध नहीं है, वहां आवश्यकतानुसार भूमि का क्रय-अधिग्रहण कर पीपीपी मोड पर इको टूरिज्म की योजनाएं विकसित की जाय। उन्होंने ताराकोल डैम एवं जालकुंड डैम के आसपास इको-टूरिज्म के विकास के लिए आवश्यक भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में भी कार्रवाई करने तथा कसरैया धार (खगड़िया) को ईको टूरिज्म स्थल के रूप में विकसित करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने राज्य के बड़े तालाबों एवं जलाशयों के चारों तरफ व्यापक स्तर पर पौधारोपण कराने का निर्देश दिया। कहा कि राज्य में पौधारोपण का जो लक्ष्य निर्धारित किया गया है, उसे जल्द से जल्द पूर्ण करायें। राज्य के हरित आवरण क्षेत्र को बढ़ाना है। मुख्यमंत्री ने पहाड़ी एवं पर्वतीय क्षेत्रों में ईको टूरिज्म विकसित करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे क्षेत्रों में पर्यावरण अनुकूल चीजों का ही इस्तेमाल किया जाए।



प्राकृतिक-पर्वतीय क्षेत्रों में पीपीपी मोड में तेजी से काम करें

बोले-बड़े तालाबों एवं जलाशयों के चारों तरफ पौधारोपण कार्य जल्द पूर्ण कराएं

राजकीय समारोह के रूप में मनेगी कैलाशपति मिश्र की जयंती : सीएम

पटना। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने प्रसिद्ध विचारक एवं राजनेता, गुजरात के पूर्व राज्यपाल तथा बिहार सरकार के पूर्व मंत्री कैलाशपति मिश्र की जयंती के अवसर पर आईसीएआर परिसर में स्व. मिश्र की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। सीएम ने कैलाशपति मिश्र को नमन करते हुये कहा कि श्रद्धेय कैलाशपति मिश्र ने अपना संपूर्ण जीवन राष्ट्र निर्माण, समाज और संगठन की सेवा के लिए समर्पित कर दिया। उनके योगदान, विचारों और सार्वजनिक जीवन में उनकी अमूल्य भूमिका को सम्मान देते हुए आगामी वर्ष से उनकी जयंती राजकीय समारोह के रूप में मनाई जाएगी। यह बिहार की धरती के इस महान सपूत के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि और कृतज्ञता का प्रतीक है।

लालन ने अनंत से की बात नीतीश को कराया अवगत

पटना (एनएसबी)। अनंत सिंह और नीरज विवाद में केंद्रीय मंत्री ललन सिंह की एंट्री हो गई है। जदयू की कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने ललन सिंह को दोनों के बीच के विवाद को सुलझाने का जिम्मा सौंपा था। सोमवार को नीतीश कुमार से मुलाकात के बाद ललन सिंह ने कहा कि जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने मुझको फोन किया था। आज मैंने अनंत सिंह से बात की है। उनकी कुछ शिकायतें हैं। उनका कहना है कि जब नीतीश सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव आया था, तब मैं राजद में होते हुए भी नीतीश सरकार के समर्थन में था। मेरी पत्नी ने नीतीश सरकार को समर्थन किया था। समर्थन के पीछे एक वजह थी, नीतीश कुमार का सम्मान। जब वो नीतीश से मिलने गए थे तब नीतीश कुमार ने कहा था आप मोकामा से लड़िए। लेकिन जब वो चुनाव लड़े तो कई तरह का दुष्प्रचार किया जाने लगा। कोई क्रिया होगी तो प्रतिक्रिया भी होगी। ताली दोनों हाथों से बजती है। उस वक्त पार्टी को कार्रवाई करनी चाहिए। प्रदेश की पार्टी से चूक हुई।अनंत ने आगे बताया कि पार्टी की तरफ से एक बैठक बुलाई गई। मैं गया, जिसने मेरे खिलाफ प्रचार किया उसे भी बुलाया गया। मैंने सारी बातें रखीं। मैंने मीटिंग में कहा कि पूछिए कि ये मुझे हराने के लिए क्या-क्या कर रहे थे। लेकिन बैठक में किसी ने जवाब नहीं दिया। मेरी उम्मीदवार के विरोध पार्टी का अनुशासन कहां था। ललन सिंह ने यह भी कहा कि अनंत सिंह जब लड़ रहे थे तो वो जिसके खिलाफ आरोप लगा हैं उन्होंने अभियान तो चलाया था। बात बिल्कुल सत्य है। हालांकि मैंने अनंत सिंह से कहा है कि कोई सार्वजनिक बयान नहीं देंगे।



नीरज के लिए वोट नहीं मांगेंगे, पार्टी से हुई चूक

राज्य में 1 नवंबर से शुरू होगी धान की खरीद

किसानों को मिलेगा 2441 रुपये प्रति क्विंटल

पटना (एनएसबी)। एक नवंबर से राज्य में 2441 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान अधिप्राप्ति होगी। इसकी तैयारियों को लेकर सहकारिता विभाग ने दिशा-निर्देश जारी किया है। इसके मुताबिक, केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य के आधार पर 2441 रुपये प्रति क्विंटल की दर से सामान्य धान की खरीद होगी।

यह दर पिछले वर्ष 2025-26 से 72 रुपये अधिक है। विगत वर्ष सामान्य धान 2,369 प्रति क्विंटल की दर से खरीद हुई थी। वहीं, ए-ग्रेड धान की खरीद इस वर्ष 2461 प्रति क्विंटल की दर से की जाएगी, जबकि बीते वर्ष ए-ग्रेड धान 2389 रुपये प्रति क्विंटल की दर से खरीद की गई थी। इस प्रकार इस वर्ष ए-ग्रेड धान की खरीद में प्रति क्विंटल 72 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। विभाग ने पर्याप्त मात्रा में जूट बोरों और सुरक्षित भंडारण की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश सभी पैक्सों और व्यापार मंडलों को दिया है। राज्य में एक नवंबर से 31 मार्च तक धान की खरीद होगी। विभाग ने धान की सरकारी खरीद में बोरों की कमी से होने वाली परेशानी से बचने के लिए इस बार पहले से तैयारी करने का आदेश सभी जिलों को दिया है। केंद्र सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर धान की खरीद की जाएगी। इसके लिए जिन किसानों ने अभी तक कृषि विभाग के पोर्टल पर पंजीयन नहीं कराया है, उन किसानों से जल्द से जल्द ऑनलाइन पंजीयन कराने की अपील की गई है। विगत वर्ष 2025-26 में केंद्र सरकार ने 36.85 लाख टन धान खरीद का लक्ष्य दिया था जिसके विरुद्ध 36.79 लाख टन धान की सरकारी खरीद हुई थी। वहीं, इस बार खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री अशोक चौधरी ने राज्य में निर्धारित धान खरीद के लक्ष्य को 35 लाख टन से बढ़ाकर 50 लाख टन करने की मांग केंद्र सरकार से की है। उनके मुताबिक केंद्र सरकार ने बिहार में धान खरीद का लक्ष्य 35 लाख टन निर्धारित किया है।



समुद्र को एक अवसर की तरह देखना होगा : राजनाथ



नई दिल्ली। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह का कहना है कि हमें समुद्र को एक अवसर की तरह देखना होगा। समुद्र हमारे लिए विकास का रास्ता भी है। इसलिए हमें समुद्र को अपनी समृद्धि और अपनी शक्ति के वाहक के रूप में देखना होगा। उन्होंने कहा कि यह अच्छा लगता है, कि नौसेना ने बदलती परिस्थितियों के अनुसार खुद को बदला है। वह सोमवार को विशाखापटनम में नौसेना प्रमुख कृष्णा स्वामीनाथन व अन्य वरिष्ठ नौसेना अधिकारियों के बीच बोल रहे थे। यहां रक्षामंत्री ने कहा, आज हमारे पास स्वदेशी एयरक्राफ्ट कैरियर है।

आज हमारे पास परमाणु पनडुब्बियां हैं। आज हमारे पास युद्धपोत हैं। आज हमारे पास स्कॉर्पियन श्रेणी की पनडुब्बियां हैं। सबसे बड़ी बात, हमारे पास वो जज्बा भी है, वो जूनून भी है और वो देशभक्ति भी है, जो किसी भी हथियार से बड़ी है। उन्होंने नौसैनिकों से कहा कि आप लोगों के पराक्रम के कारण, हमारी नौसेना, दुनिया की सबसे ताकतवर नौसेनाओं में गिनी जाती है। राजनाथ सिंह ने कहा, मुझे इस बात का गर्व है कि हिंद प्रशांत महासागर में, भारतीय नौसेना का डंका बजता है।

चुनाव आयोग-भाजपा गठजोड़ के खिलाफ जारी रहेगा आंदोलन



पटना एसएनबी। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली में महागठबंधन की बैठक में वह निर्णय के अनुसार नरेंद्र मोदी- अमित शाह और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार गुप्ता के के द्वारा जिस तरह से लोकतंत्र को खत्म करने की साजिश की गई है। उसके खिलाफ देशभर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जयंती से 2 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक राष्ट्रव्यापी आंदोलन का कार्यक्रम तय किए गया था। उसी के अंतर्गत दिनांक 6 अक्टूबर 2026 को नई दिल्ली के चुनाव आयोग के समक्ष लोकसभा और राज्यसभा के सांसदों का लोकतंत्र बचाओ मार्च किया जाएगा और 15 अक्टूबर के बाद महामहिम राष्ट्रपति महोदया से मिलने का समय निर्धारित होने पर उनसे महागठबंधन के नेता मिलकर ज्ञापन सौंपेंगे।उन्होंने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार गुप्ता भाजपा के कठपुतली बने हुए हैं और जिस तरह से एसआईआर के माध्यम से जीवित लोगों का नाम भी मृतकों की सूची में डाला गया और जिस तरह से वोटर के नाम हटाने में धांधली की गई। और महिलाओं के खाते में चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन कर चुनाव के दिन तक बिहार चुनाव में एनडीए को लाभ पहुंचाने के लिए दस -दस हजार रुपए महिलाओं के खाते में डाले गए। बिहार में 50-50 हजार करोड़ रुपए खजाने से निकालकर वोट खरीदा गया। जो बातें हम लोग पहले से कह रहे थे वो सभी बातें अब सामने आ गई। पहले जहां वोट का रिकॉर्ड एक साल तक रखा जाता था, वही ज्ञानेश कुमार गुप्ता ने कानून को बदलकर इसे 45 दिन कर दिया ,इसी से स्पष्ट होता है कि इनकी मंशा क्या है, क्योंकि मोदी जी के अनुसार बिहार में वोट का फजीर्वाड़ा किया गया। पिछले 10 महीने में 14 बार मुख्य चुनाव आयोग के खिलाफ शिकायतें दर्ज कराई गई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

फिलहाल प्रीता वर्मा ही रहेंगी बिहार की डीजीपी

पटना (एनएसबी)। बिहार पुलिस की कमान फिलहाल प्रीता वर्मा के हाथों में ही रहेगी। इसे लेकर गृह विभाग ने 5 अक्टूबर 2026 को आदेश जारी किया। इसमें बताया गया कि 1991 बैच की आईपीएस अधिकारी प्रीता वर्मा को मिला। बिहार के पुलिस महानिदेशक का अतिरिक्त प्रभार अगले आदेश तक बढ़ा दिया गया है। बिहार सरकार के गृह विभाग की ओर से जारी अधिसूचना में कहा गया है कि 15 सितंबर 2026 के विभागीय आदेश के तहत प्रीता वर्मा को बिहार के पुलिस महानिदेशक का अतिरिक्त प्रभार दिया गया था। प्रीता वर्मा को अभी स्थायी डीजीपी नियुक्त नहीं किया गया है। उन्हें डीजीपी पद का अतिरिक्त यानी कार्यवाहक प्रभार दिया गया है। स्थायी डीजीपी की नियुक्ति के लिए अलग प्रक्रिया चलती है। हाल की रिपोर्टों के मुताबिक बिहार में पूर्णकालिक डीजीपी के चयन को लेकर प्रक्रिया आगे बढ़ रही है और अंतिम नियुक्ति होने तक कार्यवाहक व्यवस्था जारी रह सकती है।



सीईसी ज्ञानेश कुमार के निलंबन पर अंतरिम आदेश देने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

अगर चुनाव आयोग ने कानून तोड़ा तो रद्द कर देंगे सारे फैसले : सीजेआई

नई दिल्ली (एजेंसी)। देश के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को लेकर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में बड़ी सुनवाई हुई। कोर्ट ने मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार को निलंबित करने से जुड़ी याचिकाओं पर अंतरिम आदेश पारित करने से इनकार कर दिया। याचिकाओं में सीईसी ज्ञानेश कुमार के काम करने के तरीके और एसआईआर प्रक्रिया से जुड़े उनके फैसलों पर सवाल उठाए गए हैं। उन पर एसआईआर से जुड़े करीब 14 फैसले दो अन्य चुनाव आयुक्तों की सहमति के बिना लेने का आरोप हैं।

मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी मोहना की पीठ ने कुछ अहम टिप्पणियां भी कीं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि चुनाव आयोग के फैसले सर्वसम्मति या बहुमत से लिए जाने चाहिए। यानी तीन सदस्यीय आयोग में किसी एक सदस्य का अकेले फैसला पूरे आयोग का फैसला नहीं माना जा सकता। अभी यह नहीं मान सकते कि सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पहले रिकॉर्ड देखना होगा। सिर्फ आरोप के आधार पर यह नहीं माना जा सकता कि सभी फैसले सीईसी ने अकेले लिए थे। साथ ही आरोपों को लेकर अदालत में केंद्र सरकार और चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया है।

सुप्रीम कोर्ट ने दलीलों को सुनने के बाद संकेत दिए हैं कि चुनाव आयोग के जवाब पर विचार करने के बाद अगर यह सामने आता है कि मुख्य चुनाव आयुक्त ने कुछ फैसले जरूरी सर्वसम्मति के बिना लिए थे, तो अदालत उन फैसलों पर दोबारा विचार कर सकती है या उन्हें वापस ले सकती है। अदालत ने कहा कि जवाब के बाद अगर ये साबित हुआ कि फैसले सर्वसम्मति के बिना लिए गए थे, तो हम ऐसे फैसलों को वापस ले लेंगे। गौरतलब है कि एसआईआर के खिलाफ दो पीआईएल दाखिल की गई हैं। राकेश कुमार सिंह ने चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को सस्पेंड करने की मांग वाली याचिका दाखिल की थी। इनकी दलीलें एडवोकेट विकास सिंह ने रखीं।



चुनाव आयोग, केंद्र, सीईसी को 4 हफ्ते में देना होगा जवाब

तीन सदस्यीय बेंच ने याचिका पर केंद्र सरकार, चुनाव आयोग, सीईसी ज्ञानेश कुमार, चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी, डिप्टी इलेक्शन कमिश्नर मनीष गर्ग और डीजी (आईटी) सीमा खन्ना को नोटिस जारी किया और 4 हफ्ते में जवाब मांगा।

अपराधियों में मौत का डर पैदा करना जरूरी : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-ठउफमें नाबालिगों से गैंगरेप की 3 घटनाओं पर कहा, जब तक अपराधी के मन में मौत का डर नहीं होगा, तब तक ऐसे अपराध नहीं रुकेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली पुलिस से कहा कि केवल चीजों को कागज पर लिखना पर्याप्त नहीं है, सख्त कार्रवाई करनी होगी। जस्टिस पारदीवाला और जस्टिस के विनोद चंद्रन की बेंच ने कहा कि जरूरत पड़ने पर सख्त होने से हिचकिचाएं नहीं। बेंच ने कहा कि कुछ लोग अनुच्छेद 21 यानी मानव अधिकार का हवाला देकर सवाल उठाएंगे, लेकिन पुलिस को अपना कर्तव्य निभाना होगा। इसके बाद दिल्ली पुलिस और गृह मंत्रालय से 4 हफ्ते में जवाब मांगा है। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-ठउफमें 4 अगस्त से 21 सितंबर के बीच ग्रेटर नोएडा-दिल्ली बस, आस्था कुंज पार्क और स्वरूप नगर में रेप की 3 घटनाओं पर स्वतः संज्ञान लिया था। इस मामले में पहली सुनवाई 28 सितंबर को हुई थी।

नहीं तो रेप जैसे अपराध रोकना मुश्किल अदालत ने रेप की 3 घटनाओं पर खुद नोटिस लिया

पटना : परीक्षा रद्द के विरोध में दारोगा अभ्यर्थियों का प्रदर्शन



पटना (एनएसबी)। पटना में 1799 पदों वाली दरोगा भर्ती की मेंस परीक्षा रद्द किए जाने के विरोध में अभ्यर्थी सोमवार को सड़क पर उतर आए। पुलिस ने जेपी गोलंबर के पास बैरिकेडिंग लगाकर छात्रों को रोक दिया। छात्र लगातार बैरिकेडिंग तोड़कर आगे बढ़ने की कोशिश करते रहे। छात्रों को कंट्रोल करने के लिए एक पुलिस वाले ने लाठी भांजी।

इसके बाद छात्र आक्रोशित हो गए और बैरिकेडिंग तोड़कर डाकबंगला की तरफ बढ़ गए। हालांकि अभ्यर्थियों को रोकने की पटना पुलिस ने डाकबंगला चौराहे पर कंटीले तार लगाए और लोहे की शील्ड से बैरिकेडिंग की थी। प्रदर्शन कर रहे एक अभ्यर्थी ने कहा कि एक महीने में हमलोग भी इनके जैसी वर्दी पहनते, लेकिन सरकार ने हमारा सब कुछ छीन लिया। भीषण गर्मी के बीच हमने फिजिकल की तैयारी की, लेकिन सरकार ने हमारी सारी मेहनत बर्बाद कर दी। अब अचानक परीक्षा रद्द होने से पूरी भर्ती प्रक्रिया को लेकर अभ्यर्थियों के सामने असमंजस की स्थिति बन गई है। दूसरी ओर पटना के गर्दनीबाग में आईसा की ओर से छात्र-युवा महापंचायत आयोजित की गई, जिसमें बीपीएससी, बीएसएससी दरोगा और बिहार पुलिस ड्राइवर भर्ती के अभ्यर्थी शामिल हुए। अभ्यर्थियों ने सरकार और आयोग पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए बड़े आंदोलन का ऐलान किया है।

पुलिस ने भांजी लाठियां परीक्षा रद्द करने के विरोध में सड़कों पर

कटिहार में वकील की दिनदहाड़े हत्या

कटिहार (एजेंसी)। कटिहार में सोमवार को दिनदहाड़े एक सनसनीखेज वारदात में एक अधिवक्ता की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना नगर थाना क्षेत्र के कुम्हार टोली पटेल चौक के पास की है, जहां अज्ञात अपराधियों ने बीच बाजार अधिवक्ता को निशाना बनाया. मृतक की पहचान अधिवक्ता गुड्डू अंसारी के रूप में हुई है, जिन्हें गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया.कटिहार में अधिवक्ता के मर्डर का लाइव वीडियो भी सामने आया है जिसमें दिख रहा है कि अपराधी बेखौफ होकर दिनदहाड़े जाते हैं और बंदूक निकालकर उसके सीने पर चढ़ जाते हैं फिर सिर में गोली दाग देते हैं। अपराधी एकदम बेखौफ दिख रहे हैं और आराम से वारदात को अंजाम देकर फरार हो जाते हैं। इस मामले में पुलिस की टीम ने वारदात स्थल को सील कर दिया है और जांच शुरू कर दी है.मृतक अधिवक्ता के परिजन मो. मुमताज ने बताया कि, घटनास्थल पर मौजूद लोगों के अनुसार हमलावर आसपास के ही रहने वाले बताए जा रहे हैं. उन्होंने आरोप लगाया कि करीब तीन माह पूर्व न्यायालय परिसर में किसी बात को लेकर मेरे साले अजीमुद्दीन अंसारी से विवाद हुआ था. उस दौरान उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी गई थी।

खबरें : एक नजर में



पंजाब विश्वविद्यालय,चंडीगढ में आयोजित अंतर विभागीय क्रिक्रेट प्रतियोगिता 2026 का फाइनल मैच जीतने के बाद मिले ट्रॉफी के साथ बिभास भूषण।

6 अक्टूबर को फैक्टनेब की राज्य समिति की बैठक पटना में

पटना (दैनिक नवसंदेश)। प्रस्तावित विश्वविद्यालय अधिनियम 2026 को रद्द करने, याचिका संख्या 6943/26 में पटना उच्च न्यायालय का न्यायादेश एवं बिहार विधान परिषद की शिक्षा समिति की अनुशंसा के आलोक में नियमित वेतन - पेंशन भुगतान करने, 5 सितम्बर 26 को मुख्यमंत्री द्वारा अनुदानित शिक्षाकर्मियों को नियमित वेतन भुगतान की आधिकारिक घोषणा को अमलीजामा पहनाने हेतु मंत्रिमंडल से स्वीति, परीक्षा परिणाम आधारित वेतन मद बकाया अनुदान राशि (इण्टर खण्ड सहित) को बढ़े हुए मंहगाई दर से अधिसीमा बंधेज समाप्त कर शिक्षाकर्मियों के बैंक खाते में एकमुश्त भुगतान करने, समयबद्ध तरीके से सभी विश्वविद्यालयों में सिनेट सदस्य का चुनाव कराने, उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन पारिश्रमिक एवं भत्ते एक समान करने, 2007 के बाद नियुक्त शिक्षकों का सेवा समायोजन करने आदि 9 सूत्री मांगों को लेकर आगे की रणनीति तय करने हेतु 6 अक्टूबर को हिन्दी साहित्य सम्मेलन सभागार, कदमकुआं, पटना में 11 बजे दिन से बिहार राज्य संबद्ध डिग्री महाविद्यालय शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी महासंघ (फैक्टनेब) की राज्य समिति की बैठक आहूत की गई है । इसकी जानकारी देते हुए बिहार राज्य संबद्ध डिग्री महाविद्यालय शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी महासंघ (फैक्टनेब) के अध्यक्ष डा. शंभुनाथ प्रसाद सिन्हा, महासचिव प्रो राजीव रंजन एवं मीडिया प्रभारी प्रो अरुण गौतम ने बताया कि बैठक में अन्य पहलुओं के अलावा याचिका संख्या 6943/26 में पटना उच्च न्यायालय द्वारा बिहार सरकार को 90 दिन का दिया गया मोहलत 14 अक्टूबर को समाप्त होने के पश्चात अगली न्यायिक प्रक्रिया पर गंभीरता से विमर्श किया जायेगा ।

साइकिल रेसिंग में हेमजापुर स्कूल का शानदार प्रदर्शन, चार छात्रों ने जीते पदक

खुसरूपुर/ पटना (दैनिक नवसंदेश)। सुकरवेगचक पंचायत के हेमजापुर स्थित उच्च माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने राजधानी पटना में आयोजित जिला स्तरीय स्कूली खेलकूद प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय और पूरे खुसरूपुर प्रखंड का नाम रोशन किया है।

साइकिल रेसिंग प्रतियोगिता के अलग-अलग आयु वर्ग में विद्यालय के खिलाड़ियों ने स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। कक्षा नौवीं के छात्र प्रियस कुमार, पिता धर्मवीर सिंह ने अंडर-14 आयु वर्ग की साइकिल रेस में प्रथम स्थान हासिल कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वहीं, विद्यालय के छात्र धनराज कुमार, पिता राजेश सिंह ने अंडर-19 आयु वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान और रजत पदक हासिल किया।

इसी तरह आदित्य कुमार, पिता अशोक ठाकुर ने 14 वर्ष के आयु वर्ग में साइकिल रेसिंग में तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक जीता। जबकि वीरवल कुमार, पिता राजकिशोर सिंह ने 17 वर्ष के आयु वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक हासिल किया। चारों विजेता खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से विद्यालय और पूरे प्रखंड में खुशी का माहौल है। सोमवार को विद्यालय परिसर में विजेता खिलाड़ियों के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान प्रधान अध्यापिका चांदनी कुमारी एवं शिक्षिका श्वेता कुमारी ने विजेता खिलाड़ियों को मेमेंटो और पदक देकर सम्मानित किया। मौके पर सहायक शिक्षक संतोष कुमार, चितरंजन कुमार, मोहम्मद अमजद हुसैन, चंद्रकांत कुमारी, मोहम्मद अबुजर इरफान और सुशांत कुमार सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक मौजूद रहे। सबसे खास बात यह है कि हेमजापुर उच्च माध्यमिक विद्यालय में फिलहाल खेल शिक्षक नहीं हैं और विद्यालय परिसर में खेल का मैदान भी उपलब्ध नहीं है। इसके बावजूद इन होनहार बच्चों ने बिना नियमित खेल प्रशिक्षण के जिला स्तरीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए चार पदक अपने नाम किए हैं।

कैलाशपति मिश्र के विचार और आदर्श नई पीढ़ी को देते रहेंगे दिशा : संजय सरावगी

कैलाशपति मिश्र की जयंती राजकीय समारोह के रूप में मनाने का निर्णय ऐतिहासिक : सरावगी

पटना (दैनिक नवसंदेश)। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा स्वर्गीय कैलाशपति मिश्र की जयंती को आगामी वर्ष से राजकीय समारोह के रूप में मनाए जाने के निर्णय का भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने स्वागत और प्रशंसा की है।

उन्होंने कहा कि यह निर्णय बिहार के महान संगठनकर्ता और राष्ट्रसेवक स्वर्गीय कैलाशपति मिश्र के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। उनके व्यक्तित्व और तित्व को सम्मान देने का यह कदम आने वाली पीढ़ियों को उनके संघर्ष, सेवा और समर्पण से परिचित कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

संजय सरावगी ने स्वर्गीय कैलाशपति मिश्र की जयंती पर उन्हें नमन करते हुए कहा कि उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन राष्ट्र निर्माण, समाज सेवा और संगठन को मजबूत करने के लिए समर्पित कर दिया। उनका सार्वजनिक जीवन त्याग, अनुशासन, सादी और वैचारिक प्रतिबद्धता का उदाहरण रहा है। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी संगठन के विस्तार और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य किया।



स्वर्गीय कैलाशपति मिश्र की जयंती पर उन्हें नमन करते संजय सरावगी ।

उन्होंने कहा कि कैलाशपति मिश्र ने बिहार ही नहीं, बल्कि पूरे देश में संगठनात्मक कार्यो को नई मजबूती देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यकर्ताओं के साथ उनका आत्मीय संबंध और संगठन के प्रति उनकी निष्ठा आज भी भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा उनकी जयंती को राजकीय समारोह के रूप में मनाने की घोषणा उनके योगदान को सम्मान देने वाला सराहनीय कदम है। इससे समाज के विभिन्न वर्गो के बीच उनके विचारों और आदर्शो को व्यापक रूप से पहुंचाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि कैलाशपति मिश्र का जीवन हमेशा राष्ट्रहित, समाजहित और संगठनहित में कार्य करने की प्रेरणा देता रहेगा।

पीयू के प्राणिशास्त्र विभाग में मना 'राष्ट्रीय डॉल्फिन दिवस'

पटना (दैनिक नवसंदेश)। पटना विश्वविद्यालय के प्राणीशास्त्र विभाग में 'राष्ट्रीय डॉल्फिन दिवस' के अवसर पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम एवं व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष प्रो. परिमल कुमार खान ने की। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित डा. गोपाल शर्मा पूर्व वैज्ञानिक एवं संयुक्त निदेशक, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार ने स्लाइड शो के माध्यम से विस्तृत प्रस्तुति गांगेय डॉल्फिन की वर्तमान स्थिति, उनके अस्तित्व पर मंडराते खतरों तथा उनके संरक्षण के उपायों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि नदियों में बढ़ते प्रदूषण, अवैध शिकार और जलीय पारिस्थितिकी तंत्र में असंतुलन के कारण डॉल्फिन की संख्या प्रभावित हो रही है। इसके निवारण के लिए सामूहिक प्रयास, नदियों की स्वच्छता और जन-जागरूकता अत्यंत आवश्यक है।

कार्यक्रम के दौरान पोस्टर एवं स्लोगन के माध्यम से विद्यार्थियों के द्वारा संदेश दिया गया गंगा की शान, नदियों की पहचान, गांगेय डॉल्फिन का संरक्षण, हमारा स्वाभिमान। साथ ही, स्वच्छ नदियाँ, सुरक्षित डॉल्फिन, समृद्ध भारत का संकल्प भी दोहराया गया। अध्यक्षीय भाषण में प्रो. परिमल खान ने कहा कि गांगेय डॉल्फिन हमारी नदियों के स्वास्थ्य का प्रतीक है और इसके संरक्षण के लिए शैक्षणिक संस्थानों व युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर विभाग के प्रो. अनुपमा कुमारी प्रो. जी बी चाँद, प्रो. मयंक एवं प्रो. गजेन्द्र कुमार बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन डा. जी बी चंद ने किया। इसके बाद सभा का समापन हुआ।

कम उम्र में साहित्य के क्षेत्र में आदर्श की उपलब्धियां प्रेरणादायक : शिक्षा मंत्री

पटना (दैनिक नवसंदेश)। शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा है कि कम उम्र में साहित्य के क्षेत्र में आदर्श भारद्वाज की उपलब्धियां बेहद प्रेरणादायक हैं। उनकी साहित्यिक प्रतिभा पर पूरे बिहार को गर्व है। ऐसे प्रतिभाशाली बच्चों को बेहतर अवसर और उचित मार्गदर्शन मिलना चाहिए, ताकि उनकी प्रतिभा का निरंतर विकास हो और वे आगे चलकर बिहार एवं देश का नाम रोशन करें।



11 वर्ष की उम्र में नौ पुस्तकें लिखकर बनाया विश्व रिकार्ड, शिक्षा मंत्री ने किया सम्मानित।

शिक्षा मंत्री सोमवार को विकास भवन स्थित कार्यालय कक्ष में 11 वर्षीय बाल साहित्यकार आदर्श से मुलाकात कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने आदर्श को सम्मानित किया और उनकी उपलब्धियों की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

आदर्श ने महज 11 वर्ष की उम्र में नौ पुस्तकें लिखकर साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय पहचान बनाई है। उनकी प्रकाशित पुस्तकों में मैथिली भाषा में लिखा गया बाल यात्रा-वृत्तांत 'नन्हकी आँखिसं भूटान' भी शामिल है। लंदन के वर्ल्ड बुक ऑफ रिकर्ड्स की ओर से उन्हें विश्व के सबसे युवा लेखक के खिताब से नवाजा गया है। हाल ही में उन्हें सीबीएसई की ओर से 'वंडर ब्वाय ऑफ इंडिया' सम्मान भी प्रदान किया गया।

मूल रूप से मधुबनी के झंझारपुर के रहने वाले आदर्श हिन्दी, अंग्रेजी, मैथिली और संस्कृत में रुचि रखते हैं। वे भारत-भूटान मैत्री, मिथिला संस्कृति और बाल साहित्य जैसे विषयों पर लगातार लेखन कर रहे हैं। आकाशवाणी और दूरदर्शन की परिचर्चाओं में भी उनकी भागीदारी रही है। मुलाकात के दौरान आदर्श के पिता डा. सुरविंद्र कुमार झा भी मौजूद थे।

विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम की प्रभावशीलता का ग्राउंड लेवल पर होगा आकलन : दीपक कुमार

पटना (दैनिक नवसंदेश)। बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सभागार में उपाध्यक्ष दीपक कुमार की अध्यक्षता में प्राधिकरण की गतिविधियों, कार्यक्रमों एवं आगामी कार्ययोजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत नवनियुक्त उपाध्यक्ष के स्वागत के साथ हुई। प्राधिकरण के सदस्य पी एन राय ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका औपचारिक स्वागत किया। इस अवसर पर प्राधिकरण के सदस्य नरेंद्र कुमार सिंह, प्रकाश कुमार एवं शंभू दत्त झा, वित्तीय सलाहकार, प्राधिकरण के प्रोफेशनल्स, पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

बैठक में प्राधिकरण की संरचना, कार्यप्रणाली तथा राज्य में संचालित विभिन्न आपदा जोखिम न्यूनीकरण कार्यक्रमों एवं गतिविधियों की विस्तृत जानकारी उपाध्यक्ष को दी गई। इस दौरान जन-जागरूकता, प्रशिक्षण, क्षमता निर्माण, अग्नि सुरक्षा, आकाशीय बिजली से सुरक्षा, सड़क सुरक्षा, पशु सुरक्षा, तकनीकी नवाचार एवं जिला-स्तरीय आपदा प्रबंधन से संबंधित कार्यो की समीक्षा की गई।

उपाध्यक्ष ने मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम की प्रभावशीलता का आकलन ग्राउंड लेवल पर करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्राधिकरण के सदस्यों एवं प्रोफेशनल्स को विद्यालयों का प्रत्यक्ष भ्रमण कर



सदस्य पीएन राय, उपाध्यक्ष दीपक कुमार व अन्य।

कार्यक्रम के क्रियान्वयन तथा विद्यार्थियों एवं शिक्षकों में आपदा सुरक्षा के प्रति जागरूकता के वास्तविक प्रभाव का मूल्यांकन करने को कहा। मडल स्कूलों के अद्यतन पाठ्यक्रम के साथ विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम के मड्यूल एवं विषय-वस्तु के प्रभावी समन्वय पर भी जोर दिया।

उन्होंने आपदा मित्रों एवं अन्य जमीनी कार्यकर्ताओं के उत्कृष्ट कार्यो को प्रोत्साहित एवं प्रचारित करने तथा उनके लिए एक समर्पित प्रोत्साहन एवं पहचान पोर्टल विकसित करने का सुझाव दिया। इसमें आपदा मित्र, मास्टर ट्रेनर्स, जीविका दीदियों, आंगनवाड़ी सेविकाओं सहित अन्य ग्राउंड वर्कर्स के उत्कृष्ट कार्यो को सार्वजनिक पहचान देने की दिशा में पहल की जाएगी।

महाकाल दर्शन को गया था परिवार, हो गई चोरी , पुलिस ने किया अरेस्ट

पटना (दैनिक नवसंदेश)। अगन अपार्टमेंट कांग्रेस मैदान कदमकुओं के बंद फ्लैट नं0-104 के ताला तोड़कर चोरी की घटना हुई थी। घटना के पूर्व वादी रितेश प्रकाश पिता-श्री डा रविन्द्र कुमार सिन्हा, कदमकुओं दिनांक 18-09-26 को अपने पुरे परिवार के साथ रात्रि करीब 12: 00 बजे महाकाल दर्शन हेतु उज्जैन गए थे। चोरी की घटना के सबंध में कदमकुओं थाना कांड संख्या-716/ 26 दिनांक-22-09-26 धारा-331 (3)/ 305 बीएनएस के तहत दर्ज किया गया।

अनुसंधान के कम में तकनीकी एवं मानवीय सूचना तथा सीसीटीभी फुटेज के आधार पर घटना में शामिल अपराधकर्मियों की पहचान हुई। पहचान के आधार पर इस घटना के मुख्य अपराधी शिव कुमार उम्र-30 वर्ष, पिता शंकर महतो, पता-काजीपुर रोड नं0-03 स्थित झोपड़पट्टी, थाना-कदमकुओं जिला-पटना को गिरफतार किया गया है।

गिरफतार अभियुक्त ने इस कांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार करते हुए बताया है कि अपने अन्य साथी के साथ मिलकर अगन अपार्टमेंट के प्रथम तल पर एक मकान का ताला काटकर सोना चाँदी एवं अन्य किमती जेवर एवं सामानों की चोरी किया है। चोरी का सामान अन्य साथी अपने साथ लेकर चला गया। एक साथी ने चोरी का पैसा में से पाँच हजार रूपया एवं एक स्टील का घड़ी दिया और बोला कि तुम लोग जाओ सारा सामान बेचकर जो पैसा होगा लेकर आएगें और बराबर बराबर बाँट लेगें। अभियुक्त की गिरफतारी एवं स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर छापामारी में उसके घर से कांड में चोरी एक स्टील फास्ट ट्रेक कम्पनी का एक घड़ी, अलमीरा से एक पिस्टल, एक खाली मैगजीन, बरामद किया गया है। बरामद आगेयास्त्र के विरूद्ध कदमकुओं थाना कांड संख्या-733/ 26 दिनांक-04-10-26, धारा-317 (5) बीएन एस एवं 25 (1-बी) ए/ 26 शस्त्र अधिनियम के तहत शिव कुमार उम्र-30 वर्ष, पिता स्व शंकर महतो, पता-काजीपुर रोड नं0-03 झोपड़पट्टी, थाना कदमकुओं जिला-पटना के विरूद्ध दर्ज किया गया है। कांड के अनुसंधान जारी है। 1 चोरी का घड़ी बरामद किया गया है।

बिहार विधान परिषद के पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से राजद प्रत्याशी दिलीप कुमार ने किया नामांकन

पटना (दैनिक नवसंदेश)। बिहार विधान परिषद के पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से राजद समर्थित उम्मीदवार दिलीप कुमार उर्फ दिलीप पटेल ने सोमवार को पटना आयुक्त कार्यालय पहुंचकर अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

इसके बाद दिलीप पटेल ने पटेल सेवा संघ कार्यालय पहुंचकर सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

वहीं पटेल सेवा संघ में आयोजित नामांकन सभा में पटेल परिवार के रंजीत पटेल एवं राजेश रंजन के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया।

इस मौके पर सभा को संबोधित करते हुए दिलीप पटेल ने कहा कि अगर चुनाव जीते हैं तो अपने निर्वाचन क्षेत्र के हर प्रखंड में स्नातक भवन तथा हर जिला में स्नातक रोजगार केंद्र की स्थापना करेंगे। उन्होंने कहा युवाओं का विकास उनको सही समय पर रोजगार मिले उनको बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता मिले तथा विश्वविद्यालय में जो 3 साल की डिग्री 4 साल में मिल रही है इसको ससमय करना उनकी प्राथमिकता सूची में होगा।



राजद प्रत्याशी दिलीप कुमार।

उन्होंने कहा कि राज्य भर के तक युवाओं की अपेक्षा है कि उन्हें रोजगार मिले तथा प्रदेश में उनके लिए सरकारी योजनाएं चले। श्री पटेल ने कहा की उनके लिए पटना, नालंदा व नवादा तीनों जिला के मतदाता भगवान के स्वरूप हैं और उन्हें हर जगह समर्थन मिल रहा है। उन्होंने एनडीए प्रत्याशी के द्वारा बिजली का लाइन कटवाल देने की बात पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बयान वर्तमान मोच और

कहा- जीतेंगे तो हर प्रखंड में बनाएंगे स्नातक भवन

पटेल परिवार की ओर से आयोजित नामांकन सभा में किया गया स्वागत

पटेल सेवा संघ में स्थित सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया नमन

एनडीए प्रत्याशी हताशा में दे रहे हैं और उन्हें यह समझना चाहिए कि उनके लिए जो मतदाता वोट दिए और जो इन्होंने वोट नहीं दिया सब एक समान हैं।

इस मौके पर नामांकन सभा में विधायक रामानंद यादव, कौशल यादव, पिंकी भारती, शक्ति यादव कांग्रेस जिलाध्यक्ष शशि रंजन, राजद जिलाध्यक्ष पूर्व विधायक दीनानाथ यादव , अनिरुद्ध यादव ,श्रवण कुशवाहा, मो आसिफ, ई अनिल सिंह, राजीव सिंह, जितेंद्र सिंह, इन्द्र जीत कुमार उर्फ बहादुर, रंजीत पटेल, राजेश रंजन सहित बड़ी संख्या में समर्थक मौजूद थे ।

जिला अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाओं एवं सर्जरी प्रदर्शन को लेकर स्वास्थ्य सचिव ने की राज्यस्तरीय समीक्षा

पटना (दैनिक नवसंदेश)। राज्य के जिला अस्पतालों में मरीजों को सुलभ, त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सोमवार को स्वास्थ्य विभाग के सचिव कुमार रवि ने विभाग के डिजिटल कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से सभी जिलों के स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ राज्यस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री के निर्देश के आलोक में अनावश्यक रेफरल में कमी लाने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जा रहे प्रयासों तथा जिलों में रेफरल व्यवस्था की वर्तमान स्थिति की भी विस्तार से समीक्षा की गई।

बैठक में बीएमएसआईसीएल के प्रबंध निदेशक सुब्रत कुमार सेन, स्वास्थ्य विभाग के वरीय अधिकारी, सभी जिलों के सिविल सर्जन, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, अस्पताल उपाधीक्षक, अस्पताल प्रबंधक, इमरजेंसी प्रभारी एवं विशेषज्ञ चिकित्सक शामिल हुए।

बैठक के दौरान जिला अस्पतालों के समग्र प्रदर्शन, आईपीडी में मरीजों के दाखिले, ईएचआर लिंकेज, एक्सीडेंट एंड इमरजेंसी सेवाओं, विभागवार एवं जिलावार सर्जरी, आयुष्मान भारत योजना की प्रगति, रेफरल व्यवस्था तथा चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता और उपयोग की विस्तार से समीक्षा की गई।

समीक्षा में बताया गया कि सितंबर 2026 में राज्य के जिला अस्पतालों में कुल 49,450 मरीज आईपीडी में भर्ती हुए। जून में यह संख्या 26,443 और जुलाई में 36,680 थी, जबकि अगस्त में 49,973 मरीज भर्ती हुए थे। इससे स्पष्ट है कि जिला अस्पतालों में आईपीडी सेवाओं का उपयोग लगातार बढ़ रहा है।

सितंबर में आईपीडी दाखिले के मामले में मधेपुरा 8,037 मरीजों के साथ पहले स्थान पर रहा। इसके बाद बांका में 2,488, मुंगेर में 2,327, अररिया में 2,065 और सहरसा में 1,709 मरीज भर्ती हुए। वहीं जहानाबाद, शिवहर, भागलपुर, जमुई और नवादा में आईपीडी दाखिले अपेक्षात कम पाए गए।

खबरें — खास-खास

15 अक्टूबर को होगा भव्य 'डांडिया फेस्ट 2026', सेलिब्रिटी गेस्ट होंगे विमल पांडेय और पल्लवी गिरी



पटना (दैनिक नवसंदेश)। राजधानी पटना में बहुप्रतीक्षित 'डांडिया फेस्ट 2026' का आयोजन आगामी 15 अक्टूबर को भव्य अंदाज में किया जाएगा। बब्ली चंद्रा द्वारा आयोजित इस डांडिया नाइट में संगीत, नृत्य, गरबा और डांडिया के साथ मनोरंजन का शानदार माहौल देखने को मिलेगा। कार्यक्रम में भोजपुरी अभिनेता विमल पांडेय और अभिनेत्री पल्लवी गिरी सेलिब्रिटी गेस्ट के रूप में शामिल होंगे, जबकि कार्यक्रम की एंकरिंग राज लक्ष्मी करेंगी। कार्यक्रम के मुख्य प्रायोजक अनुराग मूवीज हैं। वहीं, दीपक यादव का विशेष सहयोग प्राप्त है। कार्यक्रम के कानूनी सहयोगी एस. कुमार एंड एसोसिएट, मेकओवर पार्टनर चुई-मुई एकेडमी एंड सैलून तथा डांस पार्टनर टीम एफएम डांस हैं। सह-प्रायोजक त्रिदेव सोलर हैं। इसके अलावा युवा खेल फाउंडेशन, इवेंटन वेडिंग प्लानर्स, अरविंदो हर्बल्स एवं दिवाकर शर्मा कार्यक्रम के सहयोगी प्रायोजक हैं। आयोजक रंजीत महापात्रा और गौतम झा ने बताया कि 'डांडिया फेस्ट 2026' का उद्देश्य लोगों को ऐसा मनोरंजक मंच उपलब्ध कराना है, जहां वे परिवार और दोस्तों के साथ डांडिया, संगीत और उत्सव का आनंद ले सकें। कार्यक्रम में आकर्षक प्रस्तुतियों और मनोरंजन के साथ एक यार उत्सवपूर्ण शाम देखने को मिलेगी।

5वें एशियन पैरा गेम्स के लिए झंडू कुमार का चयन

नालंदा / पटना (दैनिक नवसंदेश)। नालंदा के होनहार पैरा पावरलिफ्टर झंडू कुमार का जापान के आइची-नागोया में आयोजित होने वाले 5वें एशियन पैरा गेम्स 2026 के लिए भारतीय दल में चयन होने पर नालंदा पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन में हर्ष का माहौल है।5वें एशियन पैरा गेम्स का आयोजन 18 अक्टूबर से 24 अक्टूबर 2026 तक आइची-नागोया, जापान में होगा। झंडू कुमार के चयन पर नालंदा पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डा. अरविंद कुमार सिन्हा, सचिव कुंदन कुमार पांडे, कोषाध्यक्ष रवि कुमार, प्रमोद कुमार, सतनाम कबीर, प्रबंधक विनय कुमार, ज्ञानेश सहित एसोसिएशन के पदाधिकारियों, प्रशिक्षकों, खिलाड़ियों एवं खेलप्रेमियों ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।अध्यक्ष ड़ अरविंद कुमार सिन्हा ने झंडू कुमार को बधाई देते हुए कहा कि उनका एशियन पैरा गेम्स के लिए भारतीय दल में चयन नालंदा के पैरा खेलों के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने विश्वास जताया कि झंडू कुमार प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर देश और बिहार का नाम रोशन करेंगे। सचिव कुंदन कुमार पांडे ने कहा कि झंडू कुमार ने निरंतर मेहनत, अनुशासन और संघर्ष के बल पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। उनका चयन नालंदा और बिहार के अन्य दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए प्रेरणादायक है। शुभचिंतको ने गेम्स में शानदार प्रदर्शन एवं पदक जीतने के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दीं है ।



नालंदा के होनहार पैरा पावरलिफ्टर झंडू कुमार ।

एलएनएमआई पटना में नेत्र जागरूकता एवं नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन

पटना (दैनिक नवसंदेश)। ललित नारायण मिश्र इंस्टीट्यूट ऑफ इकोनॉमिक डेवलपमेंट एंड सोशल चेंज , पटना द्वारा शंकर ज्योति नेत्रालय के सहयोग से 5 अक्टूबर 2026 को संस्थान परिसर में नेत्र जागरूकता एवं निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों के बीच नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना, नेत्र संबंधी समस्याओं की समय रहते पहचान करना तथा नियमित नेत्र जांच और आवश्यक नेत्र देखभाल के प्रति जागरूकता विकसित करना था। शंकर ज्योति नेत्रालय की विशेषज्ञ चिकित्सा टीम, जिसमें डा. अमन कुमार, डा. ललसा गोस्वामी एवं डा. दीक्षा शामिल थीं, ने पूरे दिन प्रतिभागियों की व्यापक नेत्र जांच की। शिविर में विभिन्न प्रकार की निःशुल्क जांच एवं परामर्श सेवाएं प्रदान की गईं, जिनमें सामान्य नेत्र परीक्षण, आंखों के दबाव की जांच, चश्मे के नंबर की जांच तथा विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा व्यक्तिगत परामर्श प्रमुख थे। चिकित्सा टीम द्वारा प्रतिभागियों को उचित नेत्र देखभाल, नियमित जांच तथा समय पर चिकित्सकीय परामर्श लेने के महत्व के बारे में भी जानकारी दी गई । इस अवसर पर डा. प्रीति सिंह, उप-कुलसचिव, वरिष्ठ प्राध्यापक डा. चंद्र सिंह एवं डा. प्रभात कुमार सहित अन्य शिक्षकों एवं कर्मचारियों का भी महत्वपूर्ण सहयोग एवं प्रोत्साहन प्राप्त हुआ। उनकी उपस्थिति और सक्रिय सहयोग ने कार्यक्रम की सफलता में योगदान दिया तथा विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों को शिविर में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया। नेत्र जागरूकता एवं निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का सफल आयोजन द्वारा अपने विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों के स्वास्थ्य एवं कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।



नेत्र जांच शिविर का आयोजन।

राजस्व न्यायालयों में ऑफलाइन काम नहीं होगा, शिकायत मिली तो होगी कार्रवाई : सचिव

डीसीएलआर अपने अंचल में आने वाले प्रमुख मामलों का करें गहन अध्ययन

नवपदस्थापित एडीएम व डीसीएलआर का पांच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण सह उन्मुखीकरण कार्यक्रम शुरू



सचिव जय सिंह।

पटना (दैनिक नवसंदेश)। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव जय सिंह ने स्पष्ट किया है कि विभाग की ऑनलाइन व्यवस्था के बावजूद किसी भी स्तर पर ऑफलाइन कार्य स्वीकार नहीं किया जाएगा। राजस्व मामलों में ऑफलाइन प्रक्रिया अपनाए जाने की शिकायत मिलने पर संबंधित के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि राजस्व अधिकारियों को कानून और नियमों की जानकारी के साथ विभाग की ऑनलाइन सेवाओं, डिजिटल रिकर्ड और डेटा संरचना की भी पूरी समझ होनी चाहिए।

राजस्व (सर्वे) प्रशिक्षण संस्थान, शास्त्रीनगर, पटना में सोमवार से नवपदस्थापित अपर समाहर्ताओं एवं भूमि सुधार उप समाहर्ताओं के लिए पांच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण सह उन्मुखीकरण कार्यक्रम शुरू हुआ। कार्यक्रम के प्रारंभिक सत्र को संबोधित करते हुए सचिव श्री सिंह ने अधिकारियों को राजस्व न्यायालयों के संचालन, आदेश पारित करने की प्रक्रिया, अनलाइन सेवाओं और अंचल स्तर पर कार्यो की निगरानी को लेकर महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि डीसीएलआर का अधिकांश कार्य विभिन्न मामलों में आदेश पारित करने से संबंधित होता है। इसलिए अधिकारियों को अपने-अपने अंचलों में सबसे अधिक आने वाले मामलों का गहन अध्ययन करना चाहिए। किसी मामले में आदेश पारित करने से पहले यदि किसी बिंदु पर स्पष्टता की आवश्यकता हो तो वरीय अधिकारियों से सलाह लें। उन्होंने अधिकारियों को राजस्व से संबंधित कानूनों और नियमों में विशेषज्ञता हासिल करने के लिए नियमित अध्ययन और मेहनत करने की सलाह दी।

सचिव ने कहा कि राज्य के सभी राजस्व न्यायालयों का फिजिकल वेरिफिकेशन शुरू किया जाएगा। इसके लिए अधिकारियों को न्यायालयों में संचालित मामलों, रिकार्ड और प्रक्रिया की पूरी जानकारी रखनी होगी। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निष्पादन के लिए विभाग की ऑनलाइन सेवाओं और उनकी पूरी प्रक्रिया की जानकारी अधिकारियों के लिए आवश्यक है।

संक्षिप्त खबरें

गिरफ्तारी के दौरान परिजनों ने जताया विरोध

आरा (दैनिक नवसंदेश)। ओवरसियर की गिरफ्तारी के दौरान उसके परिवार के सदस्यों ने कार्रवाई का हल्का विरोध भी किया। मौके पर मौजूद नवादा थाने की पुलिस ने परिजनों को समझाकर स्थिति को नियंत्रित किया। टीम आरोपी को अपने साथ ले गई। पुरुषोत्तम कुमार का दो दिन पहले प्रमोशन के बाद अरवल ट्रांसफर हुआ था।

क्या है पोस्ट ऑफिस के ओवरसियर का काम

आरा (दैनिक नवसंदेश)। भारतीय डाक विभाग में मेल ओवरसियर एक पर्यवेक्षणीय पद है। इसका मुख्य काम डाक विभाग के मैदानी कर्मचारियों और डाक वितरण व्यवस्था की निगरानी करना होता है। ओवरसियर पोस्टमैन और अन्य कर्मचारियों के काम का निरीक्षण करता है। इसके साथ ही डाक की समय पर डिलीवरी, रूट और बीट व्यवस्था, लेटरबॉक्स से जुड़े रिकॉर्ड तथा संबंधित दस्तावेजों की निगरानी भी उसकी जिम्मेदारी में आती है। ग्रामीण क्षेत्रों में डाक सेवाओं को बेहतर संचालित करने के लिए ग्रामीण डाक सेवकों की भी निगरानी और समन्वय करता है।

दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण, और सुरक्षित माहौल में संपन्न कराने को लेकर प्रशासन चैकस

आरा (दैनिक नवसंदेश)। समहरणालय परिसर में सोमवार को आगामी दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और सुरक्षित माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला स्तरीय शांति समिति की



एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता जिलाधिकारी मनेश कुमार मीणा एवं पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित ने संयुक्त रुप से की। बैठक में डीडीसी, सदर एसडीओ, सदर एसडीपीओ-1, सदर एसडीपीओ-2, पुलिस उपाधीक्षक (यातायात), पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), पुलिस उपाधीक्षक (साइबर) सहित अन्य प्रशासनिक व पुलिस अफसर उपस्थित रहे। इस दौरान पूजा पंडालों के लाइसेंस, रूट चार्ट, यातायात व्यवस्था, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम और असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखने को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। वही बैठक में निर्देश दिए गये।

जनता दरबार में 42 से अधिक आवेदकों की सुनी गई समस्याएँ



आरा (दैनिक नवसंदेश)। जिला पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा द्वारा सोमवार को ईज ऑफ लिविंग के तहत आयोजित जिला जनता दरबार में 42 से अधिक आवेदकों की समस्याएँ सुनी गई। जनता दरबार में विभिन्न प्रखंडों से आए लोगों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए, इनमें मुख्य रूप से राजस्व एवं भूमि सुधार, प्रधानमंत्री आवास योजना, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण एवं समाजिक सुरक्षा कोषांग से संबंधित मामले शामिल थे। जिला पदाधिकारी ने सभी आवेदकों की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना तथा संबंधित पदाधिकारियों को मामलों की जाँच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्राप्त आवेदनों के समयबद्ध निष्पादन तथा लंबित मामलों की नियमित समीक्षा सुनिश्चित करने को कहा। आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को लोगों की समस्याओं पर संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई करते हुए निर्धारित समय-सीमा में मामलों का निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

इलेक्ट्रॉनिक गाड़ी शोरूम के गोदाम में लगी आग, लाखो की संपत्ति जलकर राख

चंदवा मोड पर रविवार की देर शाम की घटना

आरा (दैनिक नवसंदेश)। नवादा थाना क्षेत्र के चंदवा मोड़ स्थित इलेक्ट्रॉनिक गाड़ी शोरूम के गोदाम में रविवार की देर शाम अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। जिससे गोदाम में रखी दस इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी एवं दो ऑटो जलकर राख हो गई। शो रुम के मालिक निशांत कुमार नीरज एवं स्थानीय थाना मौके पर पहुंची और फायर ब्रिगेड की टीम को बुलाया गया। तब फायर ब्रिगेड के मशक्कत करने के बाद आग पर काबू पाया गया। निशांत कुमार नीरज द्वारा बताया गया कि गोदाम में इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी एवं ऑटो रखी हुई थी। जिनमें दस स्कूटी व दो जल गई। इसमे चार गाड़ियां पचास प्रतिशत जल गई, जबकि आठ पूरी तरह जल गई है। शोरूम गोदाम में आग कैसे लगी? क्या स्पष्ट नहीं हो सका है।

माउंट लिट्रा जी स्कूल में उत्साह के साथ नुक्कड़ नाटक



आरा (दैनिक नवसंदेश)। को माउंट लिट्रा जी स्कूल बामपाली, आरा में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन को सेवा दिवस के रूप में मनाये जाने के उपलक्ष्य में बड़े ही उत्साह के साथ नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में अमरेन्द्र प्रताप सिंह (पूर्व विधायक एवं पूर्व मंत्री), प्रतीक राज, आदित्य सिंह सह प्रभारी (युवा मोर्चा जिला महामंत्री) के साथ विद्यालय निदेशक श्रेयांश जैन, उपाध्यक्षा श्रीमती सुचिता जैन, प्राचार्या डॉ सहाया मेरी प्रधानाचार्य रत्नेश चैबे जूनियर कोऑर्डिनेटर प्रियंका दत्ता शिक्षक गण और छात्रगण उपस्थित थे। अमरेन्द्र प्रताप सिंह जी ने कहा कि प्रधानमंत्री जी का पूरा जीवन राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित है और उनके जन्मदिन को सेवा दिवस के रूप में मनाना हम सभी के लिए गर्व की बात है। विद्यालय निदेशक ने स्वागत किया। इस अवसर पर बच्चों ने अतिथियों के सम्मान में स्वागत गान प्रस्तुत किया और अपने देशभक्ति गीत की प्रस्तुति द्वारा कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रधानमंत्री के जीवन काल और उनके राजनीतिक सफर को बखूबी दशार्या गया। विद्यालय की प्राचार्या ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों में राष्ट्रभक्ति और समाज सेवा की भावना को जागृत करते हैं।

समाजसेवा ने दिलाया राष्ट्रीय मंच, जल योद्धा संवाद में बिहार का प्रतिनिधित्व

आरा (दैनिक नवसंदेश)। सामाजिक सेवा एवं जल-पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में लगातार सक्रिय स्वयंसेवक नितिश कुमार सिंह को राष्ट्रीय स्तर पर अपने कार्यों का अनुभव साझा करने का अवसर मिला। राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के तहत नई दिल्ली में आयोजित जल योद्धा संवाद में देश के विभिन्न राज्यों से चयनित 21 जल योद्धाओं एवं नदी योद्धाओं ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में नितिश कुमार सिंह ने बिहार का प्रतिनिधित्व किया। नितिश कुमार सिंह पिछले छह वर्षों से राष्ट्रीय सेवा योजना एवं नमामि गंगे से जुड़े विभिन्न सामाजिक एवं स्वच्छता अभियानों में सक्रिय रूप से भाग लेते रहे हैं। उनके नेतृत्व एवं टीम के सहयोग से आरा शहर के प्रमुख गंगा घाटों के साथ-साथ प्रमुख शहरी तालाबों की नियमित रूप से स्वच्छता एवं सफाई की जाती रही है। इन अभियानों में छै स्वयंसेवकों, युवाओं एवं स्थानीय लोगों की भागीदारी भी सुनिश्चित की जाती है। समाजसेवा के दौरान जलस्रोतों की स्थिति को करीब से देखने और लगातार गंगा घाटों तथा शहरी तालाबों की सफाई करते रहने से नितिश कुमार सिंह की जल संरक्षण एवं पर्यावरण के प्रति रुचि और प्रतिबद्धता और मजबूत हुई। जिला गंगा समिति, भोजपुर एवं छंउंउप ळंदहम के सहयोग से चलने वाले अभियानों के माध्यम से वे युवाओं और आम लोगों को जलस्रोतों की स्वच्छता, संरक्षण एवं जनभागीदारी के लिए जागरूक करने का कार्य भी करते रहे हैं।

स्कूल की बजी घंटी, सड़क पर हुई प्रार्थना और चली क्लास

आरा (दैनिक नवसंदेश)। सदर प्रखंड के श्रीनगर स्थित सरकारी विद्यालय के जर्जर भवन की छत गिरने और विद्यालय में बुनियादी सुविधाओं के अभाव के खिलाफ सोमवार को ग्रामीणों, छात्रों और अभिभावकों का गुस्सा फूट पड़ा। आइसा और रिवोल्यूशनरी यूथ एसोसिएशन के संयुक्त नेतृत्व में स्थानीय लोगों और छात्रों ने मुख्य सड़क पर टेंट लगाकर वहीं स्कूल शुरू कर दिया। शुरूआत बाकायदा स्कूल की घंटी बजाकर की गई। इसके बाद प्रार्थना हुई और फिर सड़क पर ही कक्षाओं का संचालन शुरू हुआ। छात्रों ने सड़क पर बैठकर पढ़ाई की और हाथों में तख्तियां लेकर प्रशासन से सुरक्षित स्कूल भवन उपलब्ध कराने



स्कूल भवन की छत गिरने के खिलाफ जाम

की मांग की। इस दौरान मुख्य मार्ग पर वाहनों की लंबी कतार लग गई आवागमन बाधित रहा। आंदोलनकारियों का कहना था कि जब तक जिला शिक्षा पदाधिकारी और प्रशासन की ओर से लिखित रूप में ठोस आश्वासन तथा नए स्कूल भवन के निर्माण की समय-सीमा तय नहीं की जाती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। आंदोलनकारियों ने मांग की कि जर्जर भवन को तत्काल सुरक्षित तरीके से हटाकर वहां नए एवं सुरक्षित स्कूल भवन का निर्माण कराया जाए तथा विद्यालय में आवश्यक बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। डीईओ के लिखित आश्वासन दिया गया। इसके बाद आंदोलनकारियों ने प्रशासन को आगे की कार्रवाई के लिए समय देने की बात कही। आंदोलन का नेतृत्व माले राज्य कमिटी सदस्य क्युमुद्दीन अंसारी, राजू यादव, पूर्व विधायक शिवप्रकाश रंजन, जयशंकर प्रसाद, विशाल एवं निरंजन केशरी ने किया। इस दौरान ऐपवा नेत्री संगीता सिंह, विजय ओझा, राजद जिला परिषद सदस्य धनंजय यादव, नीतू, राजू राम, धनोज यादव, साहिल अरोड़ा, रौशन कुशवाहा, सुमित, उपाध्यक्ष सागर पासवान, अनूप, विवेक, सनी देवल, अप्पू यादव, अखिलेश गुप्ता, रितेश, वर्षा, प्रज्ञा आदि रहे।

10 हजार रुपए रिश्वत लेते गिरफ्तार हुआ हेड पोस्ट ऑफिस का ओवरसियर

ग्रामीण डाक सेवक से रुपए लेते सीबीआई ने दबोचा

आरा (दैनिक नवसंदेश)। भ्रष्टाचार के खिलाफ सीबीआई ने आरा हेड पोस्ट ऑफिस के ओवरसियर पुरुषोत्तम कुमार को दस हजार रुपए रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया। रविवार देर शाम आरोपी को उसके सरकारी आवास से दबोचा। बताया जा रहा है कि उदवंतनगर प्रखंड के छोटी सासाराम स्थित उप डाकघर में पदस्थ ग्रामीण डाक सेवक (जीडीएस) से सरकारी काम कराने और फाइल पर हस्ताक्षर कराने के एवज में ओवरसियर ने रिश्वत की मांग की थी। शिकायतकर्ता ने ओवरसियर की लगातार मांग से परेशान होकर इसकी शिकायत सीबीआई से की थी। शिकायत की जांच और सत्यापन के बाद सीबीआई ने ट्रैप की कार्रवाई की। शिकायतकर्ता रविवार को आरोपी



ओवरसियर के सरकारी आवास पर पहुंचा। उसने ओवरसियर को दस हजार रुपए दिए। जैसे ही रुपए देने की प्रक्रिया पूरी हुई, पहले से निगरानी कर रही सीबीआई की टीम ने कार्रवाई शुरू कर दी। टीम को अपनी ओर आते देख आरोपी घबरा गया और उसने रिश्वत की रकम को बाहर फेंक दिया। हालांकि, सीबीआई अधिकारियों ने उसे मौके से पकड़ लिया और आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि पुरुषोत्तम कुमार हेड पोस्ट ऑफिस में इंस्पेक्टर के कार्यालय से जुड़ा हुआ था। आरोप है कि वह कई ग्रामीण डाक सेवकों से उनके काम कराने और फाइल साइन कराने के बदले रुपए की मांग करता था। शिकायतकर्ता जीडीएस का आरोप है कि उससे हर तीन महीने पर दस हजार रुपए रिश्वत ली जाती थी। लगातार पैसे की मांग से परेशान होने के बाद उसने सीबीआई से संपर्क किया। इसके बाद एजेंसी ने शिकायत की जांच कर ट्रैप की योजना बनाई।

धरहरा, भकुरा व पूर्वी गुमटी पीएसएस से 5 घंटे बिजली आपूर्ति रहेगी बंद

त्योहार से पहले विद्युत व्यवस्था दुरुस्त करने की कवायद



आरा (दैनिक नवसंदेश)। आगामी त्योहारों के मद्देनजर निर्बाध एवं सुरक्षित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आरा ग्रीड से धरहरा पीएसएस एवं पूर्वी गुमटी पीएसएस तक 33 हजार वोल्ट विद्युत लाइन का आवश्यक मेंटेनेंस कार्य किया जाएगा। इस कारण 06 अक्टूबर 2026 (मंगलवार) को सुबह 11 बजे से शाम 04 बजे तक धरहरा पीएसएस, भकुरा पीएसएस एवं पूर्वी गुमटी पीएसएस से जुड़े क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इस दौरान मोती टोला, बलुआही, कसाब टोला, दूध कटोरा, हनुमान टोला, वालीगंज-चिकटोली, रामगढ़िया, काजी टोला, कबीरगंज, अबरपुल, मिल्की मोहल्ला, विश्राम नगर, इब्राहीम नगर, धनुपरा, आरा-पटना बाईपास रोड, मिराचक, बेगमपुर, भलुहीपुर, अरण्य देवी, मीरगंज-डोमटोली, भलुहीपुर कब्रिस्तान, सिंडिगेट, शीशमहल चैक, बघउतपुर, आनंद नगर, सपना सिनेमा रोड, नेहरू नगर, श्री टोला, बस स्टैंड, रस्सीबागान, जवाहर टोला, शिवपुर, करमन टोला, नवादा, मठिया, महादेवा रोड, जेल रोड, चरखंभा गली, सदर अस्पताल, पी. मेहरा रोड, मिल रोड तथा आसपास के क्षेत्र, इसके अलावे दौलतपुर, चित्रसेनपुर, शुभकरनगंज, माथवलिया, भकुरा, लौहर फरना एवं आसपास के क्षेत्रों में भी विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी।

प्लस टू उच्च विद्यालय कोरनडिहरी में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन



सहार (दैनिक नवसंदेश)। सेवा संकल्प अभियान के तहत 2 उच्च विद्यालय कोरन डिहरी में भाषण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यायिका अंकिता राय और संचालन जगनारायण सिंह ने किये। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में चंदन कुमार चांद द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। जिसके बाद प्रधानाध्यापिका श्रीमती अंकिता राय जी द्वारा अतिथियों को पुष्प, अंगवस्त्र और पौधा देकर स्वागत किया गया। उक्त कार्यक्रम में छात्र छात्राओं द्वारा स्वागत गान के साथ माननीय प्रधानमंत्री जी की सार्वजनिक सेवा संकल्प पर आधारित भाषण प्रस्तुत किया गया। चंदन कुमार चांद ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी की सार्वजनिक सेवा काल और श्रमदान से ऊर्जा के साथ प्रेरणा मिलती है। जिनकी हमें अनुकरण करना चाहिए। स्वच्छता श्रमदान और जल संरक्षण के साथ नशामुक्ति पर भी जागरूक किया गया। भाषण कार्यक्रम में श्रेष्ठ प्रस्तुति देने वाले प्रतिभागी सन्नी कुमार,सबिता कुमारी,अजीत कुमारी, स्नेहा कुमारी,शिवानी कुमारी को पुरस्कृत किया गया और पर्यावरण की दृष्टिकोण से विधालय परिसर में पौधारोपण भी किया गया। उक्त कार्यक्रम में सुजीत कुमार, चितरंजन कुमार, शिक्षक बीबोध कुमार, अंकिता कुमारी, संजीव कुमार, मोहम्मद सादिक हुसैन इत्यादि सम्मिलित रहें।

सेवा संकल्प अभियान के तहत भाषण प्रतियोगिता, बच्चों ने रखे विकसित भारत के विचार

2047 के विकसित भारत के विजन पर बच्चों ने रखे विचार

शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)। सेवा संकल्प अभियान के तहत हरिनारायण प्लस टू हाई स्कूल, शाहपुर में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन



किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के कई छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और शिक्षा, सामाजिक जिम्मेदारी तथा वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य से जुड़े विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरीय भाजपा नेता मुक्तेश्वर ओझा उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों के विचारों को ध्यानपूर्वक सुना और शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने वर्ष 2047 के विजन पर चर्चा करते हुए कहा कि देश के भविष्य को मजबूत बनाने में आज के विद्यार्थियों की भूमिका अहम होगी। बच्चों को लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इससे विद्यार्थियों में उत्साह का संचार हुआ। विद्यालय के प्रधानाध्यापक विष्णु शंकर सिंह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की, जबकि शिक्षक राजेश कुमार ने मंच संचालन किया। कार्यक्रम को प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र ओझा, चंदन पांडेय, बंटी पांडेय एवं शिक्षक उमेश पांडेय सहित अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। वक्ताओं ने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ सामाजिक मूल्यों, अनुशासन और राष्ट्र निर्माण के प्रति जिम्मेदार बनने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

राजकीय डिग्री महाविद्यालय, सहार में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया विश्व शिक्षक दिवस

सहार (दैनिक नवसंदेश)। राजकीय डिग्री महाविद्यालय, सहार में आज विश्व शिक्षक दिवस अत्यंत उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ.) विकास चंद्र के संबोधन से हुई। उन्होंने मंच से विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षक केवल किताबी ज्ञान नहीं देते, बल्कि विद्यार्थियों के चरित्र और भविष्य का निर्माण करते हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय में एक भाषण प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में विचार अभिव्यक्ति, तार्किक चिंतन, वक्तृत्वकला, सामाजिक चेतना एवं राष्ट्रीय दृष्टिकोण का विकास करना था। भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिसमें रोशनी कुमारी ने प्रथम स्थान, सबा आमरीन ने द्वितीय स्थान तथा सना आमरीन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के अंत में प्राचार्य महोदय ने सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर उनका हौसला बढ़ाया और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी शिक्षक, कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। मंच का संचालन राम भुवन सिंह ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापिका सलोनी प्रिया के द्वारा किया गया।

80 लीटर देसी शराब बरामद व बाइक जब्त, तस्कर फरार

आरा (दैनिक नवसंदेश)। टाउन थाना पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के धनुपरा शिव मंदिर के पास 80 लीटर देशी शराब बरामद किया गया। जबकि तस्कर फरार हो गया। वहीं पुलिस ने तस्कर द्वारा छोड़े गए बाइक को भी जब्त कर लिया। इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित ने प्रेस नोट जारी कर दी। उन्होंने बताया कि टाउन थाना पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि थाना क्षेत्र के धनुपरा शिव मंदिर के पास देशी शराब की खरीद-बिक्री की जाने वाली है। सूचना के सत्यापन उपरांत पुलिस वहां पहुंची तो, पुलिस को देख तस्कर बाइक पर लोड शराब छोड़कर फरार हो गया। वहीं पुलिस ने बाइक पर लदी 80 लीटर देशी शराब बरामद कर बाइक को जब्त कर लिया।

दुगार्पूजा में सुरक्षा से समझौता नहीं, पंडाल निर्माण से विसर्जन तक बरतें सावधानी



कोईलवर (दैनिक नवसंदेश)। दुगार्पूजा को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर सोमवार को कोईलवर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सदर एसडीपीओ-2 रणजीत कुमार सिंह ने की। बैठक में पूजा समितियों के पदाधिकारियों के साथ प्रशासन एवं पुलिस अधिकारियों ने पूजा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, पंडाल निर्माण, यातायात, महिला सुरक्षा और विसर्जन को लेकर विस्तार से चर्चा की.एसडीपीओ रणजीत कुमार सिंह ने पूजा समितियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि पंडाल निर्माण के दौरान सड़क का अतिक्रमण नहीं किया जाए। सड़क को इस तरह से बाधित नहीं किया जाए कि आपात स्थिति में पुलिस, एंबुलेंस या अग्निशमन वाहन मौके तक नहीं पहुंच सके। उन्होंने बिजली के तार के आसपास अथवा उसके नीचे प्रतिमा स्थापित नहीं करने की हिदायत दी। लोहे के बजाय बांस के पंडाल बनाने का निर्देश एसडीपीओ ने कहा कि पंडाल निर्माण में लोहे का इस्तेमाल नहीं किया जाए। पंडाल बांस से बनाया जाए और उसमें प्रवेश एवं निकास के लिए अलग-अलग गेट की व्यवस्था अनिवार्य रूप से रखी जाए। उन्होंने पंडाल में सिंथेटिक कपड़े के इस्तेमाल पर रोक लगाते हुए सूती कपड़े का प्रयोग करने को कहा। बैठक में पचैना, कोईलवर, धनडीहा, दौलतपुर, कुल्हड़िया, आजाद कला मंदिर कोईलवर सहित विभिन्न पूजा समितियों के अध्यक्ष, सचिव एवं सदस्य शामिल हुए। मौके पर बीडीओ बीर बहादुर पाठक, नगर कार्यपालक पदाधिकारी शाहाब याहिया, राजस्व अधिकारी राजभूषण सिंह सहित बड़ी संख्या में पूजा समिति के सदस्य एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

'मेरे सपनों का भारत' में विद्यार्थियों ने दिखाई राष्ट्र निर्माण की सोच

राहुल, सुरभि और नव्या का बीआरसी स्तर के लिए चयन

पीरो (दैनिक नवसंदेश)। प्लस 2 उच्च विद्यालय पीरो के प्रांगण में 5 अक्टूबर को ह्यमेरे सपनों का भारतह्ल विषय पर विद्यालय स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन उत्साह एवं प्रेरणादायक वातावरण में किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपने विचारों के माध्यम से विकसित, आत्मनिर्भर, शिक्षित, स्वच्छ और सशक्त भारत की परिकल्पना को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पीरो नगर भाजपा अध्यक्ष रोहित वर्मा रहे। खास बात यह रही कि रोहित वर्मा स्वयं इसी विद्यालय के पूर्व छात्र रहे हैं। जिस विद्यालय में उन्होंने कभी विद्यार्थी के रूप में शिक्षा प्राप्त की थी, उसी विद्यालय के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचना विद्यालय परिवार के लिए विशेष गौरव का विषय रहा। उन्होंने अपने छात्र जीवन की स्मृतियों को साझा करते हुए विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया और कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा प्राप्त करने का स्थान नहीं, बल्कि व्यक्तित्व एवं



भविष्य निर्माण की आधारशिला है। रोहित वर्मा ने कहा कि आज के विद्यार्थी ही आने वाले भारत के निमार्ता हैं। भाषण प्रतियोगिता में दीपक उपाध्याय, सुधांशु कुमार, अंकित कुमार, गायत्री कुमारी, नव्या कुमारी, प्रीति कुमारी, माया कुमारी, गरिमा कुमारी, सुरभि कुमारी एवं राहुल कुमार ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने शिक्षा, विज्ञान एवं तकनीक, पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तीकरण, सामाजिक समानता, आत्मनिर्भरता तथा राष्ट्र निर्माण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर राहुल कुमार, सुरभि कुमारी एवं नव्या कुमारी का चयन बीआरसी स्तर की प्रतियोगिता के लिए किया गया। तीनों विद्यार्थी अब बीआरसी स्तर पर 2 उच्च विद्यालय पीरो का प्रतिनिधित्व करेंगे। उनके चयन पर विद्यालय परिवार ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। मंच संचालन अभय उपाध्याय ने किया, जबकि स्वागत गीत की अगुआई ब्रजमोहन पाठक ने की। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक भीम राय ने प्रभारी प्रधानाध्यापक ने कहा कि भाषण जैसी रचनात्मक प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, तार्किक सोच, नेतृत्व क्षमता और अभिव्यक्ति कौशल का विकास करती हैं। उन्होंने चयनित विद्यार्थियों को बीआरसी स्तर की प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं।

युवा स्नातकों के लिए रोजगार मेरे एजेंडे में शीर्ष पर : सीए आदित्य



समर्थकों के साथ नामांकन करने जाते सीए आदित्य झा।

■ नामांकन के बाद कहा विद्यालयीय शिक्षकों के लिए सप्तम वेतनमान के साथ-साथ ओल्ड पेंशन स्कीम के लिए करूंगा संघर्ष

दरभंगा (एनएसबी)।। दरभंगा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी एवं दिल्ली भाजपा कार्यसमिति के सदस्य, सीए एवं शिक्षाविद् आदित्य झा ने सोमवार को आयुक्त के समक्ष अपना नामांकन पर्चा दाखिल कर चुनावी रणभूमि में जोरदार तरीके से अपनी दावेदारी का शंखनाद किया। नामांकन के साथ ही उन्होंने स्नातक मतदाताओं, युवाओं, शिक्षकों एवं समाज के विभिन्न वर्गों के हितों को लेकर संघर्ष का संकल्प दोहराया।

नामांकन यात्रा के क्रम में हजारों की संख्या में जुटे स्नातक मतदाताओं, शिक्षकों, युवाओं एवं समाजसेवियों के काफिले के साथ प्रत्याशी आदित्य झा ने सर्वप्रथम मनोकामना मंदिर एवं मां श्यामा के दरबार में पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। नामांकन से पूर्व उन्होंने अपने पैतृक निवास श्रीपुर गाहर से अपने इष्ट का आशीर्वाद लेकर ठाकुरबाड़ी में शीश नवाते हुए सीधे दरभंगा के मनोकामना मन्दिर पहुँचकर हनुमानजी का आशीर्वाद लिया। माधवेश्वर परिसर अवस्थित माँ श्यामा मन्दिर पहुँचकर श्री झा ने सपत्नीक पूजा अर्चना कर अपनी विजय को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से माँ का आशीर्वाद ग्रहण किया। इसके बाद दरभंगा स्टेशन, दोनार एवं बेंता होते हुए लहेरियासराय स्थित नामांकन स्थल पहुंचे। जहां उन्होंने आयुक्त के समक्ष अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया। नामांकन दाखिल करने के पश्चात श्री झा ने अपनी प्राथमिकताओं को गिनाते हुए युवा स्नातकों के लिए रोजगार को अपने एजेंडे में शीर्ष पर रखने का वचन दिया। साथ ही विद्यालयीय शिक्षकों के लिए सप्तम वेतनमान के साथ-साथ ओल्ड पेंशन स्कीम लागू किए जाने के लिए सार्थक प्रयास करने की बात कही। नामांकन दाखिल करने के उपरांत पोलो मैदान स्थित दरभंगा क्लब में बड़ी संख्या में मौजूद आगत अतिथियों एवं समर्थकों ने सीए आदित्य झा का स्वागत किया। इस दौरान जुटी भीड़ देखते ही देखते एक सभा में तब्दील हो गई। सीए आदित्य झा ने कहा कि मिथिलांचल देशभर में ज्ञान, शिक्षा और प्रतिभा की हृदयस्थली के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान रखता है। इसके बावजूद यहां के बड़ी संख्या में स्नातक युवा रोजगार के अवसरों की तलाश में भटक रहे हैं। स्नातक बेरोजगारों की आवाज को मजबूती से उठाना, शिक्षकों की समस्याओं को प्राथमिकता देना तथा क्षेत्र के शैक्षणिक विकास को नई गति देना उनकी प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल है। दरभंगा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के मतदाताओं ने उन्हें जो विश्वास और स्नेह दिया है, उसे वे जनप्रतिनिधित्व की जिम्मेदारी में पूरी निष्ठा के साथ निभाने का प्रयास करेंगे। उनका उद्देश्य केवल चुनाव जीतना नहीं, बल्कि स्नातक समाज की समस्याओं को सदन तक पहुंचाकर उनके समाधान के लिए निरंतर संघर्ष करना है। इस अवसर पर विजय लाल देव ने श्री झा के समर्थन में यहाँ तक कह दिया कि भले ही मेरी पार्टी मुझसे नाराज हो जाय लेकिन मैं आदित्य झा का साथ दिल से देता रहूँगा। गोपाल झा ने अपनी भावनाओं को शब्द देते हुए कहा कि जबानी जिसके जिसके पास,जमाना उसके उसके साथ। हेमंत चौधरी ने इस चुनाव को पूरी शिद्दत से लड़ने तथा जीत हासिल करने की बात दुहरायी। अधिवक्ता मृत्युंजय मृणाल ने सीए आदित्य झा के पक्ष में अपनी बात रखते हुए कहा कि दरभंगा स्नातक क्षेत्र के उपस्थित प्रत्येक वोटर को आदित्य झा बनकर ही इस चुनावी संग्राम को जीतना होगा। उज्ज्वल कुमार के संचालन में आयोजित इस सभा को शशि सिंह,सौरभ ओझा,चंदन झा,कुंदन झा,रामकिशोर सिंह सहित अन्य कतिपय समर्थकों ने संबोधित किया।

चाइल्ड हेल्प डेस्क और चाइल्ड कार्नर को व्यवस्थित बनाने को कई थानाध्यक्ष पुरस्कृत

दरभंगा (एनएसबी)। वरीय पुलिस अधीक्षक, दरभंगा के द्वारा सितम्बर माह - 2026 की मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन वरीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय दरभंगा में किया गया। अपराध गोष्ठी में नगर पुलिस अधीक्षक दरभंगा/ग्रामीण पुलिस अधीक्षक, दरभंगा/ सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी/पुलिस उपाधीक्षक सह-साइबर थानाध्यक्ष /पुलिस उपाधीक्षक यातायात / पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय/पुलिस उपाधीक्षक रक्षित/सभी अंचल पुलिस निरीक्षक/सभी थानाध्यक्ष एवं सभी शाखा प्रभारी उपस्थित हुए।

वरीय पुलिस अधीक्षक, दरभंगा द्वारा थानावार पूर्व से लंबित कांड/सितम्बर माह में प्रतिवेदित कांड /सितम्बर माह में निष्पादित कांडों की शीर्षवार क्रमशः- हत्या, डकैती, लूट, दहेज हत्या आदि की समीक्षा की गई। वरीय पुलिस अधीक्षक दरभंगा द्वारा चाइल्ड हेल्प डेस्क /चाइल्ड कार्नर को व्यवस्थित एवं बच्चों के लिए उपयुक्त वातावरण रूप से तैयार करने के लिए मनिगाछी थानाध्यक्ष को प्रशस्ति पत्र एवं 3000 रुपए की नगद राशि ,बड़गांव थानाध्यक्ष को प्रशस्ति पत्र एवं 2000 रुपए की नगद राशि ,मोरो थानाध्यक्ष को प्रशस्ति पत्र एवं 3000 रुपए की नगद राशि,महिला थानाध्यक्ष को प्रशस्ति पत्र एवं 5000 रुपए की नगद राशि, सिमरी थानाध्यक्ष को प्रशस्ति पत्र एवं 2000 रुपए की नगद राशि,नगर थानाध्यक्ष को प्रशस्ति पत्र एवं 2000 रुपए की नगद राशि,बिरौल थानाध्यक्ष को प्रशस्ति पत्र एवं 3000 रुपए की नगद राशि और लहेरियासराय थानाध्यक्ष को प्रशस्ति पत्र एवं 3000 रुपए की नगद राशि से पुरस्कृत किया गया । वहीं घनश्यामपुर थाना के पुङ्गअङ्गनिङ्ग प्रशांत कुमार को सितंबर माह में 10 कांडों का निष्पादन करने के लिए प्रशस्ति पत्र एवं 2000 रुपये की नगद राशि से पुरस्कृत किया गया तथा महिला सिपाही लीला कुमारी तत्कालीन दरभंगा जिला एवं वर्तमान मधुबनी जिला बल को अलीनगर थाना का 2023 से पूर्व के सभी प्राथमिकी एवं लंबित कार्यों को सीसीटीएनएस में अपलोड करने के लिए प्रशस्ति पत्र एवं 5000 रुपए की नगद राशि से पुरस्कृत किया गया। वहीँ बेंता थाना, सिमरी थाना, बहादुरपुर थाना एवं मोरो थाना के थानाध्यक्ष के द्वारा माह सितम्बर में निर्धारित लक्ष्य से अधिक कांडों का निष्पादन किया पाया गया जिसके लिए वरीय पुलिस अधीक्षक दरभंगा द्वारा इन सभी को पुरस्कृत किया जाएगा। आगामी दुर्गा पूजा पर्व को लेकर विधि व्यवस्था के मद्देनजर 126 बी एन एस एस की कार्रवाई करते हुए बाउंड डाउन करने के लिए निर्देशित किया गया।सभी थानाध्यक्ष को आगामी पर्व दुर्गा पूजा को लेकर सभी पूजा पंडाल में सीसीटीवी कैमरे से निगरानी रखने, डी जे पर पूर्ण प्रतिबंध एवं पूजा पंडाल परिसर और विसर्जन के सभी रूट में जर्जर तार को हटवाने के लिए भी निर्देशित किया गया।



मनीगाछी थाना अध्यक्ष को पुरस्कृत करते एसएसपी।

विश्वविद्यालय संगीत एवं नाट्य विभाग में पद्मश्री पंडित रामचतुर मलिक की 124वीं जयंती समारोह आयोजित

■ ध्रुपद की प्रस्तुतियों से गूंजा ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा का संगीत एवं नाट्य विभाग



जयंती समारोह मे भाग लेते लोग।

दरभंगा (एनएसबी)। ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के विश्वविद्यालय संगीत एवं नाट्य विभाग, ललित कला संकाय में आज पद्मश्री पंडित रामचतुर मल्लिक चेयर के अंतर्गत महान ध्रुपद गायक पद्मश्री पंडित रामचतुर मल्लिक की 124वीं जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शास्त्रीय संगीत की समृद्ध ध्रुपद परंपरा को याद करते हुए उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ विभागाध्यक्ष, विभागीय सभी शिक्षकों एवं विशिष्ट अतिथि पंडित संगीत मल्लिक द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। विभागाध्यक्ष सह संकायाध्यक्ष प्रो लावण्य कीर्ति सिंह 'काव्या' ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए पंडित रामचतुर मल्लिक के संगीत योगदान और ध्रुपद परंपरा में उनके महत्त्वपूर्ण स्थान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि महान कलाकारों की कला-साधना और उनकी संगीत परंपरा नई पीढ़ी के कलाकारों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। इस अवसर पर पंडित रामचतुर मल्लिक के प्रपौत्र पंडित संगीत मल्लिक ने ध्रुपद गायन की मनोहारी प्रस्तुति दी। उन्होंने राग भीमपलासी में नोम-तोम के आलाप के साथ तार-तार में ध्रुपद की प्रस्तुति की, जिसके बोल थे-ह्लकासे कहूँ जिया की बातह्व, तथा सूलताल में ह्लशंभू हर हर गंगाधरह्व की प्रस्तुति देकर उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी प्रस्तुति में ध्रुपद की गंभीरता, शास्त्रीयता और गायकी की सुंदर झलक देखने को मिली।इसके पश्चात संगीत विभाग की छात्राओं ने सहायक प्रो. पुष्कर आनंद के मार्गदर्शन में राग भैरव में ध्रुपद-गायन की प्रस्तुति की। छात्र-छात्राओं की प्रस्तुति ने कार्यक्रम को और अधिक गरिमामय बना दिया तथा ध्रुपद की परंपरा को युवा पीढ़ी तक पहुंचाने की दिशा में विभाग के प्रयास को दशार्या। कार्यक्रम में सहायक प्रोफेसर डॉ पुष्कर कुमार झा, डॉ अभिषेक स्मिथ, रवीन्द्र कुमार सिंह सहित विभाग के अन्य कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

नवीन शिक्षण पद्धतियों तथा प्रभावी शैक्षिक प्रक्रियाओं को अपनाने की जरूरत : प्रो. लक्ष्मी निवास पांडेय

दरभंगा (एनएसबी)। मालवीय मिशन शिक्षण प्रशिक्षण केंद्र द्वारा कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय में शोध पद्धति अकादमिक लेखन तथा प्रकाशन नैतिकता विषयक 6 दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम का उद्घाटन कुलपति प्रो. लक्ष्मी निवास पांडेय द्वारा किया गया। कार्यक्रम 5 अक्टूबर से 10 अक्टूबर 2026 तक चलेगा। उद्घाटन समारोह का आरंभ मंगलाचरण के द्वारा डॉ श्याम सुंदर ठाकुर ने किया । मंचासीन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया तथा एफडीपी के नोडल पदाधिकारी डॉक्टर यदुवीर स्वरूप शास्त्री एवं आयोजन समिति के द्वारा अंगवस्त्र पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट करके आगन्तुक अतिथियों का स्वागत किया गया। वाचिक स्वागत एवं कार्यक्रम की रूपरेखा डॉ यदुवीर स्वरुप शास्त्री ने प्रस्तुत की।उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में इलाहाबाद विश्वविद्यालय के संस्कृत पालि प्राकृत तथा प्राच्य भाषाविभाग के अध्यक्ष प्रो. प्रयागनारायण मिश्र तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के कुलसचिव महोदय डॉ दिनेश झा ने अपनी बात रखी। कुलपति ने अध्यक्षीय भाषण में नवीन शिक्षण पद्धतियों तथा प्रभावी शैक्षिक प्रक्रियाओं को अपनाने के लिए प्रेरित किया और आधुनिक प्रौद्योगिकी की सहायता से शोध एवं अनुसंधान कार्य को करने के लिए सभी शिक्षकों को उत्साहित किया । अन्त में धन्यवाद ज्ञापन डॉ निशा ने किया। समारोह में विभिन्न स्नातकोत्तर विभाग के विभागाध्यक्षों एवं अध्यापकों ने 6 दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम में भाग ग्रहण किया।प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए डॉ. एल सविता आर्या ने बताया कि आज के द्वितीय एवं तृतीय सत्र के विषय विशेषज्ञ के रूप में प्रो. प्रयागनारायण मिश्र जी ने शोध समस्याओं एवं शोध अंतराल की पहचान तथा शोध प्रश्नों उद्देश्यों एवं परिकल्पना के निर्माण विषयक बिंदुओं पर चर्चा की। चतुर्थ सत्र में जामिया मिल्लिया इस्लामिया , नई दिल्ली के संस्कृत विभाग के प्रो जयप्रकाश नारायण जी ने शोध प्रबंध एवं लघु शोध लेखन विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया ।भोजन समिति में डॉ रामसेवक झा एवं डॉ निशा ने व्यवस्था देखी। मंचीय व्यवस्था में डॉ अवधेश कुमार श्रोत्रिय एवं डॉ शंभूशरण तिवारी जी रहे । डॉ. सुधीर कुमार के संयोजकत्व एवं डॉ. छबिलाल नौपाने के सहसंयोजकत्व में संपन्न किया जाएगा। फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम सेल के संयोजक अध्यक्ष छात्र कल्याण प्रोफेसर पुरेन्द्र वारिक सहित कई लोग उपस्थित रहे।



उद्घाटन करते कुलपति प्रो. लक्ष्मी निवास पांडेय।

संक्षिप्त खबरें

सेंटरिंग खोलने के दौरान छत से गिरा राजमिस्त्री की हालत गंभीर

सिंहवाड़ा (एनएसबी)। नगर पंचायत सिंहवाड़ा में सोमवार को सेंटरिंग खोलने का कार्य करने के दौरान छत से गिरने के कारण राजमिस्त्री गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए सिंहवाड़ा सीएचसी लाया गया। जहां उसकी हालत गंभीर देख उसे बेहतर इलाज के लिए डीएमसीएच रेफर कर दिया गया है। घायल राजमिस्त्री मुजफ्फरपुर जिला के बोरवारी गांव के धर्मेंद्र कुमार राम बताया गया है। वह सिंहवाड़ा पुल के पास भवन निर्माण के दौरान छत से सेटरिंग खोलने का कार्य कर रहा था। बताया गया है की छत से गिरते ही वह लहुलुहान होकर बेहोश हो गया। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने उसे इलाज के लिए सिंहवाड़ा सीएचसी पहुंचाया। मौके पर पहुंची सिंहवाड़ा पुलिस ने उसे इलाज के लिए डीएमसीएच भेजवाया। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा प्रेमचंद ने उसकी हालत गंभीर बताई है। सिंहवाड़ा थानाध्यक्ष बसंत कुमार ने बताया कि मामले की तहकीकात की जा रही है।

न्यायालय में आठ को था पेशी, उससे पहले तालाब में डूबने से हुई मौत

दरभंगा (एनएसबी)। बहादुरपुर थाना क्षेत्र के आरएस टैंक में नहाने के दौरान एक व्यक्ति की डूबने से मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही पूरे इलाके में दहशत का माहौल हो गया। देखते ही देखते तालाब के चारों तरफ लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर थाना के दारोगा मंजेश कुमार राज किशोर सिंह चौकीदार मनीष कुमार पासवान ने मछुआरों के के प्रयास से लगभग 2 घंटे बाद शव पानी से बाहर निकल गया। मृतक की पहचान हायाघाट थाना क्षेत्र के पौराम गांव निवासी बैद्यनाथ मंडल के 44 वर्षीय पुत्र अरविंद मंडल के रूप में हुई है। सोमवार की दोपहर 2 बजे के करीब अरविंद मंडल तालाब में नहाने के लिए गया। दूसरी तरफ से कुछ लोग उसे पानी में जाते देखा लेकिन जब वह पानी के ऊपर नहीं आया तो लोगों को लगा कि यह डूब गया है। लोगों के द्वारा शोर मचाने पर लोग इकट्ठा हुए। मृतक के भाई विजय मंडल ने बताया कि अरविंद का ससुराल गंगा पट्टी गांव में है। पत्नी से पिछले दो वर्षों से झगड़ा एवं मारपीट के कारण डेढ़ वर्ष से वह मंडल कारा में बंद था। कुछ दिन के लिए ही जमानत पर वह निकला था। निकालने के बाद मजदूरी करने के लिए मुंबई चला गया था। दो-तीन दिन बाद उसका न्यायालय में 8 अक्टूबर 2026 को तारीख था जिसको लेकर वह दरभंगा आया था। थाना की पुलिस के द्वारा उनके भाई को मोबाइल पर सूचना दिया कि उसका शव तालाब से बरामद हुआ है। उन्होंने बताया कि मृतक को दो पुत्री और एक पुत्र है। वही स्थानीय धीरज कुमार झा ने बताया कि मृतक नहाने के दौरान डूब रहा था तो आसपास के लोगों ने शोर मचाया तब तक वह डूब चुका था। थानाध्यक्ष प्रसुंजय कुमार ने बताया कि तालाब से शव को निकाल लिया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच भेज दिया गया है। परिजनों के आने का इंतजार किया जाएगा।

पति पत्नी के विवाद में कुछ दिन पहले जेल से बल पर बाहर था युवक

जख्मी युवक के स्वजन की पहचान नहीं होने से मददगार बने परेशान

दरभंगा (एनएसबी)। समस्तीपुर जिले के कल्याणपुर थाना क्षेत्र के सिमरिया गांव में सोमवार को एक जख्मी युवक सड़क पर गिरा मिला। स्थानीय लोगों ने उसे आनन-फानन में कल्याणपुर पीएचसी में भर्ती कराया। जहां युवक की गंभीर स्थिति देख डाक्टरों ने उसे डीएमसीएच रेफर कर दिया। जिसके मददगार तीन-चार ग्रामीण युवकों ने जख्मी को डीएमसीएच में एडमिट कराया। सिमरिया निवासी विकास कुमार ने बताया कि जख्मी युवक की जेब से बंगाल में बना उसका आधारकार्ड मिला है। जिस पर दर्ज पते के मुताबिक संजय कुमार नामक उक्त जख्मी युवक समस्तीपुर के किशुनपुर-माधोपुर निवासी है। उन्होंने बताया कि आधारकार्ड पर पिता का नाम दर्ज नहीं है। इसके चलते जख्मी के स्वजन की पहचान नहीं हो पा रही है। जिसके चलते मदद करनेवाले परेशान है। उन्होंने बताया कि युवक की हालत गंभीर है और उसकी दवा-जांच आदि के लिए स्वजन की मौजूदगी जरूरी है। इसके चलते हमलोगों को भाग-दौड़ करना पड़ रहा है।

दरभंगा आईटी पार्क में अपालोन सोल्यूशन सॉफ्टवेयर कम्पनी का सांसद ने किया शुभारंभ

■ दरभंगा आईटी पार्क में विभिन्न कम्पनियों का आना हुआ शुरू, रोजगार के बढ़ेंगे अवसर



उद्घाटन करते भाजपा सचेतक डा. गोपाल जी ठाकुर।

दरभंगा (एनएसबी)। दरभंगा में सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए पहल की जा रही है। दरभंगा सॉफ्टवेयर टेक्निकल पार्क में विभिन्न साफ्टवेयर कम्पनियों का आना शुरू हो चुका है जिससे यहां के युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। स्थानीय सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा. गोपाल जी ठाकुर ने रविवार को सॉफ्टवेयर कम्पनी एपैलॉन सॉल्यूशंस के कार्यालय और उनके नए डिजिटल उत्पाद मिथिला हिसाब हर दुकान का स्मार्ट हिसाब का शुभारंभ करने के बाद उपरोक्त बातें कही है।

सांसद डा ठाकुर ने सॉफ्टवेयर कम्पनी एपैलॉन सोल्यूशन के कार्यालय मिथिला हिसाब का फीता काटकर विधिवत उद्घाटन करते हुए कहा कि स्थानीय स्तर पर मिथिला की पहचान से जुड़ा यह उत्पाद यहां के छोटे-बड़े व्यापारियों के बहीखाते और व्यापार के लिए वरदान साबित होगा।सांसद डा ठाकुर ने दरभंगा में प्रौद्योगिकी पार्क की स्थापना से लेकर अब विभिन्न कम्पनियों के द्वारा कार्य शुरू किए जाने के लिए किए गए अपने पहल और प्रयासों को रेखांकित करते हुए कहा कि इस आईटी पार्क की स्वीकृति, तथा जमीन की व्यवस्था के लिए वे लंबे समय तक प्रयास किए तथा पिछले महीने बेंगलुरु जाकर उद्यमियों तथा प्रवासियों को यहां आकर कार्य शुरू करने के लिए बैठक कर अनुरुद्ध किया था जिसका परिणाम है कि आज अपालोन सोल्यूशन कम्पनी ने अपना कार्य का शुभारम्भ किया है। सांसद डा ठाकुर दरभंगा आईटी पार्क को रोजगार के मुद्दे पर मिथिला क्षेत्र के लिए वरदान बताते हुए कहा कि अब देश की नामी आईटी कम्पनियों का यहां आना शुरू हो चुका है तथा आने वाले समय में इस क्षेत्र के युवा सिर्फ रोजगार खोजने वाले नहीं, बल्कि रोजगार देने वाले बनेंगे तथा दरभंगा का नौजवान यहीं कंप्यूटर पर नए-नए सॉफ्टवेयर बनाकर आधुनिक तकनीक विकसित करेंगे ।मौके पर मिथिला हिसाब अपालोन सोल्यूशन कम्पनी के डायरेक्टर कौहर प्रवीण, उप डायरेक्टर परवेज अनवर आईटी पार्क के तकनीकी अधिकारी गौतम कुमार के साथ साथ भाजपा नेता ज्योतिष्कृष्ण लवली कन्हैया पासवान पप्पू राय रजनीश सुन्दरम निभा देवी मीरा देवी बमबम चौधरी नवेंदु कुमार राय मनीष झा आशुतोष झा समेत दर्जनों जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

2030 में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों में भाग लेने के उद्देश्य से करें तैयारी : स्वप्निल



प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभागी।

दरभंगा (एनएसबी)। प्रमंडल स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता का सोमवार को नेहरू स्टेडियम,लहेरियासराय में भव्य शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन विकास आयुक्त स्वप्निल, ओएसडी राजेश कुमार गुप्ता एवं जिला खेल पदाधिकारी चंदन कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।अपने संबोधन में उप विकास आयुक्त स्वप्निल ने कहा कि भारत खेल के क्षेत्र में लगातार आगे बढ़ रहा है।उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि 2030 में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों में यदि दरभंगा प्रमंडल के खिलाड़ी पहुंचकर देश का प्रतिनिधित्व करते हैं, तो यह हम सभी के लिए अत्यंत गौरव और सौभाग्य की बात होगी। वही ओएसडी राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि यहां के खिलाड़ी प्रमंडल से आगे राज्य स्तर पर भी अपना नाम रोशन करेंगे। जिला खेल पदाधिकारी चंदन कुमार ने कहा कि सभी खिलाड़ी अनुशासन और धैर्य के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें। यहां से चयनित खिलाड़ी राज्य स्तर पर दरभंगा प्रमंडल का नाम रोशन करेंगे। शतरंज प्रतियोगिता के बालक वर्ग में अंडर-14 में हर्षवर्धन सिंह, अंडर-17 में आर्यन कुमार तथा अंडर-19 में प्रिंस पासवान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं बालिका वर्ग में अंडर-14 में मनीष यादव, अंडर-17 में वैष्णवी कुमारी तथा अंडर-19 में खुशी कुमारी ने प्रथम स्थान हासिल किया।

■ यहां के खिलाड़ी प्रमंडल से आगे राज्य स्तर पर भी अपना नाम रोशन करेंगेः राजेश कुमार गुप्ता

■ प्रमंडल स्तरीय विद्यालय खेल के विजेता खिलाड़ी राज्य स्तर पर लहराएंगे परचम

■ उप विकास आयुक्त स्वप्निल ने किया

पीएम आवास की सूची पर जनप्रतिनिधियों एवं लोगों ने जताया आक्रोश

लदनियां (एनएसबी)। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की प्रकाशित सूची को लेकर जनप्रतिनिधियों एवं आम जनता जो इस योजना के पात्र लाभार्थी हैं का नाम हटाए गए है , में काफी आक्रोश व्याप्त है। हालांकि जनप्रतिनिधियों ने लोगों के गुस्से को शांत करने के लिए आवेदन लेकर नाम जोड़ने का वादा कर आवेदन जमा लिया है। जानकार और लोगों का शिकायत है कि प्रधानमंत्री आवास योजना में पात्र लाभार्थी का नाम सर्वे कर जोड़ने का अधिकार आवास सहायक का था। उनके द्वारा ही जांच कर नाम प्रधानमंत्री आवास योजना में शामिल किया गया था।तो पुनः जिस किसी अधिकारी ने स्थल निरीक्षण के बाद उक्त सूची से नाम हटाया उसे क्या गलत लगा कि साठ प्रतिशत से अधिक लोगों का नाम काटा गया। और ऐसा क्या मजबूरी था कि सभी नियमों पर खड़ा उतरने वाले लोगों का नाम हटाया गया और अयोग्य लाभूक जैसे पहले से पक्का मकान, पूर्व में एक नहीं दो-दो बार इन्द्रारा आवास पाने वाले लोगों का नाम शामिल किया गया। लोगों का आरोप है कि चेक रिचेक के नाम पर लोगों से मोटी रकम लिया गया, परंतु ऐसे साठ प्रतिशत पात्र लाभार्थी का नाम हटा दिया गया है। एक ओर जहां जनप्रतिनिधियों का शिकायत है कि उन लोगों से किसी प्रकार का सहमति नहीं लिया गया तो दूसरी ओर जनता का शिकायत है कि कुछ खास जगहों पर बैठ कर लाभूकों से राशि का वसूली तो किया गया, परंतु घर घर नहीं जा कर टेबल पर बैठकर ही पात्र लाभार्थियों का नाम काट दिया गया। जनप्रतिनिधियों एवं पात्र लाभार्थियों ने सरकार एवं स्थानीय अधिकारियों से सभी पात्र लाभार्थियों का नाम जोड़ने का अपील किया है। लोगों का कहना है कि ससमय पात्र लाभार्थी का नाम नहीं जोड़ा गया तो धरना प्रदर्शन व आंदोलन के साथ साथ न्यायालय का शरण लिया जाएगा। जनप्रतिनिधियों का कहना है कि पंचायत स्तर पर लोगों में नाराजगी एवं आक्रोश है। लोगों का मांग है कि सरकारी मापदंड के अनुरूप पात्र लाभार्थी का नाम जोड़ा जाना सरकार और जनहित में आवश्यक है। जबकि सरकार के इस योजना का भी मुख्य उद्देश्य है गरीब लोगों को पक्का घर उपलब्ध कराना। परंतु जमीनी स्तर पर यह योजना लूट खसोट योजना बनकर रह गया है। इस बाबत प्रखंड विकास पदाधिकारी से संपर्क करने का प्रयास किया गया परंतु उनके द्वारा फोन नहीं उठाया गया। हालांकि विभागीय मंत्री ने प्रदेश भर से मिल रही शिकायतों पर संज्ञान लिया है। उनके वक्तव्य के अनुसार पात्र लाभार्थियों को जोड़ने का कवायद जल्द ही शुरू किया जाएगा।

अनुश्रवण प्रणाली के तहत डीएम ने सुनी आमजनों की समस्याएं

मधुबनी (एनएसबी)। जिला पदाधिकारी, श्री आनंद शर्मा द्वारा सोमवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में सेवा-संवाद-समाधान अनुश्रवण प्रणाली के तहत ह्यह्यसबका सम्मान-जीवन आसान ह्ल कार्यक्रम के तहत आमजनों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना तथा संबंधित पदाधिकारियों को नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए ।

कार्यक्रम के दौरान जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों से आए लोगों ने अपनी-अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं, जिनके समाधान के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसी क्रम में ठाकुर मुरली मनोहर ट्रस्ट मंदिर के अध्यक्ष श्री नीलेंद्र नाथ चौधरी एवं सचिव श्री अरुण कुमार चौधरी के द्वारा ठाकुर मुरली मनोहर ट्रस्ट मंदिर के जमीन, पोखरा, भिंडा, श्मशान घाट एवं अन्य संपत्ति का नकली कागजात बनाकर अतिक्रमण करने के संबंध में आवेदन दिया। वही प्रखंड बाबूबरही निवासी शंभू कुमार ने प्रखंड कार्यालय बाबूबरही में कार्यरत मोहम्मद तैयब एवं अन्य संलिप्त व्यक्तियों द्वारा की जा रही गंभीर वित्तीय एवं प्रशासनिक अनियमिताओं फजीर्वाड़े एवं गंभीर धांधली की उच्चस्तरीय जांच तथा प्रतिनियुक्ति रद्द करने के संबंध में आवेदन दिया। अंचल घोघरडीहा निवासी छेदी कामत के द्वारा बासगीत पर्चा वाली जमीन एवं उसमें बने आवासीय घर को विपक्षीगण द्वारा जबरन कब्जा करने को लेकर शिकायत किया। महेश कुमार यादव प्रखंड घोघरडिहा निवासी ने रैयती जमीन पर प्रतिपक्षी द्वारा बाउंड्री-बाल एवं घर बनाने से रोकने के संबंध में शिकायत किया। परिवादी विनोद ठाकुर प्रखंड घोघरडीहा के द्वारा घर के मुख्य रास्ते पर कचरा एवं लकड़ी जमा करने से रास्ता अवरुद्ध करने को लेकर शिकायत किया। अंचल लखनौर निवासी पीतांबर ठाकुर ने निजी हिस्से वाली जमीन पर विपक्षीगण के द्वारा जबरदस्ती शौचालय का निर्माण कार्य करने वो रोकने पर मारपीट और खून खराबा करने की धमकी देने के संबंध में आवेदन दिया। इसके अतिरिक्त, इस कार्यक्रम के तहत विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भी अपने-अपने कक्ष में उपस्थित होकर लोगों की समस्याएं सुनीं तथा उनके समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाए। उल्लेखनीय है कि सेवा-संवाद-समाधान अनुश्रवण प्रणाली के तहत ह्यह्यसबका सम्मान-जीवन आसानह्लह्ल कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को सम्मानपूर्वक उनकी समस्याओं का समाधान उपलब्ध कराना तथा प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक जन-हितैषी, पारदर्शी एवं उत्तरदायी बनाना है।जिला पदाधिकारी ने कहा कि प्रशासन आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए ताकि आम नागरिकों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें और उन्हें बेहतर प्रशासनिक सेवा प्राप्त हो सके। कार्यक्रम के अंत में अधिकारियों द्वारा बताया गया कि बारी-बारी से सभी आवेदकों की शिकायतें सुनी गईं तथा उनके त्वरित समाधान के लिए अग्रेतर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि सरकार के द्वारा हरेक महीने के प्रथम एवं तीसरे मंगलवार को पंचायत में सहयोग शिविर चलाया जा रहा है, जो पूरी तरह ऑनलाइन प्रक्रिया है। आए हुए आवेदनों का तीस दिनों के अंदर उसका निष्पादन किया जाना है।



शिकायत सुनेते जिलाधिकारी।

संक्षिप्त खबरें

पायल नर्सिंग होम संचालक हत्याकांड में दूसरी गिरफ्तारी अल्ट्रासाउंड सेंटर संचालक नीतीश कुमार गिरफ्तार

बिस्फी (एनएसबी)। पायल नर्सिंग होम के संचालक अमरजीत यादव हत्याकांड मामले में बिस्फी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दूसरे नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मां अल्ट्रासाउंड सेंटर के संचालक एवं खगड़िया जिले के निवासी नीतीश कुमार को गिरफ्तार किया है।

बताया जा रहा है कि अमरजीत यादव हत्याकांड मामले में पुलिस लगातार नामजद अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। इसी क्रम में नीतीश कुमार की गिरफ्तारी हुई है। इससे पहले शनिवार को बिस्फी सरपंच राजू ठाकुर को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद उन्हें रविवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, हत्याकांड में नामजद अन्य दो अभियुक्त अभी फरार हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच करते हुए फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी है।

प्रतिभा किसी एक जाति, वर्ग या क्षेत्र की नहीं होती, बल्कि वह समाज का धरोहर है



मधुबनी (एनएसबी)। राष्ट्रीय वैश्य सूडी.समाज, दरभंगा के द्वारा ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा (जुबली हाल) में रविवार को आयोजित सर्व जातिय प्रतिभा सम्मान समारोह में मधुबनी राष्ट्रीय वैश्य सूडी.समाज के प्रतिनिधियों को भी सम्मान समारोह में भाग लिया। राष्ट्रीय वैश्य सूडी.समाज के अध्यक्ष बिष्णु कुमार राउत, मनोज कुमार मुन्ना, दीप्ति राउत, नागेन्द्र राउत, अमरेन्द्र मंडल, रूपेश राउत, राजेश खर्गा आदि लोगों ने दरभंगा के कार्यक्रम में भाग लेकर प्रतिभाओं को प्रोत्साहित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर भाजपा जिला मिडिया प्रभारी मनोज कुमार मुन्ना और भाजपा जिला मंत्री दीप्ति राउत ने कहा कि बच्चों ने अपनी मेहनत, लग्न और प्रतिभा से अपने परिवार, समाज और राष्ट्र का मान बढ़ाया है। प्रतिभा किसी जाति या समुदाय की सीमा में नहीं बंधती है बल्कि जब किसी बच्चे की सफलता का सम्मान पूरा समाज करता है तो उससे अनेक बच्चों को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। इस अवसर पर राष्ट्रीय वैश्य सूडी.समाज दरभंगा के सभी सम्मानित सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

फुलपरास लोहिया चौक पर सांसद पप्पू यादव का भव्य स्वागत



मधुबनी (एनएसबी)। दरभंगा से मधेपुरा जाने के क्रम में फुलपरास लोहिया चौक पर सांसद पप्पू यादव का भव्य स्वागत किया गया। रोहित नारायण यादव के नेतृत्व में आयोजित स्वागत कार्यक्रम में समर्थकों ने फूल-माला पहनाकर सांसद का स्वागत किया। इस मौके पर उपमुखिया शंभू नारायण, कृष्ण कुमार, ब्रह्मदेव यादव, पप्पू कुमार, रूपेश कुमार, आलोक झा, शशि मंडल, प्रदीप मंडल, महेश यादव सहित बड़ी संख्या में समर्थक मौजूद रहे। स्वागत के दौरान कार्यकताओं और समर्थकों में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

दो अवैध देशी पिस्टल, 24 जिंदा कारतूस, 4 मैगजीन, 64,100 रुपये नकद व 03 मोबाइल के साथ अभियुक्त गिरफ्तार



गिरफ्तार अभियुक्त ।

मधुबनी (एनएसबी)। वरीय पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया है कि 3 अक्टूबर को बिहार एसटीएफ एवं 48वीं वाहिनी एस एस बी, समवाय मुख्यालय, कमला को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि जयनगर थाना क्षेत्र के ग्राम कोरहिया निवासी विजय कुमार सिंह अपने घर में अवैध हथियार छिपाकर रखे हुए है। प्राप्त सूचना से वरीय पदाधिकारियों को अवगत कराते हुए प्राप्त निदेर्शानुसार जयनगर थाना पुलिस, रइ एवं बिहार रळऋकी एक संयुक्त टीम का गठन किया गया। गठित संयुक्त टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम कोरहिया में विजय कुमार सिंह के घर की विधिवत घेराबंदी कर तलाशी ली गई। तलाशी के क्रम में घर के कमरे में स्थित लकड़ी की चौकी की पट्टी में लोहे की कील के सहारे बनाए गए गुप्त स्टैंड से काले रंग की पन्नी में लपेटकर रखे गए 02 अवैध देशी पिस्टल, 24 जिंदा कारतूस एवं 04 पिस्टल मैगजीन बरामद किए गए। इसके अतिरिक्त कमरे में रखी गोदरेज की अलमारी से 64,100/- रुपये नकद (भारतीय मुद्रा) तथा 03 मोबाइल फोन बरामद किए गए एवं मौके से अभियुक्त विजय कुमार सिंह को भी गिरफ्तार किया गया। बरामद सामान को विधिवत जब्त कर गिरफ्तार अभियुक्त को थाना लाया गया। पुलिस द्वारा पूछताछ में अभियुक्त द्वारा बताया गया कि ये हथियार खजौली थाना क्षेत्र निवासी राजू कुमार से खरीदे गए थे। इस संबंध में जयनगर थाना कांड संख्या- 515/26, दिनांक-03.10.2026, धारा 25 (1-बी) ए/26 आर्म्स एक्ट दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है एवं अवैध हथियारों की खरीद-बिक्री के सिंडिकेट से जुड़े अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु छापामारी जारी है।

16 से 21 अक्टूबर तक सभी प्रकार के अवकाश रद्द, 8 अक्टूबर को डीएम करेंगे विधि-व्यवस्था की समीक्षा

मधुबनी (एनएसबी)। दुगार्पूजा-2026 को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी द्वारा व्यापक तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। जिला पदाधिकारी श्री आनंद शर्मा ने इस संबंध में सभी अनुमंडल पदाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों, अंचल अधिकारियों तथा अन्य संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखने, विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने तथा सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर विशेष बल दिया है।

जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि इस वर्ष दुगार्पूजा का आयोजन 11 अक्टूबर से प्रारंभ होकर 20 अक्टूबर तक चलेगा। इस दौरान 11 अक्टूबर को कलश स्थापना एवं शारदीय नवरात्र का शुभारंभ होगा, 17 अक्टूबर को महासप्तमी, 18 अक्टूबर को महाअष्टमी, 19 अक्टूबर को महानवमी तथा 20 अक्टूबर को विजयादशमी का आयोजन किया जाएगा। पर्व के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भागीदारी को देखते हुए जिलाधिकारी ने सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है।

इसी क्रम में जिला पदाधिकारी ने 16 अक्टूबर से 21 अक्टूबर, 2026 तक जिले के सभी अधिकारियों एवं कर्मियों के सभी प्रकार के अवकाश रद्द करने का आदेश जारी किया है। केवल विशेष परिस्थितियों में संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी की अनुशंसा पर सक्षम पदाधिकारी द्वारा अवकाश स्वीकृत किया जाएगा। इस निर्णय का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि पर्व अवधि में सभी अधिकारी अपने-अपने कार्यक्षेत्र में उपस्थित रहकर विधि-व्यवस्था, यातायात, भीड़ प्रबंधन तथा जनसुविधाओं की सतत निगरानी कर सकें।



दुगार्पूजा के अवसर पर समुचित सुरक्षा व्यवस्था एवं प्रशासनिक तैयारियों की समीक्षा के लिए जिला पदाधिकारी श्री आनंद शर्मा की अध्यक्षता में 8 अक्टूबर, 2026 को अपराह्न 4:30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में सभी अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, थानाध्यक्ष, विद्युत आपूर्ति प्रमंडल के अधिकारी तथा अन्य संबंधित पदाधिकारी भाग लेंगे। बैठक में पूजा समितियों के साथ समन्वय, संवेदनशील स्थलों की पहचान, प्रतिनियुक्ति व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, विद्युत आपूर्ति, साफ-सफाई, अग्निशमन व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, विसर्जन मार्ग की सुरक्षा तथा आपातकालीन व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की जाएगी। साथ ही सभी अनुमंडल एवं प्रखंड स्तर के अधिकारियों को स्थानीय स्तर पर शांति समिति की बैठकें आयोजित करने तथा पुलिस-प्रशासन के संयुक्त भ्रमण का निर्देश दिया गया है।

जिला पदाधिकारी ने कहा है कि दुगार्पूजा सामाजिक समरसता, आस्था एवं सांस्कृतिक परंपराओं का महापर्व है। सभी अधिकारी पूर्ण सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें, ताकि जिले में शांति, सौहार्द एवं भाईचारे का वातावरण बना रहे और श्रद्धालु सुरक्षित एवं व्यवस्थित ढंग से पर्व का आनंद ले सकें। जिलाधिकारी ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि वे पर्व के दौरान शांति एवं सद्भाव बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें तथा किसी भी प्रकार की अफवाह या असामाजिक गतिविधि की सूचना तत्काल स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस को दें।

दरभंगा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से संजय कुमार देव 'कन्हैया' ने किया नामांकन, नामांकन में जुटे हजारों की भीड़

मधुबनी (एनएसबी)। बिहार विधान परिषद चुनाव 2026 को लेकर दरभंगा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है। दरभंगा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से आधे दर्जन से अधिक प्रत्याशियों ने सोमवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया! इसी क्रम में बिहार शिक्षा सेवा से सेवानिवृत्त संजय कुमार देव ह्यकन्हैयाह्ल ने अपनी दावेदारी प्रस्तुत करते हुए नामांकन पत्र दाखिल किया! हजारों समर्थकों के बीच अपनी बातों को मतदाताओं के बीच रखा,उन्होंने कहा कि अपने लंबे प्रशासनिक एवं शैक्षणिक अनुभव को प्रमुखता से सामने रखा । उन्होंने शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने, स्नातक मतदाताओं की समस्याओं को उठाने और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का संकल्प व्यक्त किया है।

संजय कुमार देव ने अपने परिचय में बताया है कि उन्हें लगभग तीन दशकों से अधिक समय तक प्रशासनिक, शैक्षणिक एवं जनसेवा के क्षेत्र में कार्य करने का अनुभव प्राप्त हुआ है। इस दौरान उन्होंने विद्यालय शिक्षा, शिक्षक प्रशिक्षण, शैक्षणिक प्रबंधन, प्रशासनिक नेतृत्व और जनसरोकार से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन किया। उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ), जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (डीपीओ), क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी (आरईओ) और प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी (बीईओ) जैसे पदों पर कार्य किया। इसके अतिरिक्त जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट), प्रखंड शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (बीआईईटी) तथा शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय से भी जुड़े रहे। विद्यालय स्तर पर प्रधानाध्यापक एवं प्राचार्य के रूप में भी उन्होंने अपनी सेवाएं दीं। वहीं, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के जिला समन्वयक के रूप में भी जिम्मेदारी निभाई। उन्होंने अपने अनुभव के आधार पर विद्यालयी शिक्षा प्रशासन, शिक्षक प्रशिक्षण एवं क्षमता विकास कार्यक्रमों के संचालन, विभिन्न शैक्षणिक योजनाओं के क्रियान्वयन, विद्यालय प्रबंधन, निरीक्षण एवं अनुश्रवण में सक्रिय भूमिका निभाने की बात कही है। शिक्षा की गुणवत्ता, पारदर्शिता और जवाबदेही को मजबूत करने के साथ-साथ शैक्षणिक संस्थानों के प्रभावी संचालन को भी अपने कार्य अनुभव का हिस्सा बताया है। संजय कुमार देव ह्यकन्हैयाह्ल ने अपने चुनावी संकल्प में स्नातक मतदाताओं की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने, शिक्षा के क्षेत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने तथा समाज के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने की बात कही है। उनका कहना है कि शिक्षा का अनुभव समाज के विश्वास से जुड़ना चाहिए और स्नातकों की आवाज को प्रभावी ढंग से मंच मिलना चाहिए। दरभंगा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में दरभंगा, समस्तीपुर, मधुबनी और बेगूसराय जिले शामिल हैं। इन जिलों के स्नातक मतदाताओं तक पहुंच बनाने और अपनी प्राथमिकताओं से उन्हें अवगत कराने की दिशा में उनकी दावेदारी सामने आई है।संजय कुमार देव ने अपने आवासीय एवं कार्यालय संबंधी विवरण के साथ संपर्क नंबर भी जारी किए हैं, ताकि मतदाता और आम लोग उनसे संपर्क कर सकें। चुनाव के मद्देनजर अब उनके प्रशासनिक अनुभव, सामाजिक कार्यों और भविष्य की योजनाओं को लेकर क्षेत्र में चर्चा होने की संभावना है। शैक्षणिक कार्यों के साथ-साथ सामाजिक दायित्वों के निर्वहन को भी उन्होंने अपनी प्राथमिकताओं में शामिल बताया है। पोस्टर में दी गई जानकारी के अनुसार, कोविड-19 महामारी और आपातकाल के दौरान उन्होंने बिहार के विभिन्न राज्यों में रह रहे प्रवासी मजदूरों एवं नागरिकों की सहायता में सक्रिय भूमिका निभाई। बाहर से लौटने वाले बिहार के लोगों को दरभंगा रेलवे स्टेशन तक सुरक्षित पहुंचाने तथा उनके लिए आवश्यक व्यवस्थाएं कराने में सहयोग किया। दरभंगा पहुंचने वाले प्रवासियों के लिए जिला प्रशासन, जिला मध्याह्न भोजन योजना कार्यालय और अन्य संबंधित माध्यमों से भोजन एवं पेयजल की व्यवस्था कराने में भी योगदान का उल्लेख किया गया है। इसके अलावा, जिले के विभिन्न पंचायतों, प्रखंडों, अनुमंडलों और जिला स्तरीय क्वारंटाइन केंद्रों में कार्यरत कर्मियों एवं शिक्षकों के सहयोग से भोजन, जलपान और आवास की सुविधाएं उपलब्ध कराने के प्रयासों की जानकारी दी गई है। दरभंगा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में संजय कुमार देव कन्हैया के नामांकन करने से राजनीतिक समीकरण बदलने की संभावना बनती जा रही है! वैसे आज सोमवार को एनडीए के स्नातक निर्वाचन क्षेत्र एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में भी प्रत्याशी ने नामांकन किया है वही कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मदन मोहन झा ने भी दरभंगा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से अपना नामांकन दाखिल किया है! पूरे दिन आज दरभंगा आयुक्त कार्यालय क्षेत्र में जाम की समस्या लोगों की भीड़ और विभिन्न प्रकार के नारों का रहा गंज गुंता रहा!

■ 'बिहार शिक्षा सेवा से सेवानिवृत्त संजय कुमार देव 'कन्हैया' ने अपने प्रशासनिक एवं शैक्षणिक अनुभव को बताया ताकत, शिक्षा व्यवस्था में सुधार और स्नातकों की आवाज बुलंद करने का लिया संकल्प'



समर्थन के बीच संजय कुमार कन्हैया।

संक्षिप्त खबरें

दत्तकग्रहण कार्यक्रम की हुई समीक्षा, छह जिलों के अधिकारियों को जनजागरूकता बढ़ाने का निर्देश

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। दत्तकग्रहण कार्यक्रम के बेहतर क्रियान्वयन एवं संबंधित हितधारकों के सशक्तिकरण को लेकर सोमवार को जिला सभागार, मुजफ्फरपुर में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का आयोजन जिला बाल संरक्षण इकाई, मुजफ्फरपुर की ओर से केंद्रीय दत्तकग्रहण संसाधन प्राधिकरण



दत्तकग्रहण कार्यक्रम के बेहतर क्रियान्वयन को लेकर समीक्षा बैठक करती केंद्रीय एवं बिहार की विभागीय टीम।

(उआफ्अ), नई दिल्ली की सीनियर प्रोफेशनल अभिसारिका राय के निर्देशन तथा राज्य दत्तकग्रहण संसाधन अभिकरण की कार्यक्रम प्रबंधक कविता कुमारी एवं कार्यक्रम अधिकारी विवेक रंजन सिंह के समन्वय में किया गया। बैठक में मुजफ्फरपुर, पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, वैशाली, सीतामढ़ी एवं शिवहर जिलों के जिला बाल संरक्षण इकाई, बाल कल्याण समिति और बाल देखरेख संस्थानों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस दौरान सभी छह जिलों में दत्तकग्रहण कार्यक्रम के क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की गई। साथ ही मिशन वात्सल्य पोर्टल के तकनीकी पहलुओं की जानकारी संबंधित पदाधिकारियों को दी गई। हितधारकों को विधिक दत्तकग्रहण के प्रति आम लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए अस्पतालों, आंगनबाड़ी केंद्रों एवं विद्यालयों में व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया गया। कार्यक्रम का संचालन बाल संरक्षण पदाधिकारी राकेश कुमार ने किया। प्रभारी सहायक निदेशक अभिषेक कुमार के धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। बैठक में जिला प्रोग्राम पदाधिकारी (क्छऊ), संबंधित जिलों के सहायक निदेशक, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, बाल संरक्षण पदाधिकारी, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष, बाल गृह एवं बालिका गृह के अधीक्षक तथा विशिष्ट दत्तकग्रहण संस्थानों के समन्वयक सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

तीन माह में 55 हजार घरों तक पाइपलाइन गैस पहुंचाने का लक्ष्य, डीएम ने दिए निर्देश

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। जिलाधिकारी कुमार गौरव की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय में जिला शहरी गैस अनुश्रवण एवं सहयोग समिति (डीसीजीएमसीसी) की बैठक हुई। बैठक में जिले में सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) नेटवर्क के विस्तार और उपभोक्ताओं को पाइपलाइन के माध्यम से पीएनजी उपलब्ध कराने की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में बताया गया कि मुजफ्फरपुर में डोमेस्टिक पाइप्ड नेचुरल गैस (डीपीएनजी) के निर्धारित 43,259 कनेक्शन के लक्ष्य के विरुद्ध 37,853 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें 34,641 कनेक्शन के लिए तैयार हैं, जबकि 20,102 कनेक्शन चालू हो चुके हैं और उपभोक्ताओं को पाइपलाइन से घरेलू गैस की आपूर्ति की जा रही है। धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताते हुए आईओसीएल के अधिकारियों को मिशन मोड में काम कर कनेक्शन की गति बढ़ाने का निर्देश दिया। उन्होंने नगर निगम क्षेत्र के 55 हजार से अधिक घरों में अगले तीन माह में पाइपलाइन से गैस आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा। इसके लिए कांट्रैक्टर और मैनपावर की संख्या बढ़ाने का निर्देश भी दिया गया। डीएम ने पीएनजी-एलपीजी सुरक्षा और गैस लीकेज से बचाव को लेकर जागरूकता अभियान चलाने तथा निर्धारित प्रावधानों के तहत मॉकड्रिल कराने का भी निर्देश दिया।



गैस अनुश्रवण एवं सहयोग समिति की समीक्षा बैठक करते डीएम।

दरवाजे पर सो रहे सत्तू विक्रेता को गोली लगी, गंभीर

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। फकुली थाना क्षेत्र के देवगन गांव में सोमवार सुबह दरवाजे पर सो रहे सत्तू विक्रेता महादेव महतो (55) को गोली लगने से गंभीर रूप से जख्मी हो गये। गोली उनके बाएं कंधे के पीछे लगी, जिससे खून का काफी रिसाव हुआ। परिजनों ने उन्हें इलाज के लिए छजन स्थित एक अस्पताल में भर्ती कराया। बाद में खून का रिसाव बंद नहीं होने पर एमआरआई कराने के लिए दूसरे अस्पताल ले जाया गया। परिजनों के अनुसार, रात करीब दो बजे गोली चलने की आवाज सुनाई दी। इसके बाद महादेव के कंधे के पीछे से खून निकलता देखा गया। फकुली पुलिस सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची और परिजनों से घटना की जानकारी ली। प्रारंभिक जांच में घटनास्थल से गोली का कोई खोखा बरामद नहीं हुआ है। ऐसे में पुलिस घटना के सभी पहलुओं की जांच कर रही है। फकुली थाने के प्रभारी कृष्ण कांत मिश्रा ने महादेव के गोली लगने से जख्मी होने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि गोली उनके आंत में फंसी होने की जानकारी मिली है और इलाज जारी है। पुलिस अस्पताल जाकर डॉक्टर से भी जानकारी लेगी, ताकि घटना की स्थिति स्पष्ट हो सके। पुलिस घटनास्थल की जांच के साथ यह पता लगाने में जुटी है कि गोली कैसे चली और घटना के पीछे कौन लोग शामिल हैं।

बैरिया में तेज रफ्तार तेल टैंकर ने कंस्ट्रक्शन कर्मी को कुचला, मौत

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। अहियापुर थाना क्षेत्र के बैरिया में रविवार की शाम तेज रफ्तार तेल टैंकर की चपेट में आने से कंस्ट्रक्शन कंपनी के कर्मी की मौत हो गई। मृतक की पहचान क्षेत्र के लखनपुर निवासी अजीत ठाकुर के रूप में हुई है। वह फिलहाल शहबाजपुर में घर बनाकर रह रहे थे और एक कंस्ट्रक्शन कंपनी में काम करते थे। बताया गया कि अजीत ठाकुर रविवार की शाम काम खत्म करने के बाद घर लौट रहे थे। इसी दौरान बैरिया में सड़क पार करने के क्रम में तेज रफ्तार से आ रहे तेल टैंकर ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर अहियापुर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक अजीत ठाकुर की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसकेएमसीएच भेज दिया। हादसे के बाद घटनास्थल पर कुछ देर तक अफरातफरी की स्थिति बनी रही। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है और तेल टैंकर की पहचान एवं चालक के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है।

जिला युवा उत्सव में प्रतिभागिता के लिए 20 अक्टूबर तक करें आवेदन

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। जिला कला एवं संस्कृति कार्यालय की ओर से जिला स्तरीय युवा उत्सव 2026-27 का आयोजन 24 अक्टूबर को आरडीएस कॉलेज, मुजफ्फरपुर में किया जाएगा। सांस्कृतिक कार्य निदेशालय, कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार के निर्देश पर आयोजित होने वाले इस उत्सव में 15 से 29 वर्ष के युवा कलाकार अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकेंगे। युवा उत्सव में समूह लोकनृत्य, समूह लोकगीत, चित्रकला/पेंटिंग, कविता लेखन और वक्तृता प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। समूह लोकनृत्य एवं लोकगीत में अधिकतम 10 कलाकार भाग ले सकेंगे। लोकनृत्य की प्रस्तुति 5 से 8 मिनट की होगी और रिकॉर्डेड संगीत की अनुमति नहीं होगी। चित्रकला प्रतियोगिता के लिए दो घंटे, कविता लेखन के लिए डेढ़ घंटे तथा वक्तृता प्रतियोगिता के लिए अधिकतम सात मिनट का समय निर्धारित किया गया है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों की आयु 17 अगस्त 2026 को 15 से 29 वर्ष के बीच होनी चाहिए। इच्छुक प्रतिभागी निर्धारित प्रारूप में 20 अक्टूबर 2026 को शाम 4 बजे तक जिला कला एवं संस्कृति कार्यालय में आवेदन जमा कर सकते हैं। आवेदन प्रारूप कार्यालय से प्राप्त करने के साथ क्यूआर कोड के माध्यम से डाउनलोड भी किया जा सकता है। जिला प्रशासन ने अधिकाधिक युवा कलाकारों से उत्सव में भाग लेने की अपील की है।

ईंट भट्ठे की आड़ में चल रही नकली सिगरेट फैक्ट्री का भंडाफोड़, करोड़ों का माल जब्त

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। मुशहरी थाना क्षेत्र के माधोपुर चौड़ में ईंट-भट्ठे की आड़ में चल रही नकली सिगरेट फैक्ट्री का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। एक नामी कंपनी आईटीसी की शिकायत और गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने रविवार की रात माधोपुर चौड़ स्थित ईंट भट्ठा में छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान आईटीसी कंपनी द्वारा बनाई जा रही कई ब्रांडेड नाम से तैयार की गई नकली सिगरेट, सिगरेट बनाने की मशीन, रैपर और अन्य सामग्री बरामद की गई। देर रात तक पुलिस जब्त सिगरेट के पैकेटों की गिनती और बरामद सामान के बाजार मूल्य का आकलन करती रही।



निर्मित नकली सिगरेट की जांच करते कंपनी के अधिकारी।



फैक्ट्री से जब्त नकली सिगरेट सहित अन्य सामग्री।

पुलिस के अनुसार तैयार नकली सिगरेट, सिगरेट तैयार करने की भारी मात्रा में मिली सामग्री, सिगरेट पैकिंग मशीन एवं अन्य बरामद सामग्रीयों की कीमत 25 लाख रुपए आँकी गई है। सुनसान इलाके में नकली सिगरेट फैक्ट्री संचालित होने की जानकारी सामने आने के बाद आसपास के क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सिटी एसपी मोहिबुल्लाह अंसारी ने इस मामले की जानकारी देते हुए बताया कि आईटीसी लिमिटेड कंपनी के अधिकारी द्वारा पुलिस को सूचना मिली थी कि मुसहरी थाना क्षेत्र के माधोपुर स्थित श्री लोहिता टुबैको कंपनी में आईटीसी के ब्रांड नाम का इस्तेमाल कर अवैध रूप से नकली सिगरेट का निर्माण कर बाजार में आपूर्ति किया जा रहा है। सूचना के सत्यापन के बाद मुसहरी थाना पुलिस और कंपनी की अधिकृत टीम ने चिन्हित परिसर में छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान मौके से बड़ी मात्रा में तैयार नकली सिगरेट, सिगरेट बनाने की कच्ची सामग्री और अन्य सामान बरामद किए गए। पुलिस के अनुसार पूछताछ में सामने आया कि उत्तर प्रदेश के गोरखपुर की अंकिता त्रिपाठी, मुजफ्फरपुर सदर थाना क्षेत्र के संजीव कुमार तथा भवन व जमीन की मालिक सुशीला देवी, पति राजहंस यादव, ग्राम बैकटपुर, मुसहरी के संरक्षण और सहयोग से कथित रूप से फैक्ट्री का संचालन किया जा रहा है। पुलिस ने सभी बरामद सामग्रियों को विधिवत जब्त कर मुसहरी थाना में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। पुलिस के अनुसार शिकायतकर्ता कंपनी के अधिकारी द्वारा यह बताया गया था कि मुजफ्फरपुर में हो रहे नकली सिगरेट का निर्माण और बाजार में आईटीसी कंपनी द्वारा नींर्मित ब्रांड के नाम से की जा रही नकली सिगरेट की आपूर्ति के कारण कंपनी को हर साल करीब 50 से 60 करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा था। इस स्थिति मे कंपनी ने अपनी टीम भेजकर इस मामले की पड़ताल कराई।

आईटीसी कंपनी के अधिकारी की शिकायत और लोकेशन पर पुलिस ने की छपामारी, पुलिस की भनक लगते हीं फैक्ट्री के कर्मचारी फरार

टीम ने दुकानों से जानकारी जुटाने के बाद रेकी की और पुलिस की मदद से नकली फैक्ट्री तक पहुंची। आईटीसी कंपनी के अधिकारी टीटू शर्मा ने बताया कि यहां कम से कम चार ब्रांड की नकली सिगरेट तैयार किए जाने की जानकारी सामने आई है। तैयार सिगरेट को मुशहरी और मुजफ्फरपुर के अलावा समस्तीपुर, दरभंगा, वैशाली, पूर्वी चंपारण समेत उत्तर बिहार के अन्य जिलों में खपाए जाने की भी यहां के कर्मचारी से जानकारी मिली है। वही मुशहरी थानाध्यक्ष सुबोध कुमार मेहता ने बताया कि कंपनी की शिकायत पर चिमनी भट्ठे के समीप स्थित मकान में छापेमारी की गई। इस दौरान नकली सिगरेट के अलावा मशीन, रैपर और अन्य सामग्री जब्त की गई है।

उन्होंने बताया कि फैक्ट्री को सील कर दिया गया है।थानेदार ने बताया कि मामला डुप्लीकेट और कॉपीराइट से जुड़ा हुआ है, जिसकी जांच की जा रही है। मकान में ताला लगाकर फैक्ट्री मे कार्यरत अधिकारी एवं कर्मी फरार हो गए हैं। बरामद सामान की सूची तैयार की जा रही है। जांच में गड़बड़ी सामने आने पर संबंधित सभी आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

चकबासु में जुए के अड्डे पर पुलिस का छापा, 13 धराये

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। मिठनपुरा थाना क्षेत्र के चकबासु मोहल्ले में पुलिस ने जुए के एक अड्डे पर छापेमारी कर 13 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से 1 लाख 72 हजार रुपये नकद, 12 स्मार्टफोन, ताश के पत्ते समेत जुआ खेलने में इस्तेमाल होने वाली अन्य सामग्री बरामद की है। कार्रवाई एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर की गई।



1.72 लाख नकद और 12 स्मार्टफोन बरामद

पुलिस के अनुसार, मिठनपुरा थानेदार अजय कुमार को चकबासु मोहल्ले में जुआ खेले जाने की शिकायतें मिल रही थीं। शिकायत के बाद पुलिस ने इलाके में निगरानी बढ़ाई। सूचना की पुष्टि होने पर पुलिस टीम ने जुए के अड्डे की घेराबंदी कर अचानक छापेमारी की। पुलिस के पहुंचते ही मौके पर अफरा तफरी मच गई। भागने का प्रयास कर रहे लोगों को भी पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ लिया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने 1.72 लाख रुपये नकद और 12 स्मार्टफोन जब्त की है। इसके अलावा ताश के पत्ते और जुए से संबंधित अन्य सामान भी बरामद किया गया है। पुलिस बरामद मोबाइल और नकदी से जुड़े पहलुओं की भी जांच कर रही है। गिरफ्तार सभी 13 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

साथ ही पुलिस उनके आपराधिक इतिहास की भी जांच कर रही है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि जुए के अड्डे के संचालन में अन्य लोगों की भी कोई भूमिका थी या नहीं। अधिकारियों ने कहा कि क्षेत्र में जुआ या अन्य संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिलने पर आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

नवजात शिशु सुरक्षा को लेकर स्वास्थ्य कर्मियों के दो दिवसीय विशेष प्रशिक्षण का आगाज

16 प्रखंडों की नर्सों का हुआ प्री-टेस्ट

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। जिले में नवजात शिशुओं को जन्म के समय गुणवत्तापूर्ण एवं त्वरित स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा नवजात शिशु सुरक्षा कार्यक्रम (एनएसएसके) के तहत दो दिवसीय विशेष प्रशिक्षण का सोमवार को विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला स्वास्थ्य समिति के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से किया।



कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलित कर उद्घाटन करते स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी।

प्रसव कक्ष में तैनात स्वास्थ्यकर्मियों के ज्ञान और तकनीकी कौशल को सुदृढ़ करने और नवजात शिशु मृत्यु दर में प्रभावी कमी लाने के उद्देश्य से शुरू किए गए इस 6 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन के मौके पर डीएएम विनोद कुमार, डीएम एंड ईओ राजेश झा, डीसीएम डॉ प्रशांत, डीसीक्यूए डॉ संजय तथा पिरामल फाउंडेशन के जिला प्रतिनिधि नसीरुल होदा सहित कई स्वास्थ्य अधिकारी मौजूद रहे। प्रशिक्षण के पहले दिन जिले के सभी 16 प्रखंडों से आईं नर्सों का प्री-टेस्ट लिया गया। इसका उद्देश्य प्रशिक्षण से पूर्व उनके मौजूदा ज्ञान का आकलन करना और बाद में कौशल सुधार का तुलनात्मक रिकॉर्ड तैयार करना है। मास्टर ट्रेनर डॉ. संतोष कुमार, डॉ. श्रुति छाबड़ा एवं डॉ. आशुतोष द्वारा प्रतिभागियों को डमी और मॉडल्स के जरिए हैंड्स-ऑन अभ्यास कराया जा रहा है। जिला स्वास्थ्य समिति के अनुसार, यह प्रशिक्षण चरणबद्ध तरीके से आयोजित किया जा रहा है। एएनएम के लिए 05 और 06 अक्टूबर, स्टाफ नर्सों के लिए 07 और 08 अक्टूबर तथा चिकित्सा पदाधिकारियों के लिए 09 और 10 अक्टूबर का समय निर्धारित किया गया है। डीडीपीएम ने कहा कि "प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मी, सुरक्षित नवजात और स्वस्थ भविष्य" के संकल्प के साथ यह प्रशिक्षण मुजफ्फरपुर में मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को नई मजबूती प्रदान करेगा।

10 अक्टूबर तक चलेगा चरणबद्ध प्रशिक्षण, डॉक्टर और एएनएम भी होंगे शामिल, व्यावहारिक अभ्यास पर रहेगा विशेष जोर

मुजफ्फरपुर में कचरा प्रबंधन होगा और बेहतर

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। शहर में कचरा प्रबंधन और सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने की दिशा में चल रही परियोजना की समीक्षा के लिए फ्रांस की विकास एजेंसी, जर्मनी के विकास बैंक और राष्ट्रीय शहरी कार्य संस्थान की टीम मुजफ्फरपुर पहुंची। टीम पांच से सात अक्टूबर तक शहर में रहकर परियोजना से जुड़े कार्यों, समस्याओं और प्रस्तावित स्थलों का निरीक्षण करेगी। सोमवार को टीम ने मुजफ्फरपुर स्मार्ट सिटी के प्रबंध निदेशक सह नगर आयुक्त ऋतुराज प्रताप सिंह के साथ बैठक की। इसमें कचरे को अलग-अलग करने, कचरे से उपयोगी सामग्री तैयार करने, पुनः उपयोग सुनिश्चित करने और लोगों में जागरूकता बढ़ाने पर चर्चा हुई। परियोजना के तहत शहर में कचरा छंटाई एवं पुनर्प्राप्ति केंद्र, कचरे से जैव ईंधन बनाने का संयंत्र और कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित ठोस कचरा प्रबंधन व्यवस्था विकसित करने की योजना है। इसके अलावा चयनित स्थानों को स्वच्छ एवं आकर्षक स्थल के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव है। नगर आयुक्त ने कहा कि कचरे को केवल समस्या न मानकर उपयोगी संसाधन के रूप में इस्तेमाल करने पर जोर दिया जा रहा है। इससे शहर की सफाई व्यवस्था मजबूत होने के साथ पर्यावरण को भी लाभ मिलेगा। मंगलवार को टीम रौतिनिया सहित परियोजना के तहत चयनित अन्य स्थलों का निरीक्षण करेगी।



विदेशी संस्थाओं के प्रतिनिधियों का स्वागत करते स्थानीय अधिकारी।

फ्रांस और जर्मनी की संस्थाओं की टीम पहुंची

स्मार्ट सिटी एवं नगर निगम के अधिकारी के साथ बैठक कर की परियोजना की समीक्षा

काँटा हाईस्कूल परिसर में वॉलीबॉल के खंभे से लटका मिला युवक का शव

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। गायघाट प्रखंड अंतर्गत बेनीबाद थाना क्षेत्र के काँटा गांव स्थित राजकीयकृत श्री अमीरी उच्च मध्य विद्यालय परिसर में रविवार की रात एक युवक का शव वॉलीबॉल के खंभे से लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव मिलने की खबर फैलते हीं मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। मृतक की पहचान काँटा गांव निवासी सकिंदर साह के पुत्र 33 वर्षीय धनंजय साह के रूप में हुई है।



रोते बिलखते मृतक के परिवार के लोग।

घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने युवक की मौत को हत्या बताते हुए आशंका जताई है कि उसकी हत्या करने के बाद शव को वॉलीबॉल के खंभे से लटका दिया गया है। घटना की सूचना मिलने पर बेनीबाद थाना पुलिस सोमवार को घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बेनीबाद थानाध्यक्ष धीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। युवक की मौत आत्महत्या है या हत्या, इसका स्पष्ट खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच के बाद ही हो सकेगा। फिलहाल पुलिस परिजनों के बयान, घटनास्थल की परिस्थितियों और अन्य संभावित बिंदुओं की जांच कर रही है।

पटना से मुजफ्फरपुर अब सिर्फ 1 घंटे में तय होगा सफर

दैनिक नवसंदेश ब्यूरो

मुजफ्फरपुर। पटना से मुजफ्फरपुर के बीच सफर को तेज, आरामदेह और सुविधाजनक बनाने की कवायद ने अब रफ्तार पकड़ ली है। दोनों शहरों के बीच हाजीपुर के रास्ते रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम विकसित करने के लिए अध्ययन शुरू हो गया है।



160 किमी की रफ्तार से बदलेगी बिहार की रफ्तार

आरआरटीएस को विकसित करने को लेकर अध्ययन की हुई शुरूआत

इस कॉरिडोर के अस्तित्व में आने के बाद पटना और मुजफ्फरपुर के बीच करीब दो घंटे का मौजूदा सफर घटकर लगभग एक घंटे रह जाने की उम्मीद है। इससे रोजाना सफर करने वाले यात्रियों, नौकरीपेशा लोगों और छात्रों को बड़ी राहत मिल सकती है। इस परियोजना के लिए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम वैकल्पिक विश्लेषण रिपोर्ट और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करेगा। इन दोनों रिपोर्टों पर करीब 31.59 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। अध्ययन के दौरान यह पता लगाया जाएगा कि पटना, हाजीपुर और मुजफ्फरपुर के बीच रोजाना कितने लोग आवाजाही करते हैं और किन इलाकों से सबसे ज्यादा यात्री मिल सकते हैं।

प्रस्तावित आरआरटीएस कॉरिडोर पर ट्रेन करीब 130 से 160 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलाने की योजना है। यह व्यवस्था दिल्ली-एनसीआर में संचालित क्षेत्रीय रैपिड ट्रांजिट सिस्टम की तर्ज पर विकसित की जाएगी। हालांकि, यह सामान्य मेट्रो से अलग होगी। इसका फोकस शहर के भीतर छोटी दूरी के बजाय आसपास के शहरों के बीच तेज कनेक्टिविटी उपलब्ध कराना होगा। अध्ययन के दौरान संभावित रूट और स्टेशनों का भी निर्धारण किया जाएगा। इसके लिए जमीन की उपलब्धता, निर्माण लागत, तकनीकी विकल्प और मौजूदा यातायात दबाव जैसे पहलुओं का गहन आकलन होगा। जरूरत के मुताबिक कॉरिडोर को एलिवेटेड या अंडरग्राउंड बनाने की संभावना भी देखी जाएगी।

प्रोजेक्ट की सबसे खास बात यह होगी कि रैपिड रेल के स्टेशनों को पटना मेट्रो, रेलवे स्टेशनों, बस टर्मिनल और दूसरे सार्वजनिक परिवहन साधनों से जोड़ने की संभावना भी तलाशी जाएगी। मकसद ऐसा इंटीग्रेटेड ट्रांसपोर्ट नेटवर्क तैयार करना है, जिसमें यात्री एक माध्यम से दूसरे माध्यम पर आसानी से शिफ्ट हो सकें। मई 2024 में राज्य सरकार ने आरआरटीएस को मंजूरी दी थी। इसके तहत पटना को मुजफ्फरपुर, गया और भागलपुर जैसे प्रमुख शहरों से जोड़ने के साथ छोटे शहरों तक कनेक्टिविटी बढ़ाने की योजना है। इसी कड़ी में पटना-हाजीपुर-मुजफ्फरपुर कॉरिडोर की व्यवहार्यता और संभावित यात्री संख्या का अध्ययन किया जा रहा है। इस कॉरिडोर का फायदा सिर्फ यात्रियों तक सीमित नहीं रहेगा। पटना, हाजीपुर और मुजफ्फरपुर के बीच बेहतर कनेक्टिविटी से इन तीनों क्षेत्रों के प्रमुख औद्योगिक इलाकों को भी रफ्तार मिल सकती है। कारोबार, रोजगार और व्यापारिक गतिविधियों के लिए लोगों की आवाजाही आसान होगी। अभी पटना से मुजफ्फरपुर पहुंचने में सड़क मार्ग से करीब ढाई घंटे लगते हैं। आरआरटीएस प्रोजेक्ट धरातल पर उतरने के बाद यही दूरी करीब आधे समय में तय करने का लक्ष्य है। यानी यह कॉरिडोर सिर्फ सफर छोटा नहीं करेगा, बल्कि पटना और उत्तर बिहार के बीच कनेक्टिविटी की तस्वीर बदलने वाला प्रोजेक्ट साबित हो सकता है।

मेहसौल ओवरब्रिज एवं स्ट्रॉम ड्रेनेज योजना के कार्यों में तेजी लाने का डीएम ने दिया निर्देश

निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण नहीं होने पर तय होगी जिम्मेदारी : तनय सुल्तानिया

सीतामढ़ी (एनएसबी)। जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में सोमवार को उनके कार्यालय कक्ष में मेहसौल ओवरब्रिज एवं स्ट्रॉम ड्रेनेज वॉटर योजना की अद्यतन प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में बुडको, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड एवं रेलवे के संबंधित पदाधिकारी के साथ एसडीओ सदर आनंद कुमार उपस्थित थे।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने दोनों महत्वपूर्ण परियोजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कार्यकारी एजेंसियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण करने तथा कार्यों में अपेक्षित तेजी लाने का निर्देश दिया।

मेहसौल ओवरब्रिज की समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी ने कार्य की गति बढ़ाने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि परियोजना के निर्माण कार्य में किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए। रेलवे के पदाधिकारी ने अवगत कराया कि रेलवे से संबंधित हिस्से के कार्य में तेजी लाई जा रही है तथा शीघ्र ही रेलवे के हिस्से का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।

जिलाधिकारी ने बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड के पदाधिकारी को निर्देश दिया कि ओवरब्रिज की दोनों लेन का कार्य निर्धारित समय-सीमा के अनुरूप पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कार्यकारी एजेंसी को पर्याप्त मैनपावर एवं निर्माण सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए कार्यस्थल पर संसाधनों का प्रभावी ढंग से मोबिलाइजेशन करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि परियोजना के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की शिथिलता, लापरवाही अथवा अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूरा नहीं होने की स्थिति में संबंधित की जिम्मेदारी तय की जाएगी। वहीं स्ट्रॉम ड्रेनेज वॉटर योजना की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने अब तक की प्रगति की जानकारी लेते हुए शेष कार्यों को निर्धारित टाइमलाइन के अनुसार पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्यों की निरंतर मॉनिटरिंग करने तथा निर्माण कार्य में अपेक्षित गति बनाए रखने को कहा।


अपने कार्यालय कक्ष में मेहसौल ओवरब्रिज एवं स्ट्रॉम ड्रेनेज वॉटर योजना की अद्यतन प्रगति की समीक्षा करते जिलाधिकारी।

जिलाधिकारी ने कहा कि मेहसौल ओवरब्रिज एवं स्ट्रॉम ड्रेनेज योजना शहर की यातायात व्यवस्था एवं जल निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाने की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण परियोजनाएं हैं। इन योजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन से आम नागरिकों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। उन्होंने सभी संबंधित एजेंसियों को आपसी समन्वय के साथ पूरी प्रतिबद्धता से कार्य करने का निर्देश दिया।

प्रखंड संसाधन केंद्र, बैरगनिया में प्रखंड से सभी स्कूलों के प्रधानाध्यापकों की बैठक करते बीडीओ सह बीईओ

बैरगनिया/सीतामढ़ी (एनएसबी)। प्रखंड संसाधन केंद्र,बैरगनिया में प्रखंड से सभी स्कूलों के प्रधानाध्यापकों की बैठक बीडीओ सह बीईओ सुनील कुमार गौड़ की अध्यक्षता में हुई जिसमें मिशन कायाकल्प को सफल करने सहित अन्य मत्वपूर्ण विन्दुओं पर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया है।श्री गौड़ ने प्रधानाध्यापकों को संबोधित करते हुए मिशन काया कल्प योजना के तहत विद्यालय की चारदीवारी, डेस्क-बेंच, शौचालय, खिड़की, दरबाजा की मरम्मत, रंग रोगन, कमरों में बिजली की व्यवस्था,स्वच्छ पेयजल आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने प्रशस्त के सौ प्रतिशत बच्चों का रजिस्ट्रेशन करने, ई-शिक्षाकोष पर 75 फीसदी या उससे अधिक उपस्थिति वाले छात्रों को सत्यापित करने का निर्देश देते हुए कहा कि तभी छात्रों को सरकार प्रायोजित योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। बीईओ ने एक पेड़ मां के नाम 3.0 में वृक्षारोपण कर फोटो अपलोड करने, एससी, एसटी बच्चों के लिए वन टाइम रजिस्ट्रेशन की आवश्यकता भी जताई है।बैठक में मध्यान भोजन योजना की समीक्षा भी की गई।बैठक में प्रधानाध्यापक ओमप्रकाश चौधरी,प्रभाकर कुमार मिश्र, बजरंगी दास, मो.मजीद, कुमारी भारती, कुमारी सरोज, लालबाबू पासवान, आईसीटी कोडिनेटर रेहान राजकुमार, एमडीएम साधनसेवी नन्दकिशोर साह सहित 70 विद्यालयों के प्रधानाध्यापक उपस्थित थे।


बीआरसी में बैठक करते बीडीओ सह बीईओ सुनील कुमार गौड़।

संक्षिप्त खबरें

प्रो. गौहर सिद्दीकी ने भूषण कुमार झा के समर्थन में चलाया जनसंपर्क अभियान

सीतामढ़ी (एनएसबी)। तिरहुत शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी भूषण कुमार झा के समर्थन में परिहार प्रखंड के पूर्व जिला पार्षद सह एमके कॉलेज, भूतही के उर्दू विभागाध्यक्ष प्रो. गौहर सिद्दीकी ने अपना जनसंपर्क अभियान जारी रखा। उन्होंने सोमवार को सुरसंड एवं आसपास के क्षेत्रों में शिक्षकों एवं शिक्षाविदों से मुलाकात कर चुनाव को लेकर संवाद किया। जनसंपर्क अभियान के दौरान प्रो. गौहर सिद्दीकी ने जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल कॉलेज, नवाही-सुरसंड के प्रो. डॉ. नजीर अहमद, प्रो. विभूति कुमार, प्रो. उमाशंकर कुमार, प्रो. अशोक कुमार, प्रो. रामचंद्र कुमार, प्रो. उमाशंकर ठाकुर एवं प्रो. जितेंद्र कुमार सिंह से मुलाकात की। इसके अलावा उन्होंने मदरसा इशातुल उलूम, भगवतीपुर के प्रभारी हेड मौलवी मौलाना कारी मुश्ताक अहमद तथा श्री कमल दास बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, सुरसंड के प्रधानाध्यापक विश्वजीत से भी संपर्क कर चुनाव से जुड़े विषयों पर चर्चा की। प्रो. गौहर सिद्दीकी ने सेवानिवृत्त प्रोफेसर राम सिहासन शाही के बखरी स्थित आवास पर पहुंचकर उनसे मुलाकात की तथा दूरभाष के माध्यम से भी शिक्षकों एवं अन्य लोगों से संपर्क साधा। उन्होंने कहा कि तिरहुत शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के शिक्षकों से लगातार संवाद स्थापित किया जा रहा है और शिक्षकों से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर उनसे सुझाव एवं विचार लिए जा रहे हैं।

बाल हितैषी ग्राम पंचायत को लेकर सीडीपीओ एवं महिला पर्यवेक्षिकाओं का प्रशिक्षण

सीतामढ़ी (एनएसबी)। पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना के निदेर्शानुसार एवं जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया के मार्गदर्शन में सतत विकास लक्ष्य के स्थानीयकरण के थीम-03 ह्यबाल हितैषी ग्राम पंचायतह्न के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जिला पंचायत संसाधन केंद्र, सीतामढ़ी में एक दिवसीय गैर-आवासीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य ग्राम पंचायत स्तर पर विभिन्न विभागों एवं हितधारकों के बीच समन्वय स्थापित करते हुए बच्चों के अधिकार, सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सहभागिता को केंद्र में रखकर बाल हितैषी ग्राम पंचायत की परिकल्पना को प्रभावी रूप से धरातल पर उतारना रहा। प्रशिक्षण में महिला एवं बाल विकास निगम तथा आईसीडीएस के जिला, प्रखंड एवं ग्राम पंचायत स्तर के पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने भाग लिया। इनमें डीएमसी, सीडीपीओ एवं महिला पर्यवेक्षिका सहित संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी शामिल रहे। साथ ही, पंचायत स्तर पर आवश्यक समन्वय, सहभागिता एवं समयबद्ध कार्यवाही पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में नोडल पदाधिकारी डीपीआरसी शंकर कुमार, यूनिसेफ व प्रथम संस्था के जिला समन्वयक सुधीर कुमार, परियोजना प्रबंधक गगन कुमार, बीपीएम रवि शेखर आजाद एवं सुगमकर्ता वीरेन्द्र कुमार द्वारा प्रशिक्षण एवं तकनीकी सहयोग प्रदान किया गया। मौके पर डीएमसी देवजीत चक्रवर्ती, सीडीपीओ रम्भा कुमारी, महिला पर्यवेक्षिका वंदना कुमारी, विकास, सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

दिल्ली पुलिस द्वारा महिला पत्रकारों एवं प्रदर्शनकारियों के साथ बदसलूकी के खिलाफ कांग्रेस का सत्याग्रह सह विरोध प्रदर्शन

सीतामढ़ी (एनएसबी)। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर दिल्ली में जारी प्रदर्शन के दौरान दिल्ली पुलिस द्वारा महिला पत्रकारों एवं प्रदर्शनकारियों के साथ बदसलूकी के खिलाफ ललित आश्रम गांधी मैदान स्थित शहीद स्मारक पर महिला नेत्री रितु ठाकुर के नेतृत्व में सत्याग्रह सह विरोध


शहीद स्मारक पर महिला नेत्री रितु ठाकुर के नेतृत्व में सत्याग्रह सह विरोध प्रदर्शन करते कांग्रेसजन।

प्रदर्शन का आयोजन किया गया। महिला नेत्री रितु ठाकुर ने कहा कि तीन महिला पत्रकारों ने ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों पर यौन उत्पीड़न और अनुचित तरीके से छूने का आरोप लगाया है। वहीं, महिला प्रदर्शनकारियों के साथ बदसलूकी की गई, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि मो. शम्स शाहनवाज, अंजारुल हक तौहीद, घनश्याम मिश्र, संजय कुमार शर्मा, आफताब अंजुम बिहारी, ताराकांत झा, प्रो. धीरज मिश्रा, प्रो. राम प्रवेश कुशवाहा, राम प्रवेश राय, सुप्रिया कुमारी आदि ने महिला प्रदर्शनकारियों के साथ पुलिसिया बर्बरता एवं बदसलूकी के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को जिम्मेदार ठहराते हुए देश से माफी मांगने की मांग की। उन्होंने कहा कि भाजपा शासन में महिलाओं के खिलाफ अपराध एवं यौन हिंसा के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। प्रदर्शन में कार्यालय मंत्री वीरेंद्र कुशवाहा, उमा देवी, पूनम देवी, राम दुलारी देवी, मनोज ठाकुर, प्रमिला देवी, अनीता देवी, सोहन दास आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।

सकरा में चाकू से हमला, दो युवक घायल

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। सकरा थाना क्षेत्र के मछैई गांव में रविवार की देर रात चाकू से हमला करने का मामला सामने आया है। घटना रात करीब 11:30 बजे से 12 बजे के बीच की बताई जा रही है। हमले में दो युवक घायल हुए हैं। घायलों की पहचान देवांग राज और मुन्ना के रूप में हुई है।

जनसमस्याओं पर पारदर्शिता के साथ कार्य करें अधिकारी : डीएम

सीतामढ़ी (एनएसबी)। जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में सोमवार को परिचर्चा भवन में जिला विकास एवं समन्वय समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे, जबकि सभी प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी, सभी नगर निकायों के पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े थे।

बैठक में कायाकल्प अभियान के अंतर्गत जिले में संचालित कार्यों एवं अद्यतन प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में अभियान के तहत योजनाओं के चयन, विभागवार प्रगति, पोर्टल पर प्रविष्टि, आधारभूत संरचनाओं के सुदृढ़ीकरण तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि दीपावली से पूर्व सभी स्वास्थ्य संस्थानों एवं अन्य विभागों में छोटे-छोटे ढांचागत सुधार, रंग-रोगन, आवश्यक मरम्मत, साफ-सफाई एवं जनोपयोगी सुविधाओं से संबंधित कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किए जाएं।

उन्होंने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि अभियान के तहत चिन्हित की जाने वाली योजनाओं की पोर्टल पर अनिवार्य रूप से समयबद्ध प्रविष्टि सुनिश्चित की जाए। योजनाओं की प्रगति की नियमित समीक्षा करते हुए किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब नहीं हो, इसका विशेष ध्यान रखने को कहा गया।जिलाधिकारी ने विद्यालयों में आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन तथा नए आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण से संबंधित योजनाओं को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। बैठक में जिले के नगर निगम, नगर परिषद एवं नगर पंचायतों में संचालित विभिन्न विकासात्मक योजनाओं की समीक्षा की गई।



परिचर्चा भवन में आयोजित जिला विकास एवं समन्वय समिति की महत्वपूर्ण बैठक को सम्बोधित करते जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया व उपस्थित अन्य।

बैठक में योजनाओं की प्रगति, भूमि की उपलब्धता, डीपीआर की स्वीकृति तथा निर्माण कार्यों की स्थिति की समीक्षा करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।समीक्षा के दौरान एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) योजना, मोक्षधाम निर्माण, कायाकल्प योजना के तहत वार्डवार योजनाओं का चयन, वेंडिंग जोन का निर्माण तथा सम्राट अशोक भवन निर्माण सहित अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई एवं आवश्यक निर्देश दिए गए।

बैठक में इसके अतिरिक्त विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश सभी सीओ को दिया गया। विभिन्न विकास योजनाओं के लिए भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संबंधित अंचल अधिकारियों को लंबित एनओसी शीघ्र जारी करने का सख्त निर्देश दिया गया, ताकि योजनाओं का कार्य समय पर प्रारंभ किया जा सके।

बैठक में सहयोग शिविर के अंतर्गत डोर टू डोर प्रचार करने, आवेदनों को डिजिटाइज्ड करने एवं उसका डिस्पोजल करने का निर्देश दिया गया।

बैठक में अपर समाहर्ता श्री संजीव कुमार, अपर समाहर्ता विभागीय जांच राहुल कुमार, निदेशक डीआरडीए, एडीएम विभागीय जांच सहित सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

बिहार फोटोग्राफर एसोसिएशन सीतामढ़ी ने ब्लॉक स्तर पर किया जनकपुर रोड (पुपरी) में संगठन का गठन

सीतामढ़ी (एनएसबी)। बिहार फोटोग्राफर एसोसिएशन सीतामढ़ी के जिलाध्यक्ष संजय कुमार के नेतृत्व में ब्लॉक स्तर पर संगठन निर्माण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए सभी पदाधिकारी ने पुपरी में फोटोग्राफर एसोसिएशन का गठन किया। बैठक में गुप्ता प्रिंटिंग सॉल्यूशन के संचालक मुकेश कुमार गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में शामिल रहें।

बड़ी संख्या में मौजूद फोटोग्राफरों ने पुपरी में संगठन निर्माण पर हर्ष जताया एवं अपनी खुशी जाहिर की फोटोग्राफरो ने कहा कि पुपरी अनुमंडल में पहली बार किसी फोटोग्राफी संगठन की इतनी बड़ी बैठक हुई है। पुपरी के फोटोग्राफरों द्वारा सीतामढ़ी जिला से गए हुए पदाधिकारीयों का अंग वस्त्र एवं पुष्प माला से स्वागत किया गया। पुपरी में आयोजित इस प्रथम बैठक में सर्वसम्मति से सुधीर कुमार चौधरी प्रखंड प्रभारी एवं राजा कुमार प्रखंड सह प्रभारी चुने गए। पुपरी से जिला संगठन के कोर कमेटी के लिए जितेंद्र कुमार एवं संतोष कुमार चयनित हुए। अध्यक्ष संजय कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि पुपरी में हुई इस बैठक के बाद संगठन निर्माण में पूर्व से कोर कमेटी के सदस्य रहे सुधीर कुमार चौधरी जी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। संगठन निर्माण के उपरांत सीतामढ़ी के पदाधिकारी एवं पुपरी के फोटोग्राफरों द्वारा संयुक्त रूप से आगामी 30 अक्टूबर से 1 नवंबर तक होने वाले बिहार फोटो वीडियो एक्सपो 2026 का पोस्टर अनावरण किया गया। प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश तिवारी द्वारा पुपरी के नवनिर्वाचित पदाधिकारी को बधाई दी गई। बैठक में संजय कुमार,अमरनाथ कुमार, वीरेंद्र कुमार, अजय कुमार, दीपक कुमार, मकेश गुप्ता, सुधीर कुमार चौधरी, जितेंद्र कुमार, राजा कुमार, संतोष कुमार के साथ बड़ी संख्या में फोटोग्राफर, वीडियोग्राफर मौजूद रहे। जिलाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गुप्ता प्रिंटिंग सॉल्यूशन के संचालक मुकेश कुमार गुप्ता थे।


पुपरी में फोटोग्राफर एसोसिएशन की बैठक में संगठन के जिलाध्यक्ष व अन्य पदाधिकारी।

राम-जानकी पथ एवं गोरखपुर-सिलीगुड़ी एक्सप्रेसवे सहित सड़क परियोजनाओं को लेकर डीएम ने की समीक्षा

सीतामढ़ी (एनएसबी)। जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में सोमवार को उनके कार्यालय कक्ष में जिले से संबंधित महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में राम-जानकी पथ, गोरखपुर-सिलीगुड़ी एक्सप्रेसवे तथा मुजफ्फरपुर-सोनबरसा फोरलेन परियोजना से संबंधित प्रारंभिक एवं तकनीकी कार्यों की प्रगति पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में एनएचएआई के परियोजना निदेशक, मुजफ्फरपुर एवं परियोजना निदेशक, भागलपुर के साथ-साथ एनएचएआई के सीतामढ़ी एवं छपरा के पदाधिकारी, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, सीतामढ़ी तथा सदर अनुमंडल पदाधिकारी उपस्थित थे।

बैठक के दौरान संबंधित पदाधिकारियों द्वारा परियोजनाओं से जुड़े तकनीकी सर्वेक्षण, प्रारंभिक प्रक्रियाओं, भू-अर्जन सहित अन्य आवश्यक कार्यों की अद्यतन स्थिति से जिलाधिकारी को अवगत कराया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि उक्त महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं की स्वीकृति के बाद अब इनके क्रियान्वयन से जुड़ी तकनीकी एवं अन्य प्रारंभिक प्रक्रियाओं को समयबद्ध एवं समन्वित तरीके से आगे बढ़ाना आवश्यक है। उन्होंने संबंधित विभागों एवं एजेंसियों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए सभी आवश्यक प्रक्रियाओं को निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि इन महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं के धरातल पर क्रियान्वयन से जिले में कनेक्टिविटी, आवागमन, व्यापारिक गतिविधियों एवं आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी। अतः सभी संबंधित पदाधिकारी पूरी गंभीरता एवं तत्परता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें।

सीतामढ़ी में माता सीता विश्वविद्यालय की शाखा खोलने की मांग

सीतामढ़ी (एनएसबी)। सीतामढ़ी में उच्च शिक्षा के विस्तार और छात्राओं को बेहतर शैक्षणिक अवसर उपलब्ध कराने को लेकर सीतामढ़ी विधायक सुनील कुमार पिंटू ने सोमवार को मुख्यमंत्री को प्रस्ताव सौंपकर माता सीता विश्वविद्यालय की सीतामढ़ी में शाखा स्थापित करने समेत तीन प्रमुख मांगें रखीं। मुख्यमंत्री को सौंपे गए पत्र का पत्रांक 200/26 एवं दिनांक 5 अक्टूबर 2026 है। विधायक ने पहली मांग के तहत जिला मुख्यालय में माता सीता विश्वविद्यालय की शाखा स्थापित करने का आग्रह किया है। उनका कहना है कि इससे जिले के विद्यार्थियों को स्थानीय स्तर पर गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा के अवसर मिलेंगे तथा सीतामढ़ी के शैक्षणिक विकास को गति मिलेगी। दूसरी मांग में जिले के सभी महिला महाविद्यालयों को माता सीता विश्वविद्यालय से संबद्ध एवं संचालित करने का आग्रह किया गया है। इससे महिला शिक्षा के लिए समन्वित और सुदृढ़ शैक्षणिक व्यवस्था विकसित होने की उम्मीद जताई गई है।


मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को प्रस्ताव सौंपते विधायक सुनील कुमार पिंटू।

तीसरी मांग के तहत प्रस्तावित सीतामढ़ी शाखा में स्नातक, स्नातकोत्तर, शोध एवं रोजगारपरक पाठ्यक्रम शुरू करने का आग्रह किया गया है। विधायक ने कहा कि इससे छात्राओं को उच्च शिक्षा के साथ आत्मनिर्भरता और रोजगार के नए अवसर मिल सकेंगे। विधायक ने कहा कि माता सीता की जन्मभूमि सीतामढ़ी धार्मिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण होने के साथ नारी गरिमा, त्याग और मयार्दा की प्रतीक भूमि है।

पीएम विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों के लिए 6 से 9 अक्टूबर तक विशेष ऋण आउटरीच शिविर आयोजित

सीतामढ़ी (एनएसबी)। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों को ऋण सुविधा उपलब्ध कराने एवं योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के उद् देश्य से जिले के विभिन्न प्रखंडों में विशेष क्रेडिट आउटरीच कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में पीएम विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत पात्र कारीगरों एवं शिल्पकारों को ऋण सुविधा, बैंकिंग सेवाओं तथा योजना से संबंधित अन्य लाभों की जानकारी दी जाएगी। साथ ही, लाभार्थियों की ऋण संबंधी समस्याओं का समाधान करते हुए उन्हें बैंकिंग प्रणाली से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। विशेष ऋण आउटरीच शिविरों का आयोजन 06 अक्टूबर 2026- प्रखंड विकास कार्यालय, बथनाहा, 07 अक्टूबर 2026 - प्रखंड विकास कार्यालय, रुन्नीसैदपुर, 08 अक्टूबर 2026 जिला उद्योग केन्द्र, सीतामढी एवं 09 अक्टूबर 2026 राजेंद्र भवन, सीतामढ़ी में किया जाएगा। इन शिविरों का मुख्य उ देश्य पारंपरिक कारीगरों एवं शिल्पकारों को उनकी आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देना तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में सहयोग प्रदान करना है।

विप चुनाव को लेकर भाजपा सीतामढ़ी–शिवहर की संयुक्त बैठक

सीतामढ़ी (एनएसबी)। तिरहुत शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी नरेंद्र प्रसाद सिंह की जीत के संकल्प को लेकर सोमवार को सीतामढ़ी स्थित जिला भाजपा कार्यालय में सीतामढ़ी एवं शिवहर जिले की संयुक्त चुनाव तैयारी बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधान परिषद चुनाव की संगठनात्मक तैयारियों, चुनावी रणनीति एवं कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में दोनों जिलों के पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों, मंडल प्रभारियों, विधानसभा प्रभारियों एवं कार्यकर्ताओं को चुनाव को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। नेताओं ने कार्यकर्ताओं से एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में व्यापक जनसंपर्क करते हुए संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने का आह्वान किया।

बैठक को बिहार सरकार के पर्यटन मंत्री केदार गुप्ता, जाले विधायक जीवेश मिश्रा, लालगंज विधायक संजय सिंह, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश वर्मा, सीतामढ़ी जिलाध्यक्ष मनीष कुमार, शिवहर जिलाध्यक्ष नीरज सिंह, एनडीए प्रत्याशी नरेंद्र प्रसाद सिंह तथा रीगा विधायक बैद्यनाथ प्रसाद ने संबोधित किया।



बैठक में मंचासीन भाजपा जिलाध्यक्ष, एनडीए के विधायक व अन्य।

तिरहुत शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी नरेंद्र प्रसाद सिंह की जीत के लिए बनाई चुनावी रणनीति

इस अवसर पर पूर्व विधायक नगीना देवी, भाजपा नेत्री रितु जायसवाल, जिला प्रभारी संजीव पांडे, दिनकर पंडित, गौतम राम आजाद, जिला उपाध्यक्ष दीप लाल बघेल, शोभा राम, प्रो. अनीता सिंह, प्रो. बेबी नम्रता, जिला मंत्री प्रिंस तिवारी, गयनेन्द्र कुमार, उमा सिंह, प्रभास ठाकुर, जिला कोषाध्यक्ष दीपक मस्करा सहित बड़ी संख्या में जिला एवं मंडल पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

बैठक में उपस्थित नेताओं एवं कार्यकताओं ने एनडीए प्रत्याशी नरेंद्र प्रसाद सिंह की जीत सुनिश्चित करने के लिए चुनावी तैयारियों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने तथा संगठनात्मक समन्वय मजबूत करने का संकल्प लिया।

सम्पादकीय

बीते चुनाव से भविष्य की राजनीति तक

राष्ट्रीय राजनीति में चुनावी परिणामों का विश्लेषण केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं रहता। चुनाव बीत जाने के बाद राजनीतिक दल और नेता यह आकलन करते हैं कि किन रणनीतियों से परिणाम अलग हो सकते थे। इसी क्रम में आरएलएम प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा का सासाराम में दिया गया यह बयान महत्वपूर्ण राजनीतिक विमर्श को जन्म देता है कि यदि पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान इंडिया गठबंधन ने नीतीश कुमार को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनाया होता, तो विपक्ष की स्थिति अलग हो सकती थी। यह बयान मूलतः एक राजनीतिक संभावना पर आधारित आकलन है।

चुनाव में क्या होता, यदि किसी गठबंधन ने कोई दूसरा निर्णय लिया होता इसका निश्चित उत्तर संभव नहीं है। फिर भी ऐसे सवाल लोकतांत्रिक राजनीति में रणनीति, नेतृत्व और मतदाताओं की अपेक्षाओं को समझने का अवसर जरूर देते हैं। नीतीश कुमार बिहार की राजनीति में लंबे समय से एक महत्वपूर्ण राजनीतिक चेहरा रहे हैं। उनकी प्रशासनिक छवि, गठबंधन बदलने के बावजूद राजनीतिक प्रभाव बनाए रखने की क्षमता और बिहार की सामाजिक-राजनीतिक परिस्थितियों पर उनकी पकड़ को देखते हुए उनके समर्थक उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर भी प्रभावी भूमिका का योग्य मानते रहे हैं। दूसरी ओर, किसी व्यक्ति को प्रधानमंत्री पद का चेहरा घोषित करना केवल लोकप्रियता का प्रश्न नहीं होता। इसके साथ गठबंधन के भीतर सहमति, विभिन्न दलों के राजनीतिक हित, क्षेत्रीय समीकरण और देशव्यापी स्वीकार्यता जैसे कई पहलू जुड़े होते हैं।

इंडिया गठबंधन की सबसे बड़ी चुनौती भी यही रही है कि अलग-अलग राज्यों में अलग राजनीतिक परिस्थितियों और अलग-अलग दलों के अपने हित हैं। किसी एक नेता को सर्वसम्मत चेहरा बनाना गठबंधन की एकजुटता के लिए जितना उपयोगी हो सकता है, उतना ही कुछ घटकों के लिए राजनीतिक असहजता का कारण भी बन सकता है। इसलिए प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार का सवाल केवल एक व्यक्ति के चयन का नहीं, बल्कि पूरे गठबंधन की राजनीतिक रणनीति का विषय है। उपेंद्र कुशवाहा के बयान को इसी व्यापक संदर्भ में देखा जाना चाहिए। उनका कहना है कि उस समय नीतीश कुमार के साथ जनता का समर्थन दिखाई दे रहा था और विपक्ष उस संभावना का लाभ नहीं उठा सका। यह उनका राजनीतिक आकलन है। इसके पक्ष और विपक्ष में अलग-अलग तर्क हो सकते हैं। मतदाताओं का व्यवहार केवल किसी एक चेहरे से तय नहीं होता। बेरोजगारी, महंगाई, विकास, स्थानीय मुद्दे, नेतृत्व की विश्वसनीयता, संगठनात्मक क्षमता और उम्मीदवारों की छवि जैसे अनेक कारक चुनावी परिणाम को प्रभावित करते हैं।

फिर भी इस बयान से एक महत्वपूर्ण सवाल सामने आता है क्या विपक्षी गठबंधन को चुनाव से पहले स्पष्ट नेतृत्व और साझा राजनीतिक एजेंडा तय करना चाहिए । लोकतंत्र में मतदाता केवल दलों के बीच विकल्प नहीं तलाशता, बल्कि वह यह भी देखता है कि सत्ता का वैकल्पिक मडल क्या होगा और उसे लागू करने वाला नेतृत्व कौन होगा। स्पष्ट नेतृत्व कई बार राजनीतिक संदेश को सरल बनाता है, लेकिन गठबंधन की विविधता को देखते हुए सामूहिक नेतृत्व भी एक व्यावहारिक विकल्प हो सकता है।

बिहार के संदर्भ में यह चर्चा और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। राज्य की राजनीति में सामाजिक समीकरण, विकास, रोजगार, पलायन, शिक्षा, कृषि, कानून-व्यवस्था और बुनियादी सुविधाएं लगातार चुनावी मुद्दे रहे हैं। ऐसे में किसी भी गठबंधन के लिए केवल प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री के चेहरे पर निर्भर रहने के बजाय जनता के वास्तविक मुद्दों पर स्पष्ट नीति और कार्यक्रम प्रस्तुत करना अधिक जरूरी है। राजनीति में 'अगर ऐसा होता तो परिणाम अलग होता' जैसे सवाल स्वाभाविक हैं, लेकिन लोकतंत्र का मूल्यांकन केवल अनुमान के आधार पर नहीं किया जा सकता। बीते चुनाव के परिणाम जनता के निर्णय का प्रतिनिधित्व करते हैं। भविष्य की राजनीति के लिए उन परिणामों से सीख लेना और अपनी रणनीति में सुधार करना ही राजनीतिक दलों के लिए अधिक उपयोगी रास्ता है।

इंडिया गठबंधन के सामने भी यही चुनौती है। अलग-अलग विचारधारा और क्षेत्रीय आधार वाले दलों को यदि राष्ट्रीय स्तर पर प्रभावी विकल्प बनना है तो उन्हें आपसी मतभेदों से ऊपर उठकर साझा मुद्दों, साझा न्यूनतम कार्यक्रम और स्पष्ट राजनीतिक दिशा पर गंभीरता से विचार करना होगा। नेतृत्व का प्रश्न महत्वपूर्ण है, लेकिन उससे भी महत्वपूर्ण यह है कि गठबंधन जनता को क्या विकल्प और किस तरह की शासन-व्यवस्था देने का वादा करता है। उपेंद्र कुशवाहा का बयान इसलिए महज एक राजनीतिक टिप्पणी मानकर नजरअंदाज करने के बजाय गठबंधन की चुनावी रणनीति पर विचार का अवसर भी माना जा सकता है। हालांकि, इस पर अंतिम निर्णय इतिहास नहीं, बल्कि भविष्य के चुनावों में मतदाता ही करेंगे। लोकतंत्र में किसी भी राजनीतिक समीकरण की वास्तविक परीक्षा जनता के बीच होती है। इसलिए बीते चुनाव की संभावनाओं पर बहस के साथ-साथ आने वाले चुनावों के लिए जनता के मुद्दों, विश्वसनीय नेतृत्व और ठोस नीतियों पर विमर्श अधिक जरूरी है।



डा. ध्रुव कुमार।

सबको नि:शुल्क शिक्षा के पक्षधर थे पं. दीनदयाल उपाध्याय

युगांतरकारी चिंतक - विचारक पंडित दीनदयाल उपाध्याय एक समावेशित विचारधारा के समर्थक थे जो एक मजबूत और सशक्त भारत चाहते थे और इसके लिए वे सबको नि : शुल्क शिक्षा उपलब्ध कराएं जाने के पक्षधर थे। उनके अनुसार शिक्षा और संस्कार से बच्चा समाज का अभिन्न घटक बनता है। उनका मानना था कि जन्म से मानव पशुवत् पैदा होता है इसलिए बच्चे को शिक्षा देना समाज के हित में है।

दीनदयाल उपाध्याय के अनुसार जो काम समाज के अपने हित में है, उसके लिए शुल्क क्यों लिए जाएं । उनका तर्क था कि क्या हम पेड़ लगाने और उसे सींचने के लिए पेड़ से पैसा लेते हैं । हम तो अपनी ओर से पूंजी लगाते हैं और जानते हैं कि पेड़ से हमें फल मिलेंगे ही। शिक्षा भी इस प्रकार का विनियोजन है। व्यक्ति शिक्षित होने पर समाज के लिए कार्य करेगा ही किंतु जो व्यवस्था बचपन से ही हमें व्यक्तिवादी बनाती हो, उससे समाज की अवहेलना करने वाले निकले तो आश्चर्य क्यों ।

दीनदयाल उपाध्याय आजादी से पूर्व सभी देसी रियासतों द्वारा निःशुल्क शिक्षा व्यवस्था का उदाहरण देते हुए कहते हैं कि गुरुकुल में तो भोजन व आवास की भी व्यवस्था आश्रम की ओर से ही होती थी। शिष्यों द्वारा भिक्षा मांगने के लिए भेजकर उन्हें विनयशील बनने का पाठ पढ़ाया जाता था। दूसरी ओर समाज भी किसी शिष्य को खाली हाथ नहीं लौटता था अर्थात शिक्षा की व्यवस्था समाज ने अपने कंधों पर उठा रखी थी। समाज के द्वारा हम सब बंधे हैं । इसके अलावा कई अन्य बातें भी हम समाज से ही सीखते हैं। हमारी बुद्धि भी समाज में ही सक्रिय होती है

पंडित दीनदयाल उपाध्याय कहते थे कि व्यक्ति और समाज का पहला संबंध शिक्षा के रूप में ही सामने आता है। यह शिक्षा ही व्यक्ति और समाज को मिला देती है । व्यक्ति के पैदा होते ही समाज शिक्षा देना प्रारंभ कर देता है। दूध पीना भी सीखना पड़ता है। फिर शिक्षा का संस्कार बढ़ता जाता है। माता, पिता, गुरु आदि के द्वारा जैसा सिखाया जाता है, बालक वैसे ही कर्म करना प्रारंभ करता है। वह समाज के लिए कर्म करता है। सामान्य लोगों को दिखता है कि वह अपने लिए कर्म करता है, लेकिन वास्तव में ऐसा नहीं है। वह कर्म के द्वारा समाज से जुड़ता है।

उदाहरण के लिए किसान अनाज क्या अपने लिए ही पैदा करता है । वह समाज के लिए, सबका पेट भरने के लिए अनाज पैदा करता है। अध्यापक जो विद्या देता है, उसका मूल्य रुपए से नहीं चुकाया जा सकता। व्यक्ति और समाज को जोड़ने वाली शिक्षा, कर्म, योगक्षेत्र और यज्ञ, ये चारों चीजे व्यष्टि और समिष्ट को एकात्म करती है। शिक्षा, समाज से व्यक्ति की ओर, कर्म, व्यक्ति से समाज की ओर, योगसूत्र, समाज से व्यक्ति की ओर और यज्ञ व्यक्ति से समाज की ओर जाते हैं।

देश की स्वतंत्रता के बाद भारतीय संस्कृति को पश्चिम देशों के प्रत्ययों से अक्षुण्ण रखने के उद्देश्य से पंडित दीनदयाल ने विश्व के राजनीतिक विचार मंथन में भारतीयता परक हस्तक्षेप किया और इसके परिणाम - स्वरूप राजनीतिक पटल पर एकात्म मानववाद अवतरित हुआ । 19वीं और 20वीं सदी में भारतीय विचार मंथन और पाश्चात्य विचारों के द्वंद्व को प्रखरता पूर्वक रेखांकित करने का कार्य स्वामी विवेकानंद ने शुरू किया जिसे बाद में लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने गीता रहस्य के माध्यम से आगे बढ़ाया। पुनः 1909 में महात्मा गांधी ने अपने हिंद स्वराज में इसी विषय को प्रमुखता से उठाया।

पंडित दीनदयाल ने 1964 ई में प्रथम बौद्धिक वर्ग में इसका विस्तार से विवेचन करते हुए कहा कि भारतीय परंपरा मानव को एकात्म मानती है। एकात्म जिसे बांटा नहीं जा सकता। न बांटी जा सकने वाली इकाई को एकात्म कहते हैं। समाज और व्यक्ति इस प्रकार जुड़े हुए हैं कि उन्हें अलग-अलग नहीं किया जा सकता। मानव व्यक्ति के रूप में समाज का अभिन्न अंग होता है । व्यक्ति परिवार के बिना नहीं रह सकता, परिवार अपने ग्राम, शहर या मोहल्ले के बिना नहीं रह सकता। ग्राम, शहर से भी आगे देश व दुनिया की इकाइयां है। व्यक्ति इन सभी सामुदायिकताओं का हिस्सा है। वह इनसे स्वतंत्र नहीं है।

उनके जीवन दर्शन का प्रथम सूत्र है - भारत में रहने वाला और इसके प्रति ममत्व की भावना रखने वाला मानव समूह



एक जन है। उनकी जीवन प्रणाली, कला, साहित्य, दर्शन सब भारतीय संस्कृति है। इसलिए भारतीय राष्ट्रवाद का आधार यह संस्कृति है। इस संसर्त में निष्ठा रहे तभी भारत एकात्म रहेगा। उनकी इसी नवीन विचारधारा को दुनिया एकात्म मानव-दर्शन या एकात्म मानववाद के रूप में जानती है।

उन्होंने व्यक्तिगत जीवन तथा राजनीति दोनों में सिद्धांत और व्यवहार में समानता बनाए रखने पर बल दिया। वे एक लोक कल्याणकारी राष्ट्र के निर्माण के लिए राजनीतिक शुचिता को परम आवश्यक मानते थे उनके रोम-रोम में राष्ट्रीयता थी और उनकी राष्ट्रीयता का अर्थ भारत को माता मानकर उसकी सेवा करने में थी। वे अक्सर कहते थे - हमारी राष्ट्रीयता का आधार भारत माता है केवल भारत ही नहीं। माता शब्द हटा देने से भारत केवल जमीन का टुकड़ा मात्र बनकर रह जाएगा।

उनकी नजर में राष्ट्रीयता कोई कृत्रिम वस्तु नहीं है, यह स्वाभाविक होती है। इस स्वभाविक प्रवृत्ति को ही भारतीय शास्त्रकारों ने चिति का नाम दिया है। उनके अनुसार जो चिति के अनुकूल हो उसे संस्कृति तथा जो चिति के प्रतिकूल हो उसे विति कहते हैं। यह संस्कृति - तत्व ही राष्ट्रीयत्व का नियामक है। मजहब और राजनीति के प्रवेश ने सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की अस्मिताओं को आहत किया है। मजहब कहीं भी राष्ट्रीयता का आधार नहीं होता।

इनके इन्हीं विचारों, क्षमता और कार्यकुशलता से प्रभावित होकर श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने 1952 में कहा था यदि मुझे दो दीनदयाल मिल जाए तो मैं भारतीय राजनीति का नक्शा बदल दूं। 1967 में कालीकट अधिवेशन में पंडित दीनदयाल उपाध्याय भारतीय जनसंघ के अध्यक्ष निर्वाचित हुए लेकिन वे सिर्फ डेढ़ महीने ही जनसंघ के अध्यक्ष रह सके। 10 और 11 फरवरी 1968 की मध्य रात्रि में ट्रेन से पटना आते समय मुगलसराय में उनकी हत्या कर दी गई। महज 52 वर्षो की अल्पायु में उन्होंने देश को एक सांस्कृतिक इकाई के रूप में मजबूत करने के लिए जितना कार्य किया, वह सब अकल्पनीय है। उन्होंने अनेक महत्वपूर्ण ग्रंथों की रचना की। इनमें सम्राट चंद्रगुप्त, जगत-गुरु शंकराचार्य, एकात्म मानववाद, राष्ट्र जीवन की दिशा, राजनीतिक डायरी, भारतीय अर्थनीति का अवमूल्यन सहित अनेक महत्वपूर्ण ग्रंथों की रचना की।

उनका जन्म 25 सितंबर 1916 को राजस्थान में जयपुर के समीप धनकिया में हुआ था। इनके पिता का नाम भगवती प्रसाद उपाध्याय और माता का नाम रामप्यारी था। इनके पिता रेलवे में कार्यरत थे। दीनदयाल की आयु जब मात्र 3 वर्ष की थी, तब पिता का साया उठ गया। माता भी 8 वर्ष की आयु में उन्हें छोड़ कर ईश्वर को प्यारी हो गईं। उनकी शिक्षा-दीक्षा पिलानी, आगरा और इलाहाबाद में हुई। उन्होंने शिक्षक-प्रशिक्षण का कोर्स भी किया था, लेकिन नौकरी नहीं की। वे छात्र जीवन से ही राष्ट्रीय सेवा सेवक संघ के सक्रिय स्वयं सेवक संघ के सक्रिय कार्यकर्ता हो गये थे।

उनका मानना था कि भारतीय संस्कृति एकात्म मानववादी है और इसके अनेक प्रत्यय है- धर्म, चिति और विराट आदि। इन प्रत्ययों को राजनीति के क्षेत्र में प्रस्तुत करना एक क्रांतिकारी पहल थी। आजादी के आंदोलन के दौरान महात्मा गांधी ने इन भारतीय प्रत्ययों का सफलतापूर्वक उपयोग किया था।

पंडित दीनदयाल यह भी मानते थे कि मानव केवल व्यक्ति व समाज के रूप में ही एकात्म नहीं है बल्कि वह इस संसार यानी प्रकृति का भी अविभाज्य अंग है। ऐसे में मानव यदि प्रकृति के साथ अनुचित व्यवहार करेगा तो दुखी ही रहेगा। भारतीय परंपरा प्रकृति को कीमाता का दर्जा देती है। प्रकृति को प्रदूषित करना पाप माना जाता है। इस सृष्टि का निर्माण केवल व्यक्ति और समाज से नहीं, प्रति के संयोग से है। मानव को प्रति के साथ समुचित व्यवहार करना सीखना चाहिए। इसके ठीक विपरीत पश्चिमी विचारधाराएं प्रकृति पर विजय की कामना करती है। सर्वविदित है कि प्रकृति के अनियंत्रित उपभोग से ही आज मानवता के समक्ष संकट उपस्थित हो गया है। पश्चिमी विचारधारा भौतिकतावाद और भोगवाद से गहरे रूप से जुड़ा है। इसके ठीक विपरीत एकात्म मानववाद के माध्यम से पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने प्रकृति के विभिन्न उपादानों जैसे - सूर्य, नदी, पर्वत, वृक्ष, धरती, अन्न आदि को मनुष्य एवं जीव से अभिन्न संबंध को स्थापित किया है।

वस्तुतः पंडित दीनदयाल उपाध्याय उन आधुनिक भारतीय विचारकों में एक हैं, जिन्होंने अपनी मौलिक और सार्वभौमिक चिंतन से समाज, राष्ट्र और विश्व को एक नवीन और समरस मार्ग प्रशस्त किया।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार व स्तम्भकार हैं।)
(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

जब गांधी का भारत उसी भारत जैसा दिखने लगे, जिसके खिलाफ लड़े थे गांधी जी

हर वर्ष 2 अक्टूबर को देश गांधी की तस्वीरों पर माल्यार्पण करता है, उनके विचारों को उद्धृत करता है और सत्य, अहिंसा तथा शांति की बातें करता है।

फिर समारोह समाप्त हो जाते हैं। फूल सूख जाते हैं। भाषण समाप्त हो जाते हैं। हैशटैग गायब हो जाते हैं। लेकिन एक कठिन सवाल वहीं खड़ा रहता है। गांधी का भारत आखिर कहाँ है।

गांधी ऐसे भारत की कल्पना करते थे जहाँ धर्म नफरत नहीं, करुणा सिखाए, जहाँ असहमति का जवाब डर या हिंसा नहीं, संवाद हो, जहाँ सबसे कमजोर नागरिक भी उतना ही महत्वपूर्ण हो जितना सबसे शक्तिशाली और जहाँ राजनीतिक सुविधा से ऊपर सत्य का स्थान हो।

गांधी का संघर्ष केवल अंग्रेजी शासन से मुक्ति के लिए नहीं था। वह एक ऐसे नैतिक भारत के निर्माण का संघर्ष भी था, जहाँ इंसान की गरिमा सर्वोपरि हो। इसीलिए गांधी की प्रासंगिकता उनकी मूर्तियों की संख्या से नहीं, बल्कि हमारे समाज की स्थिति से मापी जानी चाहिए। यहीं आज का सबसे असहज प्रश्न सामने आता है।

जिस व्यक्ति ने अहिंसा को साम्राज्य के विरुद्ध शक्ति बनाया, उसी देश में हिंसा और नफरत सार्वजनिक विमर्श का हिस्सा बनती दिखाई देती है। जिस व्यक्ति ने दंगों के बीच जाकर सांप्रदायिक सद्भाव की रक्षा की, उसी देश में धार्मिक पहचान कभी-कभी सामाजिक विभाजन का माध्यम बन जाती है।

और जिस गांधी ने असहमति को लोकतांत्रिक जीवन का हिस्सा माना, उसी समाज में सत्ता से सवाल पूछना कई बार विवाद का कारण बन जाता है।

गांधी की हत्या नाथूराम गोडसे ने की थी। गांधी और गोडसे की विरासत को लेकर बहस आज भी सार्वजनिक जीवन में दिखाई देती है। लेकिन असली सवाल केवल दो ऐतिहासिक व्यक्तित्वों के बीच चुनाव का नहीं है।

असल सवाल दो अलग राजनीतिक दृष्टिकोणों का है। एक कहता है असहमति नफरत में बदलना जरूरी नहीं। दूसरा विरोधी को दुश्मन बना देता है। एक मानता है कि सत्य सत्ता से बड़ा हो सकता है।



रेयाज आलम।

दूसरा मानता है कि सत्ता सत्य की परिभाषा बदल सकती है। एक विविधता को स्वीकार करता है। दूसरा भय और विभाजन को राजनीतिक साधन बना सकता है।

लोकतंत्र में यह अंतर अत्यंत महत्वपूर्ण है। गांधी समझते थे कि कोई राष्ट्र अपने अल्पसंख्यकों को असुरक्षित या अपने असहमत नागरिकों को मौन करके शक्तिशाली नहीं बनता। राष्ट्र तब मजबूत होता है जब हर नागरिक को महसूस हो कि उसकी गरिमा, अधिकार और आवाज सुरक्षित हैं।



गांधी हमें यह नहीं सिखाते कि भारत में सभी लोग एक जैसा सोचें। वह हमें यह सिखाते हैं कि हम अलग सोचते हुए भी एक-दूसरे को नष्ट किए बिना साथ रह सकते हैं। हम सरकारों से असहमत हो सकते हैं। राजनीतिक दलों से असहमत हो सकते हैं। विचारधारा, धर्म और इतिहास पर अलग-अलग मत रख सकते हैं। लेकिन जब असहमति नफरत बन जाती है, तो लोकतंत्र अपनी नैतिक नींव खोने लगता है। और जब नफरत सामान्य हो जाती है, तो हिंसा बहुत दूर नहीं रहती।

इसलिए गांधी को केवल 2 अक्टूबर के सरकारी समारोह, मुद्रा या मूर्तियों तक सीमित नहीं किया जा सकता। गांधी एक परीक्षा हैं। सच बोलने की परीक्षा जब सच असुविधाजनक हो। कमजोर के अधिकारों की रक्षा करने की परीक्षाभले ही हम उससे सहमत न हों।

धर्म को अंतरात्मा और नैतिकता का माध्यम बनाए रखने की परीक्षा राजनीतिक हथियार नहीं। और सबसे बढ़कर, राजनीतिक हिंसा को अस्वीकार करने की परीक्षाचाहे वह किसी भी विचारधारा के नाम पर क्यों न हो। आज भारत को एक और औपचारिक गांधी जयंती नहीं, बल्कि एक गांधीय आत्ममंथन की आवश्यकता है।

हमें स्वयं से पूछना होगा। क्या हमारी राजनीति अधिक संवेदनशील हो रही है या अधिक आक्रामक। क्या हमारा सार्वजनिक विमर्श अधिक सत्यनिष्ठ हो रहा है या अधिक प्रचार-प्रधान। क्या हमारा समाज अधिक समावेशी हो रहा है या अधिक विभाजित। क्योंकि गांधी को भूल जाने का सबसे बड़ा खतरा यह नहीं कि उनकी तस्वीरें गायब हो जाएँगी।

खतरा यह है कि हम उनकी तस्वीरें बचाए रखें, लेकिन उनके मूल्य खो दें। गांधी गोली से मारे गए थे। लेकिन गांधी के विचार गोलियों से नहीं मरते। वे धीरे-धीरे मरते हैं। जब सत्य समझौता बन जाए। जब नफरत सम्मान पाने लगे,। जब असहमति खतरनाक हो जाए। जब धर्म राजनीतिक हथियार बन जाए। और जब नागरिक सवाल पूछना छोड़ दें।

इस गांधी जयंती पर शायद सबसे सच्ची श्रद्धांजलि एक और माला नहीं, बल्कि एक सवाल है। अगर गांधी आज भारत की सड़कों पर चलते, तो क्या वे उस भारत को पहचान पाते जिसके लिए उन्होंने अपना जीवन दिया था।

इसका उत्तर नेताओं या सरकारों को नहीं देना है। इसका उत्तर हम सबको अपने आचरण से देना है। क्योंकि गांधी का भारत इस बात से तय नहीं होगा कि हम उन्हें कितनी ऊँची आवाज में याद करते हैं बल्कि इस बात से तय होगा कि हम उनके मूल्यों को कितनी हिम्मत से जीते हैं।

कोसी क्षेत्र में डेयरी क्रांति से ग्रामीण महिलाएं बन रहीं आत्मनिर्भर

पटना (दैनिक नवसंदेश) । बिहार के ग्रामीण इलाकों में पारंपरिक पशुपालन अब केवल जीविका का साधन नहीं, बल्कि महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने वाला एक सफल उद्यम बन चुका है। वर्ष 2017 में स्थापित सहरसा की कौशिकी महिला दूध उत्पादक कंपनी लिमिटेड से जुड़ीं करीब 49 हजार से भी अधिक जीविका दीदियों ने कठिन मेहनत और लगन के बदौलत दुग्ध उत्पादन और उसके खरीद-बिक्री के कारोबार को आज कारोड़ों में पहुंचाकर आत्मनिर्भरता की नई इबारत लिखने का काम किया है। जीविका के अधिकारियों के अनुसार, सहरसा में कौशिकी महिला दूध उत्पादक कंपनी का गठन सितंबर 2017 में किया गया था, जबकि इसका व्यावसायिक संचालन अक्टूबर 2018 से शुरू हुआ। शुरुआत में सहरसा, सुपौल और मधेपुरा में डेयरी मूल्य श्रृंखला विकसित करने की योजना बनाई गई थी, जिसका बाद में खगड़िया और मुंगेर तक इसका विस्तार किया गया। इस कंपनी को बिहार जीविका से वित्तीय सहायता और एनडीडीबी डेयरी सर्विसेज से तकनीकी मार्गदर्शन प्राप्त है। स्थापना के बाद से कंपनी ने अभूतपूर्व प्रगति की है। वर्ष 2019-20 में जहां कंपनी से 16,656 महिला सदस्य जुड़ी थीं, वहीं अगस्त 2026 तक यह संख्या बढ़कर 49,344 हो गई है। यानी बीते सात वर्षों में सदस्य संख्या में करीब तीन गुना की वृद्धि हुई है। इसी अवधि में औसत दैनिक दूध संग्रह 11,436 किलोग्राम से बढ़कर 94,180 किलोग्राम के स्तर तक पहुंच गया है।

शानदार बैटरी और दमदार परफार्मेंस के साथ मिलेगा स्टाइलिश 5 जी फोन

पटना (दैनिक नवसंदेश) । फोन खरीदते समय अब सिर्फ परफार्मेंस ही नहीं, बल्कि डिजाइन, बैटरी और कैमरा भी मायने रखते हैं। ऐसे यूजर्स के लिए एआई स्मार्टफोन ने नोवा 2 सीरीज का नया फोन नोवा 2 पॉवर 5 जी लॉन्च किया है। फोन में आकर्षक डुअल-टोन डिजाइन के साथ दमदार परफॉर्मेंस और 7000 एमएएच की बैटरी और 33 वॉट फास्ट चार्जिंग सुविधा दी गई है।



नोवा 2 पॉवर को नई दिल्ली में आयोजित एक फैशन शो में रैंप पर पेश किया गया। इस दौरान, फोन को एथलीजर आउटफिट्स के साथ स्टाइल किया गया, जिससे टेक्नोलॉजी और फैशन का मेल देखने को मिला। फोन में ब्लू गोल्ड फ्यूजन और ब्लू फ्यूजन जैसे डुअल-टोन कॉलर दिए गए हैं। इसके अलावा ओशन ग्रीन, डीप पर्पल और मिडनाइट ब्लैक रंग भी उपलब्ध हैं।

माधव सेठ, सीईओ, एनएक्सटीक्वांटम शिफ्ट टेक्नोलॉजीस (एआई स्मार्टफोन) ने कहा, नोवा 2 पॉवर में डिजाइन और परफॉर्मेंस को साथ लाया गया है। इसकी कॉलर फ्यूजन डिजाइन ध्यान खींचती है, वहीं इसकी पॉवर रोजमर्रा की जरूरतों में साथ देती है।

फोन में 6.75 इंच एचडी पंच-होल आईपीएस डिस्प्ले है, जो 120 हर्ट्ज रिफ्रेश रेट के साथ आता है। इसमें मीडियाटेक डाइमेंसिटी 7100 प्रोसेसर, 48 मेगापिक्सल एआई प्राइमरी कैमरा, 8 मेगापिक्सल अल्ट्रा-वाइड कैमरा और 13 मेगापिक्सल फ्रंट कैमरा दिया गया है। फोन 6 जीबी 128 जीबी और 8 जीबी 128 जीबी वैरिएंट में आएगा। इसमें माइक्रोएसडी से स्टोरेज बढ़ाने की सुविधा भी है। फोन में डुअल 5 जी सिम, वाई-फाई 6, ब्लूटूथ 5.4 और आईपी 65 रेटिंग दी गई है। इस फोन की शुरुआती कीमत 15,999 रुपए' है, जिसमें बैंक अफर शामिल है।

रांची में 'दूसरी आवाज' के चौथे अंक का विमोचन

हनुमान सरावगी की जयंती पर सजी साहित्यिक संध्या

झारखण्ड हिन्दी साहित्य संस्कृति मंच की आम सभा संपन्न

राँची, (दैनिक नवसंदेश)। झारखण्ड हिन्दी साहित्य संस्कृति मंच की आम सभा की बैठक रविवार को होटल सिटी पैलेस के सभागार में संपन्न हुई। इसी अवसर पर मंच के संरक्षक एवं प्रसिद्ध समाजसेवी हनुमान सरावगी की जयंती समारोहपूर्वक मनाई गई तथा हिमकर श्याम द्वारा संपादित 'दूसरी आवाज' ई-पत्रिका के चौथे अंक का विमोचन किया गया। बैठक एवं समारोह की अध्यक्षता मंच के कार्यकारी अध्यक्ष निरंजन प्रसाद श्रीवास्तव ने की।

उन्होंने मंच की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए इसके सुदृढ़ीकरण एवं विकास के लिए सदस्यों से सुझाव आमंत्रित किए। बैठक में ध्वनिमत से बजट अनुमोदित किया गया।

आम सभा के बाद हनुमान सरावगी की जयंती के अवसर पर कवि गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन तथा रिंकू बैनर्जी द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना एवं 'वैष्णव जन तो तेने कहिए' भजन से हुआ। मंच के सचिव विनोद सिंह 'गहरवार' ने उपस्थित कवि-कवयित्रियों एवं प्रबुद्धजनों का स्वागत किया।

इस अवसर पर मंच के संरक्षक विनय सरावगी को अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। हिमकर श्याम ने कहा कि 'दूसरी आवाज' साहित्य और संस्कृति के विविध स्वर को मंच देने का प्रयास है।



'दूसरी आवाज' के चौथे अंक का विमोचन, हनुमान सरावगी की जयंती पर सजी साहित्यिक संध्या।

अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में निरंजन प्रसाद श्रीवास्तव ने हनुमान सरावगी के विराट व्यक्तित्व, उद्यमशीलता, लोक-संग्रह की भावना तथा उनके सामाजिक, सांस्कृतिक एवं साहित्यिक अवदान को स्मरण करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

डा. जंग बहादुर पाण्डेय ने सरावगी से जुड़े संस्मरण साझा करते हुए उनकी दानशीलता और समाजसेवा को रेखांकित किया। मंच के संरक्षक एवं हनुमान सरावगी के पुत्र विनय सरावगी ने अपने पिता की साहित्यिक यात्रा तथा सामाजिक एवं राजनीतिक योगदान से जुड़े कुछ अनछुए प्रसंग साझा किए।

समारोह के अवसर पर आयोजित कवि गोष्ठी में संजय सरस, डा. सुरिन्दर कौर 'नीलम', सुनीता अग्रवाल, रेणु त्रिवेदी मिश्र, आत्मेश्वर झा, प्रतिभा सिंह, सूरज श्रीवास्तव, डा. अँजेश कुमार, डा. विनय कुमार पाण्डेय, रेणु झा 'रेणुका', रेणु बाला धार, राज रामगढ़ी, हिमकर श्याम, नेहाल हुसैन सरैयावी, प्रज्ञाकांत पाठक, विकास वर्द्धन, डा. निराला पाठक, पंकज सिंह, असीत कुमार, कृष्णा विश्वकर्मा 'बादल', डा. वैद्यनाथ मिश्र तथा बिनोद सिंह 'गहरवार' ने काव्य-पाठ कर हनुमान सरावगी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

समारोह के अध्यक्ष ने सभी कवि-कवयित्रियों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए उन्हें साधुवाद दिया। कार्यक्रम का संचालन मंच के संयुक्त सचिव डा. वैद्यनाथ मिश्र ने किया। इस अवसर पर कमलेश्वर प्रसाद, शिवचन्द्र प्रसाद, निरंजन कुमार श्रीवास्तव, संजय कुमार वर्मा सहित अनेक साहित्यप्रेमी उपस्थित थे।

मंच के उपाध्यक्ष असीत कुमार के धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात राष्ट्रगान के साथ समारोह का समापन हुआ।

दैनिक नवसंदेश

वायस 4 बिहार डॉटकाम की इकाई, दैनिक नवसंदेश (डेली डिजिटल न्यूज पेपर), स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक- यू. सिंह के द्वारा वार्ड-28, नियर पानी टंकी, रानीपुर, ब्रह्मपुर, फुलवारीशरीफ, पटना-801505 से डिजिटली प्रकाशित और संपूर्ण बिहार में प्रसारित ।
इस डिजिटल समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री से संपादक, मुद्रक, प्रसारक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। प्राप्त स्पष्टीकरण प्रकाशित किया जायेगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का न्याय क्षेत्र पटना न्यायालय (बिहार) ही होगा। (सभी पद अवैतनिक है।)

'मेरे सपनों का भारत' चित्रकला प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई रचनात्मक प्रतिभा

सांसद राधामोहन सिंह बोले- छोटे-छोटे संकल्पों से बनेगा विकसित भारत

डीएम ने कहा- 'मेरे सपनों का भारत' अभियान बच्चों की कल्पनाओं को देगा नई उड़ान

मोतिहारी (एसएनबी)। 'मेरे सपनों का भारतसेवा चित्र' अभियान के तहत सोमवार को महात्मा गांधी प्रेक्षागृह, राजाबाजार में जिला स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों से चयनित कक्षा एक से आठ तक के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों ने शिक्षा, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, आत्मनिर्भरता, ग्रामीण विकास, सामाजिक समरसता और विकसित भारत की परिकल्पना को रंगों के माध्यम से अभिव्यक्त किया।कार्यक्रम का उद्घाटन सांसद एवं पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधामोहन सिंह, विधायक प्रमोद कुमार, उप महापौर लालबाबू गुप्ता, जिला शिक्षा पदाधिकारी राजन कुमार गिरी एवं शकील अहमद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।इस अवसर पर सांसद राधामोहन सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों की प्रतिभा को निखारने के साथ उनमें देश के प्रति जिम्मेदारी और सकारात्मक सोच विकसित करते हैं। विकसित भारत का निर्माण केवल सरकार के प्रयासों से संभव नहीं है। इसके लिए प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी और छोटे-छोटे संकल्प जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 में स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूरे होने तक भारत को पूर्ण विकसित राष्ट्र के रूप में विश्व का नेतृत्व करते देखना प्रत्येक भारतीय का सपना होना चाहिए। 'मेरे सपनों का भारत' केवल भौगोलिक सीमाओं तक सीमित परिकल्पना नहीं, बल्कि जीवंत, जागृत और आत्मनिर्भर भारत की कल्पना है।प्रतियोगिता में जिला स्कूल मोतिहारी के अमित राज ने प्रथम, यूएमएस अमोदेई, रामगढ़वा की रंजना कुमारी ने द्वितीय तथा श्रीधर अनूठा, कोटवा की अर्पिता यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता छात्र-छात्राओं से जिलाधिकारी सौरभ कुमार यादव ने अपने कक्ष में मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया और बेहतर भविष्य की शुभकामनाएं दीं।



कार्यक्रम का उद्घाटन सांसद एवं पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधामोहन सिंह, विधायक प्रमोद कुमार, उप महापौर लालबाबू गुप्ता, जिला शिक्षा पदाधिकारी राजन कुमार गिरी एवं शकील अहमद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

जिला शिक्षा विभाग के अनुसार प्रतियोगिता के आयोजन में विभिन्न प्रखंडों से प्रतिनियुक्त शिक्षकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अधिकारियों ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में रचनात्मक सोच, कल्पनाशीलता और अभिव्यक्ति की क्षमता विकसित होती है तथा उन्हें अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच मिलता हैस आयोजन में शिक्षक आदित्य मानस, अमित कुमार भारती, रवि कुमार, संतोष कुमार रंजन, धर्मेन्द्र कुमार सिंह, दीपक कुमार, अविनाश गुप्ता, गोलू कुमार, नंदकिशोर सहनी, राहुल प्रताप एवं मुन्ना कुमार ने सहयोग किया।

लोन का झांसा देकर महिलाओं से ठगी, अंतरजिला गिरोह का खुलासा

दस दस हजार रुपये के नोट के आकार के कागज से भरे लिफाफे थमाकर फरार हो जाते थे

कल्याणपुर (एनएसबी)। लोन दिलाने के नाम पर महिलाओं से ठगी करने वाले अंतरजिला गिरोह का कल्याणपुर पुलिस ने पर्दाफाश किया है। पुलिस ने मधुबन में छापेमारी कर गिरोह के एक सदस्य सीतामढ़ी जिले के बेलसंड थाना क्षेत्र के प्रतापपुर निवासी चंदन कुमार को गिरफ्तार किया है। उसके पास से फर्जी दस्तावेज, मोहर, एटीएम कार्ड, चेक, मोबाइल और टैब समेत ठगी में इस्तेमाल होने वाली कई सामग्री बरामद हुई है। मामले का खुलासा वृंदावन पंचायत के वार्ड संख्या चार निवासी रानी कुमारी की शिकायत के बाद हुआ। उन्होंने तीन अक्टूबर को थाने में आवेदन दिया था। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि नौ अन्य महिलाएं भी इसी गिरोह के झांसे में आकर ठगी का शिकार हुई हैंस पुलिस के मुताबिक, गिरोह के सदस्य आवास फाइनेंस लिमिटेड के नाम पर फर्जी कागजात तैयार कर महिलाओं से हस्ताक्षर कराते थे। इसके बाद एक लाख रुपये का लोन दिलाने का झांसा देकर पहले दस-दस हजार रुपये वसूलते थे। आधी किस्त जमा करने पर दो लाख रुपये का लोन देने का लालच भी दिया जाता था। रुपये लेने के बाद आरोपित महिलाओं को नोट के आकार के कागज से भरे लिफाफे थमाकर फरार हो जाते थे।गिरोह ने गिरजा देवी, रामाकांत भगत, मूर्ति देवी, रविंद्र सहनी और जलेन्द्र हजरा समेत अन्य लोगों को कल्याणपुर मस्जिद के समीप बुलाकर लिफाफे दिए थे। लिफाफा खोलने पर उसमें रुपये की जगह कागज मिलेस थानाध्यक्ष अमरजीत कुमार ने बताया कि गिरोह वर्ष 2024 से मधुबन में कार्यालय खोलकर मोतिहारी, चकिया, पिपरा, कल्याणपुर समेत अन्य क्षेत्रों में सक्रिय था। पुलिस अब तक की ठगी और गिरोह के दूसरे सदस्यों की जानकारी जुटा रही है। गिरफ्तार चंदन को न्यायिक हिरासत में मोतिहारी भेज दिया गया है।

22 वर्षों के शैक्षणिक योगदान के लिए शिक्षक संतोष तिवारी सम्मानित

मोतिहारी(एसएनबी)। विश्व शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर साहित्यिक, सामाजिक एवं सांसतिक संस्था 'संभावना' रक्सौल की ओर से आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में राजकीय मध्य विद्यालय झखरा (अरेराज) में पदस्थापित प्रखंड शिक्षक एवं राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर संतोष कुमार तिवारी 'संभावना' को शिक्षक सम्मान से अलंत किया गया। संस्था की ओर से उन्हें अंगवस्त्र एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया गया। समारोह में संस्था के अध्यक्ष भरत प्रसाद गुप्त, सहअध्यक्ष शिवपूजन प्रसाद गुप्ता, संगठन मंत्री रवीन्द्र मिश्र तथा कार्यक्रम प्रभारी भैरव प्रसाद गुप्ता एवं रमेश प्रसाद गुप्ता ने संयुक्त रूप से तिवारी के शैक्षणिक एवं सामाजिक योगदान की सराहना की। वक्ताओं ने कहा कि उन्होंने पूरी निष्ठा के साथ शिक्षा और समाज के उत्थान के लिए उल्लेखनीय कार्य किया है।संतोष कुमार तिवारी ने 27 मार्च 2004 को महज 18 वर्ष 10 माह की उम्र में शिक्षामित्र के रूप में सेवा शुरू की थी।



संभावना मंच ने अंगवस्त्र व प्रशस्ति-पत्र देकर किया सम्मानित।

22 वर्षों के सेवाकाल में उन्होंने विद्यालय के विकास के लिए लगातार प्रयास किया। उनके प्रयासों से विद्यालय में सात नए कक्षा-कक्ष, प्रधानाध्यापक कक्ष, बालिका शौचालय एवं किचेन शेड का निर्माण हुआ। ग्रामीणों एवं समुदाय को शिक्षा से जोड़ते हुए विद्यालय को माध्यमिक स्तर तक उत्क्रमित कराने और भूमि उपलब्ध कराने में भी उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।माध्यमिक स्तर पर करीब छह वर्षों तक शिक्षकों की कमी के बावजूद उन्होंने विद्यार्थियों की पढ़ाई बाधित नहीं होने दी। उनके मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने अनुमंडल एवं जिला स्तर की शैक्षणिक, सांसतिक और खेल प्रतियोगिताओं में सफलता हासिल की।सेवा के दौरान उन्होंने एमए, बीएड एवं डीएलएड की उपाधियां प्राप्त कीं। वे राज्य स्तरीय एफएलएन एवं वीएसएस मास्टर ट्रेनर के साथ संकुल समन्वयक, ज्ंस्‍ और छप्‍ै के माध्यम से शिक्षकों के क्षमता विकास में भी योगदान दे रहे हैं। बीएलओ की जिम्मेदारी निभाने के अलावा वे आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों के परीक्षा पंजीकरण एवं विभिन्न प्रपत्र निरूशुल्क भरकर उनकी मदद करते हैं। सम्मान मिलने पर तिवारी ने संस्था के प्रति आभार जताते हुए कहा कि बिना किसी बड़ी पहचान की प्रतीक्षा किए अपने हिस्से का काम ईमानदारी और पूरी निष्ठा से करते रहना ही शिक्षक की असली पहचान है। उन्होंने सम्मान का श्रेय विद्यार्थियों, सहकर्मियों, अभिभावकों और क्षेत्रवासियों के सहयोग को दिया।

संक्षिप्त खबरें

वोट बचाओ देश बचाओ को लेकर कांग्रेस की प्रेस वार्ता

मोतिहारी(एसएनबी)। वोट बचाओ देश बचाओ कार्यक्रम को लेकर सोमवार को मधुबन छावनी चौक स्थित एक निजी होटल के सभागार में मोतिहारी जिला कांग्रेस कमेटी के बैनर तले इंडिया गठबंधन के सहयोगी दलों की बैठक सह प्रेस वार्ता हुई। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रो़ अखिलेश दयाल ने की। जिलाध्यक्ष ने कहा कि एआईसीसी के आह्वान पर 2 से 8 अक्टूबर तक लोकतंत्र बचाओ सप्ताह के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की।सीपीआई नेता प्रभाकर जायसवाल ने कहा कि देश में वोट चोरी का मुद्दा गंभीर है और आम जनता के हितों की अनदेखी हो रही है। राजद प्रवक्ता जगदीश विद्रोही ने भी मुख्य निर्वाचन आयुक्त से नैतिक आधार पर इस्तीफा देने की मांग की। महानगर अध्यक्ष राहुल शर्मा ने कहा कि जिला व प्रखंड मुख्यालयों पर वोट बचाओ देश बचाओ कार्यक्रम आयोजित होंगे। मौके पर हरेंद्र राम, नूर मोहम्मद, नरेंद्र सिंह, दिलनवाज राशिद समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

बाइक से देशी शराब बरामद दो धंधेबाज गिरफ्तार

चकिया((एनएसबी)। पुलिस ने शहर के केसरिया रोड से बाइक से देसी चुलाई शराब ले जा रहे दो धंधेबाज को गिरफ्तार किया। पुलिस को गुप्त सूचना मिली की बाइक सवार दो शराब धंधेबाज केसरिया से मेहसी की तरफ जा रहा है। पुलिस ने केसरिया रोड स्थित पुलिस चौकी के निकट ग्लैमर बाइक पर प्लास्टिक के बोरा में लेकर जा रहे 18 लीटर देसी शराब के साथ दोनों धंधेबाजों को गिरफ्तार कर लिया। दोनों को पहचान मेहसी थाना क्षेत्र के मेहसी निवासी जयकिशुन पासवान के पुत्र गोपाल पासवान तथा हरेंद्र पासवान के पुत्र सुनील पासवान के रूप में बताया जाता है। इस बाबत इंस्पेक्टर सह थाना अध्यक्ष धर्म प्रकाश कुमार ने बताया कि दोनों शराब धंधेबाज को मध निषेध नियम के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में मोतिहारी भेज दिया।

पीडीएस राशन पर प्रतिबंध का वायरल आदेश फर्जी

एसडीएम सुजीत ने कहा- अफवाह पर ध्यान न दें फर्जी आदेश प्रसारित करने वालों पर होगी कार्रवाई

मोतिहारी(एनएसबी)। जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) के माध्यम से राशन वितरण पर प्रतिबंध संबंधी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा कथित सरकारी आदेश फर्जी है। अरेराज के अनुमंडल पदाधिकारी सुजीत कुमार ने स्पष्ट किया है कि उनके कार्यालय से ऐसा कोई आदेश जारी नहीं किया गया है। एसडीएम ने बताया कि सोशल मीडिया पर पत्रांक ैक्डध।त्म्ध्च्वैंै।ज्ञभ्ज्- ।क्मैभ्ध्124ध्2026, दिनांक 04 अक्टूबर 2026 के हवाले से एक पत्र प्रसारित किया जा रहा है। इसमें सोमवार को पीडीएस के माध्यम से राशन वितरण पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने और उल्लंघन करने पर दंडात्मक कार्रवाई का उल्लेख किया गया है। यह आदेश पूरी तरह फर्जी एवं भ्रामक है।सुजीत कुमार ने कहा कि फर्जी पत्र में अनुमंडल कार्यालय का नाम, पदनाम, पत्रांक, मुहर एवं हस्ताक्षर का दुरुपयोग किया गया है। प्रथम ष्टया यह दस्तावेज एआई तकनीक की सहायता से तैयार किया गया कूटरचित पत्र प्रतीत होता है।उन्होंने आम लोगों, राशन उपभोक्ताओं एवं जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं से अपील की कि वायरल पत्र के आधार पर किसी तरह की कार्रवाई न करें और अफवाहों पर ध्यान न दें। राशन वितरण से संबंधित कोई भी निर्देश केवल सक्षम प्राधिकार द्वारा विधिवत जारी आदेश के माध्यम से ही मान्य होगा।एसडीएम ने चेतावनी दी कि सरकारी कार्यालय एवं पदाधिकारी के नाम, मुहर और हस्ताक्षर का दुरुपयोग कर फर्जी आदेश तैयार करने तथा उसे प्रसारित करने वालों की पहचान कर उनके विरुद्ध नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

मौलाना आजाद के विचार और वर्तमान सूरत ए हाल विषयक पर मोतिहारी में 22 को कांफ्रेंस, तैयारी को ले 8 को होगी बैठक

तुरकौलिया(एनएसबी)। इमाम-उल-हिंद मौलाना अबुल कलाम आजाद की यौम-ए-पैदाइश (राष्ट्रीय शिक्षा दिवस) के अवसर पर आगामी 22 नवंबर को मोतिहारी के जिला स्कूल स्टेडियम में एक दिवसीय कांफ्रेंस का आयोजन किया गया है। मौलाना आजाद के विचार और मौजूदा सूरत ए हाल विषय पर आयोजित होने वाली इस कांफ्रेंस की तैयारियों को लेकर जिले के सभी प्रखंडों में प्रखंड स्तर पर बैठकों का दौर जारी है। इसी कड़ी में आगामी 8 अक्टूबर को ड़ अफजल आलम तुरकौलिया के एबी हस्पिटल परिसर में प्रखंड स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया है। बैठक में एमएलसी ड़ खालिद अनवर, रहमानिया मेडिकल सेंटर के चेयरमैन ड़ तबरेज अजीज, ड़ परवेज अजीज, ड़ अब्दुल खबीर, जिला अव्काफ कमेटी के चेयरमैन सैय्यद मोबीन अहमद, भाजपा नेता अबदुल रहमान, कांग्रेस नेता मोहम्मद तमन्ना, अबूटा के सेक्ट्री मोहम्मद अमानुल्लाह आदि गणमान्य लोग शिरकत करेंगे। जहां आगामी 22 अक्टूबर को आयोजित कांफ्रेंस की तैयारी पर चर्चा होगी। साथ ही उक्त कांफ्रेंस में ज्यादा से ज्यादा लोगों को पहुंचने का न्योता दिया जाएगा। ड़ अफजल आलम ने बताया कि बैठक को लेकर लोगों से संपर्क किया जा रहा है। ताकि कांफ्रेंस को सफल बनाया जा सके। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, पंडित जवाहरलाल नेहरू, मौलाना अबुल कलाम आजाद जैसे महान नेताओं ने देश की आजादी के लिए अपनी कुर्बानियों से इतिहास रचा है। कांफ्रेंस में इन महापुरुषों के जीवन पर प्रकाश डाला जाएगा। जहां स्वतंत्रता संग्राम में मौलाना आजाद की भूमिका और उनके त्याग की भी चर्चा होगी। जिससे नई पीढ़ी अवगत हो सकेगी।

उर्दू के प्रचार-प्रसार को लेकर मासिक समीक्षा बैठक, कर्मियों को दिए गए निर्देश

मोतिहारी(एनएसबी)। उर्दू भाषा के प्रचार-प्रसार को लेकर सोमवार को ड़ राधाष्ण भवन, मोतिहारी में जिला उर्दू भाषा कोषांग की मासिक समीक्षात्मक बैठक हुई। अध्यक्षता प्रभारी पदाधिकारी जिला उर्दू भाषा कोषांग-सह-सहायक निदेशक, जिला अल्पसंख्यक कल्याण मो़ साजिद ने की। बैठक में प्रभारी पदाधिकारी ने सभी उर्दू कर्मियों को प्रत्येक मासिक बैठक में सभी वांछित प्रतिवेदन के साथ समय पर उपस्थित होने का निर्देश दिया। बिना पूर्व सूचना व अनुमति अनुपस्थित रहने अथवा विलंब से आने वाले कर्मियों के विरुद्ध नियमानुकूल कार्रवाई की चेतावनी दी गईस उन्होंने कहा कि 15 अक्टूबर को उर्दू निदेशालय में प्रस्तावित राज्यस्तरीय समीक्षात्मक बैठक के लिए मांगे गए सभी प्रतिवेदन नौ अक्टूबर तक जिला उर्दू भाषा कोषांग को उपलब्ध कराएं, ताकि समेकित प्रतिवेदन 12 अक्टूबर तक निदेशालय को भेजा जा सके।बैठक में 13 अक्टूबर से शुरू होने वाले अनलाइन उर्दू प्रशिक्षण कार्यक्रम में अधिक से अधिक इच्छुक कर्मियों व अभ्यर्थियों का नामांकन कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही उर्दू के प्रचार-प्रसार और आम लोगों के बीच इसके प्रयोग को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। प्रभारी पदाधिकारी ने विभिन्न कार्यालयों में कार्यालय का नाम, पदाधिकारी का नाम-पट्ट आदि उर्दू में प्रदर्शित किए जाने की भी समीक्षा की। स्थानांतरण के बाद नए पदाधिकारी के नाम-पट्ट को भी उर्दू में प्रदर्शित कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में उर्दू पत्रिकाओं उर्दू दुनिया, ख्वातीन दुनिया और बच्चों की दुनिया का वार्षिक सदस्यता अभियान जारी रखने पर सहमति बनी। अंत में उपस्थित कर्मियों के बीच पत्रिकाओं का वितरण किया गया।



मासिक समीक्षा बैठक।

संक्षिप्त खबरें

मध्याह्न भोजन में अनियमितता के आरोप पर भड़के मुखिया, बच्चों ने किया बहिष्कार

मधुबन(एनएसबी)। राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बाजितपुर में सोमवार को मध्या भोजन की व्यवस्था और शिक्षण व्यवस्था का मामला सामने आया। मुखिया विजय कुमार साह ने विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान बच्चों और रसोइयों से मध्या भोजन को लेकर जानकारी ली। बच्चों और रसोइयों ने आरोप लगाया कि उन्हें नियमित रूप से मेनू के अनुसार भोजन नहीं दिया जाता है। इसके विरोध में बच्चों द्वारा मध्या भोजन के बहिष्कार की बात भी सामने आईस रसोइयों ने मुखिया को बताया कि विद्यालय में भोजन बनाने के लिए उपलब्ध बर्तन काफी जर्जर हैं। इसकी शिकायत प्रधानाध्यापक से किए जाने के बावजूद नए बर्तनों की व्यवस्था नहीं की गई। मुखिया और ग्रामीणों ने विद्यालय की शिक्षण व्यवस्था पर भी नाराजगी जताई। उनका आरोप था कि मध्या भोजन के बाद बड़ी संख्या में बच्चे विद्यालय से चले जाते हैं।मुखिया विजय कुमार साह ने कहा कि विद्यालय की व्यवस्था में सुधार के लिए प्रधानाध्यापक को कई बार कहा गया है, लेकिन स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ। उन्होंने इस संबंध में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी उर्मिला श्रीवास्तव से फोन पर संपर्क करने का प्रयास भी किया।इधर, प्रधानाध्यापक रामबाबू प्रसाद ने आरोपों से अलग अपना पक्ष रखते हुए कहा कि बच्चों को नियमित रूप से मेनू के अनुसार भोजन दिया जाता है। विद्यालय में दो गैस सिलेंडर थे, जिसमें से एक चोरी हो गया है। सोमवार को दूसरे सिलेंडर में गैस कम होने के कारण मध्या भोजन तैयार करने में परेशानी हुई। उन्होंने बताया कि सब्जी और अन्य आवश्यक सामग्री विद्यालय में उपलब्ध करा दी गई थी।

बीज शुद्धता से लेकर मशरूम उत्पादन तक छात्रों ने सीखी तकनीक

बीज उत्पादन इकाई में रोगिंग का किया अभ्यास मशरूम बैग तैयार कर लिया प्रशिक्षण

पीपराकोठी(एनएसबी)। कृषि विज्ञान केंद्र, पिपराकोठी में सोमवार को ग्रामीण षि कार्य अनुभव (रावे) कार्यक्रम के तहत छात्रों के लिए व्यावहारिक प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में छात्रों को बीज उत्पादन की वैज्ञानिक तकनीक के साथ मशरूम उत्पादन की विभिन्न प्रक्रियाओं की जानकारी दी गईसप्रशिक्षण के प्रथम सत्र में छात्रों ने केंद्र की बीज उत्पादन इकाई का भ्रमण किया। धान की उन्नत किस्मों के बीज उत्पादन प्रक्षेत्र में छात्रों को रोगिंग का प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षकों ने बताया कि बीज की आनुवंशिक एवं भौतिक शुद्धता बनाए रखने के लिए खेत में उगे अवांछित किस्म के पौधों, खरपतवार तथा रोगग्रस्त पौधों की समय रहते पहचान कर उन्हें निकालना जरूरी है। छात्रों ने खेत में जाकर ऐसे पौधों की पहचान की और उन्हें निकालने का अभ्यास किया।वहीं, दूसरे सत्र में छात्रों ने मशरूम उत्पादन इकाई में व्यावहारिक प्रशिक्षण लिया। छात्रों ने सामूहिक रूप से मशरूम उत्पादन के लिए बैग तैयार किए। इसके साथ ही पोटैटो डेक्सट्रोज एगर (पीडीए) मीडिया तैयार करने की प्रक्रिया को समझते हुए हैंड्स-अन अभ्यास भी किया। प्रशिक्षकों ने मशरूम उत्पादन में स्वच्छता, माध्यम तैयार करने और उत्पादन की विभिन्न प्रक्रियाओं की जानकारी दी।केंद्र के वैज्ञानिकों ने बताया कि रावे कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को षि की आधुनिक तकनीकों से जोड़कर व्यवहारिक ज्ञान उपलब्ध कराना है। ऐसे प्रशिक्षण से विद्यार्थी बीज उत्पादन के साथ कम लागत में मशरूम उत्पादन जैसे स्वरोजगार के विकल्पों को अपनाकर भविष्य में आत्मनिर्भर बन सकते हैं।

दशहरा पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक, डीजे बजाने पर रहेगी पूरी रोक

तुरकौलिया(एनएसबी)। दशहरा पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर सोमवार को प्रखंड सभागार भवन में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता सीओ प्रभात कुमार ने की। इस दौरान पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने, पूजा पंडालों की सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण तथा असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई को लेकर प्रशासनिक तैयारियों पर चर्चा की गई।थानाध्यक्ष रणजीत कुमार ने स्पष्ट कहा कि दशहरा पर्व के दौरान डीजे बजाने पर पूर्णतः रोक रहेगी। यदि कहीं डीजे बजाने की सूचना मिलती है तो संबंधित लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वालों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा। पर्व के दौरान हुड़दंग करने वाले एवं माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों पर पुलिस की विशेष नजर रहेगी। सीओ प्रभात कुमार ने कहा कि दशहरा पर्व को लेकर प्रशासनिक स्तर पर आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। शांति एवं सौहार्द बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है। पूजा समितियों को भी प्रशासन द्वारा निर्धारित नियमों का पालन करना होगा। संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी तथा आवश्यकता के अनुसार पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। बैठक में हालांकि किसी भी पूजा समिति के अध्यक्ष या सदस्य के शामिल नहीं होने पर प्रशासन ने उनके साथ अलग से बैठक करने का निर्णय लिया। अधिकारियों ने बताया कि पूजा समितियों के सदस्यों को बुलाकर पर्व के दौरान प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों, डीजे पर प्रतिबंध, सुरक्षा व्यवस्था तथा अन्य नियमों की जानकारी दी जाएगी। बैठक में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति भी अपेक्षात कम रही। चर्चा रही कि महावीरी झंडा के दौरान दर्ज हुई प्राथमिकी को लेकर कुछ जनप्रतिनिधि नाराज चल रहे हैं। हालांकि इस संबंध में किसी जनप्रतिनिधि की ओर से बैठक में कोई औपचारिक आपत्ति दर्ज नहीं कराई गई। प्रशासन ने लोगों से अपील की कि दशहरा पर्व को आपसी भाईचारे और शांतिपूर्ण वातावरण में मनाएं तथा किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न दें। संदिग्ध गतिविधि या उपद्रव की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की गई। बैठक में मुखिया रामजनम पासवान, सरपंच विजय सिंह, रसूल अंसारी, पंचायत समिति सदस्य ईदु देवान, शंभू साह, मुन्ना दुबे सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद थे।

दुर्गा पूजा पंडाल का अग्निशमन विभाग ने किया निरीक्षण

मोतिहारी(एन एस बी)। मोतिहारी के अनुमंडल अगिशमालय, मोतिहारी अंतर्गत पिपराकोठी में बन रहे भव्य दुर्गा पूजा पंडाल का आज शनिवार को जिला अगिशमन पदाधिकारी, मोतिहारी 'मो आरिफुज्जमा' के द्वारा सघन निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने पंडाल में अगि सुरक्षा के उपायों, विद्युत व्यवस्था, पंडाल की मजबूती एवं आपातकालीन निकास द्वार (थ्पतम म्पज) की गहनता से जाँच की। उन्होंने पूजा समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों को अगि सुरक्षा से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।जिला अगिशमन पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि पंडाल में दो अलग-अलग चौड़े निकास द्वार रखे जाएं, पर्याप्त संख्या में अगिशमन यंत्र एवं बालू भरी बाल्टियाँ रखी जाएं, बिजली के तारों में ओवरलोडिंग न हो और पंडाल के अंदर धूम्रपान पूरी तरह वर्जित रखा जाए। साथ ही बड़े पंडालों के लिए थ्पतम छव्ब लेना अनिवार्य बताया गया।इस अवसर पर 'सहायक जिला अगिशमन पदाधिकारी श्री सुरेन्द्र सिंह' सहित अगिशमन विभाग के अन्य कर्मी एवं पूजा समिति के सदस्य मौजूद रहे।जिला अगिशमन पदाधिकारी ने कहा कि त्योहार को सुरक्षित और शांतिपूर्ण तरीके से मनाने के लिए सभी पूजा समितियों को अगि सुरक्षा मानकों का शत-प्रतिशत पालन करना होगा।



पंडाल का निरीक्षण करते अग्निशमन के अधिकारी।

संक्षिप्त खबरें

चिरैया में 17 वर्षीय किशोर का संदिग्ध परिस्थिति में फंदे से लटका मिला शव, क्षेत्र में फैली सनसनी



सिमरीबख्तियारपुर (सहरसा) (एनएसबी)। पूर्वी कोसी तटबंध के भीतर चिरैया थाना क्षेत्र के अलानी पंचायत स्थित चिरैया गांव में सोमवार को एक 17 वर्षीय किशोर का शव संदिग्ध स्थिति में फंदे से लटका मिला। शव गांव के बगुलवा टोला स्थित भरना भिट्ठा नदी किनारे मिला। मृतक की पहचान चिरैया गांव निवासी रामकुमार चैधरी के 17 वर्षीय पुत्र रितेश कुमार के रूप में हुई है। घटना के बाद गांव में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार, सोमवार दोपहर बाद गांव की ही एक महिला घास काटने के लिए गई थी। इसी दौरान उसकी नजर नदी किनारे फंदे से लटके एक युवक पर पड़ी। युवक को इस हालत में देखकर महिला घबरा गई और शोर मचाया। महिला की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने घटना की सूचना तत्काल चिरैया थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही चिरैया थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जानकारी ली। पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, सहरसा भेज दिया गया। घटना के बाद मृतक के स्वजनों में कोहराम मच गया। हालांकि, खबर लिखे जाने तक स्वजनों की ओर से घटना को लेकर किसी प्रकार का बयान पुलिस को नहीं दिया गया था। इस कारण किशोर की मौत के पीछे के कारणों का स्पष्ट रूप से पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले को संदिग्ध मानकर विभिन्न बिंदुओं पर जांच कर रही है। घटना के कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस की जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। पुलिस द्वारा आसपास के लोगों से भी पूछताछ की जा रही है।

वाहन जांच अभियान से मचा हड़कंप, हेलमेट व कागजात के अभाव में कई वाहन चालकों से वसूला गया जुमार्ना



सिमरीबख्तियारपुर (सहरसा) (एनएसबी)। थाना क्षेत्र के डाक बंगला चैक पर सोमवार को जिला परिवहन पदाधिकारी सुजीत बरनवाल के नेतृत्व में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। अचानक शुरू हुए जांच अभियान से वाहन चालकों में हड़कंप मचा रहा। इस दौरान चैक से गुजरने वाले दोपहिया एवं अन्य वाहनों को रोककर आवश्यक कागजात और यातायात नियमों के पालन की जांच की गई। जांच के दौरान बिना हेलमेट के वाहन चलाने वाले चालकों के साथ-साथ वाहन के आवश्यक कागजात नहीं दिखाने वाले चालकों पर जुमार्ना लगाया गया। अधिकारियों ने वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने की सख्त हिदायत भी दी। खासकर दोपहिया वाहन चालकों से हेलमेट पहनकर ही वाहन चलाने की अपील की गई। डीटीओ ने कहा कि सड़क सुरक्षा को लेकर नियमित रूप से वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने वाहन चालकों से वाहन चलाते समय सभी आवश्यक कागजात साथ रखने और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। अभियान के दौरान परिवहन विभाग के कई पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे।

राजस्व अमीनों ने अपनी समस्याओं के समाधान हेतु शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन आयोजित



सहरसा शहर (एनएसबी)। बिहार राजस्व अमीन संघ, संबद्ध बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर सहरसा के सभी राजस्व अमीनों ने अपनी समस्याओं के समाधान हेतु एक शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन आयोजित किया। मुकेश कुमार की अध्यक्षता में हुए इस कार्यक्रम में बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के राज्याध्यक्ष सह जिला मंत्री शरद कुमार धरना कार्यक्रम को संबोधित किए।वही प्रमुख मांगों में सम्मान जनक वेतन स्तर-6 का लाभ मिलने,गृह जिला पदस्थापन करने,अमीनो की सेवा संपुष्टि शीध्र करने,पदोन्नति, स्थानांतरण एवं पदनाम में सुधार करने, कार्य की कठिनाइयों को समझते हुए लैपटॉप, यात्रा भत्ता और इंसेंटिव की सुविधा देने, बायोमेट्रिक उपस्थिति की अनिवार्यता में शिथिलता प्रदान करने की मांग शामिल है।धरना-प्रदर्शन में,मुकेश कुमार, भगवान प्रसाद,सौरव कुमार सिंह,रजनीश कुमार,मृत्युंजय कुमार,सनातन कुमार,स्नेहा कुमारी,परीक्षा कुमारी,लालमोहन कुमार, रणविजय कुमार,अजय कुमार ऋषभ श्रीवास्तव,आशुतोष कुमार,काजल कुमारी,गायत्री कुमारी, तनु कुमारी अरुणा कुमारी,मनीष कुमार,इम्तियाज विक्रम राज,रचना कुमारी सहित अन्य शामिल रहें।

बजरंग दल ने पकड़ा 22 गायों से लदा ट्रक, मौके से चालक फरार पुलिस के हवाले किया वाहन



सहरसा नगर (एनएसबी)। जिला के सिमरी बख्तियारपुर प्रखंड अंतर्गत बलवाहाट थाना क्षेत्र में रविवार देर रात बजरंग दल के सदस्यों ने 22 गायों से लदे एक ट्रक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। मोहम्मदपुर पंचायत के बेलाटोल स्कूल के पास संदिग्ध हालत में खड़े ट्रक को बजरंग दल के सदस्यों ने रोका। ट्रक का रजिस्ट्रेशन नंबर ॅठ-65-ब्-3575 (पश्चिम बंगाल) बताया गया है। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया और गायों को सुरक्षित स्थान पर रखवाया। घटना के समय ट्रक का चालक मौके से फरार हो गया। थानाध्यक्ष राजू कुमार ने बताया कि पुलिस वाहन के नंबर के आधार पर चालक और मालिक की जानकारी जुटा रही है। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि गायों को कहां से लाया जा रहा था और उन्हें कहां ले जाया जा रहा था। पुलिस गायों के परिवहन से जुड़े दस्तावेजों की जांच करेगी और परिवहन के उद्देश्य को स्पष्ट करने के बाद ही मामले की पूरी जानकारी सामने आएगी। गायों की स्थिति और परिवहन के मकसद को लेकर आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है वहीं आने पर अपडेट किया जाएगा।

प्रमंडल स्तरीय विद्यालय खेलकुद प्रतियोगिता का डीएम व एसपी ने किया भव्य शुभारंभ



खिलाड़ियों को पुरस्कार देते डीएम व एसपी।



सहरसा कार्यालय (दैनिक नवसंदेश)। सहरसा जिले में प्रमंडल स्तरीय विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ सोमवार को पुलिस लाइन मैदान, पटेल मैदान, जिला स्कूल मैदान एवं इंडोर स्टेडियम खेल भवन स्थित व्यायामशाला में विभिन्न खेल स्पधाओं के आयोजन के साथ हुआ।

मुख्य उद्घाटन समारोह पुलिस लाइन मैदान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके उपरांत मार्च पास्ट का अवलोकन एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा 100 मीटर बालक दौड़ के प्रतिभागियों को हरी झंडी दिखाकर प्रतियोगिता का औपचारिक शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर अपर समाहर्ता, सहरसा एवं जिला खेल पदाधिकारी द्वारा जिला पदाधिकारी एवं् पुलिस अधीक्षक को पौधा एवं मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला खेल पदाधिकारी ने कहा कि खेल हमारे जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास तथा टीम भावना विकसित करने के साथ-साथ बच्चों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से दक्ष बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने सरकार की ह्यमेडल लाओ, नौकरी पाओह्न नीति का उल्लेख करते हुए खिलाड़ियों को खेल के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान खिलाड़ियों में विशेष उत्साह एवं खुशी का माहौल देखने को मिला। जिला पदाधिकारी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि सहरसा जिले के प्रतिभाशाली खिलाड़ी विभिन्न खेल विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले, राज्य एवं राष्ट्र स्तर पर पहचान स्थापित करें, इसके लिए जिला प्रशासन हरसंभव सहयोग प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि खेल एवं खिलाड़ियों के विकास से संबंधित विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रतिभावान खिलाड़ियों तक पहुंचाने के साथ-साथ खेल के लिए आवश्यक आधारभूत संरचनाओं के विकास पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सहरसा जिले से राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी आगे आएंगे। यह प्रतियोगिता तीन दिनों तक आयोजित की जाएगी, जिसमें कुल 23 खेल विधाओं में प्रतिभागी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों का चयन आगे आयोजित होने वाली प्रमंडल स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा। विभिन्न खेल विधाओं के सफल संचालन में श्री रोशन कुमार सिंह धौनी, प्रमोद कुमार झा, शशि भूषण, समी अहमद, नीतीश मिश्रा, महेश कुमार, तुषार कात्यान, अमरिंद कुमार अमर, सूरज कुमार गुप्ता, शनी सिंह, अरुण कुमार भारती सहित अन्य तकनीकी पदाधिकारियों एवं शारीरिक शिक्षा शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

सेवा संकल्प अभियान के तहत चित्रकला प्रदर्शनी एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित



भाषण प्रतियोगिता सभी अतिथिगण।

सहरसा शहर (एनएसबी)। सेवा संकल्प अभियान के तहत 'मेरे सपनों का भारत' विषय पर जिला स्तरीय चित्रकला प्रदर्शनी एवं कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए भाषण प्रतियोगिता का आयोजन एकलव्या सेंट्रल स्कूल, सुलिंदाबाद में किया गया। स्कूल के निर्देशक मुकेश कुमार सिंह एवं अजय कुमार सिंह के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष साजन शर्मा विशिष्ट अतिथि डॉ राम नरेश सिंह थे साथ ही अतिथि के रूप में जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन साह जिला महामंत्री भैरवानंद झा जिला प्रवक्ता अभिनंदन सिंह कुशवाहा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने ह्हमारे सपनों का भारत कैसा होगाह्न विषय पर अपनी कल्पनाओं और विचारों को चित्रों एवं भाषण के माध्यम से प्रस्तुत किया। बच्चों द्वारा बनाए गए चित्रों में विकसित, आत्मनिर्भर, स्वच्छ, शिक्षित एवं सशक्त भारत की परिकल्पना देखने को मिली इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष साजन शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत का भविष्य आज के विद्यार्थियों के हाथों में है। हमारे सपनों का भारत केवल आर्थिक रूप से मजबूत ही नहीं, बल्कि शिक्षा, संस्कार, स्वच्छता, तकनीक, आत्मनिर्भरता और सामाजिक समरसता के क्षेत्र में भी अग्रणी होना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित होकर देश के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। डॉ राम नरेश सिंह नेकहा कि बच्चों की सोच और उनके सपने ही आने वाले भारत की दिशा तय करेंगे। ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने के साथ-साथ उनमें राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी और सकारात्मक सोच विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला। चित्रकला प्रदर्शनी एवं भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं।

दत्तक ग्रहण संस्थान से अमेरिकन दंपति ने लिया बच्चा गोद


अमेरिकन दंपती के गोद में बालक।

सहरसा शहर (एनएसबी)। जिला बाल संरक्षण इकाई, सहरसा द्वारा संचालित विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान में आवासित बालक को अमेरिकन दंपती ने गोद लिया। सोमवार को जिला पदाधिकारी दीपेश कुमार द्वारा अमेरिकी दम्पति ऑस्टिन डगलस जेम्स और जूलियन ग्रेस जेम्स को बच्चा गोद दिया गया। इस अवसर पर अमेरिकन दंपति बच्चें को अपने गोद में रखकर काफी प्रसन्न मुद्रा मे जिलाधिकारी एवं बाल संरक्षण इकाई के धन्यवाद ज्ञापित किया। ज्ञात हो कि लावारिस नवजात शिशु को बाल संरक्षण पालना घर मे उचित देखभाल एवं पालनपोषण किया जा रहा है। सरकार द्वारा आमजनों से लावारिस बच्चे को बाल संरक्षण इकाई को सूचित करने की अपील की। ज्ञात हो अब तक कई विदेशी एवं स्थानीय संतानहीन दंपति द्वारा सरकार द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के तहत कानूनी कार्रवाई पालन कर गोद लिया गया है।

नशे के खिलाफ सिटानाबाद में ग्रामीणों ने लिया संकल्प थानाध्यक्ष ने दिया हरसंभव सहयोग का भरोसा


संकल्प लेते ग्रामीण।

सहरसा नगर (एनएसबी)। सिमरी बख्तियारपुर अनुमंडल क्षेत्र में नशे के बढ़ते प्रभाव के खिलाफ सिटानाबाद में ग्रामीणों ने एकजुट होकर नशामुक्त पंचायत बनाने का संकल्प लिया। सिटानाबाद चैक बाजार स्थित मध्य विद्यालय परिसर में सिटानाबाद उत्तरी एवं दक्षिणी पंचायत के ग्रामीणों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बख्तियारपुर थाना अध्यक्ष जयशंकर कुमार ने की। बैठक में बड़ी संख्या में ग्रामीण, युवा, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं अभियान से जुड़े कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष जयशंकर कुमार ने कहा कि नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में पुलिस प्रशासन ग्रामीणों का हरसंभव सहयोग करेगा। उन्होंने कहा कि नशे के कारोबार में संलिप्त पाए जाने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और किसी भी कीमत पर उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों से नशे से जुड़े मामलों की सूचना पुलिस को देने की अपील की। सिटानाबाद दक्षिणी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मो. सफाउल ने कहा कि पंचायत को नशामुक्त बनाने के लिए समाज के सभी वर्गों को एकजुट होकर लगातार प्रयास करना होगा। उन्होंने कहा कि नशे का सबसे अधिक दुष्प्रभाव युवाओं पर पड़ रहा है, इसलिए युवाओं को जागरूक कर उन्हें इस बुराई से दूर रखना जरूरी है। मुख्य अतिथि डॉक्टर अबू फराह साजली ने नशे के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्प्रभावों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे से बचाने के लिए परिवार, समाज और प्रशासन को मिलकर काम करना होगा। बैठक में मौजूद लोगों ने नशे को समाज के लिए अभिशाप बताते हुए इसके खिलाफ सामूहिक अभियान चलाने और पंचायत को नशामुक्त बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मौके पर अभियान के अध्यक्ष मो. हारून खान, संगठन प्रभारी आबिद रहीम, सचिव रोशन रजक, कोषाध्यक्ष शम्भू चैधरी, उपाध्यक्ष मो. सरफराज नवाज समेत कमिटी के सक्रिय सदस्य मुदस्सिर, लक्की, नासिर अंटोनी, अली अहमद, शम्स रजा खान, नजरुल इसराक, तारिक जमील, अरुण जी, आसिफ बेग सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण, युवा एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

ड्रोन प्रतियोगिता में टीपी कॉलेज एनसीसी कैडेटों ने गाड़े झंडे

इंटर डायरेक्ट्रेट प्रतियोगिता के लिए तमिलनाडु होंगे रवाना


प्रतियोगिता में एनसीसी कैडेट।

सहरसा शहर (एनएसबी)। स्थानीय ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय मधेपुरा और 17 बिहार बटालियन एनसीसी सहरसा के लिए गौरव का क्षण है। महाविद्यालय के दो होनहार एनसीसी कैडेट सीनियर अंडर ऑफिसर आलोक कुमार और सार्जेंट सत्यम कुमार ने इंटर ग्रुप ड्रोन प्रतियोगिता में भागलपुर ग्रुप का शानदार प्रतिनिधित्व करते हुए अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा और तकनीकी कौशल का लोहा मनवाया है।

उक्त प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में दोनों कैडेटों ने अपने बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर बेस्ट एकेडमिक अवार्ड, बेस्ट इनोवेशन एंड डिजाइन अवार्ड और ओवरऑल विनर ट्रॉफी अपने नाम किया है। जिसको लेकर उनका चयन इंटर डायरेक्ट्रेट ड्रोन प्रतियोगिता के लिए हुआ है। उक्त आगामी प्रतियोगिता तमिलनाडु के सेलम में आयोजित की जाएगी। जहां वे बिहार एवं झारखंड डायरेक्ट्रेट का प्रतिनिधित्व करेंगे। उनकी उपलब्धि से न केवल महाविद्यालय बल्कि पूरे कोसी प्रमंडल का नाम रोशन हुआ है। गणमान्य व्यक्तियों ने दी बधाई एवं शुभकामनाए दिया है। महाविद्यालय प्रधानाचार्य प्रो. डॉ. कैलाश प्रसाद यादव ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे छात्रों ने अपनी तकनीकी दक्षता से यह साबित कर दिया है कि सही दिशा में की गई मेहनत हमेशा रंग लाती है। इन दोनों कैडेटों ने महाविद्यालय का नाम राष्ट्रीय पटल पर अंकित किया है। ड्रोन टेक्नोलॉजी जैसे आधुनिक क्षेत्र में इनकी यह सफलता अन्य सभी छात्रों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी। पूरे महाविद्यालय परिवार को इन पर गर्व है। वही 17 बिहार बटालियन एनसीसी सहरसा के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल प्रमोद कुमार चैधरी ने कैडेटों की हौसला अफजाई करते हुए कहा आलोक और सत्यम की लगन, समर्पण और अनुशासन अद्वितीय है। भागलपुर ग्रुप का प्रतिनिधित्व करते हुए ओवरऑल चैंपियन बनना पूरी 17 बिहार बटालियन के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि तमिलनाडु में भी ये बिहार-झारखंड डायरेक्ट्रेट का परचम लहराएंगे और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। पूर्व कमांडिंग ऑफिसर कर्नल बी सत्यनारायण ने कैडेटों को शुरूआती दौर से तैयार करने वाले और तकनीकी प्रशिक्षण में मार्गदर्शन देने वाले पूर्व कमांडिंग ऑफिसर ने इस अवसर पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि बच्चों को इस मुकाम तक पहुचते देखना मेरे लिए बेहद संतोषजनक है। प्रशिक्षण के दौरान ही मैंने इनमें ड्रोन तकनीक को लेकर एक विशेष प्रकार की जिज्ञासा और नवोन्मेषी सोच देखी थी। आज इनकी वही कड़ी मेहनत और अभ्यास सफलता में बदल गया है। आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए मेरी ढेरों शुभकामनाए। महाविद्यालय के एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट गुड्डू कुमार ने अपने कैडेटों को बधाई देते हुए कहा एक एएनओ के रूप में अपने कैडेटों को इस तरह की उच्च स्तरीय प्रतियोगिताओं में सफलता प्राप्त करते देखना सबसे बड़ा सम्मान है। एसयूओ आलोक और सार्जेंट सत्यम ने दिन-रात एक कर इस प्रतियोगिता की तैयारी की थी। इन्होंने न केवल अपनी तकनीकी दक्षता साबित की है, बल्कि एनसीसी के मूल मंत्र एकता और अनुशासन को भी चरितार्थ किया है। यह जीत हमारी पूरी एनसीसी यूनिट की जीत है।

संक्षिप्त खबरें

बच्चों के मामूली विवाद में महिला के साथ मारपीट

बेलदौर(एनएसबी)। बच्चों के मामूली विवाद को लेकर हुए झगड़े में एक 25 वर्षीय महिला के साथ मारपीट की घटना सामने आई है। परिजनों ने गंभीर अवस्था में घायल महिला को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेलदौर में भर्ती कराया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार, बेलदौर नगर पंचायत क्षेत्र के परेवा बासा निवासी गणेश मंडल की 25 वर्षीय पत्नी ललिता देवी के बच्चे का पड़ोस के बच्चों से विवाद हो गया था। जब ललिता देवी मामले का बीच-बचाव करने पहुंचीं, तो दबंगों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। इस घटना में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। इसके बाद परिजनों की मदद से उन्हें तुरंत बेलदौर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डक्टरों की देखरेख में उनका उपचार जारी है।

बाईक चलाने के दौरान युवक को सर्पदंश

बेलदौर(एनएसबी)। मोटरसाइकिल चलाने के दौरान एक 28 वर्षीय युवक को विषैले सांप ने डस लिया। पीड़ित युवक की पहचान बेलदौर थाना क्षेत्र के जीरो माइल कोहवा बासा निवासी रणजीत सिंह के 28 वर्षीय पुत्र नीतीश कुमार के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, नीतीश कुमार अपनी बाइक से जीरो माइल चौक की ओर जा रहे थे। इसी दौरान बाइक के अंदर छिपा विषैला सांप अचानक बाहर निकला और उनके दाहीने हाथ के पंजे में डस लिया। घटना के तुरंत बाद परिजनों ने उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेलदौर में भर्ती कराया। वहां डक्टरों ने समय पर प्राथमिक उपचार कर उनकी स्थिति को खतरे से बाहर बताया और उपचार के बाद उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी।

पुलिस दीदी ने किया शिक्षण संस्थाओं का निरीक्षण

बेलदौर (एनएसबी)। महिला सुरक्षा और जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए 'पुलिस दीदी' पुलिस टीमों द्वारा विद्यालयों और कोचिंग संस्थानों का लगातार निरीक्षण व दौरा किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को बेलदौर थाना में पदस्थापित एसआई सरिता कुमारी और महिला सिपाही निशा कुमारी ने नगर पंचायत स्थित आदर्श मध्य विद्यालय, कन्या मध्य विद्यालय तथा किंग कोचिंग एवं सफलता कोचिंग संस्थान में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया।कार्यक्रम के दौरान पुलिस टीम ने छात्र-छात्राओं को कानून, सुरक्षा और सामाजिक जिम्मेदारियों से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी। इस पहल का मुख्य उद्देश्य बच्चों को वर्तमान समय की संवेदनशील चुनौतियों के प्रति जागरूक करना और उन्हें अपने अधिकारों व व्यक्तिगत सुरक्षा को लेकर सजग बनाना है।इस अवसर पर विद्यार्थियों को मानव तस्करी बाल श्रम, महिला सुरक्षा और साइबर अपराध से बचाव के व्यावहारिक उपाय बताए गए। पुलिस टीम ने बच्चों को संदिग्ध परिस्थितियों तथा अनजान लोगों से जुड़े जोखिमों के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी। साथ ही यह भी बताया गया कि किसी भी संदेहास्पद गतिविधि की जानकारी मिलने पर तुरंत अपने भरोसेमंद अभिभावकों, शिक्षकों या पुलिस को सूचित करें।कार्यक्रम के दौरान आदर्श मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक माधव कुमार, कन्या मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्रवण कुमार सिंह, कई शिक्षक और बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

जन समाधान में 25 मामलों की सुनवाई, त्वरित निष्पादन के निर्देश

खगड़िया (एनएसबी)। जिलाधिकारी विक्रम विरकर ने सोमवार को सभाकक्ष में जन समाधान कार्यक्रम आयोजित कर जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए आम नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों की सुनवाई की। इस दौरान नागरिकों ने अपनी समस्याओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया तथा उनके समाधान के लिए आवेदन प्रस्तुत किए। जिलाधिकारी ने सभी आवेदकों की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना तथा संबंधित पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान जिला प्रशासन की प्राथमिकता है तथा किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब अथवा लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।आयोजित जन समाधान कार्यक्रम में कुल 25 मामलों की सुनवाई की गई। इनमें राजस्व ,जे.पी.सेनानी ,आपदा,शिक्षा एवं अन्य विभागों से संबंधित मामले शामिल थे। सभी मामलों पर विस्तृत सुनवाई करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर मामलों का निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

शिक्षा विभाग के कर्मी ने किया विद्यालय का निरीक्षण

चौथम(एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र के ठुठ्ठी मोहनपुर पंचायत स्थित मध्य विद्यालय मोहनिया लंबे समय से अतिक्रमण, जर्जर भवन और अव्यवस्थाओं को लेकर चर्चा में है। इसी क्रम में बीआरसी के अकाउंटेंट कामरान हाशमी ने विद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक देवनारायण शर्मा ने पठन-पाठन के लिए उपयोग किए जा रहे सभी कमरों का निरीक्षण कराया। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार, निरीक्षण के दौरान उपयोग में लाए जा रहे कमरों की व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। हालांकि, विद्यालय की जमीन और पुराने जर्जर भवन को लेकर स्थानीय स्तर पर सवाल उठते रहे हैं। स्थानीय लोगों की ओर से समय-समय पर विद्यालय परिसर में अतिक्रमण और अव्यवस्था से संबंधित तस्वीरें भी सामने आती रही हैं। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक देवनारायण शर्मा ने बताया कि विद्यालय की जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराने के लिए कई बार अंचल अधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित जिला स्तरीय अधिकारियों को आवेदन देकर मामले की जानकारी दी गई है। उन्होंने बताया कि दो दिन पूर्व भी विद्यालय की व्यवस्था और अतिक्रमण से संबंधित जानकारी अंचल अधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी को दी गई थी। विद्यालय प्रबंधन का आरोप है कि विद्यालय के आसपास रहने वाले कुछ लोगों द्वारा विद्यालय परिसर और जमीन का उपयोग निजी कार्यों के लिए किया जाता है। परिसर में मवेशियों को बांधने, मकई के पुआल और अन्य सामान रखने तथा गी फैलने की शिकायत भी सामने आती रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार, विद्यालय से सटे कुछ परिवारों द्वारा विद्यालय परिसर और उसकी जमीन का लंबे समय से इस्तेमाल किया जा रहा है। परिसर में गाय, भैंस और बकरियां बांधने के अलावा मकई के पुआल एवं घरेलू सामान रखने की बात कही जाती है। इससे कई स्थानों पर विद्यालय परिसर का स्वरूप पशुओं के बाड़े जैसा नजर आने की शिकायत है। प्रधानाध्यापक के अनुसार, मध्या भोजन के समय कई बार परिसर में बंधे पशुओं को खोल दिया जाता है, जिसके बाद वे बच्चों के आसपास पहुंच जाते हैं। इससे बच्चों के भोजन और स्वच्छता व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका रहती है। मध्य विद्यालय मोहनिया में करीब 250 से 300 छात्र-छात्राओं के अध्ययनरत होने की जानकारी दी गई है। विद्यालय में छह शिक्षिकाएं और दो शिक्षक कार्यरत बताए जाते हैं। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार, पठन-पाठन की स्थिति सामान्य रूप से चल रही है, लेकिन भवन और आधारभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं चिंता का विषय हैं।विद्यालय भवन में कुल सात कमरे बताए जाते हैं, जिनमें से चार कमरे ही वर्तमान में पढ़ाई के लिए उपयोग करने योग्य हैं। अन्य कमरे जर्जर होकर खंडहरनुमा स्थिति में पहुंच चुके हैं। बताया जाता है कि इन कमरों का निर्माण स्थानीय स्तर पर कराया गया था, लेकिन समय के साथ भवन की स्थिति खराब होती चली गई।

कृषि संबंधी गंभीर समस्याओं को लेकर किसानों की बैठक

पसराहा(एनएसबी)। थाना क्षेत्र के देवठा पंचायत अंतर्गत कमरी गांव में किसानों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में क्षेत्र के किसानों ने अपनी षि संबंधी गंभीर समस्याओं पर खुलकर चर्चा की। किसानों का मुख्य दर्द यह था कि हर साल चौर और बहियार क्षेत्रों में जलभराव की समस्या के कारण हजारों एकड़ उपजाऊभूमि बेकार पड़ी रहती है, जिससे समय पर बुआई नहीं हो पाती है और फसलों को भारी नुकसान उठाना पड़ता है। किसानों ने मांग की कि इस विकट समस्या के स्थायी निदान के लिए इलाके में एक पक्के नहर की उचित व्यवस्था की जाए, ताकि खेतों तक समय पर पानी पहुंच सके और सिंचाई सुगम हो सके। इसके अलावा, बैठक में उस भूमि का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया, जिस पर सरकार द्वारा खरीद-बिक्री तथा मालगुजारी रसीद कटाने पर रोक लगा दी गई है। किसानों का कहना है कि इस प्रतिबंध के कारण उन्हें अपने ही जमीन के कानूनी अधिकारों से वंचित होना पड़ रहा है, इसलिए सरकार इस औचित्यहीन रोक को तुरंत हटाए। इन तमाम ज्वलंत समस्याओं के समाधान के लिए किसानों ने सर्वसम्मति से एक बड़ा निर्णय लिया है। आने वाले समय में महद्दीपुर स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में एक विशाल किसान महासम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस महाबैठक में खगड़िया लोकसभा क्षेत्र के सांसद राजेश वर्मा और परबत्ता विधानसभा क्षेत्र के विधायक बाबूलाल शौर्य विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। किसान इन जनप्रतिनिधियों के समक्ष अपनी इन सभी समस्याओं को विस्तार से रखेंगे और उनसे प्रशासन स्तर पर ठोस पहल करने की मांग करेंगे। किसानों को पूरी उम्मीद है कि उनके इन जनहित के मुद्दों पर जनप्रतिनिधि गंभीरता से विचार करेंगे और शीघ्र ही कोई सकारात्मक समाधान निकालेंगे, जिससे क्षेत्र के षि विकास का रास्ता साफ हो सके। बैठक में राजेंद्र प्रसाद सिंह, अंशु भारती, जयचंद्र कुमार, आलोक शर्मा मुखिया , अदियानंद मेहता, सिकंदर शर्मा, रविश कुमार मुखिया, प्रदीप ठाकुर, चंदेश्वरी यादव सरपंच कोयला, उपेंद्र शर्मा सरपंच, अरुण सिंह, जवाहर सिंह, रोहिण सिंह, श्रवण शर्मा, सिकंदर सिंह, उमेश शर्मा, गोपाल कुमार,पंकज कुमार सिंह, ड पोरस सिंह ड रमण कुमार, कैलाश शर्मा, पप्पू सिंह शिवनंद सिंह, दहु शर्मा, संभु वर्मा, महेंद्र शर्मा, अमर सिंह, चेतन कुमार, पंपाल सिंह सहित दर्जनों किसान उपस्थित थे।



बैठक में किसान।

जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में सरस्वती विद्या निकेतन के छात्र-छात्राओं ने लहराया परचम

परबत्ता(एनएसबी)। जिला प्रशासन एवं उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा, खगड़िया के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता 2026 में सरस्वती विद्या निकेतन (आदर्श विद्यालय), महद्दीपुर, बंदेहरा, परबत्ता के विद्यार्थियों ने अपनी उत्कृष्ट खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। प्रधानाचार्य गौतम कुमार



खिलाड़ीगण।

तथा नोडल शिक्षक राजीव कुमार रंजन एवं अंजू कुमारी के कुशल मार्गदर्शन व नेतृत्व में प्रतियोगिता के दौरान आयोजित विभिन्न एथलेटिक्स स्पर्धाओं में विद्यालय के कुल छह खिलाड़ियों ने परचम लहरायारू दिव्या कुमारी ने 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान हासिल किया। सुष्मिता कुमारी ने 200 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। दुर्गा कुमारी ने 800 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान पर कब्जा जमाया। सलमान कुमार ने 1500 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। कुमारी कल्पना भारती ने 400 मीटर दौड़ में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रिंस कुमार ने 200 मीटर दौड़ में तृतीय स्थान हासिल किया।विद्यार्थियों की इस शानदार सफलता पर विद्यालय के प्रधानाचार्य गौतम कुमार ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि खेलकूद से बच्चों का शारीरिक व मानसिक विकास होता है। उन्होंने विजेता प्रतिभागियों एवं नोडल शिक्षकों (राजीव कुमार रंजन एवं अंजू कुमारी) को बधाई देते हुए खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस उपलब्धि से पूरे विद्यालय परिवार एवं क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।

वारंटियो की गिरफ्तारी को लेकर तेजी लाने का दिया निर्देश

गोगरी (एनएसबी)। अनुमंडल पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय में सोमवार को एसडीपीओ चन्दन कुमार ठाकुर ने अनुमंडल के सभी थाना अध्यक्षों के साथ बैठक की। बैठक में एसडीपीओ ने थानाध्यक्षो से अपराधियों के गिरफ्तारी एवं इलाके में अपराध कम करने को लेकर कई आवश्यक निर्देश दिए। एसडीपीओ ने आयोजित क्राइम मीटिंग में थानाध्यक्ष को बारी बारी से संबंधित थाना के लंवित मामले के निष्पादन का रिपोर्ट लिया। इसके अलावा सभी थाना में लंबित मामले के निष्पादन को लेकर तेजी लाने की बात कही। साथ ही फरार वारंटी एवं इलाके में अपराध नियंत्रण को लेकर कई आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में थानाध्यक्षों से कहा कि किसी भी शर्त पर इलाके में पुलिस की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी एवं शिकायत मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी। इस बैठक में सर्किल इंस्पेक्टर सुरेन्द्र कुमार सिंह,गोगरी थाना अध्यक्ष अजय शंकर प्रसाद,महेशखूंट थाना अध्यक्ष मिथिलेश कुमार, पसराहा थाना अध्यक्ष राजीव कुमार रंजन, परबत्ता थाना अध्यक्ष प्रमोद कुमार, मड़ैया थाना अध्यक्ष मनीष कुमार, भरतखंड थाना अध्यक्ष सावित्री कुमारी आदि मौजूद थे।



बैठक में एसडीपीओ व अन्य।

आंगनबाड़ी सेविकाओं की मासिक बैठक आयोजित

बेलदौर (एनएसबी)। प्रखंड परिसर स्थित बाल विकास परियोजना कार्यालय में आंगनबाड़ी सेविकाओं की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सुनीत साहा ने की। बैठक को संबोधित करते हुए सीडीपीओ ने सेविकाओं को निर्देशित किया कि 1 अक्टूबर से आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन सुबह 930 बजे से दोपहर 130 बजे तक किया जा रहा है। उन्होंने सभी सेविकाओं को समय पर केंद्र का संचालन सुनिश्चित करने की सख्त हिदायत दी।इसके साथ ही बैठक में निम्नलिखित मुख्य बिंदुओं पर चर्चा की गई और निर्देश जारी किए गए।मालूम हो कि ह समिति बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा और सीखने के स्तर में सुधार लाने के उद्देश्य से माताओं और समुदाय की भागीदारी बढ़ाने की एक विशेष पहल है। इसकी शुरुआत खगड़िया जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग के सहयोग से की गई है। इसके तहत माताओं के शैक्षणिक समूह बनाए जाएंगे, जो बच्चों की पढ़ाई की प्रगति पर नियमित चर्चा करेंगे। माता-पिता, विद्यालय, आंगनबाड़ी और जीविका समूहों के बीच आपसी तालमेल को मजबूत किया जाएगा। इस बैठक के दौरान महिला पर्यवेक्षिका ऐश्वर्या कुमारी, संगीता कुमारी, निशा कुमारी और मणिप्रभा अनु सहित प्रखंड की सभी महिला पर्यवेक्षिकाएं एवं आंगनबाड़ी सेविकाएं उपस्थित थीं।

गहरे गड्ढे में डूबने से 50 वर्षीय महिला की मौत

चौथम (एनएसबी)। थाना क्षेत्र अंतर्गत चौथम पंचायत के रूपणी गांव स्थित अनुसूचित टोला में सोमवार को पानी भरे गहरे गड्ढे में डूबने से एक 50 वर्षीय महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान रूपणी गांव के वार्ड संख्या-9 निवासी महेंद्र मल्लीक की पत्नी बीना देवी (50) के रूप में हुई है। घटना के बाद पूरे टोले में शोक की लहर दौड़ गई, जबकि मृतका के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों के अनुसार, बीना देवी सोमवार की सुबह शौच के लिए घर से बाहर निकली थीं। इसी दौरान घर के समीप स्थित पानी से भरे एक बड़े गड्ढे के पास पहुंचीं। बताया गया कि पानी लेने के क्रम में अचानक उनका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में जा गिरीं। महिला के पानी में डूबने की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंचकर उन्हें बाहर निकालने का प्रयास किया। स्थानीय लोगों ने काफी मशक्कत के बाद महिला को पानी से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही चौथम थाना के एसआई संतोष कुमार एवं सोनू कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली। पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए खगड़िया सदर अस्पताल भेज दिया गया। महिला की अचानक हुई मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों के विलाप से गांव का माहौल गमगीन हो गया। आसपास के लोगों की भी घटनास्थल पर भीड़ जुट गई। ग्रामीणों ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना जताई।इधर, स्थानीय समाजसेवी विनोद पासवान, रामविलास पासवान, जितेंद्र पासवान सहित अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं ने मृतका के घर पहुंचकर शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाया। उन्होंने दुख की इस घड़ी में परिवार को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। ग्रामीणों ने बताया कि घर के आसपास बने ऐसे गहरे गड्ढों में पानी जमा रहने के कारण अक्सर हादसे का खतरा बना रहता है। लोगों ने प्रशासन से ऐसे खतरनाक गड्ढों को चिन्हित कर सुरक्षा के आवश्यक इंतजाम कराने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति न हो।



रोते-विलखते परिजन।

संक्षिप्त खबरें

ब्लैकमेल कर लाखों रुपये ऐंठने के मामले में युवक गिरफ्तार

महिला पुलिसकर्मी से युवक ने 10.83 लाख रूपये ठगे

पसराहा (एनएसबी)। थाना क्षेत्र में खाकी को ब्लैकमेल कर लाखों रुपये ऐंठने का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। सारण जिले में पदस्थापित एक महिला पुलिसकर्मी को उसका आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने की धमकी देकर एक युवक ने 10 लाख 83 हजार रुपये ठग लिए। पीड़िता की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पसराहा थाना पुलिस ने नामजद आरोपी अमन राज को गिरफ्तार कर लिया है। महिला पुलिसकर्मी ने पसराहा थाने में लिखित आवेदन देकर अपनी आपबीती सुनाई। पीड़िता के अनुसार, वर्ष 2022 में जब वह पटना में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही थी, उसी दौरान उसकी जान-पहचान खगड़िया के पसराहा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी अमन राज से हुई थी। धीरे-धीरे दोनों के बीच बातचीत और मेल-जोल बढ़ा। आरोप है कि वर्ष 2023 में अमन राज ने उसकी मर्जी के खिलाफ शारीरिक संबंध बनाए और धोखे से उसका आपत्तिजनक निजी वीडियो रिकर्ड कर लिया। इसके बाद आरोपी का असली चेहरा सामने आया। वह लगातार वीडियो को इंटरनेट पर प्रसारित करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने लगा। वीडियो को डिलीट करने के नाम पर उसने यूपीआई के माध्यम से किस्तों में कुल 10 लाख 83 हजार रुपये ऐंठ लिए। जब पीड़िता आर्थिक और मानसिक रूप से पूरी तरह टूट गई और उसने कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी, तो आरोपी ने दबाव में आकर 3 लाख 90 हजार रुपये वापस कर दिए। हालांकि, शेष रकम लौटाने के नाम पर वह फिर से वीडियो वायरल कर परिवार को बदनाम करने की धमकी देने लगा। महिला पुलिसकर्मी की शादी 6 जुलाई 2026 को पसराहा थाना क्षेत्र के ही एक युवक के साथ संपन्न हुई थी। पीड़िता का कहना है कि विवाह के बाद भी अमन राज की धमकियों का सिलसिला नहीं थमा। वह लगातार उस पर दबाव बना रहा था कि वह अपने पति को छोड़कर उससे शादी कर ले। ऐसा न करने पर ससुराल और गांव में वीडियो प्रसारित कर वैवाहिक जीवन बर्बाद करने की धमकी दी जा रही थी। महिला पुलिस की शादी और पसराहा थाने में आवेदन देने से घबराए अमन ने महिला के घरनुमा बथान में हथियार, गोली, विदेशी शराब और गांजा रखकर पति-पत्नी को फंसाने की कोशिश की, लेकिन वह नाकाम रहा। इसकी पुष्टि भरतखंड थानाध्यक्ष ने की है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए प्राथमिकी दर्ज कर ली है। नामजद आरोपी अमन राज को गिरफ्तार कर उससे गहन पूछताछ की जा रही है और उसके पास से बरामद मोबाइल फोन व इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों की तकनीकी जांच कराई जा रही है। पुलिस का कहना है कि मामले में अग्रिम विधि सम्मत कार्रवाई लगातार जारी है।

झूठे मामले में फंसाने की एक बड़ी साजिश का खुलासा

पसराहा(एनएसबी)। थाना क्षेत्र में व्यक्तिगत रंजिश के तहत पुलिस को गुमराह कर एक युवक को शराब, गांजा और अवैध हथियार के झूठे मामले में फंसाने की एक बड़ी साजिश का खुलासा हुआ है। इस संबंध में भरतखंड थाना अध्यक्ष सावित्री कुमारी के आवेदन पर पसराहा थाने में प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। यह पूरा मामला पुलिस महकमे में चर्चा का विषय बना हुआ है। घटना की शुरुआत 3 अक्टूबर की रात को हुई, जब गोगरी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को एक मोबाइल नंबर से सूचना मिली कि पसराहा थाना क्षेत्र के दुधौला निवासी सतीश कुमार मोटर साइकिल से नारायणपुर से अपने घर भारी मात्रा में विदेशी शराब और हथियार लेकर लौट रहा है। चूंकि पसराहा थानाध्यक्ष एक अन्य मामले में व्यस्त थे, इसलिए गोगरी डीएसपी के निर्देश पर भरतखंड थानाध्यक्ष सावित्री कुमारी को इस सूचना के सत्यापन की जिम्मेदारी सौंपी गई। थानाध्यक्ष जब अमन राज के बताए अनुसार अपनी टीम के साथ सतीश कुमार के घर पहुँचीं, तो सतीश अपने बिस्तर पर आराम करता मिला। पूछताछ में उसकी पत्नी अनीशा कुमारी ने पुलिस को बताया कि अमन राज ने झूठी रंजिश के तहत उनके पति को फंसाने के लिए यह साजिश रची है, क्योंकि उन्होंने उसी दिन अमन राज के खिलाफ पसराहा थाने में एक आपराधिक मामला (कांड संख्या 214ध्26) दर्ज कराया था। इसके बाद पुलिस बल और खुद सूचक अमन राज व उसके भाई रंजन कुमार सतीश कुमार के मवेशी वास पर पहुँचे। वास पर पहुँचते ही अमन राज और उसके दो अन्य अज्ञात साथी वहां से तेजी से फरार हो गए। पुलिस ने स्वतंत्र साक्षियों की अनुपस्थिति में विभागीय नियमों के तहत जब वसा की तलाशी ली, तो वहां से एक बोरे में 15 बोतल विदेशी विदेशी शराब, करीब 200 ग्राम गांजा, एक देसी कट्टा, तीन जिंदा गोलियां और चार खोखे बरामद किए गए। हालांकि, सूचक के रवैया से तलाशी के दौरान ही यह स्पष्ट हो गया था कि इन सामग्रियों को किसी गहरी साजिश के तहत वहां रखा गया है। जांच में यह बात खुलकर सामने आई कि अमन राज ने पसराहा थाना में सतीश की पत्नी द्वारा दर्ज कांड संख्या 214ध्26 का बदला लेने के लिए अपने भाई रंजन कुमार और अन्य साथियों के साथ मिलकर यह षड्यंत्र रचा था। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को लगातार फोन कर अतिशीघ्र छापेमारी का दबाव बनाया ताकि उनकी चाल कामयाब हो सके। पसराहा थानाध्यक्ष राजीव रंजन ने मामले में अमन राज, उसके भाई रंजन कुमार के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और अन्य संबंधित सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर दोनों भाई को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।



जानकारी देते पुलिस पदाधिकारी।

नशे में धुत एक टेंपो चालक ने साइकिल सवार को रौंदा

बेलदौर(एनएसबी)। थाना क्षेत्र में शराब के नशे में धुत एक टेंपो चालक ने एक साइकिल सवार को बुरी तरह रौंद दिया। इस दुर्घटना में घायल युवक का जबड़ा टूट गया है। घटना को अंजाम देने के बाद भाग रहे टेंपो चालक को ग्रामीणों ने चक्रमानिया गांव के पास पकड़कर उसकी जमकर पिटाई कर दी।घायल युवक की पहचान बोबील पंचायत के टोपरा बासा निवासी शैलेंद्र मंडल के पुत्र मुन्ना मंडल के रूप में हुई है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि मुन्ना अपनी साइकिल से गेहूं पिसवाने के लिए तिलाठी गांव गया हुआ था। घर वापस लौटने के दौरान एक ई-रिक्शा ने उसे जोरदार ठोकर मार दी। टक्कर मारने के बाद टेंपो चालक वाहन समेत भागने लगा, जिसे ग्रामीणों ने लगभग तीन किलोमीटर तक खदेड़कर पकड़ लिया। पकड़े गए टेंपो चालक की पहचान बेलदौर नगर पंचायत के फरेवा वासा निवासी देवेंद्र शर्मा के रूप में हुई है, जो घटना के समय शराब के नशे में धुत था।घटना की सूचना मिलते ही बेलदौर थाना में पदस्थापित एसआई कुंदन पंडित दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त टेंपो को अपने कब्जे में ले लिया और घायल को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेलदौर पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे तुरंत खगड़िया सदर अस्पताल रेफर कर दिया।



प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती घायल।

संक्षिप्त खबरें

सरप्लस शिक्षकों को पूर्व विद्यालय में वापसी का विकल्प देने की मांग

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। सरप्लस शिक्षकों के स्थानांतरण एवं योगदान को लेकर शिक्षकों के बीच असंतोष के स्वर सामने आ रहे हैं। शिक्षकों का कहना है कि जिन सरप्लस शिक्षकों को नया विद्यालय आवंटित किया गया है और वे वहां योगदान से संतुष्ट नहीं हैं, उन्हें भी पूर्व विद्यालय में वापस आने का विकल्प दिया जाना चाहिए। शिक्षकों ने शिक्षा मंत्री से इस संबंध में स्पष्ट घोषणा करने की मांग की है। उनका कहना है कि दोनों पक्षों को विकल्प मिलने पर ही प्रक्रिया को वास्तविक रूप से ऐच्छिक माना जा सकेगा।

क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत युद्धस्तर पर, डीएम ने तय समय में काम पूरा करने के दिए निर्देश

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। पटना जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। ग्रामीण कार्य विभाग के विभिन्न प्रमंडलों में चिन्हित स्थलों पर मरम्मत एवं सड़कों को पुनः मोटरेबल बनाने का काम तेजी से किया जा रहा है।बाढ़ प्रमंडल में 166 चिति स्थलों में से पांच स्थानों पर करीब 160 किलोमीटर सड़क की मरम्मत पूरी हो चुकी है। पटना पश्चिमी प्रमंडल में 96 में से 43 स्थानों पर कार्य पूरा किया गया है, जबकि बाढ़ से क्षतिग्रस्त पांच सड़कों को पुनः मोटरेबल बनाने का कार्य प्रगति पर है। पालीगंज में 73 में से छह स्थानों पर दो किलोमीटर से अधिक, दानापुर में दोनों चिति स्थलों तथा मसौढ़ी में 11 में से छह स्थानों पर मरम्मत पूरी हो चुकी है।जिलाधिकारी ने शेष कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ पूरा करने का निर्देश दिया है।

अंचल कार्यालय में एसडीएम ष्णा जोशी का औचक निरीक्षण, कामकाज की जांच

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। बाढ़ अंचल कार्यालय का सोमवार को एसडीएम ष्णा जोशी ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय में संचालित विभिन्न कार्यो, अभिलेखों तथा कर्मियों की उपस्थिति की जानकारी ली। राजस्व से जुड़े मामलों के निष्पादन एवं आम लोगों को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं की भी समीक्षा की गई। एसडीएम ने अधिकारियों एवं कर्मियों को लंबित मामलों का समयबद्ध निष्पादन करने तथा कार्यालय पहुंचने वाले लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। औचक निरीक्षण से कार्यालय कर्मियों में सतर्कता देखी गई।

उत्पाद विभाग की बड़ी कार्रवाई, भारी मात्रा में शराब बरामद

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। उत्पाद विभाग की टीम ने बाढ़ क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में शराब बरामद की। विभागीय टीम को शराब की अवैध खेप पहुंचने की सूचना मिली थी, जिसके आधार पर छापेमारी की गई। कार्रवाई के दौरान शराब जब्त कर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू की गई। मामले में संलिप्त लोगों की पहचान और गिरफ्तारी को लेकर विभाग की ओर से जांच की जा रही है।

विधायक व एसडीपीओ के सामने चेयरमैन ने उठाए शहर की सुरक्षा पर सवाल

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। नगर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चेयरमैन संजय कुमार ने विधायक एवं एसडीपीओ के सामने गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि शहर में जुआ, शराब और गेसिंग जैसी गतिविधियों को लेकर लोगों में चिंता है और नगर के जनप्रतिनिधि भी स्वयं को पूरी तरह सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे हैं। चेयरमैन ने पुलिस-प्रशासन से ऐसी गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाने तथा शहर में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की। इस दौरान उन्होंने शहर की मौजूदा स्थिति और आम लोगों की समस्याओं को भी प्रमुखता से रखा।

विधायक ने पत्रकारों को पढ़ाया पत्रकारिता का पाठ

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। एक कार्यक्रम के दौरान विधायक ड़ सियाराम सिंह ने पत्रकारों से संवाद करते हुए पत्रकारिता की भूमिका और जिम्मेदारियों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है और खबरों का समाज पर सकारात्मक एवं नकारात्मक दोनों तरह का प्रभाव पड़ सकता है। विधायक ने कहा कि अपराध से जुड़ी खबरों के प्रसारण में भी संतुलन और जिम्मेदारी जरूरी है। उन्होंने पत्रकारों से सकारात्मक एवं जनहित से जुड़ी खबरों को प्रमुखता देने की अपील की।

नीरज कुमार के समर्थन में मैदान में उतरेंगे निशांत कुमार, बाढ़ में 16 अक्टूबर को करेंगे प्रचार

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। विधान परिषद चुनाव को लेकर जेडीयू उम्मीदवार नीरज कुमार के समर्थन में निशांत कुमार चुनाव प्रचार अभियान में उतरेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 10 अक्टूबर को नालंदा, 13 अक्टूबर को नवादा और 16 अक्टूबर को बाढ़ में वे मतदाताओं से संपर्क कर नीरज कुमार के पक्ष में समर्थन की अपील करेंगे। बाढ़ में प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में सक्रियता बढ़ गई है।

नशामुक्त समाज की दिशा में जमालपुर में नई पहल,आशा नशा मुक्ति केंद्र का शुभारंभ

विधायक नचिकेता मंडल ने फीता काटकर किया उद्घाटन, स्वास्थ्य, पुनर्वास और कौशल विकास को एक मंच पर लाने का दावा

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। स्वस्थ समाज और नशामुक्त भारत के संकल्प के साथ जमालपुर में आशा नर्सिग होम,आशा नशा मुक्ति केंद्र एवं आशा पैरामेडिकल साइंस इंस्टीट्यूट की संयुक्त पहल का विधिवत शुभारंभ सोमवार को किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक नचिकेता मंडल ने फीता काटकर किया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं शहर के गणमान्य लोगों ने उपस्थित होकर संस्था की पहल की सराहना की।कार्यक्रम में विधायक ने कहा कि नशे की बढ़ती प्रवृत्ति समाज और युवाओं के भविष्य के लिए गंभीर चुनौती है। ऐसे में नशे की गिरफ्त में आए लोगों को उपचार के साथ बेहतर वातावरण और पुनर्वास की सुविधा उपलब्ध कराना जरूरी है। उन्होंने संस्था की पहल को समाजहित में महत्वपूर्ण कदम बताया।संस्था के अध्यक्ष आशुतोष कुमार एवं निदेशक राजेश मिश्रा ने बताया कि आशा नशा मुक्ति केंद्र में नशे की लत से प्रभावित लोगों को उपचार, परामर्श और पुनर्वास की सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। केंद्र में विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं भी उपलब्ध रहेंगी।संस्था से जुड़े वशिष्ठ कुमार ने बताया कि नशामुक्ति के साथ लोगों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना संस्था की प्राथमिकता होगी। वहीं आशा पैरामेडिकल साइंस इंस्टीट्यूट के माध्यम से युवाओं को स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े प्रशिक्षण एवं बेहतर भविष्य के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में काम किया जाएगा।कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष सौरभ निधि, नगर परिषद की मुख्य पार्षद पार्वती देवी, समाजसेवी मधु देवी, युवा जिला अध्यक्ष सोनू मंडल,विनोद कुमार, काली उर्फ कैलाश, तितु सिंह, मुनीलाल मंडल, गोपाल ष्ण,राजीव,आलोक कुमार एवं कैलाश सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।संस्था के पदाधिकारियों ने कहा कि स्वास्थ्य, समर्पण और पुनर्वास के माध्यम से नशे की समस्या से जूझ रहे लोगों को नई जिी की ओर लौटाना ही संस्था का मुख्य उद्देश्य है।





उद्घाटन करते विधायक सहित अन्य।

बंद घर का ताला तोड़कर हजारों के सामान पर चोरों ने किया हाथ साफ

18 सितंबर से बंद था मकान, लौटने पर बिखरा मिला सामान पीछे की गली का गेट तोड़कर घुसे चोर

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। जमालपुर थाना क्षेत्र के वलीपुर मोहल्ले में बंद मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने हजारों रुपये मूल्य के सामान पर हाथ साफ कर दिया। घटना का पता गृहस्वामी के करीब 16 दिन बाद घर लौटने पर चला। पीड़ित ने आदर्श थाना जमालपुर में आवेदन देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर चोरी गए सामान की बरामी की गुहार लगाई है।वलीपुर निवासी स्व शिवनाथ दास के पुत्र आनंदी दास ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि वह 18 सितंबर से अपने घर में ताला लगाकर बाहर गए थे। चार अक्टूबर को वापस लौटने पर मेन गेट खोलकर अंदर प्रवेश किया तो सामने के कमरे का दरवाजा खुला मिला। घर के अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर पता चला कि चोरों ने पीछे की गली वाले गेट का ताला तोड़कर घर में प्रवेश किया और कमरों व रसोई से सामान चोरी कर लिया।पीड़ित के अनुसार चोरी गए सामानों में 150 एम्पियर की एक एक्साइड बैट्री, 850 वट का माइक्रोटेक इनवर्टर, गोल आकार की सफेद दीवार घड़ी, बैट्री से चलने वाला स्टैड फैन, पीतल व तांबे के करीब दस हजार रुपये मूल्य के बर्तन तथा एक छोटा ब्रीफकेस शामिल है। चोरों ने ब्रीफकेस को धारदार हथियार से काटकर उसमें रखे सामान को निकाल लिया। इसके अलावा पूजा स्थल पर रखी पीतल की लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियां भी चोरी होने की बात आवेदन में कही गई है।घटना के बाद पीड़ित ने पुलिस से मामले की जांच कर अज्ञात चोरों की पहचान करने तथा चोरी गए सामान की बरामी कराने की मांग की है। पुलिस को दिए आवेदन के आधार पर थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान मामले में आवश्यक कार्रवाई करने की बात कहीं है।

शिक्षकों ने की शिक्षा मंत्री से सातवें वेतनमान की मांग

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। शिक्षक किसी भी समाज और शिक्षा व्यवस्था की वह मजबूत कड़ी है, जिसके हाथों में नई पीढ़ी का भविष्य सौंपा जाता है। वह केवल पाठ्यक्रम पूरा करने वाला कर्मचारी नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के ज्ञान, संस्कार, व्यक्तित्व और भविष्य को दिशा देने वाला मार्गदर्शक होता है। इसलिए जब शिक्षक अपने वेतनमान और आर्थिक अधिकारों की बात करते हैं, तो इसे महज वेतन बढ़ाने की मांग समझना उचित नहीं होगा। इसके पीछे सम्मानजनक जीवन, आर्थिक स्थिरता, सेवा सुरक्षा और अपने श्रम के उचित मूल्यांकन की अपेक्षा भी जुड़ी है।शिक्षकों की सातवें वेतनमान की मांग ऐसे समय सामने आ रही है, जब महंगाई ने परिवारों के घरेलू बजट को लगातार प्रभावित किया है। बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, परिवहन और रोजमर्रा की आवश्यकताओं पर खर्च बढ़ रहा है। ऐसे में शिक्षक भी चाहते हैं कि उनकी आर्थिक स्थिति ऐसी हो, जिससे वे पारिवारिक जिम्मेदारियों को सम्मानपूर्वक निभाते हुए अपने शिक्षण दायित्व पर पूरी एकाग्रता के साथ ध्यान दे सकें।शिक्षा व्यवस्था से सरकार और समाज की अपेक्षाएं लगातार बढ़ रही हैं। विद्यालयों में बेहतर शैक्षणिक परिणाम, विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण, सरकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन, बच्चों के सर्वांगीण विकास और विभिन्न प्रशासनिक कार्यों में शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण हो गई है। इन बढ़ती जिम्मेदारियों के बीच शिक्षक की सेवा शर्तों और आर्थिक स्थिति पर भी समान गंभीरता से विचार किया जाना जरूरी है।हालांकि वेतनमान का निर्धारण केवल भावनाओं के आधार पर नहीं किया जा सकता। सरकार को वित्तीय संसाधनों, नियमों, सेवा शर्तों और विभिन्न कर्मचारी वर्गों के बीच समानता जैसे पहलुओं पर विचार करना होता है। इसलिए सातवें वेतनमान के संबंध में कोई भी निर्णय तथ्यों, वित्तीय क्षमता और निर्धारित नीतिगत प्रक्रिया के आधार पर होना चाहिए। लेकिन किसी मांग का समाधान कठिन होना और उसे अनिश्चितकाल तक लंबित रखनादो अलग-अलग बातें हैं।सबसे जरूरी है कि सरकार और शिक्षक प्रतिनिधियों के बीच सार्थक और नियमित संवाद हो। यदि मांग को तत्काल लागू करने में वित्तीय या प्रशासनिक कठिनाई है, तो उसकी स्पष्ट जानकारी शिक्षकों को दी जानी चाहिए। केवल आश्वासन से समस्या का समाधान नहीं होगा। सरकार को मांग की समीक्षा के लिए स्पष्ट प्रक्रिया, समयसीमा और संभावित क्रियान्वयन की रूपरेखा सामने रखनी चाहिए। सातवें वेतनमान के मुद्दे पर एक संतुलित नीति बनाई जा सकती है। सरकार शिक्षकों की मांग का वित्तीय एवं प्रशासनिक आकलन कराए, पात्रता और सेवा शर्तों को स्पष्ट करे तथा आवश्यक होने पर चरणबद्ध तरीके से वेतनमान लागू करने का समयबद्ध रोडमैप तैयार करे। इसके साथ ही शिक्षकों के प्रशिक्षण, कार्य निष्पादन, विद्यार्थियों के शैक्षणिक परिणाम और विद्यालयी जिम्मेदारियों को प्रोत्साहन व्यवस्था से जोड़ने पर भी विचार किया जा सकता है।इससे एक ओर शिक्षकों की आर्थिक अपेक्षाओं का सम्मान होगा, वहीं दूसरी ओर शिक्षा व्यवस्था में जवाबदेही और गुणवत्ता को भी मजबूत किया जा सकेगा। अधिकारों के साथ कर्तव्यों की स्पष्ट व्यवस्था शिक्षा तंत्र को अधिक प्रभावी बना सकती है।यह भी जरूरी है कि शिक्षक अपनी मांग को लोकतांत्रिक, शांतिपूर्ण और तथ्यपरक तरीके से सरकार के सामने रखें। वेतन और सेवा सुविधाओं की मांग उनका अधिकार है, लेकिन विद्यार्थियों की शिक्षा और विद्यालयी दायित्वों के प्रति उनकी जिम्मेदारी भी उतनी ही महत्वपूर्ण है।

सफाई कर्मियों को कचरा प्रबंधन और सुरक्षा का दिया प्रशिक्षण

क्षमता निर्माण प्रशिक्षण के साथ स्वास्थ्य जांच व सरकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए लगा विशेष शिविर

मुंगेर (एनएसबी)। शहर की स्वच्छता व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से मुंगेर नगर निगम सभागार में सफाई एवं कचरा संग्रहण कर्मियों के लिए क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। आईटीसी मिशन सुनहरा कल ने कार्यान्वयन सहयोगी हैंड इन हैंड इंडिया के सहयोग से कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें कर्मियों को कचरे के सुरक्षित संग्रहण, परिवहन और ठोस कचरा प्रबंधन के नियमों की जानकारी दी गई।कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पणीकर, महापौर कुमकुम देवी, नगर आयुक्त पार्थ गुप्ता, आईटीसी के महाप्रबंधक अतुल पहाड़िया, वरिष्ठ करपोरेट अफेयर्स अधिकारी वाईपी सिंह एवं कार्यक्रम प्रबंधक असगर अली ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया।डीएम ने सफाई कर्मियों के कार्यो की सराहना करते हुए कहा कि शहर को स्वच्छ और स्वस्थ बनाए रखने में उनकी भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कर्मियों से कार्य के दौरान सुरक्षा किट का अनिवार्य रूप से इस्तेमाल करने की अपील की। साथ ही नागरिकों से सफाई कर्मियों का सहयोग करने और कचरा सड़क या खुले स्थान पर नहीं फेंकने का आह्वान किया।प्रशिक्षण में कचरे का स्रोत पर पृथक्करण, गीले और सूखे कचरे का अलग-अलग संग्रहण, घरेलू खतरनाक कचरे की पहचान और उसके सुरक्षित निस्तारण सहित ठोस कचरा प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी गई। शिविर के माध्यम से सफाई कर्मियों को स्वास्थ्य जांच तथा सरकारी योजनाओं से जोड़ने की दिशा में भी पहल की गई।डीएम ने कहा कि जनभागीदारी के बिना स्वच्छ और सुंदर मुंगेर का निर्माण संभव नहीं है। प्रत्येक नागरिक को स्वच्छता को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना होगा।



उद्घाटन एवं संबोधित करते जिलाधिकारी।

टेल लैंप की अतिरिक्तजिम्मेदारी के विरोध में 7 अक्टूबर को धरना

जमालपुर में संयुक्त क्रू बुकिंग लबी के सामने प्रदर्शन करेंगे लोको रनिंग स्टाफ, आदेश वापस लेने की करेंगे मांग।

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। लोको पायलट और सहायक लोको पायलट पर टेल लैंप की अतिरिक्त जिम्मेदारी दिए जाने के विरोध में अल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन की जमालपुर शाखा आंदोलन की तैयारी में जुट गई है। संगठन की ओर से 7 अक्टूबर को संयुक्त क्रू बुकिंग लबी, जमालपुर के सामने शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।एसोसिएशन के शाखा अध्यक्ष राजीव कुमार एवं शाखा सचिव प्रेम प्रकाश की ओर से वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी, मालदा मंडल को भेजे गए पत्र में प्रदर्शन की जानकारी दी गई है। पत्र के अनुसार, जोनल कार्यकारिणी के आह्वान पर यह प्रदर्शन 23 सितंबर के जारी उस आदेश के विरोध में किया जा रहा है, जिसमें एलपी एएलपी पर टेल लैंप की अतिरिक्त जिम्मेदारी दिए जाने का प्रावधान किया गया है।संगठन का कहना है कि रनिंग स्टाफ पर पहले से ही कार्य का महत्वपूर्ण दायित्व है। ऐसे में अतिरिक्तजिम्मेदारी थोपे जाने से कार्यभार बढ़ेगा। एसोसिएशन ने संबंधित आदेश पर पुनर्विचार की मांग को लेकर प्रदर्शन का निर्णय लिया है।पत्र में स्पष्ट किया गया है कि विरोध-प्रदर्शन शांतिपूर्ण तरीके से और ट्रेन परिचालन को बाधित किए बिना किया जाएगा। संगठन ने रेल प्रशासन से सहयोग की अपेक्षा जताई है।

सेवा ज्योति यात्रा में पांच हजार कार्यकर्ताओं के जुटान का लक्ष्य

भाजपा जमालपुर नगर पूर्वी मंडल की बैठक में बनी रणनीति कार्यकर्ताओं से बड़ी संख्या में मुंगेर पहुंचने का आह्वान

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राजनीतिक एवं सामाजिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित सेवा संकल्प कार्यक्रम के तहत सात अक्टूबर को मुंगेर किला परिसर स्थित इंडोर स्टेडियम में होने वाली 'सेवा ज्योति यात्रा' की तैयारी को लेकर भाजपा जमालपुर नगर पूर्वी मंडल की बैठक हुई। जमालपुर पेट्रोल पंप के सामने नारायण गेस्ट हाउस परिसर में आयोजित बैठक की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार भुट्टो ने की।बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष रंजन राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने पर पार्टी की ओर से सेवा संकल्प कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसके तहत मुंगेर में होने वाले कार्यक्रम में कम से कम पांच हजार कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों की भागीदारी का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने जमालपुर नगर पूर्वी मंडल के कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में पहुंचकर अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया।जिला प्रभारी विकास सिंह ने कहा कि यह भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए गौरव का अवसर है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पूरी तैयारी के साथ बड़ी संख्या में कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की।इससे पूर्व वंदे मातरम के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। महापुरुषों के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की गई। बैठक में जिला महामंत्री नीशुतोष कुमार यादव सहित पार्टी के कई पदाधिकारी मौजूद रहे। अंत में राष्ट्रगान के साथ बैठक का समापन हुआ।इस अवसर पर मंडल प्रभारी प्राण रंजन विकास,मिलन कुमार तांती, नीलम भगत, बेबी देवी, संतोष कुमार साह, उत्तम सिन्हा, राजीव कुमार, अमित चंद्रवंशी, शशिकांत छोटू, राहुल खेतान, सुरेश मंडल, रवि पासवान, समीर सिंह, सत्यम प्रसाद, सुबोध पासवान सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।



बैठक करते भारतीय जनता पार्टी।

संक्षिप्त खबरें

सोनपुर मंडल में गहन सफाई अभियान के तहत व्यापक स्वच्छता गतिविधियां आयोजित

सोनपुर (एन एसबी) पूर्व मध्य रेल के सोनपुर मंडल में स्वच्छता ही सेवा, स्वच्छता पखवाड़ा2026 एवं ब्वेन्ड 60 के अंतर्गत आज व्यापक गहन सफाई अभियान (क्ममच ब्समंदपदह क्तपअम) चलाया गया। अभियान के तहत सोनपुर, हाजीपुर, बरौनी, बेगूसराय, खगड़िया, मानसी एवं नवगछिया स्टेशनों, सोनपुर, हाजीपुर, बरौनी, गढ़हारा, बेगूसराय, खगड़िया, मानसी एवं नवगछिया रेलवे कलोनियों सहित मंडल के विभिन्न कार्यालयों एवं परिसरों में विशेष स्वच्छता गतिविधियां संचालित की गईं। अभियान के दौरान वेटिंग हल की अपहोल्स्ट्री, गद्दों एवं लिनेन की गहन सफाई की गई। साथ ही फाइलों, फर्नीचर एवं विभिन्न उपकरणों की धूल-सफाई कर परिसर को अधिक स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाया गया। उत्पन्न ई-वेस्ट को अलग कर उचित निस्तारण हेतु सुरक्षित रूप से संग्रहित किया गया। रेलवे परिसरों में फर्श की मशीनीत स्क्रबिंग एवं पलिशिंग की गई। इसके अलावा एयर कंडीशनर के फिल्टर एवं डक्ट की सफाई तथा वेटिंग हल से जुड़े शौचालय एवं इन क्षेत्रों का सैनिटाइजेशन किया गया। कार्यालय कक्षों, सीढ़ियों तथा रिकर्डध्फाइल रूम में भी विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान अनावश्यक सामग्री को हटाकर कार्यस्थलों को अधिक स्वच्छ, सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित बनाने पर विशेष जोर दिया गया। गहन सफाई अभियान में मशीनीत स्क्रबर ड्रायर, हाई प्रेशर जेट वशर एवं राइड-अन स्वीपर जैसी आधुनिक सफाई मशीनों का प्रभावी उपयोग किया गया। आधुनिक तकनीक एवं मशीनीत सफाई के माध्यम से कम समय में बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण सफाई सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया। सोनपुर मंडल द्वारा चलाया जा रहा यह विशेष अभियान रेलवे परिसरों में स्वच्छता के उच्च मानकों को बनाए रखने, यात्रियों एवं रेलकर्मियों को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराने तथा स्वच्छता के प्रति जनभागीदारी को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। सोनपुर मंडल का संकल्प स्वच्छ स्टेशन, स्वच्छ परिसर और स्वच्छ रेल, यात्रियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना।



स्टेशनों, कलोनियों एवं कार्यालयों में विशेष डीप क्लीनिंग ड्राइव।

राजेन्द्र पुल, मोकामा के समानांतर बनाए गये, डबल लाईन पुल एवं राजेन्द्रपुल-हाथीदह ऊार-रामपुर डुमरा एवं टाल स्टेशनों का संरक्षा आयुक्त,पूर्वी सर्किल द्वारा निरीक्षण संपन्न

सोनपुर (एनएसबी) रेल संरक्षा आयुक्त, पूर्वी सर्किल कोलकाता श्री गुरु प्रकाश द्वारा दिनांक 03102026 एवं 04102026 को माल और यात्री परिवहन के लिए बनाए गए नवनिर्मित पुल (राजेंद्रपुल-हाथीदह ऊार) और विद्युतीकरण के साथ दोहरीकरण का निरीक्षण किया गया। सी आर एस से प्राधिकार प्राप्त होते ही इस नवनिर्मित पुल से परिचालन संभव हो गया है। मोकामा (बिहार) में गंगा नदी पर नवनिर्मित नए रेल पुल के चालू हो जाने से उत्तरी बिहार और दक्षिणी बिहार को रेल मार्ग से जोड़ने में एक अतिरिक्त मार्ग उपलब्ध हो गया जिससे रेल परिचालन में काफी सुविधा होगी । 2400 करोड़ रूपए की लागत से बने इस नये रेल पुल को वर्तमान राजेन्द्र पुल के समानान्तर एवं पटना छोर की तरफ वर्तमान पुल से 50 मीटर की दूरी पर बनाया गया है । इस पुल पर दोहरी रेल लाइन का निर्माण किया गया है । यह प्रोजेक्ट लगभग 155 किमी की कुल लंबाई में फैला है, जिसमें 19 किमी का गंगा नदी पर मुख्य पुल शामिल है । इस पुल में गंगा नदी पर 17 स्टील स्पैन हैं तथा 36 किमी के रेल वायडक्ट शामिल हैं । मुख्य पुल के साथ ही 08 लघु पुल, 02 सड़क उपरि पुल तथा 03 रेल ओवर रेल का निर्माण भी किया गया है । नये पुल की निर्माण योजना इस तरह बनायी गयी है कि वर्तमान पुल के एप्रोच में कम से कम परिवर्तन करना पड़े । नवनिर्मित नये पुल के दोनों छोर के स्टेशन, वर्तमान पुल के दोनों छोर के स्टेशनों से ही जुड़े होंगे अर्थात् वर्तमान में उत्तर में स्थित हाथीदह, टाल एवं रामपुर डुमरा स्टेशनों तथा दक्षिण में स्थित राजेन्द्रपुल तथा बरौनी स्टेशनों से ही जुड़े हैं । नवनिर्मित डबल लाइन के साथ-साथ वर्तमान में चल रहे पुराने राजेंद्र सेतु से भी रेलवे परिचालन जारी रहेगा । इससे यहां कुल तीन लाइनों का प्रावधान हो गया है । इससे उत्तर और दक्षिण बिहार के साथ ही देश के उत्तर-पूर्व इलाकों के बीच रेल कनेक्टिविटी और मजबूत होगी तथा पैसेंजर और मालगाड़ियों के परिचालन में सुधार होगा तथा अनुमानतः रेलवे ट्रैफिक में 25 गुणा वृद्धि होगी। इससे माल ढुलाई के समय और लागत में कमी आएगी, जिससे व्यापार और जरूरी चीजों की आवाजाही को फायदा होगा। मोकामा गंगा ब्रिज एक मजबूत, बेहतर कनेक्टिविटी, कमर्स और ग्रोथ के लिए नई संभावनाएँ देगा।



निर्मित डब्ल रेल पुल।

पत्रकारों की आवाज दबाने के प्रयासों के खिलाफ इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन ने दिया ज्ञापन

'पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग'

सोनपुर (एन एसबी) कानपुर नगर, उत्तर प्रदेश में पत्रकारों की सुरक्षा, सम्मान और पत्रकारिता की स्वतंत्रता को लेकर इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन कानपुर मंडल इकाई ने आवाज बुलंद करते हुए राष्ट्रपति भारत गणराज्य, प्रेस काउंसिल अफ इंडिया तथा राज्यपाल उत्तर प्रदेश से हस्तक्षेप की मांग की है। संगठन की ओर से जिलाधिकारी कानपुर नगर के माध्यम से संबंधित संवैधानिक एवं संस्थागत अधिकारियों को ज्ञापन भेजकर पत्रकारों के खिलाफ कथित दबाव, धमकी और मुकदमों की निष्पक्ष जांच कराने तथा पत्रकारों को सुरक्षा प्रदान किए जाने की मांग की गई। कानपुर के एक पत्रकार के खिलाफ दर्ज कथित रंगदारी के मुकदमे का उल्लेख करते हुए पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग की गई। गोंडा के पत्रकार सत्यम मिश्रा पर कथित हमले का मामला भी प्रमुखता से उठाया। संगठन ने हमले की निष्पक्ष जांच, आरोपियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई तथा पत्रकार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। इस अवसर पर अवध प्रदेश संरक्षक अश्विनी दीक्षित ने कहा कि पत्रकार समाज की समस्याओं और भ्रष्टाचार जैसे गंभीर मुद्दों को सामने लाने का कार्य करते हैं। यदि जनहित की खबर प्रकाशित करने पर पत्रकारों को दबाव अथवा मुकदमों का सामना करना पड़ेगा तो इससे पत्रकारिता की स्वतंत्रता प्रभावित होगी। उन्होंने कहा कि पत्रकारों के साथ किसी भी प्रकार का अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और संगठन लोकतांत्रिक तरीके से पत्रकारों के अधिकारों एवं सुरक्षा के लिए संघर्ष जारी रखेगा। उन्होंने कहा कि किसी पत्रकार के खिलाफ यदि कोई वास्तविक आरोप है तो उसकी जांच कानून के अनुसार होनी चाहिए, लेकिन केवल खबरों से असहमति के कारण पत्रकार को डराने या दबाव में लेने की प्रवृत्ति पर रोक लगनी चाहिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से मामलों की निष्पक्ष जांच और पत्रकारों को आवश्यक सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की। प्रदेश महासचिव तौहीद अहमद लिम ने कहा कि पत्रकारिता का मूल उद्देश्य जनता की आवाज को शासन और प्रशासन तक पहुंचाना है। भ्रष्टाचार, अवैध निर्माण और प्रशासनिक अनियमितताओं से संबंधित खबरों को दबाने के बजाय उन पर निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पत्रकारों के खिलाफ मुकदमे दर्ज करने से पहले उपलब्ध तथ्यों और साक्ष्यों की गंभीरता से जांच होनी चाहिए।उन्होंने कहा कि इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन पत्रकारों की सुरक्षा और सम्मान के लिए हर लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक मंच पर अपनी आवाज उठाता रहेगा। कानपुर मंडल अध्यक्ष मुकीम अहमद कुरैशी ने कहा कि पत्रकारों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जा सकता। पत्रकार दिन-रात मेहनत कर समाज की समस्याओं और जनहित के मुद्दों को सामने लाते हैं। ऐसे में यदि उन्हें धमकाया जाए, दबाव बनाया जाए या झूठे मुकदमों में फंसाने का प्रयास किया जाए तो संगठन चुप नहीं बैठेगा। उन्होंने कहा कि संगठन का उद्देश्य किसी व्यक्ति अथवा संस्था के खिलाफ व्यक्तिगत संघर्ष करना नहीं, बल्कि पत्रकारों के संवैधानिक अधिकारों और स्वतंत्र पत्रकारिता की रक्षा करना है। उन्होंने मांग की कि पत्रकारों से संबंधित सभी मामलों में निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कार्रवाई हो।



ज्ञापन सौंपते।

संक्षिप्त खबरें

शकुंतला टीवीएस में तीन नए मॉडलों की लॉन्चिंग, विधायक आलोक मेहता ने किया अनावरण

अपाचे आरटीआर 160 2वी, जुपिटर 110 ड्युअल-टोन और आईक्यूब मिलियनआर एडिशन बाजार में उतरे

दलसिंहसराय नगर। एनएसबी। त्योहारी मौसम को देखते हुए टीवीएस मोटर कंपनी ने ग्राहकों के लिए तीन नए मॉडल बाजार में उतारे हैं। स्थानीय अधिकृत विक्रेता शकुंतला टीवीएस में रविवार को पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक आलोक मेहता ने इन तीनों नए मॉडलों का भव्य अनावरण किया। इस अवसर पर शोरूम में बड़ी संख्या में ग्राहक एवं वाहन प्रेमी मौजूद रहे। कंपनी की ओर से बाजार में उतारे गए नए मॉडलों में अपाचे आरटीआर 160 2वी, जुपिटर 110 ड्युअल-टोन और इलेक्ट्रिक स्कूटर आईक्यूब मिलियनआर एडिशन शामिल हैं। त्योहारी सीजन में नए मॉडलों की लॉन्चिंग को ग्राहकों के लिए विशेष आकर्षण के रूप में देखा जा रहा है। शोरूम प्रबंधक राज दीपक ने बताया कि अपाचे आरटीआर 160 2वी के नए उच्च श्रेणी वाले मॉडल में ड्युअल-चैनल एबीएस के साथ ट्रैक्शन कंट्रोल सिस्टम जैसी आधुनिक सुरक्षा सुविधाएं दी गई हैं। वहीं लोकप्रिय जुपिटर 110 को आकर्षक ड्युअल-टोन डिजाइन के साथ पेश किया गया है। उन्होंने बताया कि इलेक्ट्रिक वाहनों की बढ़ती मांग को देखते हुए आईक्यूब मिलियनआर एडिशन को भी ग्राहकों के लिए उपलब्ध कराया गया है। तीनों नए मॉडल शोरूम में उपलब्ध हैं और ग्राहक यहां पहुंचकर इनके फीचर्स की जानकारी लेने के साथ टेस्ट राइड भी कर सकते हैं। शोरूम प्रबंधन के अनुसार शुरूआती 10 बुकिंग कराने वाले ग्राहकों के लिए विशेष ऑफर की व्यवस्था की गई है। इसके तहत 2100 रुपये की नकद छूट के साथ फुल टैंक पेट्रोल देने की बात कही गई है। इसके अलावा ग्राहकों के लिए फाइनेंस सुविधा में जीरो डाउनपेमेंट से लेकर जीरो इंटरेस्ट तक के विकल्प उपलब्ध होने की जानकारी दी गई। शोरूम प्रबंधक ने ग्राहकों से त्योहारी ऑफर का लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि नए मॉडलों में आधुनिक तकनीक, बेहतर सुविधाओं और आकर्षक डिजाइन का समावेश किया गया है, जिससे ग्राहकों को अपनी पसंद के अनुसार वाहन चुनने में सुविधा होगी।

भूमिहीन परिवारों को तीन डिसमिल जमीन देने की मांग, भाजपा नेता ने सीओ को सौंपा आवेदन

सरकारी आवास योजना का लाभ लेने वाले जरूरतमंद परिवारों को भूमि उपलब्ध कराने की उठाई आवाज

विद्यापतिनगर। एनएसबी। प्रखंड क्षेत्र में भूमिहीन गरीब परिवारों को आवास निर्माण के लिए तीन-तीन डिसमिल जमीन उपलब्ध कराने की मांग को लेकर भाजपा अनुसूचित मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष सह योगी कल्याण समिति के सदस्य नरेश महतो ने अंचलाधिकारी, विद्यापतिनगर को आवेदन सौंपा है। आवेदन में उन्होंने प्रखंड क्षेत्र में ऐसे भूमिहीन जरूरतमंद परिवारों को चिन्हित कर सरकार के प्रावधान के अनुसार आवास निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में कई ऐसे गरीब परिवार हैं, जिनके पास रहने के लिए अपनी जमीन का एक छोटा टुकड़ा तक उपलब्ध नहीं है। नरेश महतो के अनुसार कई परिवार सरकारी आवास योजना के लिए पात्र होने के बावजूद जमीन के अभाव में पक्के मकान का निर्माण नहीं करा पा रहे हैं। इससे आवास योजना का वास्तविक उद्देश्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने अंचल प्रशासन से ऐसे परिवारों की स्थिति की जांच कर नियमानुसार उन्हें सरकारी भूमि उपलब्ध कराने की दिशा में कार्रवाई करने का आग्रह किया। आवेदन में कई भूमिहीन परिवारों के नाम एवं उनके अभिभावकों के नाम भी दर्ज किए गए हैं। भाजपा नेता ने कहा कि जरूरतमंद परिवारों को भूमि उपलब्ध होने से वे सरकारी आवास योजना का लाभ लेकर अपना स्थायी घर बना सकेंगे। इससे उन्हें सुरक्षित एवं स्थायी आवास के साथ सामाजिक सुरक्षा भी मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि भूमिहीन गरीब परिवारों को आवास के लिए जमीन उपलब्ध कराना सामाजिक न्याय की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इससे सरकारी योजनाओं का लाभ वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंचाने में भी मदद मिलेगी। उन्होंने अंचलाधिकारी से मामले की जांच कर पात्र परिवारों के लिए आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है।

पर्यावरण संरक्षण का संदेश लेकर राष्ट्रीय साइकिल यात्रा पहुंची बसढिया

पंचायत सरकार भवन में जन संवाद, जल संरक्षण और स्वच्छता को लेकर ग्रामीणों से किया संवाद

दलसिंहसराय। एनएसबी। दलसिंहसराय प्रखंड की ग्राम पंचायत राज बसढिया में पद्म भूषण डॉ. अनिल प्रकाश जोशी के नेतृत्व में नेचर नेटवर्क संस्था की ओर से आयोजित राष्ट्रीय साइकिल यात्रा के यात्रियों का स्वागत किया गया। यात्रा के क्रम में पंचायत सरकार भवन में जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया हेमंत कुमार सहनी ने की, जबकि संचालन युवा सामाजिक कार्यकर्ता प्रमोद कुमार राय ने किया। जन संवाद का मुख्य उद्देश्य स्थानीय समुदाय के साथ संवाद स्थापित कर जल एवं जलाशय संरक्षण, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, स्वस्थ जीवनशैली और सामुदायिक सहभागिता का संदेश जन-जन तक पहुंचाना था। कार्यक्रम में ग्रामीणों एवं पंचायत प्रतिनिधियों ने पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता को लेकर अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर मुखिया हेमंत कुमार सहनी ने राष्ट्रीय साइकिल यात्रा के यात्रियों एवं अतिथियों का पाग, माला एवं चादर से स्वागत किया। उन्होंने कहा कि जल, पर्यावरण और स्वच्छता जैसे विषयों पर आम लोगों की भागीदारी बढ़ाना समय की जरूरत है। स्थानीय स्तर पर सामूहिक प्रयास से इन क्षेत्रों में बेहतर परिणाम हासिल किए जा सकते हैं। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत राज बसढिया के सरपंच महेश साह, उप मुखिया गौतम झा, उप सरपंच विश्वनाथ राय, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी अजय कुमार, कार्यपालक सहायक विकास आर्य, पंचायत सचिव मनोज चौधरी, पंचायत रोजगार सेवक बबलू कुमार, इंदिरा आवास सहायक हेमंत कुमार सिंह, स्वच्छता पर्यवेक्षक अनिल कुमार सहित कई पंचायत प्रतिनिधि एवं कर्मी मौजूद रहे। मौके पर वार्ड सदस्य विनोद पासवान, सुबोध कुमार ठाकुर, वार्ड पंच पंकज कुमार साह, सीता देवी, कोवटा के मुखिया प्रतिनिधि नीरज ठाकुर, मालपुर मुखिया महेश्वर राम, ग्रामीण शिव नारायण सिंह, अमरजीत सहनी सहित सभी स्वच्छता कर्मी, वार्ड सदस्य, वार्ड पंच एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

त्योहारी सीजन में रॉयल एनफील्ड की बढ़ी मांग, आदित्य मोटर्स में बुकिंग तेज

मोहनपुर, दलसिंहसराय और रोसड़ा के साथ कल्याणपुर शाखा में भी ग्राहकों का बढ़ा रुझान

समस्तीपुर। एनएसबी। पर्व-त्योहारों का मौसम शुरू होते ही दोपहिया वाहनों की खरीदारी को लेकर बाजार में चहल-पहल बढ़ गई है। खासकर रॉयल एनफील्ड की मोटरसाइकिलों को लेकर ग्राहकों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। दुर्गापूजा, धनतेरस और दीपावली के अवसर पर नई बाइक खरीदने की तैयारी कर रहे ग्राहकों के कारण आदित्य मोटर्स की विभिन्न शाखाओं में बुकिंग और बिक्री में तेजी आई है। शहर के मोहनपुर स्थित मुख्य शोरूम के अलावा दलसिंहसराय और रोसड़ा शाखाओं में भी ग्राहकों की आवाजाही बढ़ी है। वहीं कल्याणपुर में शुरू हुई आदित्य मोटर्स की नई शाखा को भी क्षेत्र के ग्राहकों से अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। शोरूम प्रबंधक मनीष कुमार झा ने बताया कि त्योहारी खरीदारी को लेकर ग्राहकों में विशेष उत्साह है। क्लासिक 350, बुलेट 350, हंटर 350, कॉन्टिनेंटल जीटी और गुरिल्ला 450 समेत कंपनी के विभिन्न मॉडलों की मांग में तेजी आई है। कई ग्राहक अपनी पसंद के मॉडल और रंग के लिए पहले से बुकिंग करा रहे हैं, ताकि धनतेरस या दीपावली के अवसर पर उन्हें समय पर वाहन की डिलीवरी मिल सके। उन्होंने बताया कि बढ़ती मांग को देखते हुए शोरूम प्रबंधन की ओर से वाहनों की उपलब्धता और डिलीवरी की विशेष योजना तैयार की जा रही है। बुकिंग के आधार पर ग्राहकों को उनकी पसंद के मॉडल उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। कल्याणपुर में नई शाखा शुरू होने से आसपास के ग्राहकों को भी काफी सुविधा मिल रही है। ग्राहक शोरूम पहुंचकर विभिन्न मॉडलों की जानकारी लेने के साथ टेस्ट राइड, फाइनेंस और एक्सचेंज की सुविधाओं का लाभ उठा रहे हैं। श्री झा ने बताया कि आदित्य मोटर्स की सभी शाखाओं में वाहन बिक्री के साथ फाइनेंस, एक्सचेंज, ओरिजिनल मोटरसाइकिल एक्सेसरीज और आफ्टर-सेल्स सपोर्ट की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में धनतेरस और दीपावली को देखते हुए बाइक की बुकिंग एवं बिक्री में और तेजी आने की उम्मीद है। ग्राहकों की बढ़ती मांग को देखते हुए शोरूम प्रबंधन समय पर वाहन उपलब्ध कराने की तैयारी में जुटा है।

शिक्षा, रोजगार और पलायन रोकने के मुद्दे पर धर्मांश रंजन ने भरा नामांकन

दरभंगा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में दाखिल किया पर्चा, युवाओं के सवालों को बताया चुनावी अभियान का केंद्र



समस्तीपुर। एनएसबी। बिहार विधान परिषद के दरभंगा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में डॉ. धर्मांश रंजन उर्फ अंकुर ने सोमवार को अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन को लेकर उनके समर्थकों और युवाओं में खासा उत्साह देखा गया। नामांकन से पहले डॉ. रंजन ने अपनी मां का आशीर्वाद लिया और शहर के थानेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना कर सफलता की कामना की।

इसके बाद वे मोहनपुर स्थित होली मिशन हाई स्कूल परिसर पहुंचे, जहां उन्होंने अपने पिता स्व. रति रंजन प्रसाद की स्मारक पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उन्होंने माता, चाचा एवं अन्य वरिष्ठजनों से आशीर्वाद लिया। इसके बाद समर्थकों के साथ दरभंगा के लिए रवाना हुए। नामांकन के दौरान बड़ी संख्या में उनके समर्थक और युवा मौजूद रहे। नामांकन दाखिल करने के बाद मीडिया से बातचीत में डॉ. धर्मांश रंजन ने कहा कि उनका चुनावी अभियान शिक्षा, रोजगार, युवा और मिथिला के विकास जैसे बुनियादी मुद्दों पर केंद्रित रहेगा। उन्होंने कहा कि मिथिला क्षेत्र के युवाओं को बेहतर शिक्षा और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना समय की प्रमुख आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा और रोजगार के लिए बड़ी संख्या में युवाओं को दूसरे राज्यों एवं महानगरों की ओर पलायन करना पड़ता है। यदि स्थानीय स्तर पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और रोजगार के अवसर विकसित किए जाएं तो इस पलायन को काफी हद तक कम किया जा सकता है। डॉ. रंजन ने कहा कि शिक्षकों, छात्रों और स्नातक युवाओं से जुड़े मुद्दों को विधान परिषद में मजबूती से उठाना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि स्नातक मतदाताओं के साथ-साथ शिक्षा और रोजगार से जुड़े व्यापक सवालों को सदन में प्रभावी ढंग से रखा जाए। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि वे जाति और व्यक्तिगत समीकरण से ऊपर उठकर मुद्दों, विजन और युवा नेतृत्व के आधार पर अपना निर्णय लें। उन्होंने ह्वशिक्षित समाज, सशक्त युवा, समृद्ध मिथिला और विकसित बिहारह्व के संकल्प के साथ चुनाव अभियान आगे बढ़ाने की बात कही।

विधान परिषद चुनाव को लेकर प्रशासन अलर्ट, डीएम ने तैयारियों की समीक्षा कर दिए सख्त निर्देश

नामांकन प्रक्रिया के बाद चुनावी गतिविधियां तेज, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने पर जोर

समस्तीपुर। एनएसबी। बिहार विधान परिषद के स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के द्विवार्षिक निर्वाचन 2026 को लेकर जिले में चुनावी गतिविधियां तेज हो गई हैं। नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद जिला प्रशासन ने चुनाव को स्वच्छ, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने की तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में निर्वाचन तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में निर्वाचन कार्य के लिए गठित विभिन्न कोषांगों के प्रभारी पदाधिकारियों से अब तक की गई तैयारियों और कार्यों की बिंदुवार जानकारी ली गई। जिलाधिकारी ने सभी पदाधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग एवं निर्वाचन विभाग, बिहार द्वारा जारी दिशा-निदेर्शों का अक्षरशः पालन करने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन एक महत्वपूर्ण संवैधानिक प्रक्रिया है। इसलिए निर्वाचन कार्य से जुड़े सभी अधिकारी और कर्मी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी गंभीरता, पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ करें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि निर्वाचन कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी।

समीक्षा के दौरान कार्मिक कोषांग को मतदान एवं अन्य निर्वाचन कार्यों के लिए आवश्यक कर्मियों की उपलब्धता, प्रतिनियुक्ति तथा प्रशिक्षण की कार्रवाई समय पर पूरी करने का निर्देश दिया गया। परिवहन कोषांग को पर्याप्त संख्या में वाहनों की उपलब्धता और उनके समुचित उपयोग की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया।

सामग्री कोषांग को निर्वाचन से संबंधित सभी आवश्यक सामग्रियों की उपलब्धता, सुरक्षित भंडारण तथा मतदान दलों को समय पर सामग्री उपलब्ध कराने की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया। प्रेक्षक कोषांग को निर्वाचन प्रेक्षकों से संबंधित सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूरी करने को कहा गया।

निर्वाचन कोषांग को आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम और दिशा-निर्देश के अनुरूप सभी प्रक्रियाओं का समुचित समन्वय करते हुए समय पर निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। वहीं मीडिया कोषांग को निर्वाचन से संबंधित अधिकृत एवं प्रमाणिक सूचनाओं का समयबद्ध प्रसार करने तथा मतदाताओं को निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़ी आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान देने को कहा गया।

जिलाधिकारी ने सभी कोषांगों के प्रभारी अधिकारियों को आपसी समन्वय और नियमित अनुश्रवण के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि निर्वाचन की प्रत्येक प्रक्रिया में आयोग के दिशा-निर्देश और निर्धारित मानकों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित होना चाहिए।

बैठक में उप विकास आयुक्त सूर्य प्रताप सिंह, अपर समाहर्ता ब्रजेश कुमार, अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन राजेश सिंह सहित विभिन्न कोषांगों के प्रभारी पदाधिकारी एवं संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

जन संवाद में डीएम ने सुनीं लोगों की समस्याएं, अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई का निर्देश

भूमि, पेंशन, आवास, राशन, बिजली, सड़क और शिक्षा समेत कई मामलों को लेकर पहुंचे फरियादी

समस्तीपुर। एनएसबी। समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में सोमवार को जिला पदाधिकारी रोशन कुशवाहा की अध्यक्षता में जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे आम लोगों ने अपनी व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक समस्याओं, शिकायतों और मांगों से संबंधित आवेदन जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किए।

जिलाधिकारी ने जन संवाद में पहुंचे प्रत्येक आवेदक की समस्या को गंभीरता से सुना और संबंधित मामलों की जानकारी लेते हुए उनके नियमानुसार समाधान के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों पर गंभीरता से विचार करते हुए निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। जन संवाद के दौरान भूमि एवं राजस्व से जुड़े मामलों के अलावा दाखिल-खारिज, परिमार्जन, अतिक्रमण, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, राशन कार्ड, विद्युत, सड़क, पेयजल, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सहित विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें एवं मांगें सामने आईं।

जिलाधिकारी ने कहा कि आम नागरिकों की समस्याओं का समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है। जिन मामलों का निष्पादन जिला अथवा प्रखंड स्तर पर किया जा सकता है, उन्हें अनावश्यक रूप से लंबित नहीं रखा जाए। संबंधित पदाधिकारी ऐसे मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि जिन मामलों में स्थल जांच, विभागीय समन्वय अथवा किसी अन्य प्रक्रिया की आवश्यकता है, उनमें भी निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्रवाई पूरी की जानी चाहिए। जिलाधिकारी ने शिकायतों के निष्पादन की नियमित समीक्षा एवं अनुश्रवण करने का निर्देश भी अधिकारियों को दिया।

उन्होंने कहा कि कार्रवाई पूरी होने के बाद संबंधित आवेदक को इसकी जानकारी उपलब्ध कराई जाए, ताकि लोगों को अपनी समस्या के समाधान के लिए बार-बार सरकारी कार्यालयों का चक्कर नहीं लगाना पड़े।

'मेरे सपनों का भारत' में बच्चों ने रंगों से सजाई विकसित राष्ट्र की कल्पना



जिला स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता में 135 विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा, स्वच्छ एवं स्वस्थ भारत का दिया संदेश

समस्तीपुर। एनएसबी। 'मेरे सपनों का भारत' अभियान के तहत सोमवार को राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय, हरपुर सिंघिया जगतसिंहपुर में जिला स्तरीय चित्रकला प्रदर्शनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शिक्षा विभाग, बिहार शिक्षा परियोजना एवं सर्व शिक्षा अभियान के तत्वावधान में आयोजित प्रतियोगिता में जिले के सभी प्रखंडों से चयनित 135 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया।

प्रतियोगिता में कक्षा एक से पांच तथा कक्षा छह से आठ के विद्यार्थियों ने अपनी कल्पनाशक्ति को रंगों और रेखाओं के माध्यम से कागज पर उकेरा। बच्चों की चित्रकारी में स्वच्छ, शिक्षित, विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत की तस्वीर देखने को मिली। इसके साथ ही पर्यावरण संरक्षण, सेवा भावना, स्वच्छता और देश की प्रगति जैसे विषयों को भी चित्रों के माध्यम से प्रमुखता दी गई। कक्षा एक से पांच वर्ग में विद्यापतिनगर की अमीबा प्रवीण ने प्रथम, सरायरंजन के मो. सुफियान शाहिद ने द्वितीय, पटोरी के सरोज ने तृतीय तथा हसनपुर की रितिका ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया।

वहीं कक्षा छह से आठ वर्ग में सरायरंजन की वैभव कुमारी प्रथम, बिथान की तान्या तेजस्वी द्वितीय, विभूतिपुर की प्रतिभा कुमारी तृतीय तथा हसनपुर के ऋषिकेश राज चतुर्थ स्थान पर रहे।

कार्यक्रम का उद्घाटन शिक्षा विभाग के लेखा पदाधिकारी सुनील कुमार, संभाग प्रभारी हरिश्चंद्र राम, शिक्षक सुभीत कुमार सिंह एवं अमरेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया, जबकि स्काउट-गाइड दल ने बैंड की धुन पर मार्च पास्ट कर अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया।

विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ. संजय प्रसाद ने कहा कि चित्रकला बच्चों की कल्पनाशक्ति और रचनात्मक सोच को अभिव्यक्त करने का प्रभावी माध्यम है। इस तरह की प्रतियोगिताओं से बच्चों में सृजनात्मकता के साथ-साथ देश और समाज के प्रति जिम्मेदारी की भावना भी विकसित होती है।

कार्यक्रम का संचालन मनीषा शालिनी ने किया। सदफ नाज, डॉली कुमारी एवं सृष्टि आनंद ने निर्णायक की भूमिका निभाई। प्रधानाध्यापक ने अतिथियों एवं निर्णायक मंडल के सदस्यों को अंगवस्त्र, पाग एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया।

लेखा पदाधिकारी सुनील कुमार ने कहा कि बच्चों की चित्रकारी में भविष्य के भारत की तस्वीर दिखाई देती है। आयोजन की सफलता में रंजीत कुमार, मिंटू कुमार, चंदन कुमार, अखिलेश कुमार सिन्हा सहित विद्यालय परिवार के सदस्यों का उल्लेखनीय सहयोग रहा।

डीएलएड परीक्षा में आरएल महतो कॉलेज का शानदार प्रदर्शन, खुशी कुमारी बनीं टॉपर

91.7 प्रतिशत अंक हासिल कर खुशी ने किया कॉलेज में प्रथम स्थान, टॉप टेन में कई प्रशिक्षुओं ने बनाई जगह



दलसिंहसराय। एनएसबी। राम लखन महतो इंस्टिट्यूट ऑफ एजुकेशन में डीएलएड सत्र 2024-26 के वार्षिक परीक्षा परिणाम में प्रशिक्षुओं ने शानदार प्रदर्शन किया है। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना की ओर से हाल में जारी परीक्षा परिणाम में कॉलेज की छात्रा खुशी कुमारी ने 91.7 प्रतिशत अंक हासिल कर महाविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय में समारोह आयोजित कर टॉपर एवं सफल प्रशिक्षुओं को सम्मानित किया गया।

परीक्षा परिणाम में निशा भारती एवं पल्लवी कुमारी ने 90.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से दूसरा स्थान हासिल किया। ऊषा कुमारी 90.5 प्रतिशत अंक के साथ तीसरे, राधा कुमारी 90.4 प्रतिशत अंक के साथ चौथे तथा सालेहा परवीन 90.3 प्रतिशत अंक के साथ पांचवें स्थान पर रहीं।

महाविद्यालय के टॉप टेन में भारती कुमारी ने 90.1 प्रतिशत, प्रीति कुमारी ने 90 प्रतिशत, शहाना परवीन ने 89.9 प्रतिशत, ब्यूटी कुमारी एवं लक्ष्मी कुमारी ने 89.8 प्रतिशत तथा सपना कुमारी ने 89.7 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। सभी सफल प्रशिक्षुओं को महाविद्यालय की ओर से ट्रॉफी, मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। राखी, सोनी एवं खुशबु कुमारी ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता राजेश कुमार गिरी ने किया।

प्राचार्य डॉ. धर्मेन्द्र कुमार ने सभी सफल प्रशिक्षुओं को बधाई देते हुए कहा कि परीक्षा में सफलता विद्यार्थियों के मनोबल को बढ़ाने के साथ उन्हें भविष्य में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करती है। उन्होंने प्रशिक्षुओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। डीएलएड विभागाध्यक्ष डॉ. इमामुद्दीन ने कहा कि सफलता का मूल आधार निरंतर परिश्रम है। मेहनत के साथ आगे बढ़ने वाले विद्यार्थी जीवन में बेहतर मुकाम हासिल कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस सत्र के शत-प्रतिशत प्रशिक्षुओं ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर महाविद्यालय के लिए एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

समारोह में टॉपर प्रशिक्षुओं ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता के आशीर्वाद, उनके त्याग एवं विश्वास तथा महाविद्यालय के शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन को दिया। मौके पर कुमारी दीपा, रूपम कुमारी, योगेश कुमार, हसन रजा अंसारी, आकांक्षा कुमारी, सर्वेश सुमन, डॉ. निर्मल कुमार चंचल, उमा शंकर चंदन, मनोज कुमार, डॉ. आदित्य राज, पल्लव पारस, रूपक कौशल, संतोष सुमन, अजय शर्मा, दिनेश मिश्रा, रश्मि रोजी, श्वेता कर्ण, किरण चौधरी, प्रशांत स्वराज एवं शेफाली दीक्षिता सहित अन्य उपस्थित रहे।

मां काली की प्रतिमा से चोरी गई आभूषण बरामद तीन लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अरवल (एनएसबी)। पुलिस की बड़ी कार्रवाई मंदिर में मां काली की प्रतिमा से चोरी किए गए आभूषण बरामद कर लिया गया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अरवल थाना पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए मंदिर में मां काली की प्रतिमा से चोरी किए गए आभूषण बरामद करते हुए 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। विदित हो की दिनांक 13.09.2026 को वादी के द्वारा अरवल थाना में लिखित आवेदन दिया गया कि ग्रामीण पुजा करने हेतु मंदीर गए थे। इसी दौरान मंदीर के मुख्य द्वार का ताला टूटा हुआ पाया गया तथा मंदीर में स्थापित माँ काली की प्रतिमा से अज्ञात चोरों द्वारा माँ काली के श्रृगांर के आभूषण चोरी कर लि गयी है। उक्त संबंध में अरवल थाना काण्ड संख्या-351/26, दिनांक-13.09.2026, धारा-


पीसी करते एसपी।

305/334 (1)/112 बी एनएस दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। अरवल पुलिस की कार्रवाई घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक, अरवल द्वारा चोरी की घटना में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी एवं चोरी गए आभूषणों की बरामदगी हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, अरवल के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। उक्त टीम में थानाध्यक्ष, अरवल थाना एवं अरवल-थाना के अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी को शामिल किया गया। गठित टीम द्वारा सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन एवं तकनीकी एवं मानवीय आसूचना का संकलन करते हुए त्वरित कार्रवाई की गई। अनुसंधान के क्रम में घटना में संलिप्त एक प्राथमिकी अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त ने अपने स्वीकारोक्ति बयान में मां काली की प्रतिमा से श्रृंगार का आभूषण चोरी करने की बात स्वीकार करते हुए, घटना कारित करने में शामिल अन्य अभियुक्तों एवं चोरी किए गए आभूषणों को स्वर्णकार सोनू कुमार उर्फ प्रवीण कुमार, पिता स्व अवध लाल खत्री, सा अरवल सिपाह, थाना जिला-अरवल के पास बेचने की जानकारी दी। उक्त स्वर्णकार के पास से मां काली की प्रतिमा से चोरी गया श्रृंगार का आभूषण बरामद किया गया तथा स्वर्णकार को गिरफ्तार किया गया तथा एक अन्य अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार अभियुक्तों का आपराधिक इतिहास पता किया जा रहा है।घटना में संलिप्त अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु लगातार छापेमारी की जा रही है।गिरफ्तार अभियुक्तों में दीपक कुमार उर्फ दीपु पे जोगेन्द्र चौधरी, ग्राम मल्ही पट्टी थाना+जिला-अरवल। सोनु कुमार उर्फ प्रवीण कुमार, पिता स्व अवध लाल खत्री, सा अरवल सिपाह, थाना+जिला-अरवल। अयाज विनजैद उर्फ राहुल खान, पिता जाउल रहमान, सा इमामगंज, थाना-इमामगंज, जिला-पटना इन लोगों के पास से सोने जैसा दिखने वाला एक टीका जिसका वजन 1.16 ग्राम।एक पतली तार गोल सोने जैसा नथिया जिसका वजन 0.26 ग्राम। एक ठोस टुकड़ा सोने जैसा जिसका वजन 5.04 ग्राम बरामद किया गया है।

संक्षिप्त खबरें

विष्णुपद अस्थायी थाना का निरीक्षण किया

गयाजी (दैनिक नवसंदेश ब्यूरो)। सोमवार को वरीय पुलिस अधीक्षक, गया के निर्देशन में नगर पुलिस अधीक्षक, गया द्वारा पितृपक्ष मेला महासंगम-2026 के मद्देनजर विष्णुपद अस्थायी थाना का निरीक्षण किया गया। इस दौरान थाना की सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था से संबंधित व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों को मेला क्षेत्र में विधि-व्यवस्था बनाए रखने, श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुचारू आवागमन सुनिश्चित करने तथा पूरी सतर्कता के साथ ड्यूटी का निर्वहन करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

मविवि में शोक सभा का हुआ आयोजन

गयाजी (दैनिक नवसंदेश ब्यूरो)। मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के स्नातकोत्तर अर्थशास्त्र विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. सच्चिदानंद सिन्हा के आकस्मिक निधन पर विभाग में शोकसभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभाग के शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं शिक्षकेतर कर्मियों ने दिवंगत आत्मा की शांति एवं उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन रखा। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि प्रो. सच्चिदानंद सिन्हा ने इसी वर्ष के प्रारंभ में स्नातकोत्तर अर्थशास्त्र विभाग में विभागाध्यक्ष के रूप में योगदान दिया था। अल्प अवधि में ही उन्होंने अपने सरल, सहज एवं आत्मीय व्यवहार, उत्कृष्ट कार्यशैली तथा विद्यार्थियों एवं सहकर्मियों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण से सभी के बीच विशेष स्थान बना लिया था। उनका असामयिक निधन विश्वविद्यालय एवं शिक्षा जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। उनके निधन से विभाग ने एक कुशल शिक्षक, प्रशासक एवं आत्मीय व्यक्तित्व को खो दिया है। शोकसभा में उपस्थित सभी शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं शिक्षकेतर कर्मियों ने प्रो. सिन्हा के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को स्मरण करते हुए उनके प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की तथा ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने एवं शोक-संतप्त परिवार को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

कंट्रोल रूम से व्यवस्थाओं की लगातार निगरानी

गयाजी (दैनिक नवसंदेश ब्यूरो)। जिला पदाधिकारी ने संवास सदन स्थित कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां से मेला क्षेत्र की गतिविधियों, भीड़ की स्थिति एवं विभिन्न स्थलों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कंट्रोल रूम में प्राप्त होने वाली सूचनाओं एवं शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मेला क्षेत्र में आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु को सुरक्षित, सुगम एवं सम्मानजनक वातावरण उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी स्तर पर श्रद्धालुओं को असुविधा न हो, इसके लिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ पूरी तत्परता से कार्य करें।

मीतूचक से भाई के साथ मारपीट का आरोपी गिरफ्तार, जेल

डोभी (एनएसबी)। डोभी थाना क्षेत्र के मीतूचक गांव में शराब के नशे में अपने भाई के साथ मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने राकेश कुमार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। घटना की सूचना डायल 112 पर दी गई थी। सूचना मिलने के बाद डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और आरोपी युवक को डोभी थाना लेकर आई। जांच में युवक के शराब पीने की पुष्टि हुई। इसके बाद पुलिस ने उससे पूछताछ की। भाई द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर डोभी थाना कांड संख्या 256/26 दर्ज कर आरोपी राकेश कुमार को गिरफ्तार किया गया। डोभी थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने सोमवार की दोपहर बताया कि मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

पीपरघट्टी से दो एनबीडब्ल्यू वारंटी गिरफ्तार

डोभी (एनएसबी)। डोभी थाना क्षेत्र के पीपरघट्टी गांव से डोभी पुलिस ने दो एनबीडब्ल्यू वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में न्यायालय भेज दिया। गिरफ्तार वारंटियों की पहचान पीपरघट्टी निवासी नागेश्वर यादव और बालेश्वर यादव के रूप में हुई है। मामले की जानकारी डोभी थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने सोमवार की दोपहर करीब दो बजे दी। उन्होंने बताया कि दोनों के खिलाफ न्यायालय से एनबीडब्ल्यू वारंट निर्गत था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों को गिरफ्तार किया और आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत में न्यायालय भेज दिया गया।

आनलाइन उर्वरक विक्री हेतु विक्रेताओं को ई-किसान भवन डोभी में प्रशिक्षण



डोभी। डोभी प्रखंड मुख्यालय स्थित ई किसान भवन सभागार में प्रखंड क्षेत्र के सभी खुदरा खाद विक्रेताओं को प्रशिक्षण दिया गया। कृषि समन्वयक सह उर्वरक निरिक्षक संजय कुमार द्वारा प्रखंड क्षेत्र के सभी खुदरा खाद विक्रेताओं को तकनीकी प्रशिक्षण दिया। कृषि समन्वयक संजय कुमार ने सोमवार की दोपहर दो बजे बताया कि सभी तरह के उर्वरक का विक्री अब आनलाइन करना है। इससे किसान भाइयों को खाद खरीदने में सहुलियत होगी एवं उर्वरक का कालाबजारी पर अंकुश लगेगा। किसान अपनी इच्छा से कोइ भी खाद उचित मूल्य पर खरीद सकेंगें। मौके पर कृषि उपादान विक्रेता अजय कुमार मिश्र,बबन खां,दिपक मिश्रा, उपेन्द्र वर्मा, रविन्द्र प्रसाद मनोज साव सहित सभी खुदरा खाद विक्रेता मौजूद रहे ।

वेयरहाउस का डीएम और एसपी ने किया निरीक्षण

अरवल (एनएसबी)। जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा इवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण जिला पदाधिकारी अमृषा बैंस एवं पुलिस अधीक्षक नवजोत सिमी द्वारा संयुक्त रूप से जिले में स्थित इवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशन एवं संबंधित निर्वाचन सामग्री के सुरक्षित भंडारण तथा वेयरहाउस की



सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। इस दौरान जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा वेयरहाउस में लगाए गए सुरक्षा प्रबंधों, सीसीटीवी निगरानी व्यवस्था, प्रवेश एवं निकास व्यवस्था तथा अन्य सुरक्षा मानकों का बारीकी से निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने संबंधित पदाधिकारियों से इवीएम के रख-रखाव एवं सुरक्षा से संबंधित जानकारी प्राप्त की तथा आवश्यक अभिलेखों का भी अवलोकन किया। जिला पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि इवीएम एवं निर्वाचन से संबंधित सभी सामग्रियों का निर्धारित मानकों एवं निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेर्शों के अनुरूप सुरक्षित एवं व्यवस्थित रख-रखाव सुनिश्चित किया जाए। वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं हो तथा सीसीटीवी कैमरों एवं अन्य सुरक्षा उपकरणों की नियमित रूप से जांच की जाए। पुलिस अधीक्षक द्वारा भी वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

सगे भाई बहन की मौत के बाद गांव में मचा कोहराम

शहरतेलपा (एनएसबी)। शहर तेलपा थाना के केयाल ग्राम पंचायत अंतर्गत महावीरगंज टोला में भाई-बहन की मौत की सूचना ज्योंही ग्रामीणों को मिली पूरे गांव में सन्नाटा फैल गया ।जैसा की ग्रामीणों ने बताया कि महावीरगंज निवासी भीम बिंद अपने पूरे परिवार के साथ उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद क्षेत्र में मिट्टी कार्य करने के लिए विगत दो महीने से गए हुए थे ।जितिया व्रत के रात्रि में सोए हुए अवस्था में उनके लड़की प्रियंका कुमारी उम्र लगभग 8 वर्ष और अंकुश कुमार उम्र 6 वर्ष को सांप काट दिया ।इसके बाद प्राथमिक उपचार के उपरांत वे लोग इलाहाबाद सदर अस्पताल में अपने दोनों बच्चों को लेकर गए ।वहां भी डॉक्टर के द्वारा इलाज किया गया लेकिन परिजनों के दबाव के चलते एंबुलेंस के द्वारा इन्हें अपने गांव महावीर गंज भेज दिया गया । घर पर आने के बाद पुनः बच्चों के परिजन के द्वारा सदर अस्पताल अरवल ले जाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने दोनों बच्चों को मृत घोषित किया।

जिला पदाधिकारी ने विशेष ध्यान देने का दिया निर्देश

गयाजी (दैनिक नवसंदेश ब्यूरो)। जिला पदाधिकारी ने पितृपक्ष मेले में आये बुजुर्ग, महिला एवं असहाय श्रद्धालुओं पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि दर्शन के बाद श्रद्धालुओं को भीड़ के बीच धक्का-मुक्की से बचाते हुए आवश्यकता पड़ने पर हाथ पकड़कर अथवा सहारा देकर सुरक्षित रूप से निकास द्वार तक पहुंचाया जाए। किसी भी श्रद्धालु को फिसलन अथवा अन्य कारणों से परेशानी न हो, इसके लिए कर्मियों को पूरी तत्परता एवं श्रद्धा भाव से सेवा करने का निर्देश दिया गया।

जिला पदाधिकारी ने विष्णुपद मंदिर के गर्भगृह में लगे लाइव सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से भीड़ की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि गर्भगृह एवं निकास द्वार पर भीड़ का निरंतर अनुश्रवण करते हुए श्रद्धालुओं को व्यवस्थित एवं सुरक्षित तरीके से दर्शन कराया जाए।

निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने मेला क्षेत्र के सभी पिंडवेदी स्थलों पर साफ-सफाई व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी पिंडवेदी स्थलों की नियमित एवं प्रभावी सफाई सुनिश्चित करें। जहां कहीं भी गंदगी अथवा कचरा दिखाई दे, वहां तत्काल सफाई कराई जाए। उन्होंने घाट एवं नदी क्षेत्र में भी निरंतर सफाई अभियान चलाने का निर्देश दिया। पिंडदान के दौरान नदी में प्रवाहित होने वाली पूजन सामग्री को लगातार जालध्छनाई व्यवस्था के माध्यम से बाहर निकालने तथा नदी को स्वच्छ रखने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि श्रद्धालुओं की धार्मिक आस्था के साथ-साथ घाट एवं नदी की स्वच्छता का भी विशेष ध्यान रखा जाए।

अपराधियों ने विकास मित्र की पत्नी के सामने मारी गोली

ताबरतोड़ गोली से हुई मौत

गयाजी (दैनिक नवसंदेश ब्यूरो)। बेखौप अपराधियों ने रविवार की रात शहर के डेल्हा थाना क्षेत्र में बैरागी महादेव स्थान बगीचा के पास विकास मित्र शंकर मांझी को उसकी पत्नी के सामने गोली मार हत्या कर दी। शंकर मांझी अपनी पत्नी कविता देवी के साथ जनता कॉलोनी से ईसा मसीह की प्रार्थना में शामिल होकर घर लौट रहे थे। बताया जाता है कि शंकर मांझी मोहल्ले में गलत चीजों का विरोध किया करते थे। घात लगाए अपराधियों ने शंकर मांझी पर ताबरतोर फायरिंग की जिससे उसकी मौत हो गई। एसएसपी ने बताया कि दिनांक 04.10.2026 को डेल्हा थाना को सूचना मिली कि महादेव स्थान स्थित अंदर बैरागी के पास में एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। घटनास्थल को सुरक्षित करते हुए शव को पोस्टमार्टम हेतु एएनएमएमसी एच, गया भेजा गया तथा एफएसएल टीम को घटनास्थल पर बुलाया गया। इस संबंध में वादिनी के लिखित आवेदन के आधार पर डेल्हा थाना कांड सं0-294/26, दिनांक-05.10.2026 दर्ज कर अनुसंधान प्रारम्भ किया गया। बताया गया कि एसएसपी, गया के मार्गदर्शन में पुलिस उपाधीक्षक नगर-2, गया के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। जिसमें थानाध्यक्ष डेल्हा थाना एवं डेल्हा थाना के अन्य पुलिस पदाधिकारी/कर्मी तथा तकनीकी शाखा के पुलिस पदाधिकारी/कर्मी को शामिल किया गया।

गठित विशेष टीम द्वारा तकनीकी अनुसंधान, आसूचना संकलन एवं त्वरित कार्रवाई करते हुए इस कांड में संलिप्त 1 अभियुक्त को गिरफ्तार एवं 01 विधि विरूद्ध बालक को निरूद्ध कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम रघु कुमार, पे0 स्व0 राजेश रविदास, सा0 अन्दर बैरागी महादेव स्थान, थाना डेल्हा, जिला गया तथा एक विधि विरूद्ध बालक है।

इंडोर स्टेडियम में मेरे सपनों का भारत से बातचीत अभियान हुआ संपन्न

अरवल (एनएसबी)। सेवा ही संकल्प कार्यक्रम के तहत मेरे सपनों का भारत सेवा चित्र अभियान इंडोर स्टेडियम में विधिवत संपन्न किया गया। कार्यक्रम में वर्ग-1 से 8 तक के बच्चों का चित्रांकन प्रदर्शनी लगाया गया। उक्त प्रदर्शनी में वर्ग 1 से 5 चित्रकला प्रदर्शनी में बादल कुमार, प्राथमिक विद्यालय अलावलचक (करपी), तृतीय स्थान प्राप्त किया गया। सपना कुमारी, प्राथमिक विद्यालय रामापुर (करपी) द्वितीय स्थान प्राप्त की इसके साथ ही हलीमा प्रवीण, उर्दू प्राथमिक विद्यालय बाजितपुर (करपी) प्रथम स्थान प्राप्त किया। वर्ग 6 से 8 के बच्चों के चित्रकला प्रदर्शनी में तृतीय पुरस्कार शिफा खातून, उत्क्रमित मध्य विद्यालय खड़ासीन (बंशी), नीलू कुमारी आदर्श मध्य विद्यालय मानिकपुर, कुर्था द्वितीय पुरस्कार एवं प्रथम पुरस्कार शिवम कुमार मध्य विद्यालय शहर तेलपा (करपी) ने प्राप्त किया। तदुनुपरान्त इंडोर स्टेडियम, अरवल में आज ही के दिन दिनांक-05.10.2026 को जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया उक्त प्रतियोगिता वर्ग 09 से 12 तक के छात्र-छात्रा सम्मिलित हुए। इस प्रतियोगिता में 17


कार्यक्रम में भाग लेते अतिथि।

सदस्यों ने भाग लिया जिसमें प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा आलिया परवीन बालिका उच्च विद्यालय अरवल की है, दूसरे स्थान पर निशांत कुमार, उच्च विद्यालय बेलसार (कलेर) के छात्र हैं एवं तृतीय स्थान पर अनुष्का वर्मा उच्च विद्यालय पिंजरावों (कुर्था) की छात्रा रही। कार्यक्रम में विधान पार्षद अनिल शर्मा जी माननीय प्रदेश महामंत्री भाजपा नितिन अभिषेक जी जिला अध्यक्ष भाजपा सह उपाध्यक्ष जिला कार्यक्रम समिति 20 सूत्री के धर्मेंद्र तिवारी। सपनों का भारत कार्यक्रम के जिला संयोजक सह प्रदेश कार्य समिति राम विनय शर्मा जी कार्यक्रम में जिला के उच्च विद्यालय के शिक्षक प्रधानाध्यापक एवं शिक्षा विभाग से प्रतिनियुक्ति शिक्षकों की टीम ने इस कार्य को संपन्न कराया। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन जिला कार्यक्रम पदाधिकारी समग्र शिक्षा खुशबू के द्वारा किया गया एवं संपूर्ण कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति कायम रखी। कार्यक्रम के सह संयोजक सह मंच संचालक डॉ दिलीप कुमार सिन्हा, पूरी कार्यक्रम की व्यवस्था में लगे रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला शिक्षा पदाधिकारी, असगर आलम खाँ के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में समाजसेवी, अभिभावक, कर्मी एवं अन्य लोग उपस्थिति रही। संपूर्ण कार्यक्रम की सफलता का श्रेय जिला शिक्षा पदाधिकारी असगर आलम खाँ रहे।

इंटर्नशिप से व्यावहारिक शिक्षा और एक पेड़ पितरों के नाम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश

गयाजी (दैनिक नवसंदेश ब्यूरो)। दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय की शिक्षा पीठ की ओर से शिक्षा शास्त्र विभाग, गया कॉलेज, गया में विद्यार्थियों के लिए इंटर्नशिप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम गया कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रो. सतीश सिंह चंद्र के दिशा-निर्देशन तथा शिक्षा शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. धनंजय धीरज के सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान ह्यएक पेड़ पितरों के नामह्ल अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का संदेश दिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विभागाध्यक्ष डॉ. धनंजय धीरज ने कहा कि इंटर्नशिप विद्यार्थियों को कक्षा-कक्ष की सैद्धांतिक शिक्षा को व्यावहारिक अनुभव से जोड़ने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करती है। उन्होंने विद्यार्थियों से इंटर्नशिप के दौरान सक्रिय सहभागिता, अनुशासन, जिम्मेदारी और नवाचार की भावना के साथ कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय की शिक्षा पीठ एवं शिक्षा शास्त्र विभाग, गया कॉलेज, गया के बीच हस्ताक्षरित साझा करार के क्रियान्वयन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसी क्रम में ह्यएक पेड़ पितरों के नामह्ल अभियान के तहत पौधारोपण किया गया। इस पहल के माध्यम से भारतीय संस्कृति में निहित पितृ-स्मरण की परंपरा को पर्यावरण संरक्षण और भावी पीढ़ियों के प्रति जिम्मेदारी से जोड़ा गया। शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने पौधारोपण कर प्रकृति संरक्षण, हरित परिसर और स्वच्छ पर्यावरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण को अपनी दैनिक जीवनशैली का हिस्सा बनाने तथा अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का संकल्प लिया। पौधारोपण को विद्यार्थियों में पर्यावरणीय चेतना, भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों और सामाजिक उत्तरदायित्व विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया गया।



दुर्गा पूजा के दौरान हुड़दंगियों एवं अफवाह फैलाने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

अरवल (एनएसबी)। आगामी दुर्गा पूजा के अवसर पर सांप्रदायिक सौहार्द, शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा प्रशासनिक एवं सुरक्षा तैयारियों की समीक्षा को लेकर आज मुख्य सचिव, बिहार प्रत्यय अमृत एवं पुलिस महानिदेशक प्रीता वर्मा की संयुक्त अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में राज्य के सभी प्रमंडलीय आयुक्त, जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक जुड़े। अरवल जिले से जिला पदाधिकारी अमृषा बैंस एवं पुलिस अधीक्षक नवजोत सिमी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में उपस्थित रहे। बैठक में गृह विभाग के प्रधान सचिव श्री पंकज कुमार, महानिदेशक (अभियान एवं विशेष शाखा) कुंदन कृष्णन तथा अपर पुलिस महानिदेशक (विधि-व्यवस्था) श्रीमती के. सुहिता अनुपम भी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान गृह विभाग के प्रधान सचिव द्वारा पर्व अवधि 11 अक्टूबर से 20 अक्टूबर 2026 के दौरान विधि-व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए। अधिकारियों को त्योहारों के दौरान विशेष सतर्कता बरतने तथा सभी आवश्यक प्रशासनिक तैयारियां ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने निर्देश दिया कि दुर्गा पूजा एक


वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा करते वरीय पदाधिकारी।

महत्वपूर्ण पर्व है, इसलिए इसे पूर्णतः सुरक्षित, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है। विशेष रूप से महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। साथ ही डीजे के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित कराने को कहा गया। पुलिस महानिदेशक प्रीता वर्मा द्वारा पुलिस की दृश्यता बढ़ाने, संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति, शांति समिति की बैठकें आयोजित करने, पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों की समुचित ब्रीफिंग, बड़े पूजा पंडालों का फायर ऑडिट तथा सोशल मीडिया की सतत निगरानी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। महानिदेशक (अभियान एवं विशेष शाखा) कुंदन कृष्णन द्वारा मूर्ति विसर्जन एवं विसर्जन जुलूसों के दौरान विशेष सतर्कता बरतने, निर्धारित मार्गों पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था रखने, जिला नियंत्रण कक्ष को सक्रिय रखने तथा अधिकारियों एवं पुलिस बल को अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर पूरी मुस्तैदी के साथ उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया।प्रमुख प्रशासनिक एवं सुरक्षा निर्देश

डीजे पर रहेगा पूर्ण प्रतिबंध

पूजा पंडाल एवं जुलूस की लाइसेंसिंग: सभी पूजा पंडालों, मूर्तियों एवं विसर्जन जुलूसों के लिए नियमानुसार लाइसेंस अनिवार्य होगा। जुलूस में शामिल जिम्मेदार व्यक्तियों से अंडरटेकिंग ली जाएगी तथा निर्धारित मार्ग की वीडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी सुनिश्चित की जाएगी।

भड़काऊ सामग्री एवं हथियारों पर प्रतिबंध: पूजा पंडालों एवं जुलूसों में भड़काऊ अथवा उत्तेजक गीत, आपत्तिजनक नारे तथा प्रतिबंधित हथियारों के प्रदर्शन पर पूर्ण रोक रहेगी।

पितृपक्ष मेला के 10 वें दिन डीएम ने विष्णुपद क्षेत्र का लिया जायेजा

गयाजी (दैनिक नवसंदेश ब्यूरो)। विश्वप्रसिद्ध पितृपक्ष मेला 2026 के अवसर पर सोमवार को मेला के 10 वें दिन जिला पदाधिकारी शशांक शुभंकर ने विष्णुपद मंदिर एवं आसपास के मेला क्षेत्र का भ्रमण कर श्रद्धालुओं के लिए की गई व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया। उन्होंने विभिन्न पिंडवेदी स्थलों, घाटों, मंदिर परिसर, कंट्रोल रूम, मेडिकल कैंप सहित अन्य महत्वपूर्ण स्थलों का निरीक्षण करते हुए संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं सुगम दर्शन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। जिला पदाधिकारी ने विष्णुपद मंदिर के बाहरी परिसर, गर्भगृह, मंदिर परिसर के निकास द्वार, घाट क्षेत्र, श्मशान घाट क्षेत्र, गया कूप वेदी स्थल, संवास सदन स्थित कंट्रोल रूम एवं मेडिकल कैंप सहित अन्य स्थानों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों से भीड़ की स्थिति, श्रद्धालुओं के आवागमन, साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, चिकित्सा सुविधा एवं अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान विष्णुपद मंदिर के निकास द्वार के समीप मध्य प्रदेश से आई एक वृद्ध महिला श्रद्धालु भीड़ के कारण असहज महसूस कर रही थीं। जिला पदाधिकारी ने मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए स्वयं उनके पास पहुंचकर उन्हें अपने हाथों से सहारा दिया तथा सुरक्षित रूप से मंदिर परिसर से बाहर बैठाया।



संक्षिप्त खबरें

ज्योति जोत पर्व पर तख्त साहिब में सजा दीवान, शबद कीर्तन

पटना सिटी/एनएसबी। तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में सिख पंथ के संस्थापक गुरु नानक देव जी महाराज की ज्योतिजोत पर्व पर विशेष दीवान सजा. जिसमें जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह, कथा वाचक ज्ञानी दलजीत सिंह व ज्ञानी गगनदीप सिंह ने गुरु महाराज के जीवन दर्शन में आध्यात्मिक व सांसारिक उन्नति के सिद्धांत को रेखांकित किया.इससे पहले दो दिनों से अतिरिक्त मुख्य ग्रंथी ज्ञानी दिलीप सिंह की देखरेख में चल रहे श्री गुरु ग्रंथ साहिब के अखंड पाठ की समाप्ति हुई, इसके बाद सजे दीवान में रागी जत्था भाई बिक्रम सिंह,भाई नविंदर सिंह,भाई हरजीत सिंह,जगत सिंह,जोगिंद सिंह व कविंदर सिंह और सोदर कीर्तन हरभजन सिंह ने वैराग्यमय कीर्तन की. दीवान की समाप्ति अरदास, हुकूमनामा व श दर्शन के साथ जत्थेदार बलदेव सिंह ने की. विशेष दीवान में श्रद्धा निवेदित करने सिख संगत व पदधारक समेत अन्य शामिल हुए. गुरुवाणी प्रचार सेवा केंद्र में प्रो लाल मोहर उपाध्याय की अध्यक्षता व बेबी कुमारी के संचालन में गुरु महाराज के जीवन दर्शन पर संगोष्ठी हुई. जिसमें पुस्तक का विमोचन छोटू तिवारी ने की.

खो-खो प्रतियोगिता में विजेता विद्यार्थी सम्मानित

पटना सिटी/एनएसबी। मोगलपुरा स्थित महिला चरखा समिति मध्य विद्यालय के विद्यार्थियों को विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया गया. पाटलिपुत्र स्पोर्टस स्टेडियम में आयोजित जिला विद्यालय खो खो प्रतियोगिता में शिक्षक नवीन कुमार सिन्हा के मागदर्शन में उत्कृष्ट प्रदर्शन किये विद्यार्थियों में अंडर-14 बालिका वर्ग की विजेता इशिका, पूजा, सरस्वती, कोमल, अर्चना, बबली, रिया, डोली, राजनंदनी, परिधि, पीहू व रानी,अंडर-14 बालक वर्ग के विजेता हर्ष, प्रियांशु, अंकित, गौतम, पियूष, सूरज, अर्जुन, सूरज, मोहित, अमित,आनंद व आयुष,अंडर-17 बालक वर्ग के विजेता रिशु, रोशन, अमितसमीर, गौरव, आकाश, अंशु, रेहान, आकाश, अमन, पीयूष व अमन कुमार को सम्मानित किया गया. बच्चों को पूर्व पार्षद बलराम चौधरी ने सम्मानित किया.कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक प्रभात कुमार ने की. आयोजन में देवरत्न प्रसाद, खाजेकला थाना के दारोगा राज किशोर सिंह, सोनू कुमार सिंह, विनय कुमार,सुनीता कुमारी,कौशल किशोर समेत अन्य उपस्थित थे.

मारवाड़ी सम्मेलन की बैठक,होगा समाजिक चेतना महासमागम

पटना सिटी/एनएसबी। बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन की बैठक पटना सिटी शाखा के सानिध्य में चौक मिरचाई गली स्थित रानी सती दादी मंदिर में अध्यक्ष ललित अग्रवाल की अध्यक्षता व मनोज झुनझुनवाला के संचालन में हुई. ने की.बैठक में उपस्थित दस सामाजिक व धार्मिक संगठन एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया. बैठक में नौ नवंबर को पटना में सामूहिक दीपावली मिलन के आयोजन का संकल्प ले संयोजक रमेश गुप्ता को बनाया गया. 20 दिसंबर को सामाजिक चेतना महासमागम का आयोजन होगा. इसके संयोजक प्रदेश अध्यक्ष राकेश बंसल व कमल नोपानी होगे. अतिथियों का स्वागत रितेश कमलिया व प्रभात भरतिया ने व धन्यवाद ज्ञापन संजीव देवड़ा ने की. बैठक में निर्मल झुनझुनवाला,महेश जालान,रणदीप झुनझुनवाला,विष्णु सुरेका,ओम प्रकाश टिबड़ेवाल,गोविंद कानोडिया,चंदन अग्रवाल,संतोष मोदी, संजय छापड़िया,चक्रेश अग्रवाल,तारा झुनझुनवाला,शिव प्रसाद मोदी समेत अन्य उपस्थित थे.

फाउंडेशन कोर्स से एमबीबीएस विद्यार्थियों की पढ़ाई आरंभ

पटना सिटी/एनएसबी। नालंदा मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस सीट पर नामांकन लिये विद्यार्थियों के लिए मेडिकल एजुकेशन यूनिट की ओर से फाउंडेशन कोर्स सह ओरिएंटेशन प्रोग्राम का कॉलेज प्राचार्या डॉ प्रो उषा कुमारी की अध्यक्षता में आयोजित हुई. प्राचार्या ने विद्यार्थी को संवेदनशीलता, अनुशासन और सेवा भावना के साथ पढ़ाई करने को प्रेरित किया. .प्राचार्या ने बताया कि नामांकन सत्र 2026-27 से एमबीबीएस यूजी की 200 सीटों पर नामांकन हुआ है. एंटी रैगिंग कमेटी व 24 घंटे हेल्पलाइन नंबर की सुविधा है. किसी विद्यार्थी के साथ कुछ होता है तो तुरंत सूचना दे. दोषी पर सख्त कार्रवाई होगी. आयोजन में विभागों के विभागाध्यक्ष व फैकेल्टी सदस्यों में डॉ अमिता सिन्हा,डॉ रीता कुमारी,डॉ ज्योति प्रिया,डॉ संतोष कुमार,डॉ आरआर दास व डॉ मुकुल कुमार सिंह उपस्थित थे.

आग से बचाव की दी जानकारी

पटना सिटी/एनएसबी। आग से बचाव को लेकर चलाये जा रहे जागरूकता कार्यक्रम में संदलपुर स्थित स्वास्थ्य केंद्र मे मॉक ड्रिल कर जानकारी दी गयी. फायर अफसर अजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में प्रधान अग्निक पंकज कुमार रजक, ,रणदीप कुमार आनंद,रानी कुमारी,स्वाति व पूजा भारती ने जागरूकता अभियान चलाते हुए आग से बचाव की जानकारी दी. इस दौरान उपस्थित फायरकर्मियों ने गैस सिलिंडर में लगे आग को कैसे बुझाये इसके विषय में बताया.

महिला ने की आत्महत्या,ससुराल वालों पर हत्या का आरोप

पुलिस कर रही छानबीन,

पटना सिटी/एनएसबी। खाजेकला थाना के दीवान मुहल्ला राम जानकी चौराहा मुहल्ला में सोमवार को राजा कुमार की पत्नी 24 वर्षीय पूजा कुमारी फंदा ससुराल में फंदा से झूल कर आत्महत्या कर ली है. घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची खाजेकलां थाना की पुलिस ने मामले में जांच पड़ताल आरंभ की.चौक थाना के चौकशिकारपुर लाल इमली मुहल्ला निवासी मृतका के पिता शंकर चौधरी और भाई राहुल कुमार का आरोप है कि बहन को दहेज के लिए ससुराल पक्ष में शारीरिक व मानसिक तौर पर प्रताड़ित किया जाता था. परिजनों का आरोप है कि इसी में बहन की हत्या करने के बाद लाश को फंदा से टांग कर आत्महत्या का रूप दिया गया है. पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए मौके पर एफएसएल की टीम को भी बुलाया. जिसने नमूना संग्रह किया. पुलिस ने लाश को पोस्टमार्ट को लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज भेजा है.डीएसपी शिवशंकर कुमार का कहना है कि पोस्टमार्टम पिंट से मौत की वजह स्पष्ट हो पायेगी. घटना से जुड़े हर बिंदु पर छानबीन की जा रही है. परिवार की ओर से अभी लिखित नहीं दिया गया है. लिखित आवेदन मिलने पर पुलिस मामले में कार्रवाई करेगी. परिवार के लोगो का कहना है कि ससुराल पक्ष के लोग फरार है.

ट्रक से कुचल अधेड़ की मौत

पटना सिटी/एनएसबी। अगमकुआं थाना के जीरो माइल के समीप में ट्रक से कुचल कर अधेड़ की मौत हो गयी है. यातायात पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ट्रक को जब्त कर चालक को हिरासत में ले लिया है. यातायात थानाध्यक्ष नीरज कुमार ठाकुर ने बताया कि मुजफ्फरपुर के साहिबगंज निवासी 57 वर्षीय राजेश्वर शर्मा की मौत जीरो माइल के समीप में ट्रक से कुचल कर सोमवार की सुबह हो गयी है. सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची यातायात थाना की पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के नालंदा मेडिकल कॉलेज भेजा ह. थानाध्यक्ष ने बताया कि परिवार को सूचना दी गयी थी. परिवार के लोग भी पहुंचे गये. जहां शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया गया है. पुलिस मामले में छानबीन कर रही है.

सरकार पहुंचेगी जनता के द्वार, कल से सेवा सेतु शिविर

शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)। आम लोगों को केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उनके क्षेत्र में उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 6 से 8 अक्टूबर तक प्रखंड स्तर पर तीन दिवसीय सेवा सेतु शिविर सरकार आपके द्वार का आयोजन किया जाएगा। बीडीओ शत्रुंजय कुमार सिंह ने बताया कि शिविर को लेकर सभी प्रकार की तैयारियां पूरी कर ली गई है। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार के सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित होने वाले शिविर में विभिन्न योजनाओं से संबंधित आवेदन, शिकायत एवं समस्याएं प्राप्त कर उनके निष्पादन की कार्रवाई की जाएगी। शिविर में केंद्र सरकार की 26 प्रमुख योजनाओं सहित राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के लिए विभागवार स्टाल लगाए जाएंगे। पात्र लाभुकों से आवेदन लेकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। पंचायत सरकार भवनों में पूर्व से आवेदन एवं शिकायतें भी प्राप्त की जा रही हैं तथा आवेदकों को पावती उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। शिविर में पंचायत प्रतिनिधियों, जीविका दीदियों तथा अन्य जनप्रतिनिधियों की सहभागिता रहेगी। लोगों के लिए पेयजल, बैठने सहित आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की जाएगी। प्राप्त आवेदनों एवं शिकायतों का डेटा पोर्टल पर दर्ज कर उनका निष्पादन निर्धारित समय-सीमा में किया जाएगा।

जनता दरबार में 111 परिवादों की सुनवाई, सात दिनों में कार्रवाई का निर्देश : जिला पदाधिकारी

हाजीपुर/एनएसबी। जिला पदाधिकारी वैशाली, श्रीमती वर्षा सिंह द्वारा आज समाहरणालय वैशाली कार्यालय प्रकोष्ठ में आयोजित जनता दरबार कार्यक्रम में आमजन की समस्याओं का गंभीरतापूर्वक अवलोकन एवं निस्तारण किया गया। जनता दरबार में कुल 111 परिवाद प्राप्त हुए, जिनमें जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएं सीधे जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कीं। जनता दरबार के दौरान जिला पदाधिकारी द्वारा सभी संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि प्राप्त परिवादों पर सात (7) दिनों के भीतर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए प्रतिवेदन जन शिकायत कोषांग को उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों के निष्पादन में किसी प्रकार की लापरवाही अथवा विलंब स्वीकार्य नहीं होगा।



जिलाधिकारी ने अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर मामलों की जांच कर त्वरित, पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिला पदाधिकारी ने कहा कि जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी एवं समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना है। जनता दरबार एक सशक्त मंच है, जिसके माध्यम से आमजन सीधे प्रशासन तक अपनी समस्याएं पहुँचा सकते हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त परिवादों के निष्पादन में संवेदनशीलता एवं गंभीरता बरतते हुए समयसीमा का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें, ताकि आम नागरिकों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। जनता दरबार कार्यक्रम में सहायक समाहर्ता, अपर समाहर्ता वैशाली, अनुमंडल पदाधिकारी हाजीपुर, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, निदेशक डीआरडीए, जिला विकास पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता, वरीय उपसमाहर्ता, सहायक निदेशक जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी शिक्षा विभाग, जिला कल्याण पदाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

चार दिवसीय जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता पुरस्कार वितरण के साथ संपन्न

जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता पुरस्कार वितरण के साथ संपन्न

हाजीपुर/एनएसबी। चार दिवसीय जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता आज पुरस्कार वितरण के साथ संपन्न हो गई। प्रतियोगिता का आयोजन जिले के तीन खेल स्थलों—बसावन सिंह इंडोर स्टेडियम, हाजीपुर, डिफेंस क्रिकेट अकादमी, रामजीवन चौक, हाजीपुर तथा रामदौली हाई स्कूल, बिदुपुर के खेल मैदान में किया गया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर जिला खेल पदाधिकारी द्वारा विभिन्न स्पधाओं में चयनित एवं विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया तथा उन्हें आगे भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी गईं। उन्होंने कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है। प्रतिभागी निरंतर अभ्यास और अनुशासन के साथ आगे बढ़ें तथा जिला, राज्य एवं देश स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए वैशाली का नाम रोशन करें।

प्रतियोगिता के दौरान हैंडबॉल बालक अंडर-19 वर्ग में गांधी विद्या मंदिर, तीसीऔता ने विजेता तथा जी.ए.



हाई स्कूल, भगवानपुर ने उपविजेता का स्थान प्राप्त किया। हैंडबॉल अंडर-17 बालिका वर्ग में उच्च विद्यालय, चकरमदास विजेता तथा राज संपोषित गर्ल हाई स्कूल, हाजीपुर उपविजेता रहा। हैंडबॉल अंडर-14 बालक वर्ग में उच्च विद्यालय, चकरमदास विजेता तथा ओसियस रेजिडेंशियल पब्लिक स्कूल, धरमपुर पानापुर उपविजेता रहा। वॉलीबॉल अंडर-19 वर्ग में जे.टी. हाई स्कूल, बरुआ बहुआरा विजेता तथा प्लस टू हाई स्कूल, राजापाकर उपविजेता रहा। वॉलीबॉल अंडर-17 बालक वर्ग में जे.टी. हाई स्कूल, बरुआ बहुआरा विजेता तथा उच्च विद्यालय, चकरमदास उपविजेता रहा। वहीं, वॉलीबॉल अंडर-17 बालिका वर्ग में गुरुकुल विद्यापीठ, रामपुर नौसन विजेता तथा उच्च विद्यालय, चकरमदास उपविजेता रहा। जिला खेल पदाधिकारी ने प्रतियोगिता को सफल बनाने में सहयोग करने वाले सभी शिक्षकों, खेल प्रशिक्षकों एवं विभिन्न खेल संगठनों से जुड़े सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया।

शराब माफियाओं पर पुलिस का शिकंजा, 969.51 लीटर विदेशी शराब बरामद, चार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

बिदुपुर/एनएसबी। बिदुपुर थाना क्षेत्र के चेचर माली टोला मे पुलिस ने तीन अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की है। बरामद शराब की कुल मात्रा 969.51 लीटर बताई जा रही है।

बताया जा रहा है की गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की गई। पहले स्थान से 180 एमएल की जामुन फ्लेवर वोदका की 500 पीस और किंगफिशर बियर 500 एमएल के दो कार्टून (प्रत्येक में 24 कैन) बरामद हुए। इन पर बैच नंबर 010 और एमएफडी 16/02/26 अंकित था। यहां से कुल 202.50 लीटर विदेशी शराब जब्त की गई। दूसरे स्थान पर मुकेश कुमार पिता गनौर भगत के घर की तलाशी ली गई, जहां से भारी मात्रा में शराब मिली। इसमें इम्पीरियल ब्लू 750 एमएल के 14 कार्टून (12 बोतल प्रति कार्टून) और 60 खुली बोतल, रॉयल स्टैग 750 एमएल के 19 कार्टून (12 बोतल प्रति कार्टून) और 20 खुली बोतल, अंकल टॉम मिंट एंड जामुन फ्लेवर्ड वोदका 180 एमएल की 488 पीस, ऑल सीजन्स गोल्डन कलेक्शन रिजर्व व्हिस्की 180 एमएल की 101 पीस (विभिन्न बैच), 8 पीएम ब्लैक प्रीमियम व्हिस्की 180 एमएल की 16 पीस, ओल्ड मॉन्क प्रीमियम रम 750 एमएल की 15 बोतल और किंगफिशर बियर 500 एमएल का एक कार्टून बरामद हुआ। यहां से कुल 489.15 लीटर शराब जब्त की गई। ध्यान देने वाली बात यह है कि अधिकांश शराब की बोतलों का बैच नंबर खुरचा हुआ था। तीसरे स्थान पर रोहन कुमार के निशानदेही पर कुंदन कुमार पिता स्वर्गीय कपिलदेव सिंह के घर छापेमारी की गई, लेकिन कुंदन कुमार घर में नहीं मिला।

पुलिस ने बताया कि सभी बरामद शराब को विधिवत जप्ती सूची बनाकर जब्त किया गया और दोनों गवाहों ने स्वेच्छा से हस्ताक्षर किए। जांच के लिए नमूना शीलबंद किया गया है। छापेमारी के दौरान शंभू भगत, मुकेश कुमार और कुंदन कुमार अपने-अपने घरों में नहीं मिले, जबकि रोहन कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि तीनों घटनास्थलों से बरामद कुल विदेशी शराब की मात्रा 969.51 लीटर है। चूंकि बिहार में पूर्ण शराबबंदी है और शराब का भंडारण, क्रय-विक्रय तथा परिवहन संज्ञेय अपराध है, इसलिए पुलिस ने रोहन कुमार, शंभू कुमार, मुकेश कुमार और कुंदन कुमार के खिलाफ सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। फिलहाल पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी है।

भाकपा माले ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया

लालगंज/एनएसबी। लालगंज प्रखंड के तीन पुलवा बुद्ध स्मारक के पास भाकपा माले ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के पुतला दहन किया। कार्यक्रम के नेतृत्व भाकपा माले के कार्यकारी जिला सचिव कामरेड गोपाल पासवान राज्य कमेटी सदस्य वरिष्ठ नेता कामरेड अनीता सिंन्हा कामरेड साधना सुमन कामरेड प्रेमा देवी कामरेड रामबाबू भगत ने लोगों को संबोधित किया। इसमें संगीता देवी, रामबली पासवान ,अरुण पासवान, कल्लू पासवान किरण देवी ,रूपाली श्याम सुंदर देवी, उषा देवी ,नागेंद्र पासवान सुमन यादव ,कामिनी कुमारी, उषा सिंह सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे ।वक्ताओं ने एनआरसी करा कर जो बिहार, बंगाल में चुनाव कराया गया है उसको अभिलंब रद्द किया जाए एवं काटे गए घुटनों के नाम पुणः वोटर लिस्ट में जोड़ा जाए और फिर से चुनाव कराया



जाए। और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के कार्यकाल के दौरान इनके बेटी दामाद सही इन्हें परिवार में पांच लोगों को आईएएस आईपीएस के नीचे पद दिया गया है उसे उच्च स्तरीय जांच कराया जाए।

लोड शेडिंग के अंधेरे में सक्रिय हुए बिजली तार चोर

गोरौल (दैनिक नव सन्देश)। नगवा चोर स्थित 132 के वी विद्युत फीडर से जुड़े गोरौल प्रखंड क्षेत्र के उपभोक्ताओं को पिछले कई दिनों से लोड शेडिंग के नाम पर शाम पांच बजे से रात 12 बजे के बीच करीब दो घंटे बिजली कटौती का सामना करना पड़ रहा है।इससे जहां आम उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ गई है,वहीं बिजली विभाग के कर्मियों की मुश्किलें भी बढ़ती दिखाई दे रही हैं।बिजली कटौती के दौरान अंधेरे का फायदा उठाकर विद्युत तार चोर एक बार फिर सक्रिय हो गए हैं।बीते शुक्रवार को बेलसर थाना क्षेत्र के मनोरा गांव में अज्ञात चोरों ने 11 हजार केवी लाइन का करीब डेढ़ किलोमीटर तार काटकर चोरी कर लिया।घटना में एनबीपीडीसीएल को करीब 2 लाख 36 हजार 295 रुपये की क्षति होने की बात सामने आई है।मामले को लेकर कनीय विद्युत अभियंता ई. आदर्श की ओर से बेलसर थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ आवेदन दिया गया है।जांच के दौरान करीब 1.5 सीकेएम रेबिट तार गायब पाया गया।इसी क्रम में रविवार को पॉलिटेक्निक के समीप भी चोरों ने बिजली तार काटने का प्रयास किया। हालांकि स्थानीय ग्रामीणों की सक्रियता के कारण चोर अपने मंसूबे में सफल नहीं हो सके और तार की चोरी होने से बच गई।पहले भी सामने आ चुकी है ऐसी घटना

विद्युत तार चोरी का मामला इस इलाके में नया नहीं है। इससे पहले सिंहमा कंठ चौर में दिनदहाड़े बिजली का रेबिट तार काटने की घटना सामने आ चुकी है।उस मामले में ग्रामीणों की सक्रियता के बाद पुलिस ने एक आरोपित को पकड़ा था।लोड शेडिंग के कारणों को लेकर बिजली विभाग के कर्मी आधिकारिक तौर पर कुछ भी बताने से परहेज कर रहे हैं।हालांकि नाम नहीं छापने की शर्त पर एक विद्युत कर्मी ने बताया कि नगवा फीडर से गोरौल-पटेढ़ी बेलसर क्षेत्र तक 11 हजार केवी लाइन के कई हिस्सों की स्थिति ठीक नहीं है।कहीं तार काफी नीचे लटक रहे हैं तो कहीं तार कमजोर और पतले हो चुके हैं।ऐसे में पुरानी व्यवस्था को दुरुस्त कर मजबूत रेल पोल एवं बेहतर तार के माध्यम से विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने की जरूरत है। आज के दौर में क्षेत्र के करीब 95 प्रतिशत उपभोक्ता नियमित रूप से बिजली बिल का भुगतान कर रहे हैं।इसके बावजूद आपूर्ति व्यवस्था में थोड़ी भी कमी आने पर उपभोक्ताओं की शिकायतों के कारण विभागीय पदाधिकारियों के फोन लगातार घनघनाते रहते हैं। अब सवाल यह है कि जब उपभोक्ता नियमित रूप से बिजली बिल का भुगतान कर रहे हैं तो उन्हें बेहतर और निर्बाध आपूर्ति कब मिलेगी? साथ ही,शाम से रात तक होने वाली कटौती के दौरान विद्युत तारों की सुरक्षा के लिए विभाग और पुलिस की ओर से क्या प्रभावी व्यवस्था की जा रही है,यह भी महत्वपूर्ण है।

वरीय पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में अपराध नियंत्रण हेतु चलाया गया सघन वाहन जांच अभियान

हाजीपुर/एनएसबी। अपराध नियंत्रण एवं प्रभावी पुलिसिंग के दृष्टिकोण से आज वरीय पुलिस अधीक्षक, वैशाली श्री शुभांक मिश्रा द्वारा ठल्ह-22 पर भगवानपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान संदिग्ध वाहनों एवं व्यक्तियों की गहन जांच एवं सत्यापन किया गया तथा क्षेत्र में आपराधिक एवं असामाजिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु पुलिस पदाधिकारियों एवं बल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मुख्य रूप से संदिग्ध वाहनों एवं व्यक्तियों पर विशेष निगरानी, अपराध एवं असामाजिक गतिविधियों की रोकथाम, प्रभावी गश्ती एवं सतर्क पुलिसिंग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वहीं,वरीय पुलिस अधीक्षक, वैशाली द्वारा सराय थाना क्षेत्र में गश्ती व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान गश्ती में तैनात पदाधिकारी एवं पुलिस बल की कार्यप्रणाली का जायजा लेते हुए सतर्कता, सक्रियता एवं प्रभावी पुलिसिंग बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।



बिहार ग्लोबल टेक्निकल इंस्टीच्युट (एडमिशन काउंसेलिंग सेन्टर) का शुभारंभ

महुआ/एनएसबी। महुआ जैसे छोटे शहर में बीटेक,पोलिटेक्निक बीसीए, बीसीए,एमसीए, पीजीडीसीए,डीसीए जैसे तकनीकी शिक्षा का अध्ययन केन्द्र खुलना एक बड़ी उपलब्धि है ।यह बातें एग्जाल्ट ग्रुप आफ इंस्टीच्युसन की चेयर पर्सन कुमारी बबीता ने बिहार ग्लोबल टेक्निकल इंस्टीच्युट के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहीं।श्रीमती बबीता ने कहा की आज बच्चों को उचित मार्गदर्शन नहीं मिलने वे अपने गोल पर फोकस नहीं कर पाते और मैट्रिक,इंटर और स्नातक करने के बाबजुद भी बेरोजगार रह जाते हैं।इसलिए मैट्रिक व इंटरमीडिएट करने के उपरांत रोजगार परक कोर्सबीटेक, पोलटेक्निक, बीसीए, बीसीए जैसे कोर्स कर अपने भविष्य को संवार सकते हैं।इस संबंध में पुछे जाने



इंस्टीच्युट के डायरेक्टर अमित कुमार सरस्वती ने बताया की उक्त सभी पाठ्यक्रम के लिए कैश मोड पेमेंट और स्टुडेंट क्रेडिट कार्ड की सुविधा उपलब्ध है।

संक्षिप्त खबरें

पारिवारिक विवाद में मारपीट, महिला गंभीर रूप से घायल

कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) । कुचायकोट थाना क्षेत्र के रूप छापर कोन्हवा गांव में सोमवार को पारिवारिक विवाद को लेकर हुई मारपीट में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई।घायल महिला की पहचान रूप छापर गांव निवासी उमा देवी के रूप में हुई है।घटना के बाद स्वजन ने उन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुचायकोट में भर्ती कराया, शजहां उनका उपचार चल रहा है।बताया जाता है कि उमा देवी के परिवार के ही लोगों से किसी बात को लेकर पूर्व से विवाद चल रहा था। सोमवार को किसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद बढ़ गया।देखते ही देखते कहासुनी शुरू हो गई और मामला मारपीट तक पहुंच गया।इस दौरान हुई मारपीट में उमा देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं।घटना के बाद परिजन उन्हें तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों की देखरेख में उनका इलाज किया जा रहा है।

महैचा में ग्रामीणों ने देखा मक्का के खेत में जमीन पर गिरा खून व खून से लथपथ बोरा

उचकागांव (दैनिक नवसंदेश)। उचकागांव थाना क्षेत्र के महैचा वार्ड नंबर 11 से लापता होने के बाद 10 वर्षीय छात्र अंकित कुमार की शव बरामद होने के मामले में ग्रामीणों ने फिर एक बार नया खुलासा किया। ग्रामीणों का कहना है कि महैचा गांव के वार्ड नंबर 11 निवासी मोहर साह के घर के पीछे की तरफ वही जहां नदी से 300 मीटर की दूरी पर पानी लगे परती खेत में जहां छात्र अंकित कुमार का शव बरामद हुआ था। उसके बगल में ही स्थित मक्का के खेत में जमीन पर खून का भारी मात्रा में मक्का और खून से लथपथ एक बोरा पाया गया है। ग्रामीणों द्वारा ऐसी आशंका लगाई जा रही है कि मक्का के खेत में हत्याकांड को अंजाम देने के बाद ही छात्र के शव को पानी लगे परती खेत में रखकर जलकुंभी और ईट से ढका गया था। ग्रामीणों द्वारा शनिवार के दिन ही खेत में मिले खून के थक्का और खून से लथपथ बोरा पाए जाने की सूचना पुलिस को दी गई। जिसके आधार पर मौके पर पहुंच कर केस के अनुसंधानकर्ता सह थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार झा ने मौके पर पहुंच कर जांच किया। पुलिस खेत में पड़ा खून मृतक छात्र अंकित कुमार का है या नहीं इस विषय पर अभी जांच कर रही है। वही मौके पर अन्य ग्रामीणों को जाने पर रोक लगाई गई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार झा ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट व वैज्ञानिक अनुसंधान के आधार पर पुलिस कानूनी कार्रवाई करेगी।

अंकित हत्याकांड के बाद ग्रामीणों में भय

उचकागांव/गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश)। उचकागांव थाना क्षेत्र के महैचा वार्ड नंबर 11 निवासी मोहर साह के 10 वर्षीय बेटे अंकित कुमार की हुई संदेहास्पद मौत मामले के बाद ग्रामीणों में भय का माहौल है। घटना के बाद ग्रामीण अपने घर के छोटे बच्चों को कहीं भी इधर-उधर आने-जाने नहीं दे रहे हैं। भविष्य में इस तरह की कोई अनहोनी ना हो, इस बात की आशंका को देखते हुए ग्रामीण अपने बच्चों को स्कूल खुद ही छोड़ने जा रहे हैं, वहीं स्कूल की छुट्टी होने से पूर्व ही बच्चों को रिसीव करने के लिए ग्रामीण स्कूल के गेट पर पहुंच रहे हैं। इस दौरान ग्रामीण मामले की पुलिस से जल्द से जल्द खुलासा कर कार्रवाई करने की मांग कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि पुलिस द्वारा जल्द से जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो ग्रामीण प्रशासन के विरुद्ध प्रदर्शन करेंगे।

जनता दरबार में 37 आवेदनों पर सुनवाई

28 मामले भूमि एवं राजस्व तथा 9 मामले अन्य विभागों - जनसमस्याओं से संबंधित

गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश)। बिहार सरकार के निदेर्शानुसार सबका सम्मान जीवन आसान के तहत जिला पदाधिकारी समीर सौरभ द्वारा सोमवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिला पदाधिकारी ने विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे फरियादियों की समस्याओं को संवेदनशीलता एवं गंभीरता से सुना और संबंधित पदाधिकारियों को जांच कर नियमानुसार त्वरित एवं समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। गौरतलब है कि जनता दरबार में कुल 37 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 28 मामले भूमि एवं राजस्व तथा 9 मामले अन्य विभागों एवं जनसमस्याओं से संबंधित थे। जिनमें शिक्षा, ग्रामीण विकास, विद्युत, जन औषधि केंद्र सहित विभिन्न प्रमुख मामलों पर लोगों ने अपनी समस्याएं रखीं। इस दौरान जिला पदाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक आवेदन की गंभीरता से जांच कर नियमानुसार समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी फरियादी को समाधान के लिए अनावश्यक रूप से परेशानी न हो। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त गौरव कुमार, अपर समाहर्ता राजेश्वरी पाण्डेय सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।



ईवीएम वीवीपीएटी वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण

मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनैतिक दल के प्रतिनिधि रहे उपस्थित, आयोग के मानक संचालन प्रक्रिया अनुसार डीएम एसपी ने की समीक्षा

गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश)। जिला निर्वाचन पदाधिकारी, गोपालगंज समीर सौरभ एवं पुलिस अधीक्षक विनय तिवारी द्वारा ईवीएम वीवीपीएटी वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया गया। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर वेयरहाउस की सुरक्षा संबंधी एसओपी (मानक संचालन प्रक्रिया) पर आधारित सभी बिंदुओं की जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने समीक्षा की। उल्लेखनीय है कि निरीक्षण निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने वेयरहाउस में सुरक्षित रखी गई ईवीएम एवं वीवीपीएटी मशीनों की उपलब्धता, उनके रख-रखाव तथा सुरक्षा मानकों की समीक्षा की। उन्होंने उपस्थित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी मशीनों का रख-रखाव निर्धारित मानकों एवं आयोग के दिशा-निदेर्शों के अनुरूप सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था का विस्तृत निरीक्षण किया गया। आगंतुक पंजी के समुचित संधारण, ब्ब्ज्ट कैमरों की निरंतर क्रियाशीलता एवं नियमित अनुश्रवण सुनिश्चित करने हेतु उपस्थित सुरक्षा बलों को भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।



होमियोपैथी चिकित्सा कारगर व भरोसेमंद-एमएलसी

पीरो (दैनिक नवसंदेश)। विधान पार्षद सोनू राय ने पीरो में पोपुलर होमियो हाल का उद्घाटन करते हुए कहा कि होमियोपैथी चिकित्सा पद्धति लंबे समय से लोगों के बीच भरोसे का माध्यम रही है। ऐसे प्रतिष्ठानों के माध्यम से लोगों को सुलभ एवं बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने में मदद मिलती है। संचालक डॉ. इमरान खान ने बताया कि उनके पिता डॉ. अब्दुल्ला खान भी यहां मरीजों को चिकित्सकीय परामर्श देंगे। विधायक विशाल प्रशांत ने कहा कि होम्योपैथिक दवाइयों का एक बड़ा फायदा यह है कि इनके आमतौर पर गंभीर साइड-इफेक्ट्स नहीं होते हैं और यह पुरानी या लाइलाज बीमारियों के प्रबंधन में मददगार मानी जाती हैं। कार्यक्रम में राजद नेता हाकिम प्रसाद, डॉ. राकेश कुमार सिंह, जावेद इकबाल, डॉ. अभिषेक, राजद नेता राम प्रसाद सिंह उर्फ सत्यनारायण यादव, डॉ. अब्दुल्ला सहित, भाजपा नगर अध्यक्ष सोनू वर्मा, वार्ड पार्षद तौफिक खान, सरफराज खान, सुनील सिंह, पैक्स अध्यक्ष अंटु सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।



पोखरा के प्रसिद्ध मंदिर की तर्ज पर बनेगा 65 फीट ऊंचा भव्य पूजा पंडाल

नेचुआ जलालपुर सब्जी मंडी में 42 वर्षों से चली आ रही दुर्गा पूजा की परंपरा



(मंदिर का फोटो स्केच)


(पूजा पंडाल अध्यक्ष का फाईल फोटो अजय कुमार)


मेला अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण सिंह


(कोषाध्यक्ष संदीप बरनवाल)

कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) प्रखंड के प्रमुख बाजार नेचुआ जलालपुर स्थित सब्जी मंडी में इस बार श्रद्धालुओं को नेपाल के पोखरा स्थित प्रसिद्ध मंदिर की तर्ज पर तैयार किए जा रहे भव्य पंडाल में मां दुर्गा के दर्शन होंगे।नवरात्र और दुर्गा पूजा को लेकर पूजा समिति की ओर से तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं।पिछले करीब एक माह से पश्चिम बंगाल से पहुंचे कारीगर पंडाल को आकर्षक मंदिर का स्वरूप देने में दिन-रात जुटे हैं।पूजा समिति के अनुसार, जलालपुर सब्जी मंडी में पिछले 42 वर्षों से लगातार दुर्गा पूजा का आयोजन होता आ रहा है। प्रत्येक वर्ष पूजा के साथ यहां पांच दिवसीय भव्य मेले का भी आयोजन किया जाता है।मेले में आसपास के गांवों के अलावा दूर-दराज के लोग भी पहुंचते हैं।विभिन्न स्थानों से पहुंचे व्यवसायी तरह-तरह की दुकानें लगाने के साथ बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले व अन्य उपकरण भी लगाते हैं।

इस वर्ष पूजा पंडाल को विशेष आकर्षण देने की तैयारी है।करीब 65 फीट ऊंचे पंडाल का निर्माण कराया जा रहा है।इसके निर्माण में बड़ी संख्या में बांस और स्टील फ्रेम का इस्तेमाल किया जा रहा है।पंडाल के भीतर मां दुर्गा के साथ भगवान गणेश समेत अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी।इस बार मां दुर्गा की लगभग 13 फीट ऊंची प्रतिमा तैयार की जा रही है।प्रतिमा निर्माण और सजावट के लिए विशेष सामग्री मंगाई गई है। कलाकार प्रतिमा को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं।वहीं पूजा पंडाल में आकर्षक विद्युत सजावट भी की जाएगी।रात में रंग-बिरंगी रोशनी से पूरा परिसर जगमगाएगा।पूजा समिति की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पंडाल के आसपास विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं।भीड़ नियंत्रण, आवागमन और वाहनों की पार्किंग के लिए अलग-अलग व्यवस्था की जाएगी।पंडाल के अंदर और बाहर स्वयंसेवकों की तैनाती रहेगी, जो श्रद्धालुओं को दर्शन में सहयोग करने के साथ भीड़ को नियंत्रित करेंगे।अजय कुमार, अध्यक्ष, ने बताया कि जलालपुर सब्जी मंडी में 42 वर्षों से दुर्गा पूजा की परंपरा चली आ रही है। इस बार नेपाल के पोखरा स्थित प्रसिद्ध मंदिर की तर्ज पर करीब 65 फीट ऊंचा पंडाल बनाया जा रहा है।श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए विशेष व्यवस्था की जा रही है।लक्ष्मी नारायण सिंह, सरपंच सह मेला अध्यक्ष, ने बताया कि इस बार मां दुर्गा की करीब 13 फीट ऊंची प्रतिमा स्थापित की जाएगी।पूजा के साथ पांच दिवसीय भव्य मेले का आयोजन भी होगा।मेले में दूर-दराज से दुकानदार पहुंचेंगे। श्रद्धालुओं को दर्शन में किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए स्वयंसेवकों की तैनाती की जाएगी। इस पूजा समिति से जुड़े उपाध्यक्ष विंध्याचल प्रसाद, प्रबंधक शैलेश दुबे, कोषाध्यक्ष संदीप कुमार, सदस्य विनोद, रवि, प्रदीप, प्रिंस, बंटी, बिट्टू, सहित अन्य लोग शामिल हैं।

रोगी कल्याण समिति की बैठक में मरीजों की सुविधाएं बढ़ाने पर जोर

अप्रैल 2025 से मार्च 2026 तक सदर अस्पताल में 2,48,162 ओपीडी मरीजों का हुआ उपचार



गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश)। जिला पदाधिकारी समीर सौरभ की उपस्थिति में सोमवार को समाहरणालय परिसर स्थित एनआईसी कक्ष में रोगी कल्याण समिति के शासी निकाय की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सदर अस्पताल में मरीजों को बेहतर, सुगम एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा अस्पताल की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान सदर अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं, व्यय, मानव संसाधन की समीक्षा एवं आगामी तीन माह में किए जाने वाले कार्यों पर विमर्श हुआ। उल्लेखनीय है कि अप्रैल 2025 से मार्च 2026 तक सदर अस्पताल में 2,48,162 ओपीडी मरीजों का उपचार किया गया, जबकि पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउंड, एक्स-रे, सीटी स्कैन एवं डायलिसिस सहित विभिन्न सेवाओं के तहत 1,53,097 सेवाएं प्रदान की गई। वहीं आगामी तीन माह में ओपीडी, एनआरसी एवं एसएनसीयू भवन तथा अस्पताल की चारदीवारी का रंग-रोगन, पुराने ओपीडी एवं नए मॉडल अस्पताल में टीवी लगाने, दोनों भवनों में साइनेज लगाने तथा आवश्यकतानुसार एल्युमिनियम पार्टिशन एवं पर्दे लगाने का कार्य प्रस्तावित बताया गया। समीक्षा बैठक में जिला पदाधिकारी ने उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करते हुए मरीजों की सुविधाओं में निरंतर सुधार के लिए आवश्यक कार्रवाई करने पर जोर दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त गौरव कुमार, सिविल सर्जन, जिला कार्यक्रम प्रबंधक धीरज कुमार, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक अमरेन्द्र कुमार, जिला लेखा प्रबंधक रजनीकांत रंजन सहित समिति के सदस्य एवं संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

आठ सूत्री मांगों को लेकर धरना देंते राजस्व अमीन

पदोन्नति और वेतनमान में बदलाव की मांग

गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश)। पदोन्नति, वेतनमान में वृद्धि और लंबित स्थानांतरण समेत आठ सूत्री मांगों को लेकर सोमवार, 5 अक्टूबर को बिहार राजस्व अमीन संघ के आह्वान पर जिला मुख्यालय में एक दिवसीय शांतिपूर्ण धरना किया गया । संघ का कहना है कि 15 मई को विभागीय स्तर पर हुई वार्ता में अमीन संवर्ग की समस्याओं पर चर्चा हुई थी और शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया गया था। लेकिन अब तक मांगों पर ठोस पहल नहीं होने से राजस्व अमीनों में असंतोष है। इसी के विरोध में धरना किया गया है। संघ की प्रमुख मांगों में अमीनों के लिए त्रिस्तरीय पदोन्नति व्यवस्था लागू करना शामिल है। इसके तहत अमीन से कानूनगो या राजस्व अधिकारी, फिर सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी अथवा अंचल अधिकारी के समकक्ष पदों पर प्रोन्नति देने की मांग की गयी है। संघ ने अमीन का पदनाम बदलकर सहायक राजस्व अधिकारी-तकनीकी (एआरओ-टेक) करने और मूल पद का वेतनमान पे-लेवल तीन से बढ़ाकर पे-लेवल छह करने की भी मांग उठायी है। वही इस धरना में मौजूद रहे अमीन सौरभ कुमार, सोनम कुमारी, अंशु कुमार, प्रिंस कुमार, कंचन कुमारी, मोनिका कुमारी ,दीपक कुमार, लालजीत कुमार, शुभम कुमार, दिलीप कुमार गुप्ता, नीतीश, संदीप कुमार, गोलू कुमार, सुभाष यादव सहित अन्य लोग रहे मौजूद।



खेल प्रतियोगिता में राधागंज के बच्चों में लहराया परचम

फुलवरिया (दैनिक नवसंदेश)। फुलवरिया प्रखंड के राधागंज स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता में विद्यालय की टीम ने वॉलीबॉल एवं हैंडबॉल में विभिन्न आयु वर्गों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय के शारीरिक शिक्षक विपिन कुमार सिंह ने बताया कि बिहार राज्य खेल प्राधिकरण एवं खेलकूद विभाग के तत्वावधान में जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। हैंडबॉल प्रतियोगिता हाई स्कूल मांझा के परिसर में, जबकि वॉलीबॉल प्रतियोगिता गोपालगंज में आयोजित हुई। इसमें अंडर-14 बालक वर्ग में राधागंज की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं बालिका वर्ग में टीम ने द्वितीय स्थान हासिल किया। अंडर-17 वॉलीबॉल के बालक वर्ग में भी राधागंज की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का चयन प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया है। चयनित खिलाड़ी आगामी प्रतियोगिता में विद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे। विद्यार्थियों की सफलता पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक बैरिस्टर साह, शिक्षक हीरा बैठा, प्रमोद कुमार यादव, विजय बहादुर सिंह, कमलेश बैठा, सुभाष चंद्र कुशवाहा, पुनीता कुमारी, सारिका मिश्रा सहित अन्य शिक्षकों ने खुशी जताते हुए सफल विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।



टीबी मरीजों को पोषण किट का वितरण

गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश) बिहार सरकार के निदेर्शानुसार जिले में टीबी उन्मूलन अभियान को प्रभावी बनाने तथा टीबी मरीजों को उपचार के साथ-साथ पोषण संबंधी सहयोग उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सोमवार, 05 अक्टूबर 2026 को गोपालगंज क्लब में कार्यक्रम आयोजित किया गया। उप विकास आयुक्त गौरव कुमार की उपस्थिति में टीबी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत टीबी मरीजों के बीच पोषण किट का वितरण किया गया । कार्यक्रम का आयोजन जिला टीबी केंद्र, सदर अस्पताल, गोपालगंज द्वारा किया गया। पोषण किट का वितरण चैंबर ऑफ कॉमर्स, गोपालगंज द्वारा किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से टीबी मरीजों को उपचार के साथ पर्याप्त एवं पौष्टिक आहार के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। नियमित दवा लेने और चिकित्सकीय परामर्श का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मांझा के चिन्हित कुल 50 टीबी मरीजों को पोषण किट उपलब्ध कराया गया। इस दौरान बताया गया कि टीबी के उपचार के दौरान मरीजों के बेहतर स्वास्थ्य एवं रोग प्रतिरोधक क्षमता को बनाए रखने में संतुलित एवं पौष्टिक आहार की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। टीबी एक उपचार योग्य बीमारी है। नियमित रूप से निर्धारित अवधि तक दवा का सेवन, चिकित्सकीय जांच एवं सलाह का पालन तथा संतुलित आहार अपनाकर मरीज पूर्ण रूप से स्वस्थ हो सकते हैं। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से जिले में टीबी मरीजों की पहचान, जांच, उपचार एवं मरीजों को आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने हेतु नियमित प्रयास किया जा रहा है।



बाढ की समस्या को लेके राजद के जिलाध्यक्ष ने डीएम को सौपा ज्ञापन

गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश)। राजद ने बाढ़ का पानी कम होने के बाद जिले के विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से हो रहे कटाव को रोकने, बर्बाद हुए फसलों का उचित मुआवजा देने बाढ़ में बर्बाद हुए कच्चे मकानों के पुनर्निर्माण करने की मांग की है। इस संदर्भ में आज राजद का एक प्रतिनिधिमंडल जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह के नेतृत्व में जिला पदाधिकारी से एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल कटावरोधी कार्य शुरू कराने की मांग की गई, ताकि किसानों की जमीन, घरों एवं ग्रामीण क्षेत्रों को कटाव से बचाया जा सके। ज्ञापन में बाढ़ के कारण बर्बाद हुई फसलों का सर्वेक्षण कराकर किसानों को उचित मुआवजा देने तथा बाढ़ से क्षतिग्रस्त एवं ध्वस्त हुए कच्चे मकानों का आकलन कर पीड़ित परिवारों को नियमानुसार मुआवजा उपलब्ध कराने की भी मांग की गई। राजद के जिलाध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह ने कहा कि मांझा प्रखंड के निमुईया पंचायत में भीषण कटाव हो रहा है जो चिंताजनक है, यदि समय रहते उसे नही रोक गया तो वहाँ के लोगो को भारी नुकसान का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि बाढ़ से प्रभावित लोग पहले ही भारी आर्थिक नुकसान झेल चुके हैं। पानी कम होने के बाद कटाव की समस्या ने उनकी परेशानी और बढ़ा दी है। प्रशासन को संवेदनशीलता दिखाते हुए प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल राहत, बचाव एवं कटावरोधी कार्य शुरू कराना चाहिए। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की कि क्षति का शीघ्र सर्वेक्षण कराकर पीड़ित किसानों एवं परिवारों को बिना विलंब उचित मुआवजा उपलब्ध कराया जाए। इस अवसर पर राजद के प्रधान महासचिव इम्तेयाज अली भुट्टो तथा जिला उपाध्यक्ष सुनिल कुमार बारी मौजूद थे।



भूमि विवाद में दो पक्षों में मारपीट, महिला समेत दो घायल

कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश)। कुचायकोट गोपालपुर थाना क्षेत्र के देउरवां चेरोटोला गांव में सोमवार की सुबह भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। घटना में एक महिला समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।घायलों की पहचान देउरवा गांव निवासी अमित सिंह और शांति देवी के रूप में हुई है।परिजनों ने दोनों घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुचायकोट पहुंचाया, जहां चिकित्सकों द्वारा उनका प्राथमिक उपचार किया गया। बताया जाता है कि अमित सिंह का गांव के ही एक व्यक्ति से भूमि को लेकर पूर्व से विवाद चल रहा था।सोमवार को इसी विवाद को लेकर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और कहासुनी होने लगी।देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और दोनों पक्षों के बीच मारपीट शुरू हो गई।मारपीट के दौरान अमित सिंह और शांति देवी घायल हो गए।घटना के बाद परिजनों ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया।